वर्ष : 30 | अंक :273
प्रतापगढ़ | रविवार , 4 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# घुसपैठ रोकने में नाकाम बीएसएफ के चीफ और डिप्टी चीफ को सरकार ने हटाया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गृह मंत्रालय ने बीएसएफ के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पदों से हटा दिया है। डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को उनके पदों से हटाकर उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है।

डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल को उनके पद से हटाकर उन्हें केरल कैडर में वापस भेज दिया गया है। अग्रवाल ने बीएसएफ के डीजी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए और सीमा सुरक्षा बल की कार्यक्षमता को मजबूत किया। हालांकि, गृह मंत्रालय के आदेश के तहत उन्हें अब उनके मूल कैडर में वापस भेजा गया है।

स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को भी गृह मंत्रालय के आदेश के तहत उन्हें उनके मूल कैडर ओडिशा वापस भेज दिया गया है। खुरानिया ने बीएसएफ में विभिन्न उच्च पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं दी हैं और सीमा सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपना योगदान दिया है।

लेकिन अब उन्हें भी उनके मूल कैडर में वापस भेजा गया है।जम्मू कश्मीर में पिछले 1 साल से हो रही लगातार आतंकियों की घुसपैठ डीजी बीएसएफ और स्पेशल डीजी बीएसएफ को हटाने की मुख्य वजह है। जम्मू कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ को लेकर भारत सरकार का यह सबसे बड़ा प्रशासनिक एक्शन है जिसमें वरिष्ठतम अधिकारियों पर गाज गिरी है। पिछले 1 महीने में इन दोनों अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल का दौरा किया था और अहम बैठकों में हिस्सा लिया था। इसके अलावा पंजाब सेक्टर से लगातार हो रही आतंकी घुसपैठ को प्रभावशाली ढंग से ना काबू पाना भी इस सबसे बड़े एक्शन की बड़ी वजह है।बीएसएफ में उच्चस्तरीय अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद, अब यह देखना होगा कि नए नियुक्त अधिकारी कैसे कार्यभार संभालते हैं और बल की कार्यक्षमता को कैसे बढ़ाते हैं।

इस बदलाव के बाद, बीएसएफ के संचालन और रणनीतियों में भी बदलाव की संभावना जताई जा रही है।पिछले कई सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब 2 वरिष्ठतम अधिकारियों को इस तरीके से हटाया गया है जो किसी अर्धसैनिक बलों को लीड कर रहे थे। यह घटना सुरक्षा बलों के अंदर की संरचना और प्रशासनिक निर्णयों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

## दलजीत सिंह चौधरी बने बीएसएफ के नए चीफ



### राष्ट्रपति पदक से 3 बार हो चुके हैं सम्मानित

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नियमित नियुक्ति होने तक या आगे तक सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक के रूप में पहले से ही कार्यरत दलजीत सिंह चौधरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह आदेश पूर्व बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से उनके मूल केरल कैडर में वापस भेजे जाने के एक दिन बाद आया है। 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अग्रवाल ने पिछले साल जून में पंकज कुमार सिंह के बाद बीएसएफ डीजी के रूप में कार्यभार संभाला था। हालांकि सरकार ने अचानक स्वदेश वापसी के स्पष्ट कारण नहीं बताए हैं, लेकिन ऐसा माना जाता है कि अग्रवाल की रिहाई जम्मू सेक्टर में बढ़ती घुसपैठ के कारण हुई है। बीएसएफ अंतरराष्ट्रीय सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कुछ हिस्सों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।

## ● ● अयोध्या गैंगरेप ● ●

# मुख्य आरोपित की बेकरी पर चला बुलडोजर



**अयोध्या, (हि.स.)।** जिला प्रशासन ने ग्राम भदरसा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपित सपा नेता मोईद खान की बेकरी को शनिवार को बुलडोजर से ढहा दिया। मौके पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिला प्रशासन के अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी सहित अर्ध सैनिक बल मौजूद रहे।उप जिलाधिकारी अशोक कुमार ने पत्रकारों को बताया कि बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने आरोपी की संपत्ति की पैमाइश की थी। खाद्य सुरक्षा उपायुक्त ने बेकरी पर छापा मारकर उसे सील कर दिया था। लाइसेंस भी रद्द किया गया है। जिला महिला अस्पताल में पीड़ित के परिजनों को धमकाने के आरोप में कोतवाली नगर में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है।कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने जिला महिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित बच्ची का हालचाल जाना। उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि अगर बच्ची को न्याय नहीं मिला तो हम सपा कार्यालय के सामने धरना देंगे। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान मंत्री डॉ. निषाद की आंखें भर आई।इससे पहले पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को हर तरह की सुरक्षा का भरोसा दिलाया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।आरोप है कि सपा के भदरसा नगर इकाई के अध्यक्ष नेता मोईद खान ने 12 वर्षीय किशोरी को बेकरी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। बाद में नौकर के साथ मिलकर दुष्कर्म किया। खान ने दुष्कर्म के बाद किशोरी का वीडियो भी बनाया और इसे प्रसारित करने की धमकी देते हुए पीड़िता को चुप करा दिया। मामले में पुलिस ने मोईद खान और नौकर राजू खान को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ढाई माह तक मासूम का गैंगरेप करते रहे। किशोरी के गर्भवती होने पर मामला प्रकाश में आया।



> कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका **DNA TEST** कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हो उसे क़ानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर **DNA TEST** के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख़्शा जाए। यही न्याय की माँग है।**–अखिलेश यादव**

# भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान ढूंढ रहा है -प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केन्द्र (एनएएससी) परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए समाधान ढूंढ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि कृषि अर्थशास्त्रियों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) 65 वर्षों के बाद भारत में हो रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण, बढ़ती उत्पादन लागत और संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर टिकाऊ कृषि की तत्काल आवश्यकता से निपटना है। सम्मेलन में लगभग 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।प्रधानमंत्री ने कृषि और खाद्यान्न



के बारे में प्राचीन भारतीय मान्यताओं और अनुभवों की दीर्घायु पर जोर दिया।

उन्होंने भारतीय कृषि परंपरा में विज्ञान और तर्क को दी गई प्राथमिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने खाद्यान्न के औषधीय गुणों के पीछे संपूर्ण विज्ञान के अस्तित्व का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों के उत्थान में योगदान दिया। भारत में कृषि नियोजन में सभी छह मौसमों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने 15 कृषि-जलवायु क्षेत्रों के विशिष्ट गुणों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में लगभग सौ किलोमीटर की यात्रा करने पर कृषि उपज बदल जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷चाहे वह भूमि पर खेती हो, हिमालय, रेगिस्तान, जल-विहीन क्षेत्र या तटीय क्षेत्र, यह विविधता वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और भारत को दुनिया में आशा की किरण बनाती है।65 साल पहले भारत में हुए कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतिम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि उस समय भारत एक नया-नया स्वतंत्र राष्ट्र था, जिसने भारत की खाद्य सुरक्षा और कृषि के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत एक खाद्य अधिशेष देश है, दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है और खाद्यान्न, फल, सब्जियां, कपास, चीनी, चाय और खेती की गई मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

## नार्को-आतंकवाद से जुड़े होने के आरोप में छह कर्मचारियों को सरकार ने नौकरी से निकाला

**श्रीनगर, (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने नार्को-आतंकवाद से जुड़े होने के आरोप में छह कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि पांच पुलिसकर्मियों और एक शिक्षक को नशा बिक्री के जरिए आतंकी वित्तपोषण में शामिल होने के आरोप में नौकरी से निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया है।उन्होंने कहा कि उनकी जांच से पता चला है कि वे पाकिस्तान की आईएसआई और उसकी धरती से संचालित आतंकी संगठनों द्वारा चलाए जा रहे नार्को-आतंकवाद नेटवर्क का हिस्सा थे।

# झारखंड में बारिश से तबाही

## ● बोकारो में नदी पर बना पुल बहा, एक व्यक्ति लापता

### ▶▶ रांची बाढ़ से बेहाल, मोर्चे पर एनडीआरएफ



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड में दो दिन से हो रही घनघोर बारिश की वजह से कई पुल-पुलिया ध्वस्त हो गए। शुक्रवार देररात रांची के रातू रोड में गरगा नदी पर बना डायवर्सन बह गया, तो शनिवार सुबह बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में करोड़ों की लागत से बना बोकारो नदी पर बना पुल बह गया। इस दौरान एक ग्रामीण के भी बह जाने की सूचना है।मुखिया ने बताया कि गोमिया प्रखंड में लगातार 24 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही है। बोकारो नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी की तेज धार में पुल का एक हिस्सा टूटकर बह गया। बोकारो जिले के गोमिया और पेटरवार पथ को जोड़ने वाले इस पुल के बह जाने की वजह से आवागमन पूरी तरह से ठप है। नदी उफनाई हुई है। इस वजह से पेटरवार और हजारीबाग के बीच आवागमन ठप हो गया है। राजधानी रांची जाने वाली एक भी बस आज बोकारो से नहीं चली।झारखंड में शुक्रवार को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। राजधानी रांची, धनबाद, जमशेदपुर, गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा और खूंटी में सुबह से देरशाम तक बारिश हुई। शहरों में सड़कों पर जलभराव से लोगों का चलना दुश्वार हो गया। बारिश ने शहरों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। निचले स्थानों पर घरों में पानी घुस गया है।रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तरी झारखंड और उसके आसपास के इलाकों में बना दबाव पिछले छह घंटों के दौरान पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा। आज सुबह 3 बजे से साढ़े पांच बजे तक यह 24.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 84.6 डिग्री पूर्वी देशांतर के पास उसी क्षेत्र में केंद्रित रहा, जो गया (बिहार) से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपश्चिम और डाल्टनगंज (झारखंड) से 60 किलोमीटर पूर्व-उत्तरपूर्व में है। अगले 48 घंटों के दौरान यह उत्तर-पश्चिम झारखंड, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ में पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ सकता है।रांची के निचले हिस्से में बाढ़ जैसे हालात हैं। सैकड़ों घरों में पानी घुस गया है। पानी में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ की टीम को लगाया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि आज (तीन अगस्त) सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। बारिश से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

# यूपी में निगम व आयोगों की सूची फाइनल, जल्द होगी घोषणा

### ● जल्द भरे जायेंगे निगम व आयोगों के खाली पद

**लखनऊ,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में खाली पड़े निगम व आयोगों को जल्द भरने की तैयारी में जुटी है। भारतीय जनता पार्टी इन आयोगों व निगमों में समायोजित करने वाले सदस्यों की सूची भी लगभग फाइनल कर चुकी है। सूची को आलाकमान की मंजूरी भी मिल गई है। बस अब केवल औपचारिक घोषणा ही बाकी है। इसकी सूची सरकार कभी भी जारी कर सकती है।उत्तर प्रदेश में करीब 100 के आसपास बोर्ड, निगम व आयोग हैं। इनमें से एक दर्जन आयोग व निगम को छोड़कर शेष में लगभग सभी पद खाली पड़े हैं। इस वजह से कार्य भी प्रभावित हो रहा है। नई नियुक्ति हो जाने से कार्य भी सुचारू रूप से चलने लगेगा और कार्यकर्ताओं का समायोजन भी हो जायेगा।कई आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य समेत कई पद खाली हैं। कुछ आयोग तो ऐसे हैं, जिनमें पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा हुए सालों बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न तो वहां अध्यक्ष की नियुक्ति की गई और न ही सदस्यों की। राज्य महिला आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, राज्य खाद्य आयोग प्रमुख, यूपी गोसेवा आयोग समेत कई आयोगों में पद खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए भाजपा ने जिलों से कार्यकर्ताओं के नाम मांगा था। प्रदेश में इन पदों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

# गाय काटोगे तो ऐसी तबाही होगी...

## ▶▶ वायनाड भूस्खलन पर बीजेपी नेता का अजीबो गरीब बयान

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** राजस्थान भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा ने शनिवार को घातक वायनाड भूस्खलन पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया, जिसमें 300 से अधिक लोगों की मौत की त्रासदी को केरल में गोहत्या और गोमांस की खपत से जोड़ा गया।



राजस्थान के पूर्व विधायक ने दावा किया कि जहां भी गोहत्या होगी, ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। 30 जुलाई को, वायनाड में मुंडाकाई, चुरालामाला और मेप्पाडी सहित कई गांवों में भूस्खलन हुआ। राज्य सरकार के नवीनतम अपडेट के अनुसार, केरल के वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या शनिवार को 358 तक पहुंच गई, क्योंकि बचावकर्मियों ने मलबे के नीचे और ढहे हुए घरों में फंसे जीवित बचे लोगों की तलाश में लगे हुए हैं और गहरे खोज राडार का इस्तेमाल किया। मीडिया से बात करते हुए, आहूजा ने कहा कि वायनाड में भूस्खलन गोहत्या का सीधा परिणाम है, उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक केरल में इस प्रथा को बंद नहीं किया जाता, इसी तरह की त्रासदी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे क्षेत्रों में बादल फटने और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं अक्सर होती रहती हैं, लेकिन इसके परिणामस्वरूप इतनी बड़ी आपदा नहीं आती है।आहूजा ने कहा, ÷2018 से, हमने एक पैटर्न देखा है जहां गोहत्या में शामिल क्षेत्रों को ऐसी दुखद घटनाओं का सामना करना पड़ता है।÷ उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर गोहत्या नहीं रुकी तो केरल में इसी तरह की त्रासदी होती रहेंगी। जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए 1,300 से अधिक बचावकर्मी भारी मशीनरी और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ नष्ट हुई इमारतों और मलबे के नीचे खोज कर रहे हैं। हालाँकि, भूस्खलन के कारण आए विशाल पत्थर और लकड़ियाँ मुंडक्कई और चूरलमाला के आवासीय क्षेत्रों में जमा हो गई हैं, जो मलबे के नीचे फंसे लोगों का पता लगाने के बचाव प्रयासों में एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश कर रहे हैं।

# भगवान राम के अस्तित्व का कोई सबूत नहीं-एसएस शिवशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता एसएस शिवशंकर ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने दावा किया कि भगवान राम के अस्तित्व को साबित करने के लिए कोई ऐतिहासिक सबूत नहीं है। चोल वंश के राजाओं के साथ समानताएं दर्शाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य की इमारतें अभी भी अपने अस्तित्व को साबित करने के लिए सबूत के तौर पर काम करती हैं। अरियालुर जिले के गंगईकोंडचोलापुरम में राजेंद्र चोल की जयंती मनाने के लिए एक कार्यक्रम में बोलते हुए, डीएमके मंत्री ने कहा कि राजेंद्र चोल (चोल वंश के राजेंद्र प्रथम) की विरासत का जश्न मनाना हर किसी का कर्तव्य है अन्यथा ÷लोग कुछ ऐसा जश्न मनाने के लिए मजबूर हो जाएंगे जो उनके लिए अप्रासंगिक है÷।शिवशंकर ने



कहा कि हम चोल वंश के सम्राट राजेंद्र चोल का जन्मदिन मनाते हैं, क्योंकि हमारे पास शिलालेख, उनके द्वारा बनवाए गए मंदिर और उनके द्वारा बनाई गई झील जैसे पुरातात्विक साक्ष्य हैं। लेकिन, भगवान राम के इतिहास का पता लगाने के लिए कोई सबूत नहीं है। तुलना करते हुए डीएमके नेता ने कहा, ÷वे दावा करते हैं कि भगवान राम 3,000 साल पहले रहते थे और उन्हें अवतार कहते हैं। अवतार का जन्म नहीं हो सकता। यदि राम अवतार होते तो उनका जन्म नहीं हो पाता। यदि वह पैदा हुआ होता तो वह भगवान नहीं हो सकता था।

## महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं मनु भाकर

**पेरिस,(हि.स.)।** शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गईं, वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।वह पहले विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं। दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों (शूट-ऑफ - 4-1 के माध्यम



से) के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज कैमिली जेड्रेजेवस्की को रजत मिला।

शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद मनु ने चल रहे ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया था। कोई भी अन्य भारतीय निशानेबाज एक ओलंपिक में एक से अधिक फाइनल में नहीं पहुंचा है, और केवल अभिनव बिंद्रा ने तीन खेलों में भारत के लिए तीन ओलंपिक शूटिंग फाइनल में जगह बनाई है।पेरिस 2024 में दो बार पदक जीत चुकी मनु ने कुल 590 अंक हासिल किए। 22 वर्षीय मनु ने अब तक पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते हैं।

# उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को बताया अहमद शाह अब्दाली का राजनीतिक वंशज

**पुणे, एजेंसियॉ।** बीजेपी नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ दिन पहले पुणे के बालेवाड़ी में बैठक की थी। इस बैठक में अमित शाह ने शिव सेना उद्धव गुट की आलोचना की। अमित शाह ने कहा था कि उद्धव गुट ने कांग्रेस के पक्ष में हिंदुत्व छोड़ दिया है। आज पुणे में शिवसेना उद्धव गुट की बैठक हुई। इस बैठक में उद्धव ठाकरे ने अमित शाह की जमकर आलोचना की। साथ ही उनकी तुलना अहमद शाह अब्दाली से की है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि कुछ दिन पहले पुणे में बीजेपी का एक कार्यक्रम हुआ था। इतिहास पर नजर डालें तो कहना पड़ेगा कि शाहिस्ता खान थोड़ा चतुर था। वह अपनी उंगली पर खेलता था। तीन उंगलियां कट जाने के बाद वह वापस महाराष्ट्र नहीं आए। उद्धव ठाकरे ने परोक्ष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना करते हुए कहा कि अगर उन्होंने थोड़ी भी अक्ल ली होती तो वह महाराष्ट्र वापस नहीं आते।उद्धव ने कहा कि लेकिन वह (अमित शाह) वापस क्यों आये? लेकिन महाराष्ट्र की जनता ने जो झटका दिया, वो किसी



पर भारी पड़ गया। वे यही देखने आये थे। अहमद शाह अब्दाली का एक राजनीतिक वंशज पुणे आया। वो अहमद शाह थे और ये अमित शाह हैं। यहां अहमद शाह की राजनीतिक शक्ति हिल गई। क्या हमें नवाज शरीफ का केक खाने वालों से हिंदुत्व सीखना चाहिए? उन्होंने कहा कि शिवसेना ने हिंदू धर्म छोड़ दिया है। हमने हिंदू धर्म नहीं छोड़ा है। जैसा कि शंकराचार्य ने कहा था, देशद्रोही हिंदू नहीं हो सकता। उद्धव ठाकरे ने टिप्पणी की कि आपने हमें धोखा दिया है।उद्धव ठाकरे ने यह भी सवाल उठाया कि आप उनसे आंखें मूंदकर हमारी आलोचना कर रहे हैं। अगर हम कांग्रेस के साथ गठबंधन करते हैं तो क्या हम हिंदू विरोधी हो जाते हैं? तो फिर आपके राजनीतिक पिता श्यामा प्रसाद मुखर्जी मुस्लिम लीग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर क्यों बैठे थे? जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के साथ सरकार बनी. आज भी उन्होंने चंद्रबाबू नायडू के साथ गठबंधन किया. नायडू किस तरह के हिंदू हैं? क्या नीतीश कुमार हिंदुत्ववादी हैं?

संक्षिप्त खबरें

## इनरव्हील क्लब उदिशा ने किया एक शाम, दोस्ती के नाम कार्यक्रम का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में इनरव्हील क्लब उदिशा ने शुक्रवार को धूमधाम से फेंडशिप डे का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने रेट्रो थीम पर जश्न मनाया। सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्य अलग अलग हिरोइन के गेटअप में दिखीं। रैम्प वार्क में भी सबने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रिया नारायण जबकि विशिष्ट अतिथि रचना अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया था। उसको भी सबने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के साथ अपर्णा गुप्ता, रेनुका, क्लब आईएसओ ममता गुप्ता, क्लब की डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना, वैशाली, गीता, सारिका राठौर, भावना, डॉ. पूजा, स्वाती, शैली, निधि यशार्थ, श्वेता, सारिका अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

## ट्रेनों में धराये साढ़े छह हजार से अधिक अवैध वेंडर

प्रयागराज। प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर मध्य रेलवे अमिय नन्दन सिन्हा द्वारा सितम्बर-2023 में उत्तर मध्य रेलवे में पदभार ग्रहण किया गया था और उनके द्वारा उसी समय से ट्रेनों में अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ ट्रेनों व स्टेशनों पर अवैध वेण्डिंग करने वाले अपराधियों के विरूद्ध उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मण्डलों में अपने सभी अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही करने के दिशा-निर्देश दिये थे। उनके मार्ग दर्शन में अवैध वेण्डिंग को उत्तर मध्य रेलवे से जड़ से खत्म करने के लिए उसी समय से लगातार प्रभावी कार्यवाही जारी है। जहाँ वर्ष-2023 में जनवरी से जुलाई माह तक मात्र 4618 अवैध वेण्डरों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी थी, वहीं वर्ष-2024 में जनवरी से जुलाई माह तक 6547 अवैध वेण्डरों के विरूद्ध कार्यवाही कराते हुए उनसे लगभग रूपये 55 लाख जुर्माना वसूल कराया गया। इस प्रकार का अपराध करने वाले लोगों के विरूद्ध भविष्य में भी कठोर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित कराया जा रहा है। महानिरीक्षक आरपीएफ उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा यात्रियों से भी अपील की गयी है कि रेलवे में यात्रा करने वाले यात्रियों को यदि ट्रेनों में व स्टेशनों पर किसी भी स्थान पर कोई भी व्यक्ति बिना यूनिफार्म व आई कार्ड के खाने-पीने की वस्तुओं को विक्रय करते हुए मिलता है, तो कृपया उस व्यक्ति से कोई भी खाने-पीने की वस्तु लेकर न खायें, साथ ही साथ ऐसे व्यक्ति की जानकारी ट्रेनों में व स्टेशनों पर मौजूद आरपीएफ को दें या 139 टोल फ्री नंम्बर पर कॉल करके भी बता सकते है।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला-आरोपी अगर शिकायतकर्ता की जाति नहीं जानता तो एससी/एसटी एक्ट लागू नहीं होगा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि आरोपी नहीं जानता कि शिकायतकर्ता अनुसूचित जाति का है तो विवाद होने पर एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में आवेदक पर दर्ज मुकदमे को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने नसीम खान, फहीम व पांच अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया है।

जालौन के रोड रेज में याची कार से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से एक अल्टो कार आई और हादसा हो गया। इसके बाद मामला बढ़ा और कार चालकों से गालीगलौज, मारपीट हो गई। इसके बाद सबंधित थाने में याचियों के खिलाफ आईपीसी सहित एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। ट्रायल कोर्ट ने 27 जून 19 को दाखिल चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए समन जारी कर दिया। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील व रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कहा कि विवेचना अधिकारी ने सही तरीके से जांच नहीं की है। इस मामले में किसी भी चश्मदीद गवाह का बयान नहीं लिया। यह भी पता नहीं किया कि एससी/एसटी एक्ट का अपराध बनता भी है या नहीं। चार्जशीट दाखिल कर दी। पहचान परेड भी नहीं कराई गई। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जब आरोपी को मालूम ही नहीं था कि शिकायतकर्ता अनुसूचित जाति का है तो एससी/एसटी एक्ट लागू नहीं होगा। कोर्ट ने 27 जून 19 को दाखिल चार्जशीट, संज्ञान आदेश व समन रद्द कर दिया है।

## समाधान दिवस में फिर दिखी अधिकारियों की बेरुखी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार ने त्वरित न्याय के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस जैसे आयोजन शुरू किए हैं।इसमे समस्त विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।सरकार की तमाम कोशिशों के वावजूद अधिकारी इस आयोजन से कतराते हैं।खानापूर्ति के लिए विभागों से किसी कर्मचारी या छोटे अधिकारियों की मौजूदगी अक्सर देखी जा सकती है।सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में शनिवार को एक बार फिर ज्यादातर विभागीय अधिकारी नदारत रहे,जिससे एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।

शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी दशरथ कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। आयोजन में कुल 214 फरियादियों ने न्याय के लिए गुहार लगाई लेकिन एक भी मामले का निस्तारण नही किया जा सका है। खराब मौसम के बावजूद सम्पूर्ण समाधान दिवस में 214 लोग अपनी फरियाद दर्ज कराई जिसमे राजस्व के मामले छाए रहे। सबसे अधिक राजस्व के 103 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा पुलिस से सम्बंधित 52,विकास के 19,समाज कल्याण के 2,शिक्षा का 1,स्वास्थ्य 1 और 37 अन्य मामले सूचीबद्ध किए गए हैं।

उप जिलाधिकारी मेजा दशरथ कुमार ने सभी शिकायतों को सम्बंधित विभगीय अधिकारियों को सौंपते हुए तत्काल निस्तारण के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाई होगी। आयोजन में मुख्य रूप से एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मेजा/मांडा अमित कुमार मिश्र, खंड विकास अधिकारी उरुवा धीरेश गुप्ता,तहसीलदार, नायब तहसीलदार, तथा कुछ विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## समूचे जनपद की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त- कांग्रेस

### विद्युत आपूर्ति की कटौती और चरमराती व्यवस्था के विरुद्ध प्रयागराज के मुख्य अभियंता कार्यालय पर कांग्रेस जनों का धरना प्रदर्शन




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के शहर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा अंशुमन के नेतृत्व में प्रयागराज के शहरी क्षेत्र के पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना एवं प्रदर्शन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी परिपेक्ष्य को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज प्रयागराज शहर ही नहीं बल्कि समूचे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से दयनीय दशा और हालात में पहुंच गई है। विद्युत आपूर्ति की लगातार की जा रही कटौती से आम जनमानस काफी अधिक परेशान और हैरान हो गया है। विद्युत आपूर्ति की लगातार कटौती के कारण वश क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का भी संकट पैदा हो जाता है और विद्युत आपूर्ति की कटौती के लिए जब हम क्षेत्रीय कांग्रेस जन या क्षेत्रीय नागरिक गण उपखंड अधिकारियो से उनके सी यू जी मोबाईल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास करते हैं तो अधिकांशतः जिम्मेदार क्षेत्रीय अधिकारियों के मोबाईल नंबर बंद मिलते हैं। अथवा जिम्मेदार क्षेत्रीय अधिकारियों के मोबाईल फोन नही उठाए जाते हैं।

जो पूरी तरह से जनमानस के हित के विपरीत है।

कांग्रेस जनों ने ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया है कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के उप खंडों में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों सहित सभी तरह के विभागीय सी यू जी मोबाईल नंबर को हर समय उठाए जाने के प्रति अविलंब ही आदेश जारी किया जाना चाहिए।

साथ ही उपखंड अधिकारी गण के अधीन में सब स्टेशनों पर के भी सी यू जी मोबाईल नंबर को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, लल्लन पटेल, दिवाकर भारतीय, प्रवीण सिंह भोले, इशरत अली चाँद, विनय पांडेय, नयन कुशवाहा, विवेक पांडेय, अजेंद्र गौड़, इस्तियाक अहमद, जितेन्द्र नायक, अनिल कुशवाहा, जावेद उर्फी, अंजुम नाज़, इरशाद उल्ला, अब्दुल कलाम आज़ाद, हसीन, राकेश श्रीवास्तव, रमेश जायसवाल,रमेश यादव, पूनम यादव,रचना पांडेय, नफीस कुरैशी, विशाल सोनकर, अल्तमश, ज़ीशान अहमद आदि लोग शामिल रहे हैं।

## सीडीओ ने ग्राम पंचायत कस्तूरीपुर का किया औचक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने शनिवार को श्रृंगवेरपुर धाम की ग्राम पंचायत कस्तूरीपुर का औचक निरीक्षण किया।

पंचायत भवन का निरीक्षण के बाद बगल स्थित खेल मैदान और चंद्र शेखर आजाद स्मृति वाटिका में चितवन और पीपल के पौध भी लगाए।पंचायत भवन की साफ सफाई और सुंदर फुलवाड़ी को देख कर खुशी व्यक्त किया।

इस मौके पर डीसी मनरेगा,बी डी ओ लीलाधर शुक्ल,एडीओ पंचायत रामबीर सिंह,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र,पूर्व प्रधान/वरिष्ठ अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल,ग्राम प्रधान श्रवण कुमार पाल, चंदन पांडेय,शिव प्रसाद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों का भविष्य सवार रही है सरकार

### प्रयागराज जिले में 65,145 बेटियों को को मिला योजना का लाभ

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है । इसी उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से समाज में बेटियों को उनका उचित स्थान मिल रहा है । कुंभ नगरी प्रयागराज ने लाभार्थियों को लाभ दिलाने के विषय में अव्वल स्थान हासिल किया है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शिक्षा और उनके सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में संगम नगरी प्रयागराज ने अहम स्थान हासिल किया है। प्रयागराज के जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह के मुताबिक जनपद में इस योजना से 65,145 बेटियों को मदद मिली है । निरंतर इस योजना के लाभार्थियों का दायरा बढ़ता जा रहा है । वित्तीय वर्ष 2022-23 में यहां 59, 635 बेटियों को इस योजना का लाभ मिला है। इस तरह इस वर्ष पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7,510 बेटियों को इससे मदद मिली है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 में प्रयागराज में 54,809 को इस योजना का लाभ मिला था । इस प्रकार प्रयागराज में इस साल सबसे अधिक लाभार्थी इस योजना से आच्छादित हुए हैं।

प्रदेश की योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं के जन्म से लेकर उनकी शादी तक का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाती है । इस योजना में कन्याओं को 25,000 की आर्थिक मदद मिलती है। प्रयागराज के जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह बताते हैं कि इस योजना के तहत सरकार पात्र परिवार की दो बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। पहली किस्त लड़की के जन्म के समय दी जाती है। दूसरी किस्त लड़की के टीकाकरण के लिए दी जाती है। नवजात बालिकाओं, जिनका जन्म 1 अप्रैल 2019 या उसके बाद हुआ है, उन्हें 2000 एक मुश्त धनराशि दी जाएगी। द्वितीय श्रेणी में वो बालिकाएं शामिल हैं, जिनका एक वर्ष के भीतर पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और उनका जन्म 01अप्रैल 2018 से पहले न हुआ हो। इन्हें 1000 की धनराशि दी जाती है । सरकार कन्या के जन्म के समय 2001 वर्ष का टीकाकरण होने पर 1000 ,पहली कक्षा में दाखिला होने पर 2000, छठवीं में 2000 ,नवी कक्षा में 3000 देती है। इसी तरह सरकार की तरफ से दसवीं 12 वीं की पढ़ाई या डिप्लोमा के लिए 5000 लाभार्थी के खाते में भेजे जाते हैं। अब तक इस योजना में सरकार की तरफ से इन बेटियों को 10 करोड़, 34 लाख , 76 हजार रुपए से अधिक की मदद दी जा चुकी है।

## आयीं कुल 142 शिकायतें, 06 का मौके पर किया गया निस्तारण



प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में शनिवार को सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसमयाओं को सुनते हुए सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से सम्बंधित शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, विद्युत, अवैध कब्जो सहित अन्य विषयों से सम्बंधित शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 142 शिकायतें (राजस्व-42, पुलिस-31, अन्य-69) आयीं, जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही एवं उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सांसद मौलाना उबैद उल्ला ने व्यक्त की शोक संवेदना

प्रयागराज। पूर्व सांसद मौलाना उबैद उल्ला खां आज़मी शुक्रवार रात ज़मीर नगर स्थित पूर्व अपर महाधिवक्ता कमरुल हसन सिद्दीकी सीनियर एडवोकेट हाईकोर्ट के आवास पर ताजियत के लिए पहुंचे।

उन्होंने परिवार के सभी लोगों को ढांढस बंधाया और और कमरुल हसन की मरहूमा अहलिया के लिए दुआ-ए मगफिरत किया। कहा इस मुश्किल वक्त में अल्लाह आप लोगों को सब्र दे।इस मौके पर बड़ी तदाद मे लोग दुआ में शामिल रहे।

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने किया पर्यावरण संरक्षण पर वार्ता का आयोजन



प्रयागराज। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने संजीव त्रिपाठी और अर्चना त्रिपाठी द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक वार्ता का आयोजन किया।

वक्ताओं ने कहा कि कूड़े के प्लास्टिक बैग जमीन और पानी को बहुत ज्यादा प्रदूषित कर रहे हैं। प्लास्टिक पृथ्वी पर रहने वाले जानवरों के साथ-साथ पानी में रहने वाले जानवरों के लिए भी एक खतरा बन गया है। प्लास्टिक बैग से निकलने वाले रसायन मिट्टी में प्रवेश कर जाते हैं और इसे बंजर बना देते हैं।

प्लास्टिक बैग मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। इसलिए, हमें प्लास्टिक बैग के उपयोग से बचना चाहिए। इस अवसर पर राधा सक्सेना, नीरज चुग, रितु कमल अग्रवाल, अभिषेक सिंह, रति तिवारी और विमी अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

## चंद्रलोक चौराहे पर लगा राष्ट्रीय ध्वज फटा, तत्काल बदलने की मांग



प्रयागराज। जनहित कारणी समिति उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने बताया कि राजश्री मंडप चौराहा चंद्रलोक जीरो रोड पर लगा हुआ बड़ा राष्ट्रीय ध्वज का रंग बदरंग हो चुका है और कई दिनों से फटा हुआ लहर रहा है। जिसके कारण और राष्ट्र, और राष्ट्रीय ध्वज दोनों का अपमान हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन इस मामले को लेकर ध्यान दें और तत्काल नया राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा ) वहां लगाए। इस मामले को लेकर समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन एवं एडवोकेट मनोज मिश्रा ने तहसील दिवस में इस बात की शिकायत की है और तत्काल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को नया लगाने की मांग की।

## जहर खाने से युवक की मौत


मृतक मो0 मुख्तार की फाइल फोटो

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** स्थानीय थाना के देवराज के पूरा निवासी मुन्नू कबाड़ी का तीसरे नंबर का 26 वर्षीय बेटा मो. मुख्तार शनिवार की भोर घर में जहर खाने से मौत हो गई।पुलिस शव को कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया।बताया गया कि मुख्तार का निकाह दस माह पूर्व मऊआइमा क्षेत्र में हुआ था।पति पत्नी में कई माह से अनबन बनी थी।वह गांव में रहकर मजदूरी करता था। चार भाईयो में तीसरे नंबर का था।सूत्रों की मानें तो उसकी पत्नी ने उसे खाने में जहर दे दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई।फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो सकता है।

## सुबह से ही मंडरा रहे बादल, दोपहर में हुई तेज बारिश



प्रयागराज। प्रयागराज का मौसम आज यानी शनिवार को सुहाना हो गया है। सुबह से ही ठंडी हवा चल रही है और आसमान में बादलों का डेरा मंडरा रहा है। कल शुक्रवार को दोपहर में जहां तेज धूप के चलते लोग गर्मी से बेहाल दिख रहे थे। वहीं आज मौसम बदलने से लोगों को गर्मी और उमस से पूरी तरह से राहत मिल गई। सुबह यहां का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। वहीं आज, बारिश होने की भी गंभावना जताई जा रही थी। यहां पूरी जुलाई लोग बारिश के इतजार में रहे लेकिन अच्छी बारिश नहीं हुई। बादल तो लगभग प्रतिदिन आए लेकिन बिन बारिश किए ही लौट गए। पूरी जुलाई लोग उमस, गर्मी और सूरज की तेज तपिश में झुलसते रहे। यहां जुलाई माह के पूरे 31 दिनों में सिर्फ 123.6 मिलीमीटर बारिश हुई है। जो सामान्य से 50% कम है। सामान्य बारिश 246.4 मिलीमीटर बताई गई है। बारिश न होने से सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को रहा है। वह धान की नर्सरी तैयार कर लिए हैं लेकिन खेतों में पानी न होने से वह रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जुलाई में बारिश अपेक्षा के अनुरूप नहीं हुई है। 50% कम बारिश हुई। अगस्त में बारिश अच्छी होने की संभावना है।

## गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस के बारे में दी विस्तृत जानकारी




प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा ÷गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस इन रिसर्च÷ विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस सत्र का आयोजन विभागाध्यक्ष एवं कॉलेज एथिकल कमेटी की समन्वयक, डॉ. अमृता चौरसिया द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा द्वारा किया गया। डॉ. मिश्रा ने उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता पर बल दिया और बताया कि ये कार्यक्रम छात्रों और चिकित्सकों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान अभिनव शुक्ला ने गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जीसीपी चिकित्सा अनुसंधान के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक और वैज्ञानिक गुणवत्ता मानक है, जो मानव प्रतिभागियों पर किए गए क्लिनिकल परीक्षणों के डिजाइन, संचालन, प्रदर्शन, निगरानी, ऑडिट, रिकॉर्डिंग, विश्लेषण और रिपोर्टिंग को नियंत्रित करता है। यह सुनिश्चित करता है कि अनुसंधान नैतिक रूप से और वैज्ञानिक रूप से सटीक तरीके से किया जाए, और प्रतिभागियों की सुरक्षा, अधिकार और कल्याण की रक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस में नैतिकता और सहमति, प्रोटोकॉल और योजना, निगरानी और ऑडिट, डेटा की सटीकता और सत्यता, प्रतिभागियों की सुरक्षा और गोपनीयता शामिल हैं।

कुमुद रंजन ने संस्थागत नैतिक समिति (इंस्टीट्यूशनल एथिकल कमेटी) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने समिति की भूमिका, संरचना और कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट किया। संस्थागत नैतिक समिति का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान परियोजनाओं की नैतिकता सुनिश्चित करना है। यह समिति मानव प्रतिभागियों पर किए जा रहे अनुसंधानों की समीक्षा और अनुमोदन करती है। इस अवसर पर स्त्री एवम प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष,एथिकल कमेटी की सदस्य एवं प्रशिक्षण सत्र की आयोजक डॉ.अमृता चौरसिया ने सत्र के दौरान विभिन्न चिकित्सा विधियों, नैतिक मानदंडों और आधुनिक उपचार तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर कॉलेज के कई विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सा शिक्षक भी उपस्थित थे। सभी ने इस कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के सत्रों के आयोजन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डा0विधि सिंह ने किया।

## भवम और फोर्ड क्लब का मैच धुला, अंक बंटे

प्रयागराज। नंद किशोर पोंजो कॉलेज अंदर-16 एवं अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भवम क्लब और फोर्ड क्लब का मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। दोनों टीमों को एक-एक अंक प्रदान किया गया।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर बाबा क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन (शिवांश पाण्डेय 61 नाबाद, सानिध्य श्रीवास्तव 45, आशीष रत्नम 36, बलजीत सरोज 31, अभिषेक पाल 2/36, इशांत कुमार निषाद, रंजीत यादव, सौरभ और आदर्श पाण्डेय एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में फोर्ड स्कूल क्लब ने जब 5.3 ओवर में एक विकेट पर 37 रन (अनमोल पाल 17 नाबाद, सानिध्य श्रीवास्तव 1/13) बनाए थे, तभी बारिश शुरू

# राजस्व व पुलिस आपस में सामंजस्य बैठाकर करे शिकायतो का निस्तारण- डीएम

**▸▸ सिराथू में डीएम एसपी की अध्यक्षता में 249 में आठ शिकायतो का निस्तारण**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के तहसील सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जन शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 249 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता रमेश चंद्र ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उन्हें वर्ष 2022 से दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही आख्या उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिकायतकर्ता राम शंकर लाल ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके ग्राम बिदनपुर-ककोढा में इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है।

गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मार्ग पर अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण इंटरलॉकिंग का कार्य संपूर्ण मार्ग पर नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को जांच कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता संदीप कुमार निवासी-मधवामई ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति ने चकरोड को जोतकर अपने खेत में मिल लिया है,जिससे आवागमन नहीं हो पा रहा है,जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक को जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार , बीएसए कमलेंद्र कुशवाहा, डीआईओएस सच्चिदानंद यादव , डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह , सीवीओ डा ए के सागर एवं उप जिलाधिकारी सिराथू महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , प्रभारी तहसीलदार विनय कुमार सिंह , नायब तहसीलदार अतुल कुमार , संजय कुमार , खंड विकास अधिकारी कड़ा दिनेश चंद्र , सिराथू भवेश कुमार शुक्ल, क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

**संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों की बराबरी में लगवाई कुर्सी**

सिराथू, कौशाम्बी। जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी शनिवार को सिराथू तहसील में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान में पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों की बराबरी में अपनी कुर्सी लगवाई और तहसील आए फरियादियों की जनसमस्याओ को सुना, डीएम के इस पहल को लेकर तहसील में चर्चा का विषय बना रहा।

# भाकिमसंयू ने समस्याओं का पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षेत्र की समस्याओं का ज्ञापन सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी को सौंपा। एसडीएम ने उनकी समस्याओं को जल्द निस्तारित कराने का आश्वासन दिया है।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक बैठक किया।

बैठक के बाद उन्होंने मांगों का पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ को सौंपा। उन्होंने मांग किया कि जनपद सृजन के 27 साल बाद भी भूमि विकास बैंक की शाखा प्रयागराज में ही है। उसे तुरंत चायल में स्थापित कराया जाए। 1957 में यूनानी अस्पताल चायल की स्थापना हुई थी। अस्पताल का भवन अति जर्जर हो गया है।उसके नये भवन का निर्माण कराया जाए। चायल सीएचसी को जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण करवाया जाए। एम्बुलेंस और मरीजों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भारतीय स्टेट बैंक चायल में ट्रेजरी चालान जमा कराने की व्यवस्था कराई जाए। लोगों को मंझनपुर शाखा जाना पड़ता है। विकास खंड नेवादा के पिपरहटा गांव के बाहर 300 मीटर कच्ची सड़क है उसपर इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जाए। एसडीएम ने जिलाध्यक्ष को समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।इस मौके पर नन्हें तिवारी, गोविंद मिश्रा, आशीष कुमार, रामदेव, गोपी बाबा,मुन्ना रैदास और राजेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मार-पीट के 11 आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्तीपर पंजीकृत सन्तोष केशरवानी, रामबाबू केशरवानी नि0 चरवा रोड पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपियों को 600-600 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 15-15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पर पंजीकृत अरुण कुमार, मुन्नू लाल, मुन्नी देवी नि0गण खाड़ेपुर थाना मो0पुर पइन्सा को न्यायालय जेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को 2000-2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। थाना कोखराज पर पंजीकृत एससी एससी एक्ट से सम्बन्धित हरिश्चन्द्र यादव, दिनई निवासीगण जलालपुर टेंगाई थाना कोखराज को न्यायालय स्पे0 जज एससी एसटी कोर्टजनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक अभियुक्त को 5000-5000रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया । अर्थदण्ड न अदा करने पर 06-06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना पिपरी पर पंजीकृत मो0 आरिफनिवासी चायल खास थाना पिपरी, मो0 अहमद निवासी कसेंदा थाना पिपरी को न्यायालय जेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपियों को न्यायालय उठने तक का कारावास व 1500-1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0 अहसन उर्फ मुन्नू निवासी कटहुला थाना पिपरी को न्यायालय जेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# यमुना नदी में नहाने गया युवक पानी में समाया, तलाश जारी

**सरायअकिल के पिपरहटा गांव के समीप शनिवार सुबह की घटना**



लोकमित्र ब्यूरो

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के पिपरहटा गांव के समीप शनिवार सुबह यमुना नदी में नहाने गया युवक पैर फिसलने से गहरे पानी में समा गया।साथ में मौजूद उसके साथी ने भागकर ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। सूचना पर पिपरहटा गांव के ग्रामीण समेत युवक के परिवार के लोग घाट पर पहुंच गए। जानकारी के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय मल्लाहों समेत फायरब्रिगेड की टीम ने नदी में जाल डालकर कई घंटों तक पानी में डूबे युवक की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

पिपरी कोतवाली के जवई गांव निवासी भैयालाल पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक हैं।इन दिनों उनकी तैनाती लखनऊ शहर में है। भैयालाल के बड़े बेटे शिवाकांत ने बताया कि शनिवार सुबह उसका छोटा भाई रविकांत (23) पड़ोसी रामलौटन के बेटे ननका के साथ पिपरहटा गांव के समीप यमुना नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक पैर फिसलने से रविकांत गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। रविकांत को पानी में डूबता देख ननका घबरा गया और उसने भागते हुए पिपरहटा गांव पहुंचकर लोगों से मदद मांगी।जब तक पिपरहटा गांव के लोग भागकर नदी किनारे पहुंचे, रविकांत पानी में पूरी तरह से समा चुका था।उसका कहीं अता पता नहीं चला।

पिपरहटा गांव के ग्रामीणों ने घरवालों को हादसे की जानकारी दी तो वह भी यमुना नदी की ओर भागे। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने स्थानीय दर्जन भर मल्लाहों और गोताखोरों की मदद से नदी में जाल डालकर पानी में डूबे रविकांत की तलाश जारी रखा लेकिन शाम तक उसका कुछ पता नहीं चला। फायरब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन उसे भी कामयाबी नहीं मिली। पुलिस ने युवक की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दी लेकिन शाम चार बजे तक टीम मौके पर नहीं पहुंची। हादसे के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामले में इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह का कहना है कि नदी में डूबे युवक की तलाश के लिए फायरब्रिगेड टीम सहित स्थानीय नाविकों से मदद ली गई लेकिन कामयाबी नहीं मिली।अब सर्च अभियान के लिए लखनऊ से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन का आकस्मिक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशानुसार जनपद के कुल 27 अधिकारियों द्वारा विकासखंड सिराथू एवं कड़ा में स्थित कुल 52 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 26 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) सेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।अधिकारियों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की स्थिति,विद्युतीकरण, पेयजल की व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, क्रियाशील स्मार्टफोन,आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों का विवरण, आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति,अनुपूरक पोषाहार नियमित रूप से वितरित किए जाने की स्थिति, बच्चों का वजन, आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन, पोषण ट्रैक्टर पर फीडिंग की स्थिति तथा वीएचएसएनडी सेशन पर लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारीध् एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के लिए आवश्यक जानकारी दी जाती हैं या नहीं आदि वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं वीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन उपलब्ध न होना तथा हीमोग्लोबिन जांच किट न होना आदि पाई गई कमियों को दूर कराने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए हैं।

# चायल संपूर्ण समाधान दिवस में 54 शिकायतों में पांच का हुआ मौके पर निस्तारण



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की काफी भीड़ उमड़ी। प्रशासनिक व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने आई हुई 54 शिकायतों में से पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है।

शनिवार को उपजिलाधिकारी योगेश कुमार गौड़ की अध्यक्षता में चायल तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें 54 फरियादियो ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। एसडीएम ने मौके पर ही राजस्व की तीन व सीओ मनोज कुमार रघुवंशी ने पुलिस की दो शिकायतों का निस्तारण करा दिया। पठन पुरवा मजरा पल्हाना निवासी सोहराब अहमद पुत्र बुद्दा ने बताया कि उसका मकान गिर गया है, अब वह पक्का मकान निर्माण करा रहा है। आरोप है कि पड़ोसी दरवाजा नहीं लगाने दे रहें है। दरवाजा लगाने पर वह मारपीट की धमकी दे रहें हैं। प्रकरण की शिकायत एसडीएम से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम ने हल्का लेखपाल और पुलिस को मामले में जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। असदुल्लापुर रोही निवासी श्याम बाबू मौर्या पुत्र पुत्र स्व. सुंदर लाल मौर्या के मुताबिक उसने अपनी भूमिधरी का हदबंदी के बाद पत्थरगड़ी करवाया है। राजस्वकर्मी और पुलिस की मौजूदगी में विपक्षियों ने किसी तरह का विरोध नहीं किया। आरोप है कि चार दिन बाद विपक्षी पत्थर को उखाड़ कर फेक दिया। विरोध करने पर वह सभी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहें हैं। पीड़ित किसान ने मामले में एसडीएम से कार्रवाई की गुहार लगाई है। रामपुर गांव की सुखरानी ने बताया कि उसके पति सुखलाल की मौत हो चुकी है। उसने जीवकोपार्जन के लिए अपनी भूमि को बेचा है। आरोप है शुक्रवार शाम खेत से घर लौटने के दौरान गांव के दो युवक शराब के नशे में उसे रोककर जमीन बिक्री के मिले रुपये न देने पर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसे निर्वस्त्र कर पिटाई की धमकी दी है। सीओ मनोज रघुवंशी ने इंस्पेक्टर चरवा को प्रकरण की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस दौरान तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सराय अकिल में महिलाओं व बालिकाओं को कानून और सुरक्षा उपायों की दी जानकारी




लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, कौशाम्बी।** सराय अकिल के उस्मानपुर स्थित चौधरी हाजी रहमान इंटर कॉलेज में शनिवार को एक विशेष मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सराय अकील इंस्पेक्टर विनीत सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक यशवंती कुमारी, महिला आरक्षी प्रीति और पूजा पटेल ने किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को नए कानूनों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करना था। इसमें महिलाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, पॉस्को एक्ट, साइबर अपराध, और महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन अभियानों के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा , 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन , 102 स्वास्थ्य सेवा , 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क के साथ ही, थाना के सीयूजी नंबर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया गया। उपनिरीक्षक यशवंती कुमारी ने बताया, ष्हमारा मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाना है।ष् कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक महत्वपूर्ण और उपयोगी कदम बताया और इसके लिए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा मिल सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चौधरी हाजी रहमान इंटर कॉलेज के प्रबंधक हाजी मोहम्मद इकबाल का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कॉलेज के प्रबंधन और स्थानीय समुदाय के सहयोग से इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया। हाजी मोहम्मद इकबाल ने कहा, ष्महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण हमारे समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बीआरसी मंझनपुर में पेरेंट्स काउंसलिंग के प्रथम सत्र का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** बीआरसी मंझनपुर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों हेतु पेरेंट्स काउंसलिंग के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से दो सत्रों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिव्यांग बच्चों का नामांकन एवं स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के विषय में अभिभावकों को प्रेरित किया । कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन चंदन लाल प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय गोबर सहाय तथा छोटेलाल पाल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा अपने निजी अनुभव एवं दिव्यांगता पर विचार व्यक्त कर अभिभावकों के ज्ञान को समृद्ध किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर राजीव कुमार तिवारी, श्रद्धा सिंह, मीनू शुक्ला एवं फिजियोथैरेपिस्ट पंकज साहू द्वारा अभिभावकों को विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता की पहचान,कारण तथा रोकथाम के विषय में जागरूक किया गया तथा समेकित शिक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के विषय में अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

# किशुनपुर पम्प कैनाल की नहरें उफान पर, सडक पर बहरा पानी



**बेनीराम कटरा, कौशाम्बी।** किशुनपुर पम्प कैनाल नहर इन दिनों उफान पर बहने से सड़कों पर पानी आने से राहगीरों को परेशानी होती है। गौरतलब हो कि इन दिनों किशुनपुर एकडला से निकली हुई नहर अपने उफान पर आ जाने से आवागमन मार्ग सड़कों पर पानी बहने लगने से राहगीरों के लिए खतरा मंडराने लगा है तो दूसरी ओर गाँव के लोगों को भी गाँव में पानी घुसने का भय व डर सताने लगा है कि यदि गाँव में पानी भरने लगेगा तो लोगों को परेशानी ही परेशानी झेलनी पड़ सकती है परंतु वही इस ओर से परेशान मुंह फेरे हुए है या फिर किसी अप्रिय घटना का इंतेजार कर रहा है।

# ........हुजूर आखिरकार मुझ फरियादी को कब और कैंसे मिलेगा न्याय ?

- **शिकायती पत्रों का माला पहन सिराथू के समाधान दिवस में पहुंची पीड़िता**
- **डीएम ने राजस्व निरीक्षक को दी जांच, पीडिता को दिया शीघ्र न्याय दिलाने का अश्वासन**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जमीनी विवाद के मसले को लेकर लम्बे अर्से से न्याय के खातिर तहसील का चक्कार काट रहें दम्पत्ति शनिवार को सिराथू तहसील के समाधान दिवस में शिकायती पत्रों की फेहरिस्त का माला पहनकर जा पहुंचे जिलाधिकारी से मुखातिब दम्पत्ति ने सीधे तौर पर गुहार लगाई की आख्रि कब और कैसे हमें न्याय मिलेगा। दम्पत्ति की फरियाद सुन जिलाधिकारी ने उनका पूरा माजरा सिलसिलेवार सुना और सवाल जवाब भी किया बाद में उन्होंने राजस्व निरीक्षक को जांचकर रिर्पोट देने का निर्देश दे दिया।

सिराथू तहसील के कोखराज थाना अन्तर्गत बिसारा गांव में रोशनी देवी अपने पति रोशन लाल सहित परिवार के साथ गुजारा करतीं हैं। रोशनी देवी के मुताबिक उनके गांव के एक आराजी पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने जबरन कब्जा करके पशुबाड़ा बना लिया है।

विरोध करने पर वह अपने रसूख के चलते लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है। रोशनी देवी की माने तो वह न्याय के खातिर बराबर तहसील का चक्कर काटती रहीं इतना ही नही तहसील प्रशासन से लेकर राजस्व विभाग से जुडे तमाम अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्हीं शिकायती पत्रों की छायाप्रति अपने गले में डालकर रोशनी देवी आज सिराथू तहसील के समाधान दिवस में जा पहुंची यहां मौजूद जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी समेत अन्य अधिकारियों से मुखातिब होते हुए गुहार लगाई की, ......हुजूर आखिरकार मुझ फरियादी को कब और कैंसे न्याय मिलेगा ?

जिलाधिकरी ने पीड़ित महिला की फरियाद को सिलसिलेवार सुना यहीं नही पीडिता के साथ मौजूद राजस्व कर्मियों से भी उन्होंने सवाल जवाब किया बाद में राजस्व निरीक्षक को पूरे मामले की जांचकर शीघ्र आख्या पेश करने का फरमान जारी कर दिया। इधर जिलाधिकारी ने पीड़िता को अस्वस्थ किया कि जल्द के जल्द उसें न्याय दिलाया जाएगा।

# मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान, संक्रमण बीमारी की आशंका



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सरसवा ब्लाक के ग्राम धवाड़ा में विकास योजनाओं के नाम पर लाखों की रकम सरकारी बजट से खर्च कर दिए जाने के बाद गांव में जल निकासी का समुचित प्रबंध नहीं हो सका है।

जिससे बरसात शुरू होते ही गांव की गलियों और सड़कों में पानी भर जाने लगा है। ग्रामीणों वा स्कूली बच्चों को विद्यालय आने जानें में कीचड़ और जल भराव के बीच गांव से निकलने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है जबकि गांव में नाली निर्माण के नाम पर पूरे वर्ष बजट खर्च किया जाता है लेकिन उसके बाद भी नाली का निर्माण ठीक तरीके से नहीं हुआ है कई बार ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी सरसवा और तहसील दार सहित विभिन्न अधिकारियों से जल भराव की शिकायत की लेकिन जल निकासी का प्रबंध नहीं हो सका है गांव की गली और सड़क से जल निकासी न होने के कारण ग्राम सभा के मुख्य रास्ते में जल जमाव व कीचड़ से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियां उत्पन्न हो रही है वा संक्रामक बीमारिया फाईलने की संभावना बनी है कई शिकायतों के बावजूद जल जमाव का कोई निस्तारण नहीं हुआ है जिससे व्यवस्था में सुधार करने की बात करने वाले अधिकारियों के कार्यों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

## लोकपाल मनरेगा का विकास खण्ड मान्धाता क्षेत्र में भ्रमण व निरीक्षण 6 को

**प्रतापगढ़** –लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण 6 अगस्त को विकास खण्ड मानधाता कार्यालय व क्षेत्र का भ्रमण कर निरीक्षण करेगें। सर्व प्रथम वह 12 बजे ब्लाक मुख्यालय पर मनरेगा सेल व विभाग से जुडे अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ शिकायत निवारण सम्बन्धी प्रगति की समीक्षा करेगें। साथ ही समाज शेखर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के परिप्रेक्ष्य में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर निरीक्षण करेगें। इसके अलावा एतिहासिक, पौराणिक, खुईलन झील तथा संकटहरनी नदी क्षेत्र में हुए मनरेगा कार्यो से रूबरू होगें। इस दौरान लोकपाल जनसामान्य सहित जनप्रतिनिधियों तथा जागरूक नागरिकों से मनरेगा सम्बन्धी शिकायतें व सुझाव भी प्राप्त करेगें।

## तहसील दिवस पर 126 में 6 शिकायतों का निस्तारण

**पट्टी प्रतापगढ** –तहसील में आयोजित तहसील दिवस पर फरियादियों की फरियाद सुनने एसपी डॉक्टर अनिल कुमार एवं डीएम संजीव रंजन पहुंचे। तहसील दिवस पर आई 126 शिकायतों में 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य बची हुई शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद कोतवाल पट्टी आलोक कुमार व सीडीओ सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## अपहरण का वांछित आरोपी गिरफतार

**प्रतापगढ़** – विगत 26 जुलाई को थाना फतनपुर में वादनी की पुत्री का अपहरण करने के संबंध में वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फतनपुर में मु0अ0सं0-131/2024 धारा 363 भा0द0वि0 बनाम 01 अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया था।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना फतनपुर के उ0नि0 शेषनाथ यादव ने मय हमराह देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, पेण्डिग विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर *मु0अ0सं0-131/2024 धारा 363,376 भा0द0वि0 व 3/ 4 पॉस्को एक्ट थाना फतनपुर से संबंधित अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम भीखीपुर सुरवमिश्रपुर (ललई का पुरा) थाना फतनपुर को थाना क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल ग्राम नईकोट के पास से गिरफ्तार किया गया।

## इनामी बदमाश ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**प्रतापगढ़**– थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0- 373/13 धारा 307,394,411,120बी भादवि0 के वांछित अभियुक्त विनोद कुमार सिंह उर्फ मोनू सिंह पुत्र स्व0 आद्या प्रसाद सिंह निवासी उमरा थाना आसपुर देवसरा की गिरफ्तारी हेतु डॉ0 अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित पुलिस टीमों द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के कुशल नेतृत्व में सम्भावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही अपराधी विनोद कुमार के ऊपर जानलेवा हमला, लूट के कई मुकदमें दर्ज है। जो काफी समय से फरार चल रहा था। अभियुक्त पर और अधिक दबाव बनाने हेतु डा0 ओ0पी0 सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी द्वारा मु0अ0सं0-36/24 धारा-392 भादवि में पच्चास हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसके भय से उक्त इनामिया अपराधी विनोद कुमार सिंह द्वारा 02 अगस्त को थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मु0अ0सं0- 373/13 धारा 307,394,411,120बी भादवि0 में न्यायालय में आत्मसमर्पण किया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का अपराध करने वाले को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा। अपराधियों को पकड़ने और अपराध रोकने के लिये पुलिस एलर्ट है। जैसे ही अभियुक्त पकड़ में आया उस पर उचित दंडात्मक व निरोधात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसलिये कानून का सम्मान करें और अपराध से दूर रहें।

## करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना के हर्षपुर असांव कोटवा शुकुलपुर गांव में शनिवार की सुबह रामप्रताप प्रजापति 55 घर से बाहर निकले थे। इस बीच बाहर केबल तार के करंट की चपेट में आ गये। बेहोशी की दशा मे परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने रामप्रताप को मृत घोषित कर दिया। पति की मौत की जानकारी होते ही उसकी पत्नी दीनमती रोने बिलखने लगी। पत्नी दीनमती ने करंट की चपेट में पति की मौत को लेकर सांगीपुर पुलिस को तहरीर सौपी है। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए दोपहर बाद जिला अस्पताल भेजवाया।

## दो आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव की तहरीर पर पुलिस ने पडोसी जिले अमेठी के थाना रामगंज के मिर्जा का पुरवा मंगरा निवासी गुडडू उर्फ ध्रुव यादव पुत्र रामशिरोमणि तथा सह अभियुक्त प्रतापगढ़ के अंतू थाना सराय भनई निवासी अरविंद वर्मा पुत्र श्याम लाल के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम का केस दर्ज किया है। आरोपी गैंग लीडर गुडडू उर्फ ध्रुव के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज है। तहरीर में आरोपियों के द्वारा भय एवं दहशत का माहौल बनाए जाने की बात कही गयी है।

## समाधान दिवस में एक सौ पचपन शिकायतें में से आधा दर्जन हुई निस्तारित

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में यहां एक सौ पचपन शिकायती पत्रों में आधा दर्जन प्रार्थना पत्रों पर अफसरों ने निस्तारण की कार्रवाई करायी। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग उन्यासी, पुलिस चौतीस, विकास नौ, विद्युत विभाग पन्द्रह, आपूर्ति छः तथा अन्य विभागों की बारह रहीं। शिकायती पत्रों में ज्यादातर शिकायतें जमीनी विवादों से जुडी दिखी। वहीं विद्युत तारों के लटकने तथा लो बोल्टेज को लेकर भी पीड़ितो ने बिजली विभाग के अफसरो की लापरवाही पर नाराजगी जतायी। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए मातहतों को समाधान कराए जाने के कडे निर्देश दिये। एसडीएम ने अफसरों को आगाह किया कि रेण्डम चेकिंग में समाधान दिवस के प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में वास्तविकता न पायी गयी तो दोषी के खिलाफ डीएम को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट की जाएगी। पुलिस से जुडी शिकायतों का निस्तारण सीओ रामसूरत सोनकर ने किया। इस मौके पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पंकज कुमार, अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, एसओ सांगीपुर मनीष, एसओ उदयपुर राधेबाबू आदि रहे।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़िता के साथ गालीगलौज व मारपीट तथा धमकी को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के राजा का पुरवा सेवकराय रामपुर बावली निवासी पुतुन सरोज पुत्र जमुना ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि अटठाईस जुलाई को उसकी पुत्री ज्योती कूड़ा फेंककर घर वापस आ रही थी। रास्ते में विपक्षी पुत्ती लाल सरोज की पुत्री ने गंदगी की थी। ज्योती ने रास्ते में गंदगी को लेकर मनाही की। इस पर आरोपी पुत्तीलाल तथा उसका पुत्र सूरज ज्योती को गालियां देने लगा। पीडिता ने मना किया तो आरोपियों ने उसे लात घूंसो से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। ज्योती की आंख में अत्यधिक चोटें आ गयी। शोर सुनकर आसपास के लोग दौडे तो आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पुत्तीलाल समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शिकायतकर्ता की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुने और जल्द से जल्द शिकायत का निस्तारण करायें-जिलाधिकारी

## ● सम्पूर्ण समाधान दिवस पट्टी में डीएम एवं एसपी ने सुनी शिकायतें, 07 मामलों का मौके पर किया निस्तारण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 226 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 07 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 226 शिकायतों में से 82 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 48, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 08, शिक्षा से 05, स्वास्थ्य से 02 एवं 55 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार एवं विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा सुना गया।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायकर्ता भागीरथी निवासी ग्राम उड़ैयाडीह ने शिकायत किया कि प्रार्थी अपने हिस्से की भूमि में अरहर की फसल बो रखा था जिसे प्रार्थी के भाई महेन्द्र कुमार ने बोई गई अरहर की फसल को जबरन जोतवाकर धान की रोपाई करवा दी, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी एवं एसएचओ पट्टी को निर्देशित किया कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। शिकायतकर्ता राहुल रजक निवासी ग्राम मुनीपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमिधरी भूमि में सभासद सन्तोष कुमार यादव द्वारा अवैध रूप से रास्ता बनवा दिये जिसके सम्बन्ध में लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी एवं एसओ आसपुर देवसरा को निर्देशित किया कि जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सप्लाई इन्सपेक्टर को निर्देशित किया कि आपूर्ति विभाग के तहत राशन कार्ड की जो भी शिकायतें आयी है उसकी पात्रता की जांच कराकर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। राजस्व विभाग की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि लेखपाल एवं कानून-गो मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के जमीन सम्बन्धी प्रकरण की जांच करें तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण करायें जिससे राजस्व शिकायतों का निस्तारण हो सके और शिकायतकर्ता सन्तुष्ट हो सके। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों, लेखपालों एवं कानून-गो को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शासन की मंशा अनुरूप शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि थाने में कोई भी फरियादी अपनी समस्या लेकर आये तो उसके साथ सरलता पूर्वक व्यवहार किया जाये, उसकी शिकायत को गम्भीरतापूर्वक सुने और जल्द से शिकायकर्ता की शिकायत का निस्तारण करायें। उन्होने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं निस्तारण की गुणवत्ता को देखें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित गति से किया जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी तनवीर अहमद, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना मरम्मत के ही लगा दी जा रही हैंडपंप ठीक होने की रिपोर्ट

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा अंतर्गत गांव गौरा पूरे बदल में इंडिया मार्का नल खराब होने की दशा में शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज कराई गई थी।परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि महीनो बीत जाने के बाद भी जब कोई कर्मचारी नल ठीक करने के लिए नहीं आया तो विकासखंड गौरा कार्यालय में जाकर के जानकारी की गई तो पता चला आपकी शिकायत का निस्तारण सफलतापूर्वक हो चुका है। गौरा विकासखंड में अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से कागजों पर ही कार्य कर दिए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान श्यामलाल से पूछने पर बताए कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पीड़ित पप्पू सिंह और उत्तम तिवारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर की थी।

## माता अम्बिकन धाम में राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन

**प्रतापगढ।** जिले के थाना सांगीपुर अंतर्गत आमी शंकरपुर मे स्थित माता अम्बिकन धाम में राम चरित्र मानस पाठ का भव्य एवं दिव्य आयोजन आचार्य करुणा सागर तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य सभा के विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला, ब्राह्मण महासभा भारत के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश शिव शंकर तिवारी ÷सोहगौरा÷ नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज आझारा के प्रतिनिधि/पति संतोष द्विवेदी आचार्य उपेन्द्र मिश्रा आदि तमाम लोगों की उपस्थिति रही तथा महाप्रसाद का वितरण भी किया गया।

## एलायंस क्लब का पौधरोपण/ पौध वितरण अभियान निरंतर जारी

### ● बहनें रक्षाबंधन के दिन भाइयों को रक्षा सूत्र बांध लगाए एक-एक पौध - रोशनलाल उमरवैश्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण/ पौध वितरण अभियान में आज अचलपुर, बाबागंज, मकन्दूगंज, दहिलामऊ आदि जगहों पर पौधरोपित करने का संकल्प दिलाया गया।क्लब के पदाधिकारीयो के साथ आमजनमानस में भी अपने-अपने मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर दूसरों को भी पौधरोपित करने के लिए प्रेरित किया गया।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा कर जिले में हरियाली लाकर जीवन बचाएं। इसी क्रम में आज पौधवितरित कर सभी से अनुरोध किया किया आप सब इस अभियान में जुड़कर मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा करें। वृक्ष धरा के आभूषण हैं, प्रदूषण दूर करते हैं। पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ और पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सब की जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में क्लब पौधवितरण/ पौधरोपण अभियान चला रहा है। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि अभी तक सभी के सहयोग से क्लब 24600 पौधवितरण कर चुका है और 11500 पौधरोपित किया जा चुका है। क्लब का यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। 15 अगस्त को सघन अभियान चला कर पौधरोपित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्लब का अभियान रक्षाबंधन के दिन भी सभी बहनों से अपील की जा रही है कि अपने-अपने भाई के नाम एक-एक पौधरोपित कर रक्षा सूत्र बांधे और उसकी सुरक्षा का संकल्प भी दिलवाएं। क्लब के पूरे अभियान में डीएफओ जे0पी0 श्रीवास्तव का पूरा सहयोग मिल रहा है।

इस अभियान में आज सहयोग करने वालों में नार्थ जोन की एडवाइजर पूनम गुप्ता,अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, ज्योति,वनराज अधिकारी सदर अनूप कनौजिया, उद्यान निरीक्षक सदर राजकुमार, डॉ0 दयाराम मौर्य, परियोजना अधिकारी शिवम यादव, डिप्टी रेंजर केपी यादव, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, सूरज उमवैश्य, आशीष, ऋषभ, शनि महाराज, सोनू महाराज, आदि रहे।

## संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी, मोबाइल ने बढ़ाई दूरी - ललित पान्डेय

### ▶▶ कालूराम इंटर कॉलेज शीतलागंज में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** युवा चेतना मंच के अध्यक्ष ललित पांडेय ने कहा है कि संस्कार के बिना शिक्षा अधूरी है। शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों को अपने से बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज के बीच में मोबाइल ने इतनी दूरी बना दी है, कि लोग एक-दूसरे के पास बैठने से कतराने लगे हैं।



क्षेत्र के कालूराम इंटर कॉलेज शीतलागंज में शनिवार को युवा चेतना मंच के बैनर तले गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष ललित पांडेय और महामंत्री डा दवमणि त्रिपाठी ने कक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा आकृति यादव, काजल पांडेय, दिव्या पांडेय को प्रमाणपत्र और उपहार देकर सम्मानित गया। कॉलेज के शिक्षक राज कपूर मिश्र और प्रधान सुरेश बहादुर सिंह को अंगवस्त्र और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके पर डॉ.देवमणि त्रिपाठी, विनोद मिश्र, भानु प्रताप पांडेय, राजेश सिंह,तीर्थराज मिश्र, सत्य प्रकाश तिवारी, सरयू प्रसाद तिवारी, आनंद प्रकाश पांडेय, राकेश तिवारी, मनोज मिश्र मौजूद रहे ।

## विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**चारू नर्सिंग कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन भुपियामऊ में आज *स्वामी विवेकानंद युवा शशक्तिकरण योजना के अंतर्गत नामित विद्यार्थियों को टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित किया गय। जिसमें मुख्य अतिथिआशीष कुमार श्रीवास्तव (जिला अध्यक्ष भाजपा) डायरेक्टर डॉक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य /नोडल अधिकारी अजय कुमार सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में लूट के तीन आरोपी गिरफतार, दो फरार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को आरोपीगणों द्वारा थाना कोहंडौर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खुशहाली के पास नहर किनारे वादी जो मुथूट माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के सेल्समैन हैं एवं कलेक्शन का रूपये लेकर अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था कि नहर किनारे खड़े नकाबपोश 04 अज्ञात बदमाशों द्वारा वादी की मोटर साइकिल में धक्का देकर गिरा दिया गया व बैग में रखा कलेक्शन का करीब 01 लाख रूपये व मोबाइल आदि सामान लेकर भाग गये थे। उक्त घटित घटना के संबंध में थाना कोहंडौर में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0स0-134/24 धारा 309(6) बीएनएस बनाम 04 अज्ञात अभियुक्त का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक, डा0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिव नारायण वैश के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोहंडौर उ0नि0 राधेश्याम व स्वाट/सविलांस टीम के संयुक्त नेतृत्व में आज शनिवार को थानाध्यक्ष राधेश्याम ने मय हमराह उ0नि0 रामजन्म पाण्डेय,उ0नि0 शशिकान्त यादव, का0 श्याम कुमार, का0 पुष्पेन्द्र यादव, का0 सौरभ सिंह, उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 सुजीत कुमार यादव, उ0नि0 सीताराम यादव, उ0नि0 आशु, का0 राहुल कुमार, का0 अवधेश कुमार, का0 संतोष कुमार, व स्वाट व सर्विलास टीम के उ0नि0 दिनेश सिंह, हे0का0 धनंजय राय, हे0का0 मोहित यादव,का0 जागार सिंह, का0 अरविन्द दुबे, का0 श्रीराम सिंह, का0 आशुतोष पाण्डेय, हे0का0 चालक राजेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, रात्रि गश्त, चेकिंग के दौरानमुखबिर की सूचना पर थाना कोहंडौर क्षेत्रान्तर्गत शुक्रवार को लूट की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण पुलिस मुठभेड़ में पुलिस टीम पर फायरिंग करने के दौरान 03 अभियुक्तगणों को नहर पटरी पुलिया परेक्षमा के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि 02 अभियुक्तगण रात्रि का फायदा उठाकर भाग निकले।

अभियुक्तगणो ने पूछने पर बताया हम लोगों का एक गिरोह है। हम लोग लूट व चोरी की घटना करते है। आज हम लोगों द्वारा लूट की घटना की योजना कर ही रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

02 अगस्त को दोपहर के समय ग्रा0 खुशहाली के पास नहर पटरी पर कट्टा दिखाकर व मारपीट कर एक व्यक्ति से बैग लूटा था जिसमे मोबाइल फोन ,एटीएम ,पावर बैंक, आधार कार्ड,पैनकार्ड तथा करीब 88000/- रुपये मिला था जो हम लोगों ने बराबर बाँट लिया था। हम लोगो के पास जो रुपये बरामद हुये है उसी लूट के बरामद रुपये है, शेष लूट के रुपयों को हम लोगो ने खर्च कर दिये हैं।

## पूलिंस मुठभेड़ में गिरफ़्तार गैंग के लीडर को लगी गोली , भर्ती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विगत शनिवार को रात्रि में बीडी इंटर कॉलेज व स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धि धर ग्राम पुरेली मखदुमपुर थाना संग्रामगढ़ के सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, माउस, बिजली के केबल, रूपये व मिश्रा ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प बाबागंज के जनरेटर की बैटरी चोरी के प्रकरण में थाना संग्रामगढ़ में चोरी के संबंध में मु0अ0सं0- 169/2024 व मु0अ0सं0- 170/2024 का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान 30.जुलाईको 02 अभियुक्त व दिनांक 01 अगस्त को 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।चोरी की घटना में शामिल समूह के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के



निर्देशन में अपराधियों व संदिग्धों की लगातार चेकिंग की जा रही है ।

इसी क्रम में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्रांतर्गत रजैसा चौराहा से कस्बा लतीफपुर वाली रोड़ पर पुलिया के पासचेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार होण्डा लिवो बिना नम्बर प्लेट सवार 02 व्यक्तियों को संदिग्ध पाकर रोकने का का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग किया।

पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग करने पर एक बदमाश घायल हो गया तथा दूसरा भागने में सफल रहा। घायल बदमाश का इलाज स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ में कराया जा रहा है।

## गैंगस्टर का वारण्टी अभियुक्त गिरफ़्तार

**प्रतापगढ़** – पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह ने मय हमराह का0 कृष्णकान्त, का0 रित्नेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, अ0स0-36/07 धारा 2/ 3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त दिनेश सिंह पुत्र शिवमूर्ति सिंह निवासी ग्राम ईशीपुर ढेकाही थाना कोतवाली देहात को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## नेत्र रोगियों की बस को चित्रकूट के लिए दिखलाई हरी झण्डी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के मोठिन गांव में निःशुल्क नेत्र शिविर में आंखों के रखरखाव को लेकर सुरक्षात्मक उपाय बताये गये। वहीं शिविर में चयनित हुए मोतियाबिंद के मरीजों के निशुल्क आपरेशन के लिए इन्हें चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञ डा. राकेश शर्मा ने नेत्र रोगियों की चित्रकूट के लिए रवाना बस को हरी दिखलाई। कार्यक्रम का संयोजन राजेश मिश्र ने किया। इस मौके पर समाजसेवी छेदी लाल मौर्य, कौशलेन्द्र द्विवेदी, शंभू नाथ शर्मा, शिवप्रसाद केसरवानी, विजय शर्मा, गुडडू दुबे, कृपाशंकर मिश्र, शिवमूरत सरोज आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

## साहबः पेट्रोल पम्प में घटतौली व मिलावट कर दिया जाता है डीजल व पेट्रोल

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के एक गांव में स्थित पेट्रोलपंप में घटतौली व मिलावट करके डीजल पेट्रोलपंप की बिक्री की जाती है जिसकी शिकायत गांव के लोगो ने डीएम कौशांबी से करते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की है।सिराथू कस्बे के धाता रोड निवासी राधेश्याम पुत्र दुर्गा प्रसाद ने शनिवार को जिलाधिकारी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि विकास खंड सिराथू के रामपुर धमावा गांव में स्थित पेट्रोलपंप है । राधेश्याम का आरोप है कि पेट्रोलपंप में डीजल व पेट्रोल में मिलावट कर घटतौली की जाती है । साथ ही डीजल पेट्रोल की क्वालिटी भी घटिया है । पीड़ित ने मामले की जांचकर कार्यवाही की मांग की है ।

## पुत्र से आजिज पिता ने अधिकारियों से लगाई गुहार

**सैनी, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे के रहने वाले एक पिता ने पुत्र की हरकतों से आजिज होकर डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर जान माल की गुहार लगाई है।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के शीतला धाम का रहने वाला प्रमोद चौहान पुत्र रामाधीन चौहान ने डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका पुत्र गलत संगत में पड़कर उसपर कई बार हमला कर चुका है , पिता का आरोप है कि उसका पुत्र हत्या करने की धमकी दे चुका है जिससे अप्रिय घटना घट सकती है । पिता ने पुत्र पर कार्यवाही की मांग की है। मामले में डीएम ने थानाध्यक्ष कड़ा धाम को जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

## पंखे में उतरे करेंट की जद ने आने से विवाहिता की मौत



**सिराथू, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव में पंखे में उतरे करंट की जद ने आने से विवाहिता झुलस गई , घरवालों ने देखा तो आनन फानन में ईलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां विवाहिता की इलाज के दौरान मौत हो गई , महिला की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है की संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कसिया पूरब गांव की रहने वाली सरिता पत्नी दशरथ 33 वर्ष शुक्रवार की रात फर्राटा पंखे के पास बैठी हवा ले रही थी , महिला अचानक पंखे में उतरे करंट की जद ने आ गई , घरवालों ने देखा तो सरिता को आनन फानन में ईलाज के लिए नजदीक के चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया । महिला की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया । मृतका का मायका मंदर मोड़ में है। मृतक सरिता की शादी दस वर्ष पहले हुई थी जिससे दो पुत्रियां है।

## घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों का जेवरात उड़ाया

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट थानाक्षेत्र के महगांव में शुक्रवार रात घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों का जेवरात पार कर दिया। सुबह जानकारी होने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।महगांव निवासी संदीप कुमार किसानी करता है। उसने बताया कि शुक्रवार रात वह परिजनों के साथ खाना खाकर सो रहा था। इसी दौरान रात में चोर छत से नीचे कमरे में उतरकर बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा पचास हजार रुपया नकद समेत लगभग डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात को पार कर दिया। सुबह घर का सामान बिखरा देख परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## चायल चौकी क्षेत्र में बदमाशों ने मजदूर को तमंचे की नोक पर लूटा

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव के समीप शुक्रवार की रात मजदूरी कर घर वापस लौट रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने चायल चौकी जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।नगर पंचायत चायल वार्ड नंबर चार अम्बेडकर नगर दरियापुर निवासी विमलेश कुमार पुत्र रामचन्द्र मजदूरी करता है। शुक्रवार शाम को वह प्रयागराज से मजदूरी करने के बाद घर वापस लौट रहा था। मोहम्मदपुर गांव के समीप बाइक सवार बदमाशों ने रोककर उसे तमंचा सटा दिया। विमलेश के अनुसार बदमाशों ने कनपटी पर तमंचा सटाकर दो कीमती मोबाइल और दो हजार रुपया नकद लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने परिजनों के साथ चायल चौकी जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इससे एक पखवाड़ा पहले भी मनौरी बाजार में बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार दंपति को पीटकर लूट लिया था। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर मामला रफादफा कर दिया था। पुलिसिया कार्रवाई न होने से ही बदमाशों के हौसले बुलंद हैं।

## परिवारिक कलह से परेशान महिला ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग, मौत



**मनौरी, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मनौरी गांव के समीप शनिवार सुबह पारिवारिक कलह से आजिज आकर महिला ने ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे।

हैदरगंज की रेनू सोनकर (32) की शादी धूमनगंज थाने के नीम सरांय निवासी कमलेश सोनकर के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसे प्रताड़ित किया करते थे। शनिवार सुबह वह किसी से बताए बिना घर से निकल गई। पूरामुफ्ती थाने के मनौरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के सामने छलांग लगाकर उसने जान दे दी। हादसे में उसका शव कई टुकड़ों में बंट गया। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव के टुकड़ों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे।

# उपलब्धि सम्मान से नवाजे गए परिषदीय स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र

## ● डायट के आडीटोरियम हाल में बेसिक शिक्षक परिवार ने किया आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद के परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत उन छात्र छात्राओं को शनिवार को डायट के आडीटोरियम हाल में बेसिक शिक्षक परिवार की ओर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपलब्धि सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति योजना व नवोदय और विद्याज्ञान परीक्षाओं में सफलता हासिल करते हुए अपना, स्कूल व जनपद का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा, डायट प्राचार्य निधि शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। उसके बाद सरस्वती वंदना सुनिष्ठा प्रजापति ने, अतिथियों का स्वागत गीत शिल्पी गौतम व पर्यावरण गीत कीर्ति सिंह एवं मोहम्मद महताब ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजनकर्ता बेसिक शिक्षक परिवार के कोर टीम के सदस्य नागेश सिंह ने बताया की टीम का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली छात्रों प्रोत्साहन करते हुए उनका सम्मान कर उनके बेहतर भविष्य की सोच को आगे बढ़ाना है। सदस्य ने कहा की टीम की तरफ से यह लगातार बच्चों को सम्मानित करने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करने के लिए पुस्तकें आदि उपलब्ध कराने का तीसरा साल है। बीएसए ने बच्चों को सम्मानित करते हुए टीम की सराहना किया और कहा की बेसिक शिक्षक परिवार के सदस्यों की यह योजना बच्चों का मनोबल बढ़ाती है। उन्होंने कहा की परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अंदर असीम प्रतिभाएं होती है केवल उन्हे निखारने की आवश्यकता होती है। जिसे स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक ही बेहतर रूप से कर सकता है। डायट प्राचार्य ने कहा की स्कूलों में अध्ययनरत अन्य बच्चों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे वह भी अग्रणी होकर ऐसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सके और बच्चे व विद्यालय निपुण श्रेणी में भी आ जाए । सी ओ सिराथू ने बच्चों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने की क्षमता दिखाई है उसे आगे बरकरार रखने की जरूरत है इसके लिए बच्चों का प्रोत्साहन किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम में कुल 101 छात्र एवं छात्राओं को उपलब्धि प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही उन छात्र छात्राओं को इस मुकाम तक पहुंचने वाले कठिन परिश्रम के साथ शिक्षण विधि प्रदान करने वाले शिक्षकों का प्रोत्साहन करते हुए उन्हे बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए ऐसे ही मेहनत करने का आह्वान किया गया।

इसके पहले मुख्य अतिथियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिवार की एक अन्य पहल पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच पौधों का रोपण डायट परिसर में करते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया और कार्यक्रम में सम्मानित किए गए सभी एक सौ एक प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को एक एक पौधे का वितरण करते हुए उन्हे मां के नाम पर रोपित कर संरक्षण का संकल्प दिलाया गया । कार्यक्रम में आए हुए छात्र छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों आदि के लिए लंच की व्यवस्था जायका रेस्टोरेंट के संचालक अभयराज सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनिष्ठा प्रजापति एवं आतमम अली ने किया। कार्यक्रम में डायट के समस्त प्रवक्ता, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अनुराधा पांडेय, एसआरजी ओम प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के जिला नोडल प्रभारी चंद्रबली रैना ने भी कार्यक्रम में अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में कोर टीम के सदस्य कृष्णा सिंह, दिव्यरतन यादव, रामू सिंह, शालिनी सिंह, रूबी शर्मा, विमल गौतम, अवनीश यादव, संदीप, रोहित, ऋतिक, उपेंद्र, सत्येंद्र, मनबोध, बल्केश्वर दत्त सहित समस्त सदस्य मौजूद रहे।

## कस्बे के एक व्यक्ति पर पतियों को ऑनलाइन सट्टा खिलाने का आरोप पत्नियों ने सट्टेबाज पर की कार्यवाही की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे की रहने वाली दो महिलाओं ने पड़ोस के एक व्यक्ति पर पति को ऑनलाइन सट्टा लगाकर जुआ खेलने के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाते हुए बताया की विरोध करने पर पति मारपीट करते है। महिलाओं ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की है।

सैनी कस्बे की रहने वाली रीता देवी व प्राची ने सिराथू तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की उनके पति सिराथू कस्बे में पुल के नीचे जूता चप्पल की दुकान लगाते है। रीता व प्राची का आरोप है कि कस्बे का एक व्यक्ति उनके पतियों की दुकान की आड़ में गांजा आदि की बिक्री करवाता है साथ ही ऑनलाइन पैसा लगवा कर सट्टा खिलाता है जिससे उनके पति घर का सारा सामान बेचकर सट्टे में लगाते है और नशे की हालात में आएदिन झगड़ा कर मारपीट करते है । पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है । डीएम ने सैनी पुलिस को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।

## सीएमओ ने ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ में नवनिर्मित ट्रामा सेन्टर की दीवार धंसने के कारण दीवार की प्लास्टर गिरने से स्टॉप नर्स व एक महिला जख्मी हो गई थी , जिसकी खबर मिलने पर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय कुमार ट्रामा सेन्टर पहुचकर मौके का जायजा लिया।

बताते चले की सिराथू तहसील के नरसिंहपुर कछुआ गांव में नेशनल हाईवे किनारे लगभग ढाई साल पहले 210.92 लाख की लगत ट्रामा सेंटर का निर्माण कराया गया था , शुक्रवार को नवनिर्मित ट्रामा सेंटर की दीवार धसने से दीवार की प्लास्टर टूटकर गिरने लगी जिसमे स्टॉप नर्स गीता देवी व एक अन्य महिला जख्मी हो गई । हादसे की खबर पर शनिवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय कुमार ट्रामा सेंटर पहुंचे और मौके का जायजा लिया ।इस दौरान प्रभारी डा नीरज सिंह सहित ट्रामा सेन्टर स्टॉप मौजूद रहा।

## भूमिधरी जमीन में अवैध कब्जे का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में कुछ दबंगों द्वारा भूमिधरी जमीन में अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है , पीड़ित के विरोध करने पर दबंग धमकी दे रहे है , पीड़ित ने पुलिस व लेखपाल पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत डीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील के गंनपा का मजरा चकिया निवासी बाल कृष्ण पुत्र कृष्णा प्रसाद ने शनिवार को डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव का एक दबंग हल्का लेखपाल व पुलिस की मिलीभगत से उसकी भूमिधरी जमीन में अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करा रहा है । पीड़ित का आरोप है कि हल्का लेखपाल मौके पर खड़ा होकर निर्माण कार्य करा रहा है , जब मामले की शिकायत पुलिस से की तो पुलिस ने उसको थाने में बिठाकर अभद्रता करते हुए भगा दिया ।

## ग्राम पंचायत ने कनवार में चलाया स्वच्छता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के ग्राम पंचायत कनवार में गांव की गली व नालियों का साफ सफाई अभियान चलाकर जलभराव की समस्या से निपटने की तैयारी चल रह है। ग्राम पंचायत में में वृहद साफ सफाई की गई। इसमें गांव की हर गली व नाली को साफ किया जा रहा है। सचिव अजय सिंह ने बताया कि गांव की गलियों व नालों की सफाई के लिए ए डी ओ पंचायत के निर्देश पर सफाई कर्मियों की टीम को लगाया गया है। बताया कि बरसात से पहले यह सफाई कर्मी गांव की हर गली व नाली की सफाई करेंगे ताकि बरसात का पानी गलियों में जमा न हो और गांव में गंदगी की वजह से कोई बीमारी न पनप सके। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की कमी के कारण पूरे गांव की एक साथ सफाई न होने से गांव की नालियां गंदगी से पट गई थी लेकिन सफाई कर्मियों की टीम ने पिछले बीस दिन से साफ सफाई अभियान में लगे है । उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान से लोगों में सफाई के प्रति चेतना जागी है। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर के आसपास साफ सफाई रखे जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल तो रहेगा ही साथ ही संक्रमण से फैलने वाली बीमारियों से भी बचे रहेंगे ।

## सरकार की यह योजना युवाओं का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण- विधायक वाचस्पति

### ▶▶ मधु वाचस्पति इंजीनियरिंग कालेज में टेबलेट पाकर चहके छात्र






**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को आधुनिक दौर से जोड़ने और स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रदेश सरकार की यूपी फ्री स्मार्टफोन टैबलेट योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत शनिवार को रसूलाबाद उर्फ कोइलहा में स्थित मधु वाचस्पति ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशस के इंजीनियरिंग कालेज में 234 छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद योजना के अन्तर्गत टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बारा विधायक वाचस्पति ने शिरकत की। टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण के दौरान विधायक वाचस्पति ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्र छात्राओं को डिजिटल युग से जोड़ने की जो पहल की है। जो बेहद सराहनीय है। सरकार की यह योजना युवाओं का भविष्य संवारने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं ।

इसका सदा ही सदुपयोग करे। कालेज के कुल सचिव समर अब्बास ने टेबलेट से शिक्षा तथा तकनीकी से होने वाले लाभ उनके भविष्य में आगे बढ़ने के लिए टेबलेट से होने वाले उपयोग के बारे में जानकारी दी ।

कालेज में टैबलेट व स्मार्टफोन पाने से छात्र-छात्राएं भी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर निदेशक डा एस पी गौतम , डा संजीव श्रीवास्तव , डीन अजय सिंह , के डी , सतेंद्र कुमार , रवि निषाद , राहुल गुप्ता , सत्यम विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले 90 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना पश्चिम शरीरा से 02, थाना सराय अकिल से 04, थाना सैनी से 03, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 03, थाना कड़ाधाम से 02) कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## एसएन कान्वेंट स्कूल में मनाया गया फ्रेंडशिप डे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित वार्ड नंबर 23 एपीजे अब्दुल कलाम नगर पुरानी बाजार के एसएन कान्वेंट स्कूल में फ्रेंडशिप डे मनाया गया। एस एन कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक नौशाद अहमद ने बताया कि क्या है फ्रेंडशिप डे का महत्व?

फ्रेंडशिप डे मनाने का उद्देश्य न केवल दोस्ती के रिश्ते को मजबूत करना है, बल्कि ये खास दिन बिछड़े दोस्तों से एक बार फिर मिलने का मौका लेकर आता है। इस दिन आप खुद से दूर हो चुके दोस्तों से एक बार फिर मिलने की पहल कर सकते हैं, साथ ही उन्हें बता सकते हैं कि वे आपके लिए कितने खास हैं। कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या आयशा सिद्दीकी ने बताया किमित्र के कर्तव्य एक मित्र होने का अर्थ यह नहीं है कि आप किसी मजाक, बातचीत, एक चाय का कप या एक गुदगुदाती कहानी का हिस्सा बनें। बल्कि इसका मतलब है अपने सच्चे और ईमानदार हिस्से को साझा करना। मित्रता महज एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक बड़ा उत्तरदायित्व है जिसे दोनों पक्षों को स्वेच्छा से ओढना पड़ता है। स्कूल के डायरेक्टर इनायत अहमद ने बच्चों को दोस्त की के बारे में जानकारी दी। कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों अपनी-अपने मित्रों को दोस्ती का धागा बांधा। फ्रेंडशिप डे के अवसर पर राम राजपूत फैजान आशीष हिमांशु विष्णु योगेन्द् अशोक पिंकी नेहा मुस्कान खुशी बूतूल समरीन अक्शा रोशनी सह गुप्ता प्रीति, समरीन आदि लोग मौजूद रहे।

## घर के बाहर बंधे बकरे-बकरी खोल ले गये चोर

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के पन्नोई गांव निवासी विष्णु लाल मजदूरी करता है। उसने अतिरिक्त आय के लिए बकरे-बकरियां भी पाल रखे हैं। रोज की तरह शुक्रवार रात को भी उसने अपने बकरे-बकरियों को घर के बाहर बांधा था। इसी दौरान रात में चोर उसके दो बकरे और एक बकरी को खोल ले गए। सुबह बकरों को नदारद देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई

## श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में श्री दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में बच्चों के अधिकार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाएं विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्णिमा प्रांजल, अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी, ने भारतीय संविधान के भाग तीन और चार में दिए गए मौलिक अधिकारों और नीति निर्देशक तत्वों, बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम, बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय देखभाल एवं संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, एंटी ट्रैफिकिंग एक्ट, बाल कल्याण समिति, एंटी रैगिंग एक्ट तथा भारतीय न्याय संहिता (पूर्व में भारतीय दण्ड संहिता), कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनिय, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (पूर्व में दण्ड प्रकिया संहिता) की धारा 125 के तहत उपलब्ध भरण पोषण के उपबंधों सहित अन्य अधिनियमों में बालकों से संबंधित तमाम प्रावधानों, पीड़ित क्षतिपूर्ति व विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं और वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस दौरान बालकों की जिज्ञासाओं का भी समाधान सचिव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चुन्नी लाल, नायब तहसीलदार मंझनपुर, पी. एल. वीगण मनीषा दिवाकर, अखिलेश चौधरी और कृष्णा कपूर सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बजट पर चर्चा जाति के चक्रव्यूह में फंसा

भारत की संसदीय राजनीति की यह सबसे दुखद परिघटना है कि लोक सभा में बजट पर हो रही चर्चा जाति के चक्रव्यूह में फंस गई। विपक्ष के नेतागण शायद इस तथ्य से अनजान हैं कि भारतीय समाज में जाति संघर्ष बढ़ा तो देश की क्षेत्रीय अखंडता पर इसके नकारात्मक परिणाम पड़ सकते हैं।संविधान निर्माता और चिंतक डॉ. अंबेडकर भारतीय समाज की इस बुराई को समझ गए थे। इसीलिए उन्होंने जातिविहीन समाज के निर्माण की कल्पना की थी। आगे चलकर समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने भी जाति तोड़ो को लेकर लंबा अभियान चलाया था। लेकिन विडम्बना है कि बिहार के नेताओं के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को महाभारत में अजरुन को जिस तरह सिर्फ मछली की आंख दिखाई दे रही थी, उसी तरह जातिगत जनगणना दिखाई दे रही है।भारतीय राजनीति और समाज का दुखद पहलू है कि आज हर जाति में वर्चस्ववादी नेता पैदा हो गए हैं। ऐसा नेता जाति स्वाभिमान हो गया है। इस तरह से कट्टर जातिवादी नेताओं का समाज और राजनीति में प्रभाव बढ़ता है तो पहले से ही जाति और धर्म में विभाजित समाज आगे चलकर और कितना विभाजित होगा, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। ठीक है कि जाति गणना सत्ता पाने की सीढ़ी बन सकती है लेकिन इससे सामाजिक विद्वेष बढ़ेगा और अंततः प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा जाएगी।डॉ. लोहिया का विास है कि 'इतिहास साक्षी है कि जिस काल में जाति के बंधन ढीले थे, उसने लगभग उसी काल में घुटने नहीं टेके।' उनका मानना है कि यह गलत धारणा है कि अंदरूनी झगड़ों और छल-कपट के कारण न तो विदेशी हमले हुए और न भारत गुलाम हुआ। इसका सबसे बड़ा और एकमात्र कारण है जाति।1960 और 71 के दशक में डॉ. लोहिया के प्रयासों से समाज में जाति के बंधन कुछ ढीले पड़ने लगे थे। बाद में आरएसएस ने भी हिन्दू समाज की जातियों की एकता को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया और आज भी संघ का यह प्रयास जारी है लेकिन लगता है कि जातिगत पहचान और स्वाभिमान का उभार तेजी से हो रहा है।राहुल गांधी इस उभार को और अधिक हवा देने लगे हैं। हालांकि राहुल के जातिगत जनगणना के बयान पर भाजपा नेता के इस जवाब का समर्थन नहीं किया जा सकता जिनकी अपनी जाति का पता नहीं है, वे जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। सदन हो या सड़क जाति पूछना अमर्यादित आचरण के दायरे में ही आता है।

## सुविचार

उस इंसान से कभी
झूठ मत बोलिये
जिसे आपके झूठ पर विश्वास हो

# यूपी के माननीय क्यों नहीं चाहते हैं अंग्रेजों के बनाये नजूल भूमि कानून में बदलाव



**अजय कुमार,लखनऊ**

देश का कोई भी हिस्सा या राज्य हो वहां पड़ी नजूल की जमीन की स्थिति ठीक वैसी ही होती है जैसे किसी एक बच्चे के कई बाप का होना। नजूल की जमीन(सरल शब्दों में सरकारी जमीन) को सब अपनी बपौती समझते हैं। गरीब जनता की तो इतनी हिम्मत नहीं होती है कि वह सरकारी जमीन पर कब्जा कर सके,लेकिन ताकतवर लोगों जिसमें नेताओं से लेकर बड़े-बड़े अधिकारी और बिल्डर आदि शामिल होते हैं, के लिये यह जमीन सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित होती है। नजूल की जमीन पर कब्जा करने का सबसे आसान तरीका है उसे लीज पर हासिल कर लेना ,क्योंकि जमीन का कोई मालिक नहीं होता है इसलिये सरकारी कुर्सी पर बैठे अधिकारी और बाबू ही इसके 'मालिक' बन जाते हैं।वह सेटिंग के सहारे नजूल की जमीन का 'सौदा' कर देते हैं। इसी लिये जब नजूल भूमि कानून विधान सभा से पास होने के बाद मंजूरी के लिये विधान परिषद पहुंचा तो वहां करीब-करीब सभी दलों के माननीयों ने एकजुट होकर इसे 'ठंडे बस्ते' में डाल दिया। यानी माननीय नहीं चाहते हैं कि नजूल जमीन के लिये कोई ऐसा नया कानून बनें जिसके चलते नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल बंद हो जाये।इस कानून को लेकर सत्ता पक्ष में मनमुटाव की खबरें आने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने तो योगी सरकार को चुनौती तक दे दी वह नजूल जमीन पर नया कानून बना ही नहीं सकते हैं। वैसे विरोध समाजवादी पार्टी की तरफ से भी कम नहीं हुआ था।

दरअसल, 31 जुलाई को यूपी विधानसभा में भारी हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबंध और उपयोग) विधेयक, 2024 पारित किया गया था। इसके बाद जब पहली अगस्त को यह विधेयक विधान परिषद में आया तो इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया। सबसे खास बात यह रही कि इस विधेयक का समाजवादी पार्टी के नेताओं के अलावा भाजपा के कई नेताओं ने विरोध किया है। वहीं एनडीए में भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी ने इससे असहमति जताई है। विधेयक के अनुसार, कानून लागू होने के बाद किसी भी नजूल भूमि को किसी निजी व्यक्ति या निजी संस्था के पक्ष में पूरा मालिकाना हक हस्तांतरित करने पर रोक लग जाती। इसके बजाय, नजूल भूमि का इस्तेमाल सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए किया जाता। विधेयक में प्रस्ताव किया गया था कि नजूल भूमि को निजी व्यक्तियों या संस्थाओं को हस्तांतरित करने के लिए कोई भी अदालती कार्यवाही या आवेदन रद्द कर दिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ये भूमि सरकारी नियंत्रण में रहे।कुल मिलाकर विधेयक का उद्देश्य नजूल भूमि प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना और अनधिकृत निजीकरण को रोकना बताया गया है।

बता दें उत्तर प्रदेश में लम्बे समय से नजूल की बेशकीमती जमीनों को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने का खेल चल रहा है। लगभग दो लाख करोड़ रुपये की इन सरकारी जमीनों को सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराने की जद्दोजहद की जा रही है। इन जमीनों को निजी हाथों में जाने से बचाने के लिए लाया गया योगी सरकार का उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति-2024 विधेयक विधान परिषद में अटक गया,तो इससे कई ताकतवर लोगों ने राहत की सांस ली।



गौरतलब हो उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार हेक्टेयर जमीन नजूल की है,जिसमें से कम से कम चार हजार एकड़ जमीन फ्री होल्ड कराई जा चुकी है और अब नजूल जमीनों के मालिकाना हक को लेकर 312 केस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चल रहे हैं। करीब 2500 केस पाइप लाइन में हैं। इनसे जुड़ी जमीनों की कीमत लगभग दो लाख करोड़ रुपये है। ये जमीनें सबसे ज्यादा प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी आदि में हैं। नजूल की जमीनों को फ्री होल्ड कराने का केंद्र प्रयागराज है। यहां लगभग पूरा सिविल लाइंस नजूल की जमीन पर है। एक-एक बंगला 100 से 250 करोड़ रुपये का है।इसी के चलते प्रयागराज निवासी और डिप्टी सीएम चाहते थे कि यह कानून पास हो जाये,लेकिन उन्हीं की पार्टी वालों ने इसका पलीता लगा दिया।

नजूल की जमीन के लिये कैसे खेल होता है,उसकी पूरी बानगी समझने के लिये बता दें कि किसी नजूल जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 50 करोड़ रुपये है तो इस जमीन का बाजार भाव 100 करोड़ होगा। लेकिन मौजूदा नजूल जमीन कानून के तहत इसे सर्किल रेट का केवल 10 फीसदी देकर फ्री होल्ड कराया जा रहा है। यानि वह व्यक्ति केवल पांच करोड़ रुपये में 100 करोड़ रुपये की जमीन का मालिक बन जाता है। जबकि खास बात यह है कि नजूल एक्ट में फ्री होल्ड का प्रावधान ही नहीं है, लेकिन अब तक कम से कम 25 फीसदी नजूल की जमीन को इस तरीके से फ्री होल्ड कराया जा चुका है।

नजूल की जमीन है क्या, यह इस तरह से समझा जा सकता है आजादी से पहले अंग्रेजी हुकूमत ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और लगान चुका पाने में विफल लोगों की जमीनों को छीन लिया था। इसके बाद 1895 में गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट के तहत ये जमीनें मामूली किराये पर अंग्रेजों ने लीज पर दे दीं। इनकी लीज अवधि 90 वर्ष तक थी। लीज पर दी गई इन जमीनों पर सरकार का मालिकाना हक कभी खत्म नहीं होता था।

ऐसी जमीनों को फ्री होल्ड से रोकने के लिए प्रदेश सरकार नजूल एक्ट लाई है। सरकार इस एक्ट के जरिए नजूल की जमीन को कौड़ियों के भाव फ्री होल्ड कराने के खेल पर रोक लगाना चाहती है। प्रस्तावित एक्ट के मुताबिक नजूल की जमीनों पर जो लोग रह रहे हैं, उन्हें नहीं छेड़ा जाना था तो वहीं गरीब और कमजोर लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की भी बात कही गई थी। यानी उन्हें हटाया भी नहीं जाएगा। केवल बची जगह पर पार्किंग, पार्क, सरकारी संस्थान, सरकारी शिक्षण संस्थान, पीएम आवास योजना या अन्य सार्वजनिक उपयोग में लाने का प्रावधान किया गया था। वहीं नजूल जमीन पर बसे बाजारों को बेहतर बनाने का प्रावधान था। नजूल एक्ट को देश के शीर्ष कानूनी विशेषज्ञों की राय से तैयार किया गया है।

खैर, यह समझ लेना भी जरूरी है कि नजूल की जमीन को लेकर स्वतंत्र भारत के आज तक कोई नजूल एक्ट वजूद में ही नहीं था। मानसून सत्र में पहली बार यूपी में नजूल की जमीनों को लेकर विधेयक लाया गया। 1895 में ब्रिटिश सरकार गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट लाई थी, जिसके तहत जमीन लीज पर देने का प्रावधान किया गया था। उस समय शहरों की तुलना में कृषि जमीनों की कीमत ज्यादा थी, इसलिए शहरी जमीनों के बड़े-बड़े टुकड़े अंग्रेजों ने लीज के रूप में दे दिए थे। आज हालात बदल गए हैं। वर्ष 2020 में इसी एक्ट को दोबारा पास कर दिया गया था। गवर्नमेंट ग्रांड एक्ट में ऑटोमेटिक रिन्यूअल का प्रावधान है, लेकिन उसमें रहने वाला जमीन का मालिक नहीं हो सकता। वह किसी तीसरे पक्ष को जमीन नहीं दे सकता। वह किसी तीसरे पक्ष के लिए जमीन दी गई है, उसके अलावा अन्य किसी उपयोग में लाने पर लीज को निरस्त किया जा सकता है।

नया नजूल भूमि एक्ट यह अमली जामा पहन लेता है तो इसके बाद उत्तर प्रदेश में किसी भी नजूल भूमि को किसी प्राइवेट व्यक्ति या प्राइवेट एंटिटी (संस्था या अन्य) के पक्ष में फ्रीहोल्ड (स्वामित्व) नहीं किया जा सकेगा। खाली पड़ी नजूल भूमि जिसकी लीज अवधि समाप्त हो रही है, उसे फ्रीहोल्ड न करके सार्वजनिक हित की परियोजनाओं जैसे अस्पताल, विद्यालय, सरकारी कार्यालय आदि का उपयोग के लिए किया जाएगा।नजूल भूमि विधेयक के अनुसार, ऐसे पट्टाधारक जिन्होंने 27, जुलाई 2020 तक फ्री होल्ड कि लिए आवेदन कर दिया है और निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है, उनके पास विकल्प होगा कि वह लीज अवधि समाप्त होने के बाद अलगे 30 वर्ष की अवधि के लिए नवीनीकरण करा सकें। बशर्ते, उनकी ओर से मूल लीज डीड का उल्लंघन न किया गया **उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार**

## सरोकार

# बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा काफी सराहनीय रही है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नोक-झोंक का चलना सामान्य व स्वाभाविक बात है।लेकिन इस नोक-झोंक की सार्थकता तभी है जब वक्ताओं द्वारा मर्यादा में रह कर बात रखी जाए। जब तक संसदीय कार्यवाही का टीवी पर प्रसारण नहीं होता था, तब तक देश की जनता को पता ही नहीं चलता था कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि संसद में कैसा व्यवहार कर रहे हैं? यह भी नहीं पता चलता था कि वे संसद में किन मुद्दों को उठा रहे हैं? अक्सर ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब सांसदों ने आर्थिक लाभ की एवज में बड़े औद्योगिक घरानों के हित में सवाल पूछे। वरिष्ठ पत्रकार ए सूर्यप्रकाश ने तीस वर्ष पहले ऐसे लेखों की श्रृंखला छापी थी जिसमें सांसदों के आचरण का खुलासा हुआ और देश ने पहली बार जाना, 'संसद में सवाल बिकते हैं'। पर जब से टीवी पर संसदीय कार्यवाही का प्रसारण होने लगा तब से देशवासियों को भी देखने को मिला कि सांसद सदन में कैसा व्यवहार करते हैं।बिना अतिश्योक्ति के कहा जा सकता है कि कुछ सांसद जिस भाषा का प्रयोग करने लगे हैं, उसने शालीनता की सीमाएं लांघ दी हैं। शोर-शराबा तो आम बात है। संसद में हुड़दंग भारत में ही देखने को नहीं मिलता। अनेक देशों से वीडियो आते रहते हैं, जिनमें सांसद हाथापाई करने और एक दूसरे पर कुर्सियां और माइक फेंकने तक में संकोच नहीं करते। सोचने वाली बात यह भी है कि भारतीय संसद की कार्यवाही पर देश की गरीब जनता का अरबों रुपया खर्च होता है। आकलन है कि संसद चलने का प्रति मिनट खर्च ढाई लाख रुपये से थोड़ा अधिक आता है। इसका सदुपयोग तब हो जब गंभीर चर्चा करके जनता की समस्याओं के हल निकाले जाएं। हमारी लोक सभा का इतिहास रहा है कि लोक सभा के अध्यक्षों ने यथासंभव निष्पक्षता से सदन की कार्यवाही का संचालन किया।उल्लेखनीय है कि 15वीं लोक सभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने ही दल के विरुद्ध निर्णय दिए थे जिसका खमियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा। उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया पर उन्होंने अपने पद की मर्यादा से समझौता नहीं किया। लेकिन पिछले दस वर्षों से लोक सभा के वर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला लगातार विवादों में रहे हैं। उन पर सत्ता पक्ष के प्रति अनुचित झुकाव रखने का आरोप विपक्ष लगातार लगाता रहा है।17वीं लोक सभा में तो हद ही हो गई जब सत्ता पक्ष के एक सांसद ने विपक्ष के सांसद को सदन की कार्यवाही के बीच अपमानजनक गालियां दीं। अध्यक्ष ने उनसे वैसा कड़ा व्यवहार नहीं किया जैसा वो लगातार विपक्ष के सांसदों के साथ करते आ रहे थे। तब तो और भी हद हो गई जब उन्होंने विपक्ष के 141 सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया। ऐसा आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। हाल में टीवी चर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बातचीत में नामी वकील, सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने बताया, 'देश के संविधान के अनुच्छेद 105, संसद के सदस्यों को संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी परंतु क्या सांसदों को ऐसा करने दिया जाता है?जबकि इसी अनुच्छेद में या पूरे संविधान में यह कहीं नहीं लिखा है कि किसी भी सांसद का, संसद सदन में, अपनी बारी पर बोलते समय, माइक बंद किया जा सकता है। यह भी कहीं नहीं लिखा है कि किसी सांसद को बोलते समय, यदि वह नियम व मर्यादा के अनुसार बोल रहा हो तो उसे टोका जा सकता। इतना ही नहीं, यह बात भी नहीं लिखी है कि यदि विपक्ष किसी मुद्दे पर सत्ता पक्ष का विरोध करे तो उसे टीवी पर नहीं दिखा सकते। परंतु आजकल ऐसा होता है और यदि लोक सभा अध्यक्ष इस बात को नकार देते हैं कि वे किसी का माइक बंद नहीं करते तो फिर कोई तो है जो माइक को बंद करता है। ऐसा है तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा कौन कर रहा है और किसके निर्देश पर कर रहा है?'

18वीं लोक सभा की शुरुआत ही ऐसी हुई है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और अभिषेक बनर्जी तक अनेक दलों के सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप ही नहीं लगाया, बल्कि अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। ये न सिर्फ लोक सभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के प्रतिकूल है, बल्कि ओम बिरला के निजी सम्मान को भी कम करता है।

## हेल्थ टिप्स

# मानसून में सिर की खुजली से हो गए हैं परेशान? इन 5 घरेलू नुस्खों को अपनाएं



मानसून में कई कारणों से सिर की खुजली बढ़ सकती है।पहला, यही है कि इस मौसम में नम वातावरण मालासेजिया जैसे कवक के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे डैंड्रफ और खुजली हो सकती है।दूसरा कारण हो सकता है कि अतिरिक्त नमी, गंदगी और तेल का जमाव भी सिर पर खुजली बढ़ा सकता है।इसके अतिरिक्त शुष्क स्कैल्प भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकता है।आइए इस समस्या के लिए प्रभावी घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**एलोवेरा का करें इस्तेमाल**

एलोवेरा मॉइश्चराइजिंग गुणों से भरपूर होता है और ताजा एलोवेरा जेल को अपने सिर पर लगाने से खुजली और सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।लाभ के लिए एक एलोवेरा की पत्ती को बीच में से काटकर उसके जेल को स्कैल्प पर लगाएं। 20 से 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए बालों पर एलोवेरा जेल के विभिन्न इस्तेमाल।

**टी ट्री तेल भी कर सकता है मदद**

टी ट्री तेल में शक्तिशाली एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इसे सिर की खुजली के लिए एक बेहतरीन उपाय बनाता है।लाभ के लिए नारियल या जैतून के तेल जैसे किसी वाहक तेल में टी ट्री तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें।इसे रातभर या कम से कम 30 मिनट के लिए छोड़ने के बाद शैंपू से सिर को साफ कर लें।

**सेब का सिरका है लाभदायक**

सेब का सिरका एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-फंगल गुणों से युक्त होता है, जो सिर की खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा को एक स्प्रे बोतल में डालें। इसके बाद इसे अच्छी तरह मिलाकर स्टोर कर लें, फिर जब भी सिर में खुजली हो तो इस मिश्रण का इस्तेमाल करें।हालांकि, इस मिश्रण के इस्तेमाल से पहले त्वचा पर पैच टेस्ट जरूर करें।

**नीम के पत्तियां भी हैं प्रभावी**

नीम की पत्तियां एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों से भरपूर होती हैं, जो सिर की खुजली को कम कर सकते हैं।लाभ के लिए नीम की कुछ पत्तियों को पानी में लगभग 15 मिनट तक उबालें। इसके बाद मिश्रण को कमरे के तापमान पर ठंडा करें और इसे छानकर एक बाल्टी में डालें।शैंपू करने के बाद अपने सिर को धोने के लिए इसी नमी युक्त पानी का इस्तेमाल करें।यहां जानिए डैंड्रफ से राहत के लिए नीम के इस्तेमाल।

**प्याज का रस लगाएं**

प्याज के रस में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो स्कैल्प के संक्रमण का इलाज और खुजली को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए प्याज को एक ब्लेंडर में डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इसके रस को रूई की मदद से अपने सिर पर लगाएं।लगभग 30 मिनट के बाद सिर को सौम्य शैंपू से साफ कर लें।यहां जानिए प्याज के रस के फायदे।

## राशिफल

| | |
|---|---|
|  मेष | आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। लॉ के क्षेत्र से जुड़े स्टूडेंट के लिए आज का दिन बेहतकीन रहने वाला है। आज कहीं से एक केस आपके हाथ लग सकता है। उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा।कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। |
|  वृष | आज का दिन परिवारवालों के साथ बितेगा। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान भी बन सकता है। आज अचानक आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते हैं। दोस्तों के साथ लंबे टूर की प्लांनिग बन सकती है। आज आपके बिजनेस में फायदा होने के योग बन रहे है। स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। आज आप अपने बड़ेङ्कबुजुर्गो का आर्शिवाद लेकर नया बिजनेस शुरु कर सकते हैं, जिससे आपको फायदा होगा। |
|  मिथुन | आज के दिन मन में नए ङ्क नए विचार आ सकते है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है, मेहनत का फल अच्छा मिलेगा। दोस्तों के साथ बाहर हील स्टेशन पर जा सकते है।आज आपकी मुलाकात अचानक किसी दोस्त से हो सकती है। आज ऑफिस में आपके काम की प्रशंसा होगी। जूनियर आपसे काम सीखने आ सकते है। पूरा दिन एंजॉय से भरा रहेगा। |
|  कर्क | आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी वाणी पर कंट्रोल रखने से आपको ही फायदा होगा। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। बेहतक होगा कि आप बाहर के खाने को अवॉयड करें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं। घर से बाहर जाने के पहले आप जरूरी सामान जरूर ले जाएं। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। |
|  सिंह | आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा। पारिवारिक समस्याएं आज खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। आज के दिन कोई करीबी आपकी खुशियों को दोगुना कर देगा। कार्यक्षेत्र में बढ़ोतकी के नये अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में सहकर्मियों की मदद से आज आपके कार्य समय रहते पूरा हो जायेगा। |
|  कन्या | आज आपका रुझान आध्यात्म की तकफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकती है। दुश्मन आपको परेशान करने की पूरी कोशिश करेंगे, लेकिन अपनी समझदारी से आप कार्यों को पूरा करने में सफल रहेंगे। इस राशि के आविवाहित लोगों को विवाह के लिए प्रस्ताव मिल सकता है। आज इलेक्ट्रानिक सामान खरीदने का प्लान बना सकते है। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। |
|  तुला | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आर्शीवाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रीय भूमिका निभाएंगें। आज आप विरोधियों का सामना करने में सक्षम होंगे। इस राशि के लोगों को आज कानूनी मामलों से बचने की जरूरत है। |
|  वश्चिक | आपकी ऊर्जा का स्तक अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। व्यापार के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, रोज की अपेक्षा ज्यादा सेल होगा। इस राशि केनवविवाहित आज किसी रेस्टोरेंट में डीनर करने जायेंगे। पुरानी जयजाद के क्रय- विक्रय से लाभ होगा। आज संतान के प्रति विश्वास बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत रहेगा। |
|  धनु | आज का दिन आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। पढ़ाई में छात्रों के लिए यह समय जी-जान लगाकर पढ़ने का है। नया कोर्स ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज नये प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपके परिवार के प्रति विश्वास बढ़ेगा। |
|  मकर | आज का दिन ठीकङ्कठाक रहेगा। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। आज फर्नीचर खरीदने के लिए दिन शुभ है। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से पहले किसी अनुभवी की राय जरूर ले लें। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। |
|  कुम्भ | आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के काम से यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिए ईमेल आ सकती है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। |
|  मीन | आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। बच्चों के बेहतक करियर के लिए आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज हो सके उधार के लेन-देन से बचें। आज आपको व्यापार में अचानक धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज दूसरों के मामले में दखल ना दें, आवश्यकता पड़ने पर ही अपनी राय दें। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। |

# पं. मुनीश्वरदत्त का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मना

## ● पं. मुनीश्वरदत्त का व्यक्तित्व कालजयी था - श्याम किशोर शुक्ल





लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षा जगत के मालवीय पण्डित मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्म दिवस समारोह तिलक इण्टर कालेज सभागार में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पण्डित श्याम किशोर शुक्ल, विशिष्ट अतिथि पं. श्याम शंकर मिश्र रहे। अध्यक्षता डा. प्रशान्त देव शुक्ल एवं संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डा. श्याम ने किया।

सर्वप्रथम महामना जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम हुआ तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुति गीतो के माध्यम से की गयी। स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी ने किया तत्पश्चात अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पण्डित श्याम किशोर शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित उपाध्याय जी का व्यक्तित्व कालजयी था। उन्होने सुदूर ग्रामीण अंचल में जन्म लेकर जिस तरह से पूरे देश में अपने व्यक्तित्व को विस्तारित किया वह आदरणीय वंदनीय है। अपने स्वाभिमान के नाम पर कभी कोई समझौता नहीं करते थे। यही कारण था कि नेहरू जी एवं शास्त्री जी के बहुत करीबी थे। वे भारत की संविधान निर्मात्री के सदस्य के रूप में वरैण्य थे।

अध्यक्ष डा. प्रशान्त देव शुक्ल ने कहा कि आज उनका जन्म दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब विद्यालयों के शिक्षकगण संकल्प के साथ अनुशासन को संयमित कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में आगे बढ़ाये। विशिष्ट अतिथि श्याम शंकर मिश्र ऐलाही ने कहा कि पंडित उपाध्याय जी के व्यक्तित्व के साथ विशेषण जोड़ना सूरज को दीया दिखाने जैसा होगा। उनका व्यक्तित्व महान था हम उन्हे आदर के साथ नमन करते है। मंचस्थ डा. लाल जी त्रिपाठी ने महामना पंडित जी को नमन करते हुए कहा कि पं. जी का व्यक्तित्व अनुकरणीय या वंदनीय था उनके शैक्षिक योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। पूर्व वीडीओ विधिदेव शुक्ल, पं. राम विभूति मिश्र, डा. नीरज त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी डा. वीके सिंह पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद त्रिपाठी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। उपस्थित जनो में मेजर अमर नाथ त्रिपाठी, ज्ञानेन्द्र शुक्ल, पं. मनोराम मिश्र, ऐपी तिवारी, मनोराम मिश्र, तीर्थराज दूबे, विजय कुमार तिवारी, रामयज्ञ शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समाज के कुछ गणमान्य लोगो को अध्यक्ष एवं संरक्षक पं. श्याम किशोर शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रमोद कुमार तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि पं. श्याम किशोर शुक्ल एवं विद्यालय के अध्यक्ष डा. प्रशांत देव शुक्ल को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम से सम्मानित किया गया। जन्मदिवस सद्भावना समारोह में विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी जिसमें पं. जन्मदिवस के अवसर पर प्रस्तुत किया गया सोरह एवं समसामयिक गीतो ने समा बांध दिया तथा स्काउट एवं गाइड के बच्चो की प्रस्तुति सराहनीय रही। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ओम शंकर मिश्र आए हुए अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियो के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता ओम शंकर मिश्र, संतोष पाण्डेय, विनीता सिंह, काशी नारायन मिश्र, गंगा सागर शुक्ल, एवं आनन्द तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के जन्मदिन पर दी श्रद्धांजलि



### ● स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम मुनीश्वरदत्त के नाम करने को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने आज पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के जन्मदिवस पर स्थानीय जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम ÷मुनीश्वरदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम÷ किये जाने संबंधी ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के लक्ष्मणपुर में जन्मे,1952 व 1957 में जनपद के प्रथम व द्वितीय बार सांसद रहे, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जनपद में दो दर्जन शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करने वाले, उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे, संविधान सभा के सदस्य पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। डॉ0 त्रिपाठी ने आम जनमानस की भावना के अनुरूप उनकी स्मृति को ताजा रखने के लिए उनके नाम पर जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम का नाम बदलकर ÷मुनीश्वरदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम÷ रखे जाने की मांग की है।आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय ÷इंदिरा भवन÷ पर पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय का जन्मदिन श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों ने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धाञ्जलि अर्पित की।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, इंद्रानंद तिवारी, महेन्द्र प्रताप सिंह, मो.असलम,नागेन्द्र पाण्डेय, शुभम मिश्रा, शहजाद सलमानी,सुरेश मिश्र, मोनू मिश्र, सुरेश कुमार,राधे श्याम दूबे, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## एमडीपीजी में मनाई गई कॉलेज संस्थापक एमडी उपाध्याय की जयंती



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक पंडित मुनेश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महाविद्यालय परिसर में स्थित पंडित जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के उपरांत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने पंडित जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्रा ने कहा कि पंडित जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व सदैव प्रासंगिक रहेगा। दो दर्जन शैक्षिक संस्थानों की स्थापना कर उन्होंने जनपद को विकास की नई राह दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र रहे।संचालन प्रो रमेश चंद्र मिश्र ने किया। प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडे, प्रो सुधांशु त्रिपाठी, प्रो राधा कृष्ण दुबे, प्रो ऊषा तिवारी, प्रो पी के शर्मा आदि ने संगोष्ठी को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो प्रदीप कुमार सिंह, डॉ सी एन पांडेय, प्रो माया शंकर, डॉ डी के पांडे, डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ स्वामी नाथ तिवारी, डॉ मनीष सिंह, डॉ राजेंद्र मिश्र सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मनाई गयी शिक्षामनीषी पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज में शनिवार को शिक्षामनीषी एवं पूर्व सांसद तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ला ने शिक्षकों के साथ पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य अमिताभ ने कहा कि पं. मुनीश्वरदत्त जी ने जिले के ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की अलख जगायी।

## बेल्हा के मदन मोहन मालवीय थे मुनीश्वर दत्त उपाध्याय-अरूण कुमार शुक्ल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जगदीश नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज ढिंगवस प्रतापगढ़ में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनपद के शिक्षा जगत के मालवीय पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय जी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ल ने दीप जलाकर मां सरस्वती की प्रतिमा सहित पंडित मुनीश्वर दत उपाध्याय एवं उनके सहयोगी पूर्व विधायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामराज शुक्ला के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत , मां सरस्वती वंदना, गायन, नृत्य



सहित कई विधाओं के अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ल व संचालन विद्यालय के अध्यापक धीरेंद्र कुमार यादव ने किया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला ने पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके विचारों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सबको पंडित जी के आदर्श एवं विचारों से प्रेरणा लेकर उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर अपने जनपद समाज एवं राष्ट्र का विकास करना चाहिए कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित जनपद शिक्षा के मनीषी उपस्थित रहे जिनमें ओमप्रकाश त्रिपाठी लोकमनि मिश्रा पवन कुमार मिश्रा अनिल कुमार त्रिपाठी धीरेंद्र कुमार यादव श्रीमती नीलिमा कुमारी वंदना त्रिपाठी वैभव मिश्रा कमलेश त्रिपाठी राजाराम वर्मा हरकेश शुक्ला नरेंद्र यादव विवेक धुरिया कुलदीप त्रिपाठी हरीश मिश्रा आदि की गरिमामय उपस्थि रही

## लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती में भारतीय प्रजातंत्र है हमारा स्वर्णिम गौरव- प्रमोद तिवारी

### ▶▶ भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक हुआ शपथ ग्रहण समारोह




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की तहसील इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में वर्ष 2024 का सम्मान भी प्रदान हुआ। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता देश के चौथे स्तम्भ के रूप में लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती के लिए अहम योगदान रखती है। उन्होने कहा कि आजादी के आंदोलन में देश को पत्रकारिता को ही एकजुट बनाने का अविस्मरणीय श्रेय आज भी महनीय है। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारत का प्रजातंत्र दुनिया के देशों के लिये अभिव्यक्ति की आजादी की प्रेरणा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान में लोकतंत्र को कई बार पहुंची चोट के साथ वर्मा, नेपाल, बांग्लादेश में भी सत्ता परिवर्तन में तानाशाही और राजशाही के विपरीत भारतीय प्रजातंत्र को अद्वितीय ठहराया। उन्होने कहा कि प्रजातंत्र में कई बार हमले होते रहे हैं। इसके बावजूद भारत का प्रजातंत्र कल भी जिन्दा था और आज भी जिन्दा है तथा आने वाले समय में हमारा यह प्रजातंत्र दुनिया को लोकतांत्रिक मूल्यों का मार्गदर्शन करता रहेगा। संसद में अभिव्यक्ति की सच की आवाज को लेकर दिये जा रहे अनुपम योगदान को लेकर आयोजन समिति द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी रामभरोस मिश्र के संयोजन में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को अभिव्यक्ति सच की 2024 के सारस्वत सम्मान के तहत अभिनंदन पत्र सौंपा गया। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय, कुण्डा इकाई अध्यक्ष पन्ना लाल गुप्ता, रानीगंज अध्यक्ष अजय ओझा, रूपेन्द्र शुक्ला, अब्दुल हासिम, समेत विभिन्न हस्तियों को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। प्रारम्भ में तहसील इकाई के अध्यक्ष विकास मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। अध्यक्षता महासंघ के मुख्य राष्ट्रीय महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया व संचालन प्रान्तीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। महासचिव धुरिया एवं चुनाव समिति के संयोजक डॉ. आशीष सिंह तथा सुरेन्द्र तिवारी सागर ने नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र व उपाध्यक्ष लवलेश शुक्ला व महामंत्री साकेत मिश्र, कोषाध्यक्ष राजीव तिवारी, आय व्यय निरीक्षक जाकिर अली, मीडिया सचिव मुकेश तिवारी, संगठन मंत्री आनन्द प्रकाश तिवारी, संगठन सचिव मुकेश सिंह, जिला प्रतिनिधि शिवकरन चतुर्वेदी, संजयमणि शुक्ला, राघवेन्द्र मिश्र रामू, मण्डलीय प्रतिनिधि अशोकधर द्विवेदी, प्रमोद सिंह, इंद्रपाल मिश्र, प्रान्तीय प्रतिनिधि उमेश तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, गौरीशंकर त्रिपाठी को शपथ ग्रहण कराया। पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण को लेकर सभागार में तालियां गूंज उठी दिखीं। लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव विशिष्ट अतिथि रहे। सह संयोजक शैलेन्द्र मिश्र, अखिलेश मिश्र, राहुल मिश्र ने साहित्यकारों एवं पत्रकारों के सम्मान कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री सूर्यकांत निराला, देवी प्रसाद मिश्र, डा. आरएस त्रिपाठी, डा. वकील अहमद, डॉ. राजकुमार पाण्डेय, डॉ. ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, डा. अरूण कुमार द्विवेदी, समाजसेवी विभव शुक्ला, केडी मिश्र, भगवती प्रसाद तिवारी, रामलोचन त्रिपाठी, प्रकाशचंद्र मिश्र, धर्माचार्य विनय शुक्ल आदि रहे।

## योगदान के लिये प्रमोद तिवारी समेत पत्रकारों का हुआ समारोहपूर्वक सम्मान, खुशी



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय ब्लाक सभागार में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की लालगंज इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए वर्ष 2024 का लेखनश्री सम्मान प्रदान किया।

उन्होनें वरिष्ठ पत्रकार मथुरा प्रसाद धुरिया, अजय पाण्डेय, अब्दुल हासिम, पन्ना लाल गुप्ता, अजय ओझा, रूपेन्द्र शुक्ला, चंद्रशेखर तिवारी, मनोज सिंह, गौरीशंकर तिवारी, विनोद सिंह, देवानंद मिश्र, सुरेश मिश्र मदन, सुनील सिंह, दीपेन्द्र तिवारी, बाबा नरेन्द्र ओझा, डॉ. जगत वर्मा, अनूप तिवारी, राजेन्द्र कुमार मिश्र, राजकुमार मिश्र, सुशील सिंह, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, अरविन्द दुबे, संतोष तिवारी, सरवर आलम, प्रेम मिश्र, जितेन्द्र कुमार तिवारी, सौरभ शास्त्री, राजेश कुमार पाण्डेय, धर्मेन्द्र मिश्र, शिवम मिश्र, मो. अमीन, अजय यादव आदि रहे। वहीं आयोजन समिति द्वारा अध्यक्ष विकास मिश्र व महामंत्री साकेत मिश्र तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष मिश्र एवं उपाध्यक्ष लवलेश शुक्ला ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्मृति चिन्ह तथा अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी द्वारा लेखन एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सम्मान को लेकर जुटी हस्तियों में प्रसन्नता देखी गयी।

## भाभी पर आया देवर का दिल, मामला पहुंचा थाने

**पट्टी प्रतापगढ-** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने अपने सगे देवर पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की नामजद शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

बता दे कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका देवर आए दिन उसे तरह-तरह से हैरान परेशान कर रहा है। हद तो तब हो गई जब वह आए दिन अपनी भाभी के कमरे की खिड़की पर जाकर तरह-तरह के अश्लील इशारे करने लगा। देवर की हरकतों से आजिज भाभी ने जब विरोध किया तो उसे और उसके बच्चों को जान से मार डालने की धमकी आरोपी देवर देने लगा। जिससे डरी-सहमी विवाहिता मामले की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची और आरोपी देवर के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस को देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## उत्तराखंड के डांस चैंपियनशिप में बेल्हा के बच्चों ने हासिल किया पदक




**प्रतापगढ़ –** उत्तराखंड के नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय नेशनल डांस स्पॉट चैंपियनशिप में यूपी की टीम अव्वल रही। जिसमें प्रतापगढ़ के किंग अमितेश डांस एकेडमी के बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। एकेडमी से 10 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें परी,नीति, अभिनव,संस्कार, अनन्या,आयुष, अक्षत,लक्ष्य, ओम,जारा शामिल रहे। इसमें सात बच्चों ने स्वर्ण एवं तीन बच्चों ने रजत पदक हासिल किया। डांस स्पोर्ट्स काउंसिल आफ इंडिया एवं उत्तराखंड डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर कर सम्मानित किया गया। नैनीताल में चैंपियनशिप में 14 राज्य के बच्चों ने प्रतिभाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अभिनेता अमितेश श्रीराम, प्रशिक्षक विराज,सम्राट,श्रेय ने बधाई देते उनके हुनर को सराहा।

## वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया भव्य सावन महोत्सव

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** वी. एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसे विद्यालय के नौनिहालों द्वारा बहुत ही विधिवत रूप से मनाया गया और उनके द्वारा भगवान शंकर का रूप तथा माता पार्वती जी का रूप धारण किया गया जिससे उपस्थितजन मंत्र मुग्ध हो गए। जिसमें विद्यालय के नौनिहाल आदिश्री, आद्विक , उर्वशी, तनिष्का, नैंसी, प्रियांशी, अनुप्रिया, शिव्या, धैर्य, नित्या, विशाखा, अर्पिता, अनाया, वेदिका, ईशान्वी, तन्मय, तनिष्क, वैष्णवी, अनवी, अयांश, शिवाय, अनाया, आराध्या, दृष्टि, इशिका, अदिति, प्राची, प्रिशा, अभिराज,



शिवाय, शौर्य, कर्त्तव्य, राज, कार्तिक, नित्या, अयांश, रितिका, गुनगुन, साक्षी, भूमि, आरोही आदि ने माता पार्वती और देवाधि देव महादेव के रुप को धारण किया।जिसमें पी.जी., एल.के.जी. और यू.के.जी. के छोटे छोटे बच्चों ने शिव तांडव तथा समूह नृत्य की अनुपम प्रस्तुति दी। जिससे उपस्थितजन भक्ति के सागर में गोते लगाने को विवश हो गया। कार्यक्रम को भव्य बनाने में शिक्षिकाओं और प्रधानाध्यापिका का सहयोग रहा।विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीरेन्द्र सिंह ने देवाधि देव महादेव की महिमा के बारे में बताया कि भोलेनाथ अपरम्पार हैं, उन्होंने विश्व के कल्याण हेतु विषपान किया, जिसके कारण वो देवों के देव महादेव कहलाए।विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह ने अभिभावकों, छात्र-छात्राओं व शिक्षिकाओं को ऐसे विशिष्ट कार्यक्रम के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि नौनिहालों में नैतिक और सांस्कृतिक संवर्धन हेतु ऐसे पवित्र और पावन कार्यक्रम होने अतिशय आवश्यक हैं क्योंकि ये महोत्सव सौभाग्य के प्रतीक हैं।

## कोहड़ौर में नेत्र शिविर कल 4 अगस्त रविवार को

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ व अमेठी की जनता हेतु स्वीकृत निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कल 4 अगस्त रविवार को नगर पंचायत कोहड़ौर वासियों के सहयोग से कोहड़ौर के सूर्य नारायण आदर्श विद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर लगेगा।जिसमें इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज अमेठी के डाक्टर मरीजों का नेत्र परीक्षण करेंगें और इलाज हेतु उचित सलाह देंगे।शिविर का समय पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 1 बजे तक निर्धारित है।मोतियाबिंद के सभी मरीजों के लिए अलग अलग मोबाइल नंबर व मरीज के आधारकार्ड की फोटो कॉपी होना अनिवार्य है। शिविर व्यवस्थापक एस. एन. गुप्त भोजवाल पत्रकार/ प्रधानाचार्य कोहड़ौर के गुलाब चंद्र मेडिकल स्टोर,विनय केराना स्टोर,रवि आन लाइन सेंटर,श्याम लाल केराना स्टोर,कुमार मेडिकल स्टोर,अंकित टेलीकॉम एंड इलेक्ट्रिकल्स,श्याम बाबू बक्सा आलमारी स्टोर,अशर्फी लाल जायसवाल सीमेंट एजेंसी,कामेश कुमार मिनी बीओबी संचालक,डा0 वकील अहमद,शिव शंकर सोनी,त्रिभुवन नारायन मिश्र,आशुक्लीनिक,अम्बा आयरन स्टोर्स,रवि क्लीनिक,बर्मा आयरन स्टोर्स,बृजेश कुमार सलाहकार भा0जी0बीमा,रमेश मौर्य मिष्ठान भंडार,कृष्णा बुक डिपो, शिव फैंसी गारमेंट्स,विशाल स्वीट्स,पूर्व प्रधान पवन कुमार,शिव प्रसाद-गंगा प्रसाद उमर वैश्य,दिलीप टेंट हाउस आदि शिविर के सहयोगी गण हैं।

# बन कर तैयार हुई भोजपुरी फिल्म एसपी देवी 10 अगस्त को रिलीज होगा ट्रेलर

## ● समाज को सकारात्मक दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगी फिल्म - मुरली लालवानी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने लेखक एवं निर्देशक मुरली लालवानी के द्वारा बनाई गई फिल्म %एसपी देवी% कंप्लीट हो चुकी है,जिसका ट्रेलर 10 अगस्त 2024 को आर्य डिजिटल यूट्यूब पर जारी होगा। फिल्म के निर्माता व निर्देशक मुरली लालवानी से फोनिक हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि इस फिल्म में भोजपुरी के जाने-माने कलाकारों ने अभिनय किया है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ मनोरंजन से भरपूर है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म की अभिनेत्री एक बड़े घर की है जो पुलिस है,जबकि उसकी सासू चाहती है कि वह पुलिस के बजाय अपना व्यवसाय करें। किंतु देवी को पुलिस की नौकरी पसंद थी,जिसमें उसका पति भरपूर सहयोग देता है। एसपी देवी अपराध को जड़ से समाप्त करने की शपथ लेती है और अपने मिशन में लग जाती है। इस दौरान उसकी दुश्मनी बढ़ती जाती है। मुरली लालवानी ने बताया कि यह फिल्म में मनोरंजन के साथ अन्य पहलुओं पर भी ध्यान दिया गया है। इसका ट्रेलर 10 अगस्त 2024 को रिलीज करने के बाद फिल्म शीघ्र ही पूरी रिलीज की जाएगी। इस पूरी फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुई थी। इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के प्रमुख रूप से उमेश सिंह,विमल पाण्डेय,रूपा मिश्रा, अंकिता तिवारी, राजा भोजपुरिया, मेहमान कलाकार ज्योति मिश्रा,डाली गुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने अपने अभिनय का प्रदर्शन किया।यह फिल्म अमृता आर्ट्स के बैनर तलें बनी है। सह निर्माता के रूप में देवेश यादव व मुख्य सहायक निर्देशक प्रकाश सी झा है जबकि संगीत राजा भोजपुरिया ने दिया है। फिल्म के लेखक निर्माता निर्देशक मुरली लालवानी ने बताया कि यह भोजपुरी फिल्म समाज को सकारात्मक दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगी।

## वांक्षित फरार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़** मुकदमे में वांक्षित फरार वारंटी अभियुक्त लगा पुलिस के हाथ भेजा गया।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.08.2024 को थाना कोतवाली देहात के थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह का0 कृष्णकान्त, का0 रित्नेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, अ0स0-36/07 धारा 2/ 3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त दिनेश सिंह पुत्र शिवमूर्ति सिंह निवासी ग्राम ईशीपुर ढेकाही थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अम्बिकन देवी धाम में हुआ देवी महोत्सव, भव्य महाश्रृंगार आरती में जुटे श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के आमीशंकर गांव में अम्बिकन देवी धाम में पूजन उत्सव व देवी श्रृंगार में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। यहां सामूहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ कर लोक कल्याण की कामना की गयी। संयोजक आचार्य करूणाशंकर तिवारी के संयोजन में देवी मां की भव्य महा श्रृंगार आरती में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। वहीं धाम में गांव के अलावा आसपास के पहुंचे श्रद्धालु मां अम्बिकन देवी के भव्य श्रृंगार को निहारते दिखे। भजन गायक राजेश शुक्ला की टीम ने सुन्दरकाण्ड का मनमोहक पाठ किया। वहीं सांस्कृतिक दल द्वारा देवी के भजनो को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। आयोजन में लालगंज ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व उप प्रमुख सूर्यभान सिंह, रामदेव सिंह, सुभाष सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अतुल शुक्ला, पप्पू तिवारी, शिवशंकर तिवारी सोहगौरा, सुशील सिंह बघेल आदि रहे।

## सीओ चकबंदी कार्यालय तहसील मुख्यालय पर संचालित होने को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ चकबंदी कार्यालय को तहसील मुख्यालय में संचालित करने समेत मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम को समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह की अगुवाई में डीएम को संबोधित ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि चकबंदी कार्यालय सांगीपुर में किराये के मकान में संचालित किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील मे भवन होने के बावजूद इस कार्यालय के वहां संचालित होने से वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं ज्ञापन में ढ़िगवस परगना के अन्तर्गत नहर में पानी न आने के कारण ढ़िगवस, रेवतीराम, माइनर में भी पानी नहीं आ रहा है। इससे किसानों को फसल सिंचाई करने में असुविधा हो रही है। ज्ञापन देने वालों में उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, शेष तिवारी आदि रहे।

## मनाया गया संस्थापक दिवस

**लीलापुर प्रतापगढ़।** कालेज में मनाया गया संस्थापक का जन्म दिवस प्रधानाचार्य ने काटा केक। स्थानीय बाजार स्थित सुख पति राम इण्टर कालेज में पूर्व मंत्री शिक्षा के जनक कहे जाने वाले शिक्षा विद विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संस्थापक पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय का जन्म दिवस कालेज में मनाया गया कालेज के छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने संस्थापक शिक्षाविद पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय के जन्मदिन पर केक काटकर खुशी का इजहार किया कालेज के प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला इस मौके पर शिक्षिका वर्तिका पाण्डेय, रमेश चंद्र त्रिपाठी, शारदा प्रसाद चतुर्वेदी, मनोज कुमार पाण्डेय, रज्जन लाल, सुजीत कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार शर्मा, आलोक कुमार त्रिपाठी भानू प्रताप सिंह सहित छात्र छात्राएं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

### विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत का फैसला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपर जनपद न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पारुल वर्मा ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी झल्लर थाना बाघराय को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास व 20 हजार रुपए अर्थदण्ड से दंडित किया । अर्थ दंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सा एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाएगा।

उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की।वादी मुकदमा के अनुसार उसकी नातिन उम्र 11 वर्ष 27 मई 2018 को गांव के बाहर बकरी चराने गई थी वहां पर गांव के ही झल्लर का एकांत में मकान है झल्लर पीड़िता को अकेले देख उसे बहला फुसला कर अपने घर ले गया और अंदर से दरवाजा बंद करके पीड़िता के साथ बलात्कार किया। घर में घंन्टो बंद रखने के बाद, जब दो बजे दिन में झल्लर ने पीड़िता को छोड़ा और धमकी दिया कि अगर इस घटना के बारे में किसी से बताया तो जान से मार डालूंगा।

न्यायालय में पीड़िता ने उपस्थित होकर बताया कि घटना के दिन उसकी बकरी झल्लर के खेत में पड़ी थी वह बकरी लाने गई तो झल्लर ने उसका हाथ पकड़ कर अपने घर में ले गया और घर का दरवाजा बंद कर लिया तथा उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया।अभियोजन द्वारा नौ गवाहों के माध्यम से 11 प्रदर्शो को साबित कराया गया। अभियुक्त घटना के बाद से ही जेल में निरुद्ध है।

## हत्या के प्रयास का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**कुंडा प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन पर तेज तर्रार सब इंस्पेक्टर गिरीशधर दूबे मय हमराह का0 अमित बघेल द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा में पंजीकृत मु0अ0सं0 222/24 धारा 352, 108 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त रंजीत उर्फ कल्लू पुत्र सन्तराम निवासी मोती का पुरवा मोड़ बानेमऊ थाना कुण्डा से गिरफ्तार किया गया। उसे गिरफ़्तार करने में सब इंस्पेक्टर गिरीश दुबे के नेतृत्व में कुंडा पुलिस को सफलता मिली है।

## प्राचार्य के हाथों टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के खिले चेहरे




**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।**कमयनपुर घुईसरनाथ स्थित डा बी डी मिश्रा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्रों को शुक्रवार को टैबलेट वितरण किया गया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत छात्रों में टैबलेट का वितरण हुआ। आईटीआई के प्राचार्य संदीप कुमार मिश्र ने टैबलेट का वितरण किया। टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे दिखे। प्राचार्य संदीप कुमार मिश्र ने कहा कि छात्र छात्राओं को टैबलेट का उपयोग अपने शैक्षणिक कार्य को और बेहतर बनाने में करना होगा। जिससे कि टैबलेट उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सके। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डा बी डी मिश्रा, वरुणेश मिश्र, बरसाती वर्मा, संजय शुक्ल, गुंजन वर्मा, पंकज सरोज, विपिन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# राजा भैया ने जनता दरबार में दूसरे दिन भी जन समस्याओं को सुन किया निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** राज भवन बेंती में जनता दरबार में प्रदेश के प्रत्येक जनपदों से हजारों कि संख्या में जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे लोगों का दूसरे दिन भी जन सत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जन समस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया। वहीं कुछ मामलों में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, पूर्व प्रमुख विहार अनुभव यादव, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख कुंडा संतोष सिंह, प्रमुख विहार राम चंद्र सरोज,

प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, वरिष्ठ समाजसेवी विक्कू सिंह बाघराय, अनिल तिवारी गुरूजी सकरदहा, प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष जनसत्तादल विहार, व्यापार मंडल अध्यक्ष नगर पंचायत हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव,भालू यादव प्रधान, विनीत पांडेय राम नगर, राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी प्रधान ढिंगवश, लल्ला तिवारी पहिलेपार, बब्बन सिंह कुंडा, आजाद सिंह परसीपुर, विवेक प्रताप सिंह कुंडा, सुमित तिवारी फूलमती, नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 192 फरियादी, पांच का मौके पर निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडाप्रतापगढ़।** अगस्त माह का प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में सीआर ओ राकेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां पर 192 फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करने पहुंचे। जन समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों ने पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया। शेष 187 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को स्थलीय निरीक्षण कर गुण दोष के आधार पर जांच कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अजीत कुमार सिंह, प्रभारी तहसीलदार अजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार शैल कुमारी समेत सर्कल के सभी थानों के प्रभारी व उपनिरीक्षक गण मौजूद रहे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दस घायल, तीन गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत 10 लोग घायल हो गए। सभी भाइयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से तीन घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया है।

कुंडा कोतवाली क्षेत्र के महंगू लाल का पुरवा निवासी शिव कुमार पटेल 34 वर्ष पुत्र हरिलाल पटेल बाइक से जाते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर दूर नदी के समीप अचानक सामने आए बंदर से टकराकर घायल हो गया। इलाज के लिए उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ढोढ़वा स्वरूपपुर निवासी प्रवीण श्रीवास्तव 45 वर्ष पुत्र विश्वामित्र श्रीवास्तव अपने वयोवृद्ध पिता विश्व मित्र 80 वर्ष को बाइक से बैठा कर ले जाते समय रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पिता समेत प्रवीण कुमार को गंभीर चोटे आई हैं। इलाज के लिए पिता पुत्र को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रवीण श्रीवास्तव को गंभीर हालत में स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। रायबरेली जनपद के सलोन कोतवाली क्षेत्र के कोदलू निवासी रोशन लाल 23 वर्ष पुत्र सचिन कुमार कुंडा आया हुआ था। बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। महेशगंज थाना क्षेत्र गुजवर निवासी अशोक कुमार मौर्य 30 वर्ष पुत्र रामसेवक मौर्य बाइक से घर वापस लौटते समय अनियंत्रित वाहन की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने इलाज के लिए सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया। बाबूगंज बाजार निवासी सुनील सोनकर 45 वर्ष पुत्र पन्नालाल सोनकर बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर किया गया है। कुंडा कोतवाली व नगर क्षेत्र के तिलौरी हसनपुर निवासी पवन कुमार सरोज 24 वर्ष पुत्र भाई लाल सरोज तथा सत्येंद्र कुमार सरोज 22 वर्ष पुत्र फूलचंद्र सरोज दोनों लोग नशे की हालत में बाइक से जाते समय अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर डिहवा निवासी मनोज सरोज 30 वर्ष पुत्र पप्पू सरोज तथा पुराना कुंडा निवासी बबलू साहू 35 वर्ष पुत्र राम सुमेर साहू अलग-अलग बाइक से जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## इंटर कॉलेज ढिगवस में मना पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय जी का जन्म दिवस



**डेरवा प्रतापगढ़-** क्षेत्र के जगदीश नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज ढिंगवास में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सम्मानित सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व सांसद पूर्व एमएलसी प्रतापगढ़ के प्रथम अध्यक्ष जिला पंचायत एवं कई विद्यालयों के संस्थापक शिक्षा के महामना मालवीय पंडित मुनेश्वर दत्त उपाध्याय जी का जन्म दिवस समारोह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला ने कहा कि पंडित जी ने प्रतापगढ़ जनपदों में दो दर्जन से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना करके जो शिक्षा की अलख जगाई है वह सदैव अविस्मरणी रहेगी।

पंडित जी आजादी के अजेय योद्धा थे। पंडित जी को कभी बुलाया नहीं जा सकता।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र के सम्मानित एवं प्रतिष्ठित गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## परास्नातक के बच्चो को टेबलेट वितरित किया गया



**सगरासुंदरपुर ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वितरित किए जा रहे टैबलेट को पाकर खुश हुए छात्र एवं छात्राएं ।जयराजि कुंवरि बाबा पारस पाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय लीलापुर साहबगंज में छात्र एवं छात्राओं को शनिवार को टैबलेट का वितरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि उमा सिंह ,प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह,व्यवस्थापक गणेश प्रताप सिंह काशी लीलापुर प्रधान पति दुर्गेश प्रताप सिंह, प्राचार्य डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह , डा.सलाहुद्दीन, अरविंद त्रिपाठी, अंकित सिंह ,तासीर अहमद ,संतोष सिंह, साकेत शुक्ला, मनीष खसेरा, सरिता मैम,शालिनी, रिया सिंह आदि मौजूद रही । कार्यक्रम का संचालन अमित श्रीवास्तव ने किया ।

# मानक दरकिनार, कोचिंगो की भरमार, बच्चे असुरक्षित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** देश की राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों एक कोचिंग के बेसमेंट में पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जांच में पता चला था कि यह कोचिंग भूमिगत और संकरी गलियों में संचालित हो रही थी। कुछ ऐसा ही हाल कुंडा में भी है। जहां बिना मानक पूरा किए एक नहीं सैकड़ों की संख्या में नगर से लेकर ग्रामीण स्तर तक कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सेंटरों पर शायद ही कभी माध्यमिक शिक्षा विभाग की नजर पड़ती हो। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हालत तो ऐसी है कि घर के एक कमरें में कोचिंग का नाम देकर क्षमता से अधिक बच्चों को शिक्षित करने का धंधा चलाया जा रहा है। कुंडा कस्बे में भूमिगत और संकरी गलियों में मानक विहीन कोचिंग संचालित हो रही हैं। इनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में सफलता का वायदा कर अभिभावकों की जेब खाली की जा रही है। सेंटरों में शासन के मानकों का भी पालन नहीं किया जा रहा। आलम यह है कि यह कोचिंग सेंटर एक-एक कमरों में चल रहा है। जिसमें शिफ्टवार बच्चों को बुलाकर शिक्षा दी जा रही है। बच्चों की सुरक्षा के नाम पर इन कोचिंग सेंटरों में कोई भी सुविधा नहीं है। न सही पार्किंग है न बैठने का स्थान और न ही अग्निशमन यंत्र आदि ही लगे हुए हैं। बिजली, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक उपचार के नाम पर सेंटर पर मलहम पट्टी तक नहीं हैं। ऐसे में किसी प्रकार की अनहोनी एक बड़ा रुप ले सकती है। दिल्ली शहर में हुई घटना इसका साक्षात प्रमाण है। जिनमें तीन छात्राओं की जान चली गई।

## क्षेत्रवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**लालगंज ।** रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक के बेलहा मन्ना का पुरवा निवासी शिक्षक नेता विद्याभूषण शुक्ल के निधन के उपरांत एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके पुत्र वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश शुक्ल के संयोजन में संपन्न हुई जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानगण, बीडीसीगण, समाजसेवी, पत्रकारगण अधिवक्तागण, रिलेटिव्स समाज के लोगों की मौजूदगी रही श्रद्धांजलि समारोह में सभी लोगों ने पंडित विद्याभूषण शुक्ला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें नमन करते ही उनके द्वारा शिक्षा जगत में किए गए कार्यों पर लोगों ने अपने-अपने विचार के व्यक्त किए आए हुए लोगों का स्वागत उनके पुत्र बब्बू शुक्ल, आर्मी मैन देवेश शुक्ल ने किया ।श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ प्रवक्ता कमला प्रसाद त्रिपाठी, क्रान्ति त्रिपाठी ,अरविंद पांडेय,धीरेंद्र पांडेय, राजू शुक्ल, अरविंद त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो शातिरों को किया गिरफतार

**प्रतापगढ़** थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत आरोपीगण द्वारा प्रधानमंत्री जनधन बैंक खाता खुलवाने व खाते में पैसे आने की बात कहकर धोखे से गलत मोबाइल नम्बर व कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग कर वादी का बैंक खाता खुलवाकर उसके बैंक खाते में अनुचित लेन देन करना व धमकी देने के संबंध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 128/24 धारा 120बी, 420, 467, 468, 471, 506 भादवि बनाम 02 व्यक्ति नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत कुमार सिह के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी उ0नि0 धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान आज शनिवार को थाना नवाबगंज के उ0नि0 दिलीप कुमार पाल ने मय हमराह द्वारा

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें अधिकारी -डीएम

## ● जनपद की तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम आयोजित



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जनपद के चारों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत प्राप्त 260 प्रार्थना पत्रों में से 29 का स्थल पर ही निस्तारण हुआ।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने स्वयं मड़िहान पर रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सहित जिलास्तरीय आधिकारी भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) शिव प्रताप शुक्ल, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू.रा. सत्य प्रकाश सिंह व तहसील लालगंज में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

जिलाधिकारी द्वारा मड़िहान तहसील में कुल 41 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 3 को निस्तारित कर शेष के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि राजस्व/भूमि विवाद से सम्बन्धित अधिकांश प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। अतएव राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन के पश्चात ही संतुष्टिपरक निस्तारण करें। इसी प्रकार तहसील चुनार में 72 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 3 का निस्तारण, तहसील सदर में 94 में 12 का निस्तारण एवं तहसील लालगंज में 53 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण करते हुये शेष प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुये निर्देशित किया गया कि निर्धारित समयावधि में निस्तारण कर निस्तारण आख्या सम्बन्धित तहसील को प्रेषित कर दें। तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. मुख्य चिकित्साधिकारी सी.एल. वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा के अलावा अधिशासी अभियन्ता विद्युत, सिंचाई, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम व एएसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुन दिए निस्तारण के निर्देश

**चित्रकूट-** अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, तहसीलदार मानिकपुर पंजक तिवारी, नाबय तहसीलदार पारुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती की समस्या का समाधान न होने पर कांग्रेस पार्टी करेगी आन्दोलन



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में बिजली संकट को लेकर कौंग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में जिला कौंग्रेस समिति के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्वी को सौंपा गया। साथ ही जिले के बिजली विभाग के एसी सुरेश यादव से मिलकर एक पत्र उनको भी सौप कर जिले की विद्युत समस्या से अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि बिजली की समस्या से शहर व ग्रामीण के लोग परेशान हैं। बिजली कटौती का कोई समय नहीं है। उन्होंने कहा कि कौंग्रेस पार्टी मांग करती है कि बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या का समाधान तत्काल किया जाए। अन्यथा कौंग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। कौंग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि सरकार बिजली को लेकर बडे-बडे वादों का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन आम जनता परेशान है। किसान धान की खेती के लिए पानी के लिए परेशान है, लो वोल्टेज होने के कारण ग्रामीण को ट्यूबवेल चलाने में दिक्कत का सामना करना पड रहा है। पूरे जिले में बिजली का कोई समय नहीं है, जब चाहे कटौती कर दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट की समस्या है। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली के समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कौंग्रेस पार्टी बिजली विभाग का घेराव करेगी। किसान कौंग्रेस के नेता तीरथ सिंह ने कहा कि सरकार से किसान सबसे ज्यादा परेशान है। कभी बिजली के लिए, कभी खाद के लिए, इस समय बिजली की समस्या से परेशान है। बिजली की समस्या का निदान कराया जाए, जिससे किसानों को लाभ मिल सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, राकेश वर्मा, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, जिला सचिव भगवानदीन समदरिया, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, महेंद्र सिंह, जग जाहिर पटेल, दिवाकर त्रिपाठी, सविता पाल, अजीत मिश्रा, मोहित पाल, कामता प्रसाद द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, कंचन सिंह, रामेश्वर गौतम, हरिओम पांडेय, रामस्वरूप पटेल आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश मौर्य, पीआरओ प्रवीण सिह आदि मौजूद रहे।

## प्रवेश द्वार का लोकार्पण संपन्न

**मीरजापुर।** व्यक्ति मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है जब उसके नाम से कोई स्मरणीय निर्माण कराया जाए। उक्त उद्गार ब्लॉक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह ने बैरमपुर गाँव के सड़क मार्ग पर प्रवेश द्वार के लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि बेटी की अल्पायु में मृत्य हो जाने पर अपनी स्वर्गीया बेटी पूजा की स्मृति में पिता अमलेश कुमार सिंह एवं माता चंद्रावती देवी ने बेटी की स्मृति में प्रवेश द्वार बनवाया गया जो प्रशंसनीय है ही ब्लाक प्रमुख ने इस द्वार का नामकरण भी नाम पूजा द्वार बैरमपुर किया। इस मौके पर बहन किरन सिंह (रेनू), रुद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह, अमलेश कुमार सिंह, हंस नारायण सिंह, ग्राम प्रधान मनीष सिंह सहित बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीला है जीवन जीने की कला - प्रपन्नाचार्य



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण बाल उत्सव, गोवर्द्धन पूजा की कथा सुनाई। भजन संगीत सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध रहे।

शनिवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीला केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला है। भगवान की हर लीला में अध्यात्म छिपा है। मिट्टी खाकर भगवान ने मिट्टी तत्व को शुद्ध किया। अग्निपान करके अग्नि तत्व को शुद्ध किया। काली नाग को नाथ कर जल तत्व को शुद्ध किया। जल ही जीवन है यह सूत्र भगवान ने दिया। प्रकृति की सुरक्षा गोवर्धन पूजा की कहानी से सीखा जा सकता है। पर्यावरण सुरक्षित है तो संसार सुरक्षित है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान ने अपनी बाल लीला में गो संवर्धन का काम किया। उन्होंने कहा कि बालक के 16 संस्कार किए जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को मधुरास्तक बेहद प्रिय है। भगवान के पर्दा खोलने और बंद करने के पहले मधुरास्तक कहना चाहिए। बच्चे के जन्म के छठवें दिन भाग्य लिखा जाता है। ऐसे में माता-पिता को इस दिन प्रार्थना करना चाहिए कि बालक का भविष्य अच्छा हो। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पूर्व योग माया ने कंस के छाती में लात मारकर कह गई कि तुम्हे मारने वाला पैदा हो गया है तो कंस ने पूतना को भेजकर कहा कि जो इस समय बच्चे पैदा हुए सबको मारकर आओ। इस पर भगवान श्रीकृष्ण ने सभी बच्चों की जान बचाते हुए सबसे पहले अपने पास बुला लिया। पूतना राक्षसी ने गोपी का वेश धारण कर अंदर चली गई और यशोदा से प्रभु श्रीकृष्ण को खिलाने के लिए ले लिया। पूतना अपने स्तन पर विष लगाकर श्रीकृष्ण को पिलाना चाहा, लेकिन श्रीकृष्ण ने उसके प्राणों का पान किया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, पवन करवरिया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय करवरिया, वेदरतन करवरिया, राजेश भारद्वाज, अमरनाथ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## आज एआरटीओ कार्यालय में शिविर लगाकर होगी वाहनों की फिटनेस जांच

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-** स्कूली एवं यात्री वाहनों की फिटनेस जांच के लिए बीती 1 अगस्त से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को एआरटीओ कार्यालय में शिविर लगाकर वाहनों की फिटनेस की जाएगी। आरटीओ उदयवीर सिंह ने स्कूल संचालक और वाहन स्वामियों से शिविर में फिटनेस जांच करवाने की अपील की है।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बांदा उदयवीर सिंह ने बताया कि फिटनेस समाप्त होने से वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना अधिक रहती है। बिना फिटनेस के वाहन का संचालन अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे वाहनों का संचालन रोकने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह के आदेश पर परिवहन विभाग 1 अगस्त से अभियान चला रहा है। इसके तहत वाहनों पर कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन लोगों की सुविधा को भी विभाग ध्यान में रखे हुए हैं। इसी के तहत रविवार को रोज की भांति कार्यालय खुला रहेगा और एक विशेष शिविर का आयोजन स्कूल वाहन और यात्री वाहनों की फिटनेस के लिए किया जाएगा। एआरटीओ कार्यालय पर आयोजित शिविर में वाहनों की जांच कर उनकी फिटनेस की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से वाहन स्वामी परिवहन कार्यालय में आने या जांच के लिए इंतजार करने से बचेंगे। उन्होंने वाहन स्वामियों से शिविर में अनिवार्य रूप से वाहनों की फिटनेस कराने की अपील की है।

# 1-15 वर्ष बच्चों के लिए 22 अगस्त से चलेगा जेई टीकाकरण अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद 1-15 वर्ष तक के बच्चो को जेई टीकाकरण से आच्छादित किये जाने के लिए आगामी 22 अगस्त से 20 सितम्बर तक अभियान संचालित होगा। टीकाकरण अभियान एएनएम, आशा व आँगनगाडी कार्यकर्ती द्वारा प्राथमिक, जूनियर विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, नर्सरी, प्रीनर्सरी, मोंटेसरी, आगनबाडी केन्द्रों, मदरसा एवं बोर्डिंग स्कूल आदि में जेई टीकाकरण कराया जायेगा। इसके लिए जनपद में 333200 के लगभग 1-15 वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। जनपद में जेई टीकाकरण अभियान के सफल संचालन एव क्रियान्वयन के लिए जनपदीय टॉस्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तरीय संवेदीकरण, अर्न्तविभागीय कार्यशाला का आयोजन 6 अगस्त को आयोजित होनी है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ विकास विभाग, आईसीडीएस, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ डब्लूएचओ, यूनीसेफ एंव यूएनडीपी के प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिससे टीकाकरण अभियान से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जेई टीकाकरण अभियान को सफल बनाये जाने के लिए सफल रणनीति तैयार की जा सके एंव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जा सके। जेई टीकाकरण अभियान आगामी 22 अगस्त से प्रारम्भ होगा। जिसमें पहले दो सप्ताह यह अभियान सरकारी, प्राइवेट स्कूलों, कॉलिजों, मदरसों तथा बाद के 2 सप्ताह ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्र में टीकाकरण सत्र लगाकर संचालित किया जायेगा, जो सप्ताह में बुधवार एंव शनिवार तथा अवकाश के दिवसों को छोडकर टीकाकरण सत्रों में 1 से 15 वर्ष तक के बच्चों (हाईस्कूल तक के छात्र) का टीकाकरण किया जायेगा। अभियान के लिए जिलाधिकारी द्वारा पूरे जनपद से अपील की गयी है कि समस्त जनपदवासी, अभिभावक अपने बच्चों का टीकाकरण कराये ताकि बच्चों में हो रही दिमागी बुखार की बीमारी को समाप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जनपदीय टॉस्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक में अधीक्षको, प्रभारी चिक्तिसा अधिकारियों से अपने क्षेत्र में संचालित विकासखण्ड वार प्राथमिक, जूनियर विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, नर्सरी, प्रीनर्सरी, माँटेसरी, आगनबाडी केन्द्रों, मदरसा एवं बोर्डिंग स्कूल आदि के पंजीकृत बच्चों की सूची बीएसए, डीआईओएस, डीपीओ आईसीडीएस से समन्वय स्थापित कर प्राप्त करके समयबद्ध टीकाकरण कार्ययोजना तैयार कर कार्यायल में प्राप्त कराये जाने के निर्देश दिये गये है। अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायतीराज, आईसीडीएस, माध्यमिक, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, ग्राम विकास के जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ डब्लूएचओ, यूनीसेफ एंव यूएनडीपी के प्रतिनिधियों द्वारा सहयोग किया जायेगा।

## जिलाधिकारी ने तहसील सिराथू के समस्त कानूनगों के साथ बैठक कर राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों, विवादों के निस्तारण के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा तहसील सिराथू सभागार में तहसील के समस्त कानूनगों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कानूनगों को राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों, विवादों के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आज तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों में अधिकतर शिकायत भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित है। उन्होंने समस्त कानूनगों को अपने-अपने क्षेत्र में भूमि पर अवैध कब्जा व राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सूची बनाकर रणनीति बनाते हुए टीम बनाकर शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने धारा-67, धारा-24 तथा धारा-116 एवं विरासत से संबंधित प्रकरण पर समय से आख्या उपलब्ध करानेध्अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी कानूनगो को धारा-24 की लंबित पत्रावलियों को निस्तारित करते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि चकरोड पर अवैध अतिक्रमणध्चकरोड की पैमाइस से संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर राजस्व की टीम संबंधित खंड विकास अधिकारी से समन्वय कर शिकायत को निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में उप जिलाधिकारी सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## चार वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारंटी दिनई निवासी जलालपुर थाना कोखराज जनपद कौशाम्बीको गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी श्याम लाल निवासी बमरौली थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुनील यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी इसराइल निवासी हिसामपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

# दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति को 20 साल की कैद

### ● दहेज लोभी सास-ससुर को भी 12-12 साल की कैद

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट-**दहेज मृत्यु के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका के सास-ससुर को भी 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि कौशाम्बी जिले के पश्चिम शरीरा थाने के बरोली गांव के निवासी गुलाब पुत्र पियारे ने पहाडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में वादी ने बताया था कि उसने अपनी पौत्री पूनम पुत्री रामू की शादी बीती 30 जनवरी 2019 को पहाड़ी थाने के रमयापुर गांव के निवासी अजय कनौजिया के साथ हिन्दू रीति रिवाज से अपने सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर की थी। शादी के बाद से ही पूनम के ससुरालीजन चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे। इस दौरान पूनम को एक बच्चा भी हुआ। इसके बाद भी दहेज की मांग पूरी न होने के कारण पूनम को बीती 20-21 अक्टूबर 2021 को रमयापुर में पूनम को फांसी का फंदा लगाकर मार दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मायके से सभी लोग रमयापुर पहुंचे। जहां पूनम का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और उसके गले में रस्सी का निशान बना था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने शनिवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका पूनम के पति अजय कनौजिया को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ 10 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार मृतका के ससुर नन्हा व सास रनुईया को 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की विशिष्ट अतिथि होंगी आकांक्षी विकासखण्ड रामनगर की शांति देवी



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर, चित्रकूट-**15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड रामनगर से शांति देवी पत्नी विजय संकर को आमंत्रित किया गया है। जिले का रामनगर ब्लॉक नीति आयोग के आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में शामिल है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह में नीति आयोग द्वारा प्रत्येक आकांक्षी ब्लॉक से किसी भी सरकारी योजना से लाभान्वित 1-1 दंपति (पति-पत्नी) को आमंत्रित किया गया है। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर बीडीओ रामनगर द्वारा शांति देवी पत्नी विजय शंकर को विशिष्ट अतिथि के रूप में चुना गया है। शांति देवी वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह सखी के पद पर कार्य कर रही हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह में समूह की देखभाल करने के लिए ब्लॉक स्तर से इनकी नियुक्ति की गई है। शांति देवी का कार्य अपने ब्लॉक स्तर से आने वाली नई योजनाओं की जानकारियां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बताना हैं। इनके पति विजय शंकर खेती किसानी करते हैं। दोनों एक दूसरे के काम में भी सहयोग करते हैं। खंड विकास अधिकारी रामनगर ओम प्रकाश यादव ने बताया कि नजदीकी रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट के माध्यम से सभी को 12 अगस्त को नई दिल्ली पँहुचना है। 13 अगस्त को नीति आयोग द्वारा सभी को दिल्ली दर्शन कराया जायेगा। 14 अगस्त को केन्द्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात होगी और 15 अगस्त को लाल किले में स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर सभी की 16 अगस्त को वापसी होगी।

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने वाले दो आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत रमेश यादव निवासी महेवाघाट थाना महेवाघाट को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1500रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

थाना पिपरी पर पंजीकृत कयूम खान निवासी टिकरी अनागंज थाना तारुन जनपद फैजाबाद को न्यायालय जेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को 2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## फिटनेस जांच हेतु रविवार को होगा शिविर कैम्प का आयोजन- एआरटीओ

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि रविवार सामान्य कार्य दिवसों की भांति कार्यालय खुला रहेगा तथा कार्यालय में स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच हेतु शिविर कैम्प का आयोजन किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत स्कूली वाहनों को फिटनेस कराने हेतु प्रेरित किया जायेगा। फिटनेस हेतु आने वाले स्कूली वाहनों की जांच हेतु स्लॉट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित किया जाता है, कि 04 अगस्त, 2024 (रविवार) को ससमय कार्यलय में उपस्थित रहेंगे तथा फिटनेस हेतु आने वाले स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच कराना सुनिश्चित करेंगे तथा वाहनों की फिटनेस कराने हेतु प्रेरित करेंगे।


**कार्यालय नगर पंचायत चरवा, जनपद कौशाम्बी**

पत्रांक : 171/न0पं0चरवा/2024–25 दिनांक 03.08.2024

**सार्वजनिक सूचना**

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार–7 उ0प्र0 के पत्रांक सं0–4/805/स्व0शै0/2022–23 लखनऊ दिनांक 10.07.2024 के द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या–324 ऑफ 2020 डॉ0 बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में नगर पंचायत चरवा के अन्तर्गत हाथ से मैला उठाने वाले व्यक्तियों (मैनुअल स्कैवेन्जरों) एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण समस्त 15 वार्डो में कराया गया। जिसमें कोई भी मैनुअल स्कैवेन्जर एवं अस्वच्छ शौचालय नहीं पाये गये हैं।

अतः उपरोक्त के क्रम में मैनुअल स्कैवेन्जर एक्ट 2013 के अधीन इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.08.2024 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत चरवा में उपस्थित होकर या श्री अरविन्द कुमार, लिपिक मो0 नं0 9651973189 से सम्पर्क कर कोई भी व्यक्ति उपरोक्त जानकारी दे सकता है। विस्तृत जानकारी नगर पंचायत चरवा से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरी भारतीय जीवन बीमा की पालिसी संख्या 311061273 मे त्रुटिवश नाम कपूर सिंह त्यागी पुत्र अमृतलाल कानूनीगो अंकित है जो की गलत है । जबकि मेरे आधारकार्ड , पासबुक व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम शिव प्रकाश पुत्र अमृतलाल दर्ज है जो सही है।

अतः मुझे शिव प्रकाश पुत्र अमृतलाल ग्राम -बेरूई पोस्ट -रक्सवारा तहसील -मंझनपुर जनपद- कौशांबी के नाम से जाना पहचाना जाए।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादक: कृष्णानन्द त्रिपाठी

# बिजली की समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए धरना प्रदर्शन कर एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल जी को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि बिजली की कटौती से आम जन चिन्तित है, यह समस्या लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, विद्युत कटौती से आम जन मानस, किसान, कामगार, विद्यार्थी सभी परेशान है, इससे उद्योग धन्धों पर विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण माल उत्पादन में कमी हो रही है, जिससे वस्तुओं के दाम बढ़ रहे है, नहरों में पानी टेल तक नहीं पहुंच रहा है, किसान अपनी धान एवं अन्य फसलों की ट्यूबवेल से सिचाई भी नहीं कर पा रहा है, जिससे उसकी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तुत ज्ञापन के माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहते है कि अविलम्ब अघोषित विद्युत कटौती से सुधार नहीं किया जाता है तो सरकार के खिलाफ जन आन्दोलन करने हेतु कांग्रेसजन बाध्य होंगे।

कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल जी से आग्रह किया है कि अघोषित विद्युत कटौती रोकने व बिजली सम्बन्धी अन्य तमाम समस्याओं को दूर करने हेतु तत्काल सरकार को निर्देषित करें, ताकि किसान, कामगार, छात्र व आम जन मानस की आवश्यक सेवा का निराकरण हो सकें।

ज्ञापन देने वालों में सुरेन्द्र विक्रम सिंह, शत्रोहन लाल सोनकर, वी.के.शुक्ला, साहबषरण पासवान, मो.इलियास, षिवकरन तिवारी, षिवानंद मौर्या, अशोक सिंह, विजयषंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, अनिल मिश्रा, महेष प्रसाद शर्मा, नौषाद खतीब, अजीत सिंह, संतोष त्रिवेदी, अनवार खान, मो.जफरूल, कृपाषंकर शुक्ला, सतीष पासी, संजय श्रीवास्तव, घनष्याम शुक्ला, मनोज तिवारी, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेष यादव, कृपाषंकर शर्मा, अनुरूद्ध दीक्षित, अभय सिंह, विजय दीक्षित, जितेन्द्र पासी, अनुज सिंह, अखिलेष शुक्ला, आकर्षण द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, दल बहादुर सिंह, ज्योति प्रसाद पासी, ओम प्रकाष त्रिपाठी, शम्भूषरण पाल, प्रमोद बाजपेयी, प्रियंका देवी, अरूण कुमार यादव, गिरीष बहादुर सिंह, कामता प्रसाद गौड़, कामता नाथ सिंह, मो.अषरफ खान, मोहित मौर्या, रमाकांत सिंह, ओम प्रकाष पाल, विजय पटेल, अम्बरीष बाजपेयी, आषीष द्विवेदी, सूर्य कुमार बाजपेयी, सर्वोत्तम कुमार मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, हरमिन्दर सिंह सलूजा, मो.उस्मान, मो.सरताज, मनोज मिश्रा, विजय लोधी, अभय त्रिवेदी, सतेन्द्र श्रीवास्तव, सै.अरषद अली, सोनू खान, अखिलेष मिश्रा, अंकुर सिंह चौधरी, महेष्वर सिंह चौधरी, महेष्वर सिंह, मो.शकील मुन्ना घोसी, मो.गौस, नितिन सिंह, अंषुमान गांधी, राषिद अंसारी, मो.सलीम, मुकेष श्रीवास्तव, यज्ञदेव शर्मा, विनय बाजपेयी, अरविन्द शुक्ला, बाबू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## परिषदीय विद्यालयों के संचालन के लिए विभाग द्वारा बनाए गए कंप्यूटरीकृत एप नहीं कर रहे काम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों के संचालन के लिए विभाग द्वारा बनाए गए कंप्यूटरीकृत एप काम नहीं कर रहे हैं नतीजन अध्यापक दिन भर विद्यालयों के बच्चों का डाटा भरने के लिए परेशान रहते हैं वही इन कंप्यूटरिकृत को अपडेट और निगरानी के लिए बनाया गया विद्या समीक्षा केंद्र सफेद हाथी साबित हो रहा है। दर्जनों बार शिकायत के बाद भी विद्या समीक्षा केंद्र शिक्षकों की एप में होने वाली समस्याओं का निस्तारण करने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहा है। उल्लेखनीय है कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का डाटा ऑनलाइन किया जाता है जिससे जिससे सरकार द्वारा बच्चों को डीबीटी के माध्यम सेघ्1200 उनके ड्रेस आदि के लिए दिया जाता है। ऑनलाइन करने के लिए विभाग में विभिन्न प्रकार के एप डेवलप किए हैं परंतु यह ऐप ऐन वक्त पर धोखा दे रहे हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या प्रेरणा डीबीटी एप में आ रही है। डीबीटी एप में बच्चों का पिछला डाटा पूरी तरह से गायब हो चुका है। डाटा गायब होने से अब पता ही नहीं चल रहा है कि किन-किन बच्चों का डीबीटी के माध्यम से धनराशि आ चुकी है या नहीं आई है या उनका कौन सा डाटा अपडेट नहीं है। वहीं पर इन समस्याओं के निस्तारण के लिए विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर विद्या समीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां पर इस तरह की समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। परंतु विद्या समीक्षा केंद्र की स्थिति यह है कि 10:15 बजे तक विद्या समीक्षा केंद्र का फोन ही नहीं काम करता है। वही जब कभी फोन करते रहो करते रहो के बाद उठता है तो सारा डिटेल बताने के बाद समस्याओं के निस्तारण हेतु तीन-चार कार्यदिवस मांगा जाता है। समय पर डीबीटी का कार्य लेट होने से जहां शिक्षकों को जनपद स्तरीय अधिकारियों की डांट का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विद्या समीक्षा के सिर्फविभाग की योजनाओं पर पलीता लगा रहा है कोई भी कार्य विद्या समीक्षा केंद्र पर नहीं हो रहा है। बच्चों का डाटा कहां चला जा रहा है यह समझ से परे है।

## अभियुक्तों सहित चोरी गई बाइक पुलिस ने की बरामद

**लालगंज रायबरेली।** गुरुवार की रात बेहटा कला गांव के पास से एक सेल्समैन की बाइक चोरी चली गई थी। बाइक चोरी को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने टीम का गठन कर मातहत पुलिसकर्मियों से हर हाल में बाइक चोरों का पता लगाने का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में लालगंज पुलिस ने 2 दिन के अंदर चोरी गई बाइक बरामद करते हुए अभियुक्तों को पकड़ कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि कुशकरा थाना डेलूपुर जिला प्रतापगढ़ निवासी नवनीत मौर्य लालगंज क्षेत्र में एक कंपनी में सेल्समैन का काम करते हैं। गुरुवार की रात 8 बजे के करीब वे बाइक खड़ा कर बाथरूम करने चले गए थे । बाइक में चाबी लगी थी।तभी चोरों ने बाइक पार कर दी थी ।चोरी की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए बाइक चोर भोजपुर निवासी रोशन सिंह पुत्र समरजीत सिंह ,कोरवा निवासी दिनेश पुत्र लाल प्रसाद और हरकिशुन खेड़ा निवासी सतपाल पासी पुत्र सूर्यपाल को पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

# लेखपाल संघ लालगंज ने ऑनलाइन खसरा फीडिंग में आ रही दिक्कतों को लेकर एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा लालगंज के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और मंत्री उमाकांत तिवारी की अध्यक्षता में लेखपाल कर्मियों नेआनलाईन खसरा फीडिंग एवं ई0 खसरा पड़ताल ध् एग्रीस्टैक फसल सर्वे कार्य में लेखपालों के समक्ष उत्पन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं का समाधान कराये जाने विषयक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से आयुक्त राजस्व परिषद को भेजा है। लेखपाल संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि लेखपालों के द्वारा आफलाईन पड़ताल के आधार पर 1428 फसली का खसरा अंतिम हस्तलिखित खसरा उपलब्ध है। जिसके आधार पर 1428, 1429, 1430 आनलाईन खसरा फीडिंग करायी गयी। 1431 फसली में अधिकांश गाँव की ई खसरा पड़ताल ध् एग्रीस्टैक फसल सर्वे के द्वारा पड़ताल की गयी। एग्रीस्टैक सर्वे से छूटे गाँव की पड़ताल पूर्व की भांति खसरा प्रारूप पर आफलाईन करनी थी जिसके आधार पर आनलाईन खसरा फीडिंग



का कार्य होना था। उक्त कार्यों में आ रही तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं के सम्बन्ध में पूर्व में भी मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया गया है। उक्त समस्याओं के समाधान कराये जाने का निवेदन कई बार अधिकारियों से किया गया था किन्तु अधिकांश समस्याएं यथावत बनी हुई हैं जबकि 1432 फसली की पड़ताल का कार्य आरम्भ होने वाला है। नियमित रूप से खसरा प्रिन्ट उपलब्ध कराने एवं आनलाईन खसरा फीड़िग की वेवसाईट में सुधार करने का निवेदन किया जा रहा है। परिषद, से खसरा प्रिन्ट उपलब्ध कराने सम्बन्धी पत्र जारी - करने के बाद भी तहसीलों में प्रिन्ट अभी तक उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। खसरा फीडिंग साइट भी 24 घंटे में किसी भी इस स्थिति में नहीं रहती है कि एक बार में 8-10 गाटा भी फीड किये जा सकें और बार-बार इन्टरनल एरर दिखाने लगता है अथवा लाग आउट हो जाता है। साइट का कार्य घटिया श्रेणी का होने के कारण लेखपालों का पूरा दिन बर्बाद होने के बाद भी खसरा फीडिंग के 20-25 गाटा भी फीड नहीं हो पाते हैं और न ही अन्य राजस्व कार्य सही से हो पा रहे है। तहसील व जनपद स्तर पर अधिकारी साइट की समस्या को न सुनते हुए खसरा फीड न होने के कारण लेखपालों के विरूद्ध उत्पीडनात्मक कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके लिए उनके द्वारा बताया जाता है कि परिषद द्वारा ही खसरा फीडिंग में विलम्ब के लिए कार्यवाही का दबाव बनाया जा रहा है जो कि सरासर अनुचित है। लेखपालों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि अगर सर्वर व साइट में सुधार नहीं किया गया तो सभी लेखपाल 6 अगस्त से खसरा फीडिंग का काम बंद कर देंगे। वहीं एसडीएम नवदीप शुक्ला ने मामले में व्यवस्थाएं ठीक कराने की बात कही है।इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, प्रियम पांडे ,मनमोहन पांडे, अनामिका ,आनंद मौजूद रहे।

# निरंकुश अधिकारियों के विरूद्ध होगा जन आन्दोलन - इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बरसात कम होने के कारण जनपद सूखे की चपेट में है अंधाधुंध बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज से किसानों के ट्यूवेल नहीं चल पा रहे हैं नहरों में सिंचाई के पानी की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं हो रही है डी0ए0पी0 एवं यूरिया खाद साधन सहकारी समितियों से नदारत है। धान की फसल पानी की कमी के कारण सूखने की कगार पर है भाजपा सरकार में अधिकारी निरंकुश है एवं तानाशाही पूर्ण व्यवहार कर रहे हैं।

विगत 24 जुलाई को जनसमस्याओं से जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से कार्यवाही के लिए अवगत कराया गया था परन्तु किसानों की समस्यायें जैसी की तैसी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शीघ्र मुख्यालय पर जन आन्दोलन किया जायेगा।

विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा



कि उ0प्र0 सरकार किसान विरोधी, छात्र विरोधी, छात्र एवं बेरोगजार विरोधी है कानून व्यवस्था के नाम पर थानों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है ब्लाकों, तहसीलों में जनसरोकार की समस्याओं की अनदेखी है। इस अवसर पर डी0पी0 पाल एडवोकेट ओ0पी0 यादव पूर्व प्रत्याशी आर0पी0 यादव, एडवोकेट मुनेश्वर पासी, मिश्रीलाल चौधरी, हसीन अहमद, राजेश मौर्य, रज्जू खान, नैय्यर इस्लाम, मो0 अरशद खान, राजेन्द्र यादव, शकील मंसूरी, शिवनरायण सोनकर, सतगुरू पासी, संदीप शुक्ला, बुधेन्द्र सिंह, शिव दुलारी यादव, रामनेवाज, विनोद यादव, शुभम लोहिया, फहीम अहमद, रेहान कजियाना, जगदेव यादव, बृजेन्द्र चौधरी, राकेश यादव, पुत्तन सिंह, समर बहादुर, देवनाथ पाल, भानू पटेल, श्रवण चौधरी, आशुतोष यादव, राम किशोर पुजारी, नरेन्द्र यादव, हसनैन अहमद, अनुराग वर्मा, विकास विश्वकर्मा, प्रमोद पटेल, भीम सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए जनसमस्याओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम में पिंटू यादव, अखिलेश बबलू, अरशद सुल्तान, ममता यादव, शैलेन्द्र खैरहनी, चन्द्र प्रकाश आजाद, राजेन्द्र यादव, लवकुश मौर्य, देशराज पप्पू, आलोक यादव, लाल जी, विनय यादव, राजू यादव, अरविन्द यादव, अंकित त्रिपाठी, अरविन्द चौधरी, रवीन्द्र सिंह, दिनेश मोदनवाल, आलोक यादव, उर्मिला सिंह, सावित्री देवी, मजहर, राजेश यादव, रंजीत कुमार, मो0 सईद, महेश यादव, रामस्वरूप पासी, सहित अनेको लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत करने हेतु शिविर का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**डीह रायबरेली।** जिला बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र डीह में दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया की गयी। जिसमें कुल 40 बच्चों का चिकित्सक टीम द्वारा असेसमेंट किया गया। शिविर में अस्थिरोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. एम. पी. सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ नीलम सिंह, नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ शिवकुमार, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार व रूबी चौधरी आडियोलाजिस्ट ने सभी बच्चों का परीक्षण किया किया। जिसमें 8 बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत किये 3 बच्चों को जिला अस्पताल एक्सरे के लिए व 22 बच्चों को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली में जाँच हेतु रिफर कर दिया गया व 7 बच्चे अनुपस्थित थे, शिविर खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार की देख रेख में संपन्न हुआ।

शिविर का व्यवस्थापन विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने किया, इस मौके पर विशेष शिक्षक बृजेश यादव, राकेश सिंह, शिवनंदन वर्मा, अजय कुमार व जितेन्द्र, रंजीत शाह, चंद्रकांत श्रीवास्तव, पंकज,अंजनी पाण्डेय, अरुन यादव राकेश कुमार, नीरज आशीष, प्रेम कुमार, बाबादीन, बाबूलाल आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# फीरोज गांधी कालेज की शिक्षक संघ इकाई ने सेवानिवृत्त शिक्षको का किया सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** फीरोज गांधी कॉलेज शिक्षक संघ इकाई ने सत्र 2022-23 व सत्र 2023- 24 में महाविद्यालय के अपने सेवानिवृत शिक्षक साथी प्रोफेसर अनिल कुमार,डॉ रामबाबू कटियार, डॉ एके सिंह, डॉ यामिनी शर्मा, डॉ तुनीरा भदौरिया का विदाई समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया। सर्वप्रथम अतिथियो ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्जन किया। डॉ विभा मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। शिक्षक संघ के पदाधिकारी द्वारा सेवानिवृत शिक्षक साथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, वहीं प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंजी एस एल चांदवानी व कालेज प्राचार्य प्रो मनोज कुमार त्रिपाठी द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर,



प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षक साथियों ने स्वस्थ व शतायु रहने हेतु फल की टोकरी व वरिष्ट शिक्षक साथियो की छत्रछाया बनाए रखने के लिए छाता छाता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार ने किया। मुख्य समागत प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंजीनियर एसएल चंचांदवानी ने गीता को पढ़ने व आत्मसात करने का संदेश दिया।कॉलेज प्राचार्य प्रो मनोज कुमार त्रिपाठी ने सेवानिवृत शिक्षक साथियों के कार्यकाल की प्रशंसा की। विशिष्ट समागत बैसवारा पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो शीला श्रीवास्तव ने जीवन के चार चरण की चर्चा की व साथियों की हौसला अफजाई की। डॉ सी लाल व गरुण कुमार सेठ ने विदाई गीत तथा छात्र अनामिका सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।शिक्षक संघ महामंत्री प्रो सुभाष चंद्र ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक संघ उपाध्यक्ष डॉ आजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ फुफुक्टा प्रतिनिधि डा अरविंद सिंह शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ दिनकर त्रिपाठी व कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्रोफेसर डॉ राजेश कुमार, डा संजय भारतीय, डा डीके सिंह, डॉ किरन श्रीवास्तव, डॉ डेजी रानी, डॉ अंजलि जायसवाल, डॉ श्वेता जायसवाल, डॉ शेफाली श्रीवास्तव, डॉ अजय चौहान, डॉ संतोष पांडे, डॉ विजेंद्र, डा सत्यजीत, डॉ शशांक, डॉ इकबाल, डॉ निर्भय, डॉ तारिक, डॉ सुमित, डॉ सतीश, डॉ इमरान, डॉ वीरेंद्र सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ अमित, डॉ गुलाब, डॉ राखी सिंह, डॉ आशीष चंद्रन, डॉ प्रवेश कुमार, डॉ महेंद्र, डॉ विष्णु शरण डॉ धनंजय सिंह, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ अमित कुमार, तथा कर्मचारी सुशील कुमार, वीरेन्द्र पांडेय, चित्रा, विनोद मिश्रा व एकता आदि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों से भरी टाटा मैजिक वाहन अनियंत्रित होकर तालाब में पलटी



**रायबरेली।** सलोन-मानिकपुर मार्ग स्थित झपट्टी का पुरवा गांव के समीप सिटीजन इंटर कालेज के स्कूली विद्यार्थियों से भरी एक टाटा मैजिक वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई।घटना के दौरान लगभग आधा दर्जन से अधिक हाई स्कूल इंटर के छात्र छात्राये वाहन पर मौजूद थे।बच्चो की चीख पुकार मचाने पर ग्रामीणों ने राहत बचाव कार्य शुरू कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।दुर्घटना में एक छात्रा को गम्भीर चोट बाकियो को मामूली चोट आने पर निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।शनिवार दोपहर सिटीजन इंटर कालेज में छुट्टी होने पर मैजिक चालक प्रभास कुमार इंटर और हाई स्कूल के छात्र अंकित यादव, प्रियांशु,आदर्श, आदित्य,विनीत सिंह क्लास 11 की छात्रा रिया समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक बच्चो को लेकर रसूलपुर की तरफ जा रही थी।स्थानीय ग्रामीणों की माने सलोन से रसूलपुर की तरफ जा रही स्कूली मैजिक की गति काफी तेज थी। झपट्टी का पुरवा गांव के समीप अचानक स्कूली मैजिक अनियंत्रित होने के कारण सड़क किनारे तालाब में पलट गई।इस दौरान गाड़ी पर सवार बच्चो ने मदद के लिए शोर गुल मचाना शुरू कर दिया।स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर गाड़ी के अंदर फंसे स्कूली बच्चो को बाहर निकाल लिया था।इस दौरान कक्षा ग्यारह की छात्रा रिया के पैर में गम्भीर चोट आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अन्य को मामूली चोट आई थी।सिटीजन इंटर कालेज के प्रबंधक राकेश शुक्ला ने बताया कि सभी बच्चे सुरक्षित है।

# धार्मिक पीठ सोहलेश्वर शिव मंदिर में सोमवार को होगा विशाल भंडारा:रमेश दीक्षित

**लालगंज रायबरेली।** प्रसिद्ध समाजसेवी और रघुवीर रोलिंग मिल ,रघुवीर अस्पताल के चेयरमैन रमेश दीक्षित ,निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा ,प्रबंधक शशांक दीक्षित के द्वारा प्रसिद्ध धार्मिक पीठ सोहलेश्वर शिव मंदिर में सोमवार को विशाल भंडारा गत वर्षो की भांति कराया जाएगा, यह जानकारी देते हुए रमेश दीक्षित ने बताया कि सावन मास में भगवान शिव की आराधना और प्राण प्रतिष्ठा से उन्हें असीम सुख प्राप्त होता है। सावन मास में भगवान भोलेनाथ



अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। बताते चलें कि दीक्षित परिवार के द्वारा विगत कई वर्षो से वन खंडेश्वर मंदिर कानपुर ,बाबा बाल्हेश्वर मंदिर ऐहार ,बाबा सोहलेश्वर मंदिर सरेनी में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है ,जहां हजारों हजार भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। वही भगवान सोहलेश्वर मंदिर की भी अपनी एक अलग धार्मिक प्रतिष्ठा है। भगवान सोहलेश्वर की मूर्ति मां धरती के आंचल से प्रकट हुई थी। प्राचीन काल के राजाओं ने वहां पर मंदिर की स्थापना कराई थी। भगवान सोहलेश्वर के भक्तों पर उनकी विशेष कृपा रहती है ।मंदिर के पुजारी ने बताया कि जो भी व्यक्ति बाबा सोहलेश्वर के दरबार में आया है ,उसकी मनोकामना पूर्ण हुई है।

# सांसद किशोरी लाल शर्मा निर्वाचित हुए एम्स रायबरेली के सदस्य



**रायबरेली।** अमेठी कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा एम्स रायबरेली के सदस्य निर्वाचित हुए हैं।उनके इस निर्वाचन पर अमेठी और रायबरेली के कांग्रेस जनों ने खुशी जाहिर की है। नियमानुसार देश भर के 9 एम्स की गर्वनिंग बॉडी में दो-दो लोकसभा सदस्यों का सदस्य पद के लिए निर्वाचन होता है। नई दिल्ली रायबरेली और राजकोट में सदस्य पद के लिए तीन-तीन लोकसभा सदस्यों ने दावेदारी कर दी लेकिन आखिरी समय में एक-एक दावेदार द्वारा नाम वापस लिए जाने पर कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा को एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी का सदस्य चुन लिया गया। अहम बात यह है कि अमेठी और रायबरेली के लोगों के लिए खुशी की बात है। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद पर चुने जाने पर अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल और कार्यकर्ताओं सहित अमेठी व रायबरेली संसदीय के जरुरत मंद लोगों को अब इलाज मे ढ़ेर सारी मदद मिल सकेगी

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई समस्याएं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी एवं एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने जनता की समस्याएं सुनी। कुल 44 शिकायती पत्र आए जिनमें सर्वाधिक 24 मामले पुलिस विभाग से संबंधित रहे। मौके पर चार मामलों का ही निस्तारण हो पाया। इसके अलावा शेष प्रकरणों में टीम गठित कर मौके पर त्वरित निस्तारण हेतु भेजा गया। शेष प्रार्थना पत्र पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण को निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दे कि, महराजगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को एडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने निर्देशित करते हुए कहा कि, सरकार की मंसानुसार कार्य नहीं करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। समस्या के तुरंत निदान करने की कोशिश करें, उसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आज के संपूर्ण समाधान दिवस में



कुल 44 मामले आए। जिनमें सर्वाधिक 24 मामले पुलिस विभाग, 10 मामले राजस्व विभाग, विकास से संबंधित दो तथा अन्य आठ मामले रहे, जिनमें से चार मामलों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष मामलों के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर एक सप्ताह के भीतर शिकायतकर्ता की उपस्थिति में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर एसडीएम राजित राम गुप्ता, बीडीओ वर्षा सिंह, तहसीलदार ध्रुव नारायण सिंह यादव, कोतवाल बालेंदु गौतम, बछरावां थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, शिवगढ़ थाना अध्यक्ष श्याम कुमार पाल, महराजगंज अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, अधिशासी अधिकारी बछरावां राम आशीष, रमेश सोनी एसडीओ विद्युत विभाग, सप्लाई इंस्पेक्टर अमित सिंह यादव, अविनाश चंद्र पांडेय समेत जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# साहस का पर्याय थी अक्क महादेवी- सुभाष राय

## हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय का आयोजन




प्रयागराज। आज हिन्दी और आधुनिक भारतीय भाषा विभाग , इलाहाबाद विश्वविद्यालय में , दिगम्बर विद्रोहणी अक्क महादेवी शीर्षक से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ जिसमें सुपरिचित कवि, सम्पादक एवं लेखक सुभाष राय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरुआत में इस विशेष व्याख्यान के संयोजक विषय का परिचय देते हुये प्रो. संतोष भदौरिया ने बताया कि भक्ति आन्दोलन, जिसकी धूम पूरे भारतवर्ष में थी उसको विभिन्न बाइनरी में बांटकर नहीं देखा जाना चाहिये ढ्ढ इसे सगुण-निर्गुण,उत्तर- दक्षिण , स्त्री-पुरुष आदि की बाइनरी से अलग होकर देखने की आवश्यकता है ढ्ढ सुभाष राय की पुस्तक भक्ति आंदोलन को समग्रता में देखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है ढ्ढ जिसमें वे अक्क महादेवी के माध्यम से पूरे भक्तिकाल को ही रीविजिट करने की सम्भावना तलाशते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य की शुरुवात अपनी श्री शैलम यात्रा के बारे में बताते हुये कीढ्ढ उन्होंने बताया कि जब उन्होंने वहाँ जाकर अक्क महादेवी की गुफा को देखा तभी से उनके बारे में जिज्ञासा बढ़ गई। यह जिज्ञासा भक्त वाली जिज्ञासा नहीं थी। क्योंकि जब हम चरणों में होते हैं तो केवल प्रशंसा कर सकते हैं। विश्लेषण नहीं। अक्क महादेवी 12वीं शताब्दी में हुई हैं। इतनी दूरी होने पर व्यक्ति गल्प में परिवर्तित हो जाते हैं, उनके मन्दिर बनने लग जाते हैं।

जो भी समाज को बदलने का प्रयास करता है हम उन्हें गल्प में बदल देते हैं। यही महादेवी के साथ भी हुआ; परवर्ती कवि, लेखकों ने उन्हें रुद्रकणिका का अवतार बता डाला। वक्तव्य को समापन देते हुये उन्होंने अक्क की कुछ महत्वपूर्ण कविताओं का पाठ किया तथा उपस्थित लोगों के प्रश्नों के उत्तर दिये।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ सूर्यनारायण ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अमृता ने किया। वक्तव्य को सुनने वालों में विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के विभिन्न प्रो शिवप्रसाद शुक्ला,प्रो. कल्पना वर्मा, प्रो. कुमार वीरेन्द्र, प्रो. आशुतोष पार्थेश्वर, प्रो. राकेश सिंह, डा. सुनील कुमार सुधांशु, डा. अंशुमान, डॉ शिवकुमार यादव, डॉ रंजीत, डॉ विनम्रसेन सिंह,डा.गजूला राजू,डॉ जनार्दन,डॉ अमरजीत राम,श्री गुरपिंदर,श्री हरिओम,श्री जयकृष्ण तुषार तथा बड़ी संख्या में शोध छात्र एवं परास्नातक छात्र उपस्थित थे।

# उद्योग जगत के सहयोग से मुक्त विश्वविद्यालय को बनाएंगे स्किल हब- कुलपति



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त अध्ययन केन्द्रों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय को स्किल हब बनाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय कानपुर क्षेत्र के उद्योग जगत के साथ जुड़कर कौशल परक शिक्षा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि 14 राज्य मुक्त विश्वविद्यालय इस बात से सहमत हैं कि दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने का दायित्व मुक्त विश्वविद्यालयों का ही होना चाहिए।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय से प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जे पी यादव एवं डॉ गिरीश कुमार द्विवेदी ने विश्वविद्यालय की नवीन योजनाओं की जानकारी देते हुए समन्वयकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त 9 जिलों कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, हमीरपुर, कन्नौज, उन्नाव, फर्रुखाबाद, फतेहपुर के उपस्थित रहे। नामांकन, संवाद, संपर्क एवं संप्रेषण विषय पर आयोजित कार्यशाला में आए हुए प्राचार्य एवं समन्वयकों डॉ अमित द्विवेदी, डॉ विकास सिंह, डॉ विजय प्रताप सिंह, डॉ संदीप कुमार, समीर कुमार जय मंगल सिंह, डॉ वंदना कुमारी आदि ने केंद्रों पर आने वाले विभिन्न समस्याओं को इंगित करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत कानपुर क्षेत्रीय केंद्र की समन्वयक डॉ रेखा त्रिपाठी ने किया।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर कवि दिवस का आयोजन




प्रयागराज। हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0प्र0, प्रयागराज के तत्वावधान में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जन्म जयंती पर आज़ कवि-दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती जी की प्रतिमा तथा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा %हिन्दुस्तानी एकेडेमी ने 1987 में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके जन्म दिवस 3 अगस्त को कवि-दिवस% के रूप में घोषित करने का निर्णय लिया। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह ने 26 अप्रैल 1987 को राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की स्मृति में प्रतिवर्ष 3 अगस्त को कवि-दिवस के रूप में आयोजित किए जाने की घोषणा की और तभी से प्रतिवर्ष %कवि-%दिवस% का आयोजन एकेडेमी द्वारा किया जाने लगा।

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर असलम आदिल इलाहाबादी (प्रयागराज), तथा संचालन डॉ. श्लेष गौतम ने किया। शरद श्रीवास्तव (प्रयागराज), डॉ. इन्दु प्रकाश सिंह %इन्दु% (प्रयागराज), डॉ. साधना श्रीवास्तव (प्रयागराज), अमित मिश्रा मालवीय (प्रयागराज), शैलेन्द्र जय (प्रयागराज), राधा शुक्ला (प्रयागराज ), आभा मधुर (प्रयागराज), मिस्वाह इलाहाबादी (प्रयागराज) ने काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन में कवियो ने कविता के सभी रसों से सराबोर किया तथा समाज की विसंगतियों पर प्रहार करते हुए कविताएँ सुनायी गयीं। विशेषकर सामाजिक सरोकारों से रुबरु होते हुए रचनाकारों ने रचनाओं में विविध रंग उड़ेले जिनका रसास्वादन करके श्रोता भाव विभोर हो गये। कार्यक्रम के अंत में एकेडेमी के प्रशासनिक अधिकारी गोपालजी पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ. शान्ति चौधरी, प्रो. रणजीत, डॉ. अजय गोविनद राव, आर के एस चौहान, दिनेश दुबे, आलोक मालवीय, नाजिम अंसारी, एम एस खान डॉ. आनंद प्रकाश सिंह, प्रेम नारायण शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# कुंडी तोड़ कर नगदी समेत लाखो की चोरी

कौंधियारा( प्रयागराज )। कौंधियारा थाना क्षेत्र के गिरगेश कुमार भारतीय पुत्र छोटे लाल निवासी नौगवा बहापार गांव में शुक्रवार की बीती रात चोरों ने 51500 नगदी समेत लाखों के गहना चोरो ने घर की कुंडी तोड़ कर किये पार घर को बनाया निशाना नगदी समेत गहने भी चुराए कौंधियारा थाना क्षेत्र में नही रुक रहा है अपराध ।

चोरी मारपीट जमीनी विवाद जैसी घटनाएं आये दिन होती रहती है । कौंधियारा पुलिस अपराधों को रोकने में हो रही हैं असफल जिससे अपराधियों के हौसले हो रहे हैं बुलंद । घटना की जानकारी 112 को दी गई थी ।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का घेरा डालो - डेरा डालो प्रदर्शन




प्रयागराज। प्रयागराज के अधिकांश इलाकों में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर शनिवार को कांग्रेसजनों का सामूहिक घेरा डालो - डेरा डालो विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय पर सौपा। इसके पहले कांग्रेस जनों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। उसके उपरांत सिटी मजिस्ट्रेट प्रदर्शन स्थल पर आकर ज्ञापन लिया। ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के महा महिंद्रा राजपाल से मांग किया गया की प्रयागराज में घोषित विद्युत कटौती बंद किया जाए। बिजली विभाग की मनमानी के कारण जहां एक और उत्तर प्रदेश सरकार कह रही थी 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराया जा रहा है विशेष कर किसानों को जबकि धान की रोपाई चल रही है।

रोपाई के बाद सिंचाई बरसात न होने के कारण आवश्यक हो गया है कि बिजली व्यवस्था व्यवस्थित तरीके से चलाई जाए नहीं तो फसल सूखने की आशंका बनी हुई है। वक्ताओं ने मांग किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनके अधीन कर्मचारी आपस में गुटबाजी में परेशान है। वह जनता और किसानों का मदद करने करने के बजाय अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय तिवारी, जिला अध्यक्ष गंगानगर सुरेश चंद्र, गंगापार उपाध्यक्ष राकेश पटेल,एहतेशाम अहमद, शजादुल हक, रजनीश विश्राम दास, शाहनवाज असलम, सुनील यादव, रोहित कुशवाहा, श्रीमती राजेश्वरी पटेल, धीरज विश्वकर्मा, नफीश अहमद, नरेंद्र आदिवासी, मुन्ना पेंटर, शीश अहमद, नन्द लाल पासी, मनीष गोंड ,मुन्ना यादव, कार्तिकेय पांडेय, कुलदीप वैश्य, सौरभ चौधरी,अमन राज पासी, अब्दुल सत्तार, लल्लन सिंह, शिव प्रताप कुशवाहा, संतोष सिंह, दिनेश शर्मा, पुन्नू लाल पटेल, मुदाशिर अहमद, राज कुमार वर्मा, अरूण पाण्डेय, राम मूर्ति प्रजापति, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# हर घंटे तेजी से बढ़ रहीं गंगा-यमुना, प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

प्रयागराज। जिले में बारिश के बाद गंगा और यमुना के जल स्तर में पुनः वृद्धि शुरू हो गई है। पहाड़ों पर हो रही वर्षा के कारण यहां पानी आने का क्रम लगातार जारी है। बारिश के बाद शुक्रवार को तेजी के साथ दोनों नदियों में हलचल तेज दिखी। जल स्तर की गति धीमी है लेकिन इसमें निरंतरता बनी हुई है। शुक्रवार की सुबह आठ बजे गंगा नदी में फाफामऊ का जल स्तर 78.28 मीटर था जो रात आठ बजे 78.40 पहुंच गया। 12 घंटे में 12 सेंटीमीटर यहां जल स्तर में वृद्धि रिकार्ड की गई। वहीं, छतनाग में 75.97 मीटर से जल स्तर बढ़कर 76.31 हो गया, यहां 12 घंटे में 34 सेमी पानी बढ़ा है। यमुना नदी में नैनी में जल स्तर सुबह 76.65 मीटर था जो रात आठ बजे 32 सेमी बढ़कर 76.97 मीटर हो गया। जबकि एक दिन पहले गुरुवार से शुक्रवार की सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अुनसार फाफामऊ में छह सेंटीमीटर, छतनाग में 12 सेंटीमीटर, नैनी में यमुना का जल स्तर 17 सेंटीमीटर ही बढ़ा है। शुक्रवार को अचानक तेजी आने से फिर से बाढ़ के संकेत मिलने लगे हैं। गंगा-यमुना अभी खतरे के निशान से लगभग आठ मीटर नीचे बह रही हैं, लेकिन बीते 24 घंटे में जिस गति से गंगा-यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है और इसी गति से पानी बढ़ता रहा तो अगस्त महीने के अंत तक जल स्तर के खतरे के निशान के आस-पास पहुंचने की संभावना है। हालांकि जल स्तर जैसे जैसे बढ़ेगा उसका फैलाव कछारी इलाके में होगा, इससे तेज गति मंद पड़ेगी। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और सभी को खास कर तटीय इलाके में रहने वाले लोगों को सावधान रहने को कहा है। प्रयागराज में बड़ी संख्या में तटीय इलाके में बने घरों में किराये के कमरे में छात्र रहते हैं। पानी बढ़ने से छोटा बघाड़ा, सलोरी, गोविंदपुर, शिवकुटी, मेंहदौरी, शंकरढाल, बेली कछार, दारागंज आदि इलाकों में 50 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के माथे पर भी चिंता की लकीरें खिंचने लगी है। कोरांव क्षेत्र में लपरी, सेवटी व अन्य पहाड़ी नदियों में उफान आ गया है। लपरी नदी के किनारे बसे बिसरी व जमुआ गांव में नदी पार करने के लिए बनाया गया रास्ता पूरी तरह से पानी में डूब गया है। सेवटी नदी पर छड़गड़ा गांव में बनाया गया रपटा भी पानी में डूबा हुआ है। क्षेत्र के कोरांव-कोहड़ार घाट मार्ग से जुड़े बिसरी संपर्क मार्ग पर लपरी नदी में उफान के कारण रपटा के तीन फिट ऊपर पानी बह रहा है। शुक्रवार सुबह से ही गांव के लोगों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। छड़गड़ा गांव में बना रपटा डूबने से भी कई गांव की आवाजाही प्रभावित है। तहसीलदार राजेश कुमार पाल ने बताया की जिन गांवों में नदियों में उफान के कारण रपटे डूबे हुए हैं, वहां क्षेत्रीय लेखपालों के माध्यम से लोगों को आवागमन में सतर्कता बरतने का निर्देश दिया जा रहा है। गंगा-यमुना अभी खतरे के निशान से लगभग आठ मीटर नीचे बह रही हैं, लेकिन बीते 24 घंटे में जिस गति से गंगा-यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है और इसी गति से पानी बढ़ता रहा तो महीने के अंत तक जल स्तर के खतरे के निशान के पास पहुंचने की संभावना है। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और सभी को खासकर

# संस्कार भारती विश्वविद्यालय इकाई का हुआ नवनिर्वाचन



प्रयागराज। इलाहाबाद डिग्री कॉलेज में संस्कार भारती , विश्वविद्यालय इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारणी का गठन व वार्षिक योजना बैठक का आयोजन किया गया।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ इन्दु शर्मा, महामंत्री मनीष तिवारी, सह महामंत्री डॉ श्रेया, उपाध्यक्ष डॉ तनुजा तिवारी व महिला समन्वयक डॉ शुचि तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र, मंत्री श्रेयष शुक्ला को नियुक्त किया गया।

काशी प्रान्त संगठन मंत्री दीपक शर्मा ने संस्कार भारती के उद्देश्य के प्रति सभी को संस्कृति व संस्कारों के युवाओं में अग्रसर करने के लिए जागरूक किया। महानगर इकाई अध्यक्ष डॉ योगेंद्र मिश्रा व विधा संयोजक सुशील कुमार रॉय, डॉ मीरा सिंह, डॉ अर्चना सिंह, डॉ नन्दिता, विवेक विशाल, दीपक साव, ईशा,श्रध्दा, मिताली, प्रीति, विशाखा, अंकिता एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे। संस्कार भारती महानगर इकाई के चित्रकला संयोजक तथा मीडिया प्रभारी वरिष्ठ चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा ने विश्वविद्यालय इकाई के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बताया कि अब विश्वविद्यालय स्तर पर भी चित्रकला का कार्यक्रम करना तथा नवोदित कलाकारों को कला के प्रति प्रोत्साहित करना आसान हो जाएगा।

# सांसद प्रवीण पटेल का विनीता हॉस्पिटल फाफामऊ में जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन हुआ



फाफामऊ।विनीता हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड फाफामऊ प्रयागराज के आरोग्यम सभा हॉल में नवनिर्वाचित सांसद प्रवीण पटेल का सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में अभिनंदन व स्वागत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन माननीय सांसद प्रवीण पटेल मुख्य अतिथि, डॉ बिंदु विश्वकर्मा निदेशक विनीता हॉस्पिटल एवं राम निहोरा इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर विनीता विश्वकर्मा व अन्य अतिथियों के कर कमलों से शुरू हुआ ।विशिष्ट अतिथियों में शशांक मिश्रा ब्लॉक प्रमुख ,उपेंद्र सिंह डायरेक्टर कोऑपरेटिव बैंक उत्तर प्रदेश, संजय तिवारी मंडल, बाबूलाल भंवरा पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त, संजय पटेल क्षेत्र पंचायत सदस्य, द्वारिका प्रसाद मौर्य , श्याम सुंदर सिंह पटेल वरिष्ठ समाजसेवी प्रयागराज, श्याम बाबू गुप्ता सभासद , बी एन सिंह कारगिल युद्ध विजेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी, भाजपा के कई पदाधिकारी शामिल रहे कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर बिंदु विश्वकर्मा ने माननीय सांसद प्रवीण पटेल को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम ,स्मृति चिन्ह व राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में सभी अतिथियों को अंग वस्त्रम व राम दरबार स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सांसद प्रवीण पटेल बहुत ही अनुभवी ,सरल स्वभाव तथा बातें कम कम ज्यादा करने पर विश्वास करने वाले नेता हैं जिन्होंने संसद में प्रयागराज के लिए एम्स अस्पताल बनाने की पुरजोर मांग उठाई इससे लोग स्वस्थ होकर विकास कर सकेंगे इतना ही नहीं उन्होंने फूलपुर क्षेत्र के विकास के लिए अन्य कई मुद्दे भी संसद में उठाएं जिसके लिए हम उनके बहुत आभारी है और यही अपेक्षाएं हैं कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र का सम्यक विकास होगा।

माननीय सांसद प्रवीण पटेल जी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व परिश्रम से मैं सांसद बना हूं तो यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि क्षेत्र का विकास करूं वह जन-जन की व जरूरतमंद की हमेशा सेवा कर उनकी मदद करूं आप सब इसी तरह हमसे जुड़े रहे वह सुझाव देते रहे हम बड़ी लगन और तत्परता से सभी कार्यों को पूरा करेंगे अंत में मंडल अध्यक्ष भाजपा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया व कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या,छात्राएं व अन्य स्टाफ शामिल रहे तथा प्रबंधन नवनीत व प्रवीण श्रीवास्तव आदि लोगों ने किया जो बहुत ही सराहनीय रहा।

# लगातार हो रही अधिवक्ताओं की हत्या के विरोध में वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

प्रयागराज। आज प्रयागराज जनपद न्यायालय में एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को एडीएम सिटी के द्वारा अधिवक्ताओं ने भेजा है। ज्ञात हो कि अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा निवासी हरदोई की उनके घर में घुस कर गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी गई है। ज्ञापन देने गए अधिवक्ताओं का कहना है कि लगातार अधिवक्ताओं की हत्या के मामले बढ़ने से अधिवक्ता समाज में अपने विधिक पेशे को और परिवार के भरण पोषण की चिंता बढ़ गई है अतः एड्वोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द लागू किया जाना न्याय हित में है। जिससे हम सभी अधिवक्ता स्वतंत्र रूप से विधिक पेशे का कार्य कर सके। वकीलों का प्रश्न था कि क्या न्याय के प्रहरी कहे जाने वाले अधिवक्ता अब किसी भी स्थान पर सुरछित नहीं हैं। कभी दिल्ली में चैंबर में खाना खाते समय, ग्रेटर नोएडा में अधिवक्ता की गोली मार दी जाती है, कभी प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल को गोलियों से भूना गया, कभी हापुड़ में लाठी चार्ज करके हत्या का प्रयास अधिवक्ता पर किया गया। कभी पंजाब में हत्या गोली मारकर और अभी हाल में हरदोई में वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या की। अधिवक्ता संघ ने घोर निंदा करते हुए एड्वोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेश कुमार शुक्ला, धुरु शुक्ला, प्रकाश द्विवेदी, अरुण प्रकाश उपाध्याय, विनय कुमार गुप्ता, आशीष कुमार पाल, प्रमोद कुमार भारतीय, फरीद अहमद, नफीस अहमद, राकेश कुमार जायसवाल, शरद यादव, शरद गुप्ता,शिव विमल कुमार श्रीवास्तव, आकाश कुमार आर्य, दीपक पाल, सद्दाम हजला, सुधीर कुमार तिवारी, राहुल मिश्रा, अनूप कुमार यादव, नियाजुद्दीन, राकेश कुमार यादव, गुलाब यादव, प्रवीण मिश्रा, रॉकी, विशाल कुमार मिश्रा और भी कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# कठौली से कांवरियों का जत्था वाराणसी के लिए रवाना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** पवित्र श्रावण मास में कांवरियों के अजब गजब रूप देखने को मिलता है।शिव भक्त कहीं पैदल यात्रा कर जलाभिषेक करते हैं।तमाम भक्त वाहनों व बाईक से यात्रा कर बाबा का दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ लेते हैं।क्षेत्र के कठौली के बोल बम कांवरियां संघ का जत्था शनिवार को बाबा विश्वनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बाइक से निकला है।

सावन मास शुरू होते ही भगवान भोले शंकर के भक्त सड़कों पर जत्थे में दिखने लगे हैं। बोल बम के जयकारों के उद्घोष के साथ गांव-गांव से कांवरियों का जत्था रवाना हो रहा है।शनिवार को कांवरिया संघ कठौली का जत्था दर्जनों बाइको के साथ समाजसेवी योगेश शर्मा के नेतृत्व में बोल बम,, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में जलाभिषेक के लिए निकल पड़ा है।योगेश शर्मा ने बताया कि कांवरिया संघ कठौली का जत्था पिछले कई वर्षो से लगातार श्रावण मास में जलाभिषेक करता आ रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि हम सब प्रयागराज के दशाश्वमेध गंगा घाट पर स्नान के बाद जल भरकर बाबा विश्वनाथ की नगरी में जलाभिषेक के लिए रवाना होगें।बाबा के दर्शन व अभिषेक के पुण्य लाभ के लिए यह जत्था आस्था व पूरे मनोयोग से भोले के दरबार पहुंचता है।पूरे रास्ते कांवरिया झूमते व गाते हुए बाबा दरबार मे मत्था टेकेंगे।

जत्थे में पंकज यादव,अंकित,शनि, रामेश्वर यादव, पंकज लेखपाल, संजय यादव, अमन कुमार, सूरज यादव,बबलू सोनकर, शनि प्रजापति, मिथिलेश केसरवानी, छोटेलाल प्रजापति सहित कई कांवरिया रहे।

# बिना पंजीयन चल रहे दर्जनों कोचिंग सेंटर

लोंड़यारी ( प्रयागराज)।क्षेत्र व इलाके मे छोटे - छोटे कमरों शिक्षा का व्यापार किया जा रहा है । अप्रशिक्षित शिक्षकों के भरोसे चलने वाले इस कारोबार से छात्र - छात्राओं का जमकर दोहन किया जा रहा है । बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे । इन संस्थानों द्वारा टैक्स एवं जीएसटी चोरी कर राजस्व को भी चूना लगाया जा रहा है । लेड़ियारी बाजार सहित आसपास स्थित कोरांव - नारीबारी स्टेट राजमार्ग कोरांव व कस्बे के विभिन्न स्थानों पर दर्जनों की संख्या मे चल रहे कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे है । अलावा हाईस्कूल, इंटर मीडिएट , बीए, बीएससी, बीकॉम , जूनियर हाईस्कूल आदि की कक्षाओं मे पढ़ने वाले अधिकांश छात्र - छात्राएं विद्यालयों मे पढ़ाई के साथ ही कोचिंग क्लासेज भी करते है । इलाके मे संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान मे कोई फर्राटेदार अंग्रेजी सिखाने व कम्प्यूटर मास्टर बनने का

# डीएम ने तहसील सदर का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने शनिवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, उपजिलाधिकारी कक्ष, तहसीलदार कक्ष, रजिस्टार, कानूनगों कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, ई-डिस्ट्रिक कक्ष, आपूर्ति कक्ष एवं विशेष भूमि अध्याप्ति कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां पर फाइलों के रख-रखाव, साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर को तहसील परिसर का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों की समय से उपस्थिति एवं लम्बित प्रकरणों का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, उपजिलाधिकारी कक्ष, तहसीलदार कक्ष का निरीक्षण करते हुए लम्बित मुकदमों के निस्तारण की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए 3 वर्ष व 5 वर्ष से लम्बित मुकदमों की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रजिस्टार, कानूनगों कक्ष तथा कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए खतौनी, अमलदरामत समय से करने, ई-डिस्ट्रिक कक्ष का निरीक्षण करते हुए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की जानकारी लेते हुए समय से प्रमाणपत्र जारी किए जाने के निर्देश दिए। आपूर्ति कक्ष एवं विशेष भूमि अध्याप्ति कक्ष में उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवकों ने ताजमहल में कब्रों पर चढ़ाया गंगाजल, अखिल भारत हिन्दू महासभा ने ली जिम्मेदारी



**आगरा (आरएनएस)।** शनिवार को दो युवकों ने ताजमहल में गंगाजल चढ़ाया। वह पानी की बोतल में गंगाजल लेकर पहुंचे थे। मुख्य मकबरे में स्थित तहखाने के दरवाजे पर युवक ने गंगाजल चढ़ाया। दरवाजे से तहखाने में स्थित कब्रों तक जाने को सीढ़ियां बनी हैं। हिंदूवादी संगठन ताजमहल को शिव मंदिर तेजोमहालय मानते हैं। इसे लेकर कई याचिकाएं अदालत में विचाराधीन हैं। सावन में ताजमहल को हिन्दू मंदिर बताते हुए उसकी आरती करने और जलाभिषेक करने की मांग समय-समय पर उठती रही है। सावन के सोमवार को कुछ वर्ष पूर्व तक शिवसैनिक यमुना किनारे से ताजमहल की आरती उतारा करते थे।शनिवार सुबह दो युवक ताजमहल पहुंचे। एक के हाथ मे पानी की बोतल थी और दूसरा वीडियो बना रहा था। मुख्य मकबरे में कब्रों वाले कक्ष में प्रवेश करने से पूर्व युवक तहखाना के दरवाजे पर रुक गया। यहां उसने बोतल में भरे गंगाजल से अभिषेक किया। युवक को ऐसा करते हुए और दूसरे को वीडियो बनाते हुए देखने पर सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ लिया। पूछताछ के बाद दोनों को पुलिस को सौंप दिया। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने इसकी जिम्मेदारी ली है। महासभा के विनेश चौधरी और श्याम को ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने पर पकड़ा गया है। दोनों कांवड़ लेकर शुक्रवार रात मथुरा पहुंचे थे। शनिवार सुवह ताजमहल पहुंचकर उन्होंने गंगाजल चढ़ाया।बता दें ताजमहल में खाने का सामान ले जाना प्रतिबंधित है, लेकिन पानी की बोतल ले जाने पर कोई रोक नहीं है। इसी का फायदा युवकों ने उठाया। वह पानी की बोतल में गंगाजल ले गए और किसी को इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

## यूपी के कांवड़ियों ने हरियाणा के कांवड़ियों पर ईंट-पत्थरों से किया हमला, एक की मौत

**लखनऊ(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बागपत में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। डाक कांवड़ में आगे निकलने की जिद्द में उत्तर प्रदेश के कांवड़ियों ने हरियाणा के रहने वाले कांवड़ियों पर ईंट- पत्थर और तेज धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में हरियाणा के एक कांवड़िये की मौत हो गई। कई कांवड़िये गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस जांच कर रही है।सोनीपत के गांव अटेरणा के रहने वाले युवक डाक कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे, जब वह डाक कावड़ लेकर वापस आ रहे थे, तो बागपत के पास एक दूसरे से आगे निकलने की जिद में विवाद हो गया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के कांवड़ियों ने हरियाणा के कांवड़ियों पर ईट- पत्थरों और लाठी -डंडों से हमला कर दिया और बाइक भी छीन ली। उत्तर प्रदेश के रहने वाले 50 से 60 कांवड़ियों ने हमले को अंजाम दिया।हमले में सोनीपत के अटेरना के रहने वाले वंश नाम के कांवड़िये की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। वंश ने सोनीपत के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायल डाक कांवड़ियों का इलाज चल रहा है। उत्तर प्रदेश बागपत पुलिस सोनीपत के सिविल अस्पताल पहुंचे कर मामले की जांच कर रही है।हरियाणा पुलिस के एएसआई सुरेंद्र ने बताया कि डाक कांवड़ियों का झगड़ा हुआ था। झगड़े के बारे में पूरी जानकारी हरियाणा पुलिस के पास नहीं है। उत्तर प्रदेश पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वायनाड भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 344 हुई, रेस्क्यू जारी



**वायनाड (आरएनएस)।** केरल के वायनाड में हुए भस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 344 हो गई और 206 लोग अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू टीम का शनिवार को पांचवें दिन भी ऑपरेशन जारी है।रक्षा बलों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, अग्निशमन सेवा और स्वयंसेवकों के 1,500 से अधिक कर्मियों वाली बचाव टीम ने शनिवार सुबह चार सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों चूरलमाला, वेल्लारीमाला, मुंडकाईल और पुंचिरीमाडोम में तलाशी शुरू कर दी है।अब तक 146 शवों की पहचान हो चुकी है, जबकि 74 की पहचान होनी बाकी है। मृतकों में 30 बच्चे भी शामिल हैं। मलबे से बड़ी संख्या में क्षत-विक्षत शरीर के अंग भी बरामद किये गए हैं।यहां लगभग 100 राहत शिविर हैं, जिनमें लगभग 9,500 लोगों को स्थानांतरित किया गया है। जिले के विभिन्न अस्पतालों में 84 लोग भर्ती हैं।122 टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल और कन्नूर इकाई से जुड़े अभिनेता मोहनलाल अपनी इकाई के साथ शनिवार सुबह प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे।सैन्य वर्दी पहने मोहनलाल सबसे पहले मैप्पडी में स्थित बेस कैम्प पहुंचे और रक्षा बलों से मुलाकात की। फिर वह चूरलमाला पहुंचे और बचाव दल के साथ बातचीत की।

## रांची में दारोगा की गोली मारकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड की राजधानी रांची में एक दारोगा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दरोगा अनुपम कच्छप का शव आज सुबह शहर के कांके इलाके में रिंग रोड के पास से बरामद किया गया है। वह पुलिस की स्पेशल ब्रांच में पोस्टेड थे।मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने रोड के किनारे शव पड़ा देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि अनुपम शुक्रवार रात कांके रिंग रोड में एक ढाबे पर अपने कुछ दोस्तों के साथ पार्टी करने गए थे।उनके दोस्त कार से लौटे, जबकि वह बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गोली मारकर हत्या की गई। उन्हें दो गोलियां मारी गईं। वारदात की जानकारी मिलते ही स्पेशल ब्रांच के आईजी, डीआईजी, रांची पुलिस के डीआईजी, एसएसपी समेत कई अधिकारी रिम्स पहुंचे, जहां उनका शव पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है।

# मजिस्ट्रियल जांच के आदेश के बाद दिल्ली स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

● **आशा किरण से बीमारों को अस्पताल पहुंचना शुरू**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के रोहिणी स्थित आशा किरण शेल्टर होम मामले में मंत्री आतिशी ने यहां हुई मौतों पर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही प्राथमिक जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए 48 घंटे की डेडलाइन दी है। इसके बाद समाज विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।शनिवार सुबह से ही एंबुलेंस का तांता आशा किरण होम में देखा जा रहा है।

यहां पर बीमार लोगों को पास के ही अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है।इस मामले में शुक्रवार को ही आतिशी ने कहा था कि एक महीने में 14 मौतों का होना बेहद गंभीर बात है। हमने इस पर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और प्राथमिक जांच रिपोर्ट के लिए 48 घंटे की डेडलाइन दी है।उनके मुताबिक, जांच में किसी भी अफसर, डॉक्टर, नर्स, केयर गिवर, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ की लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।बता दें कि शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतकों में से कई मानसिक दिव्यांगता के अलावा अन्य कई शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त थे।

अभी मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आना बाकी है। पोस्टमार्टम और मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट से मौतों की असल वजह साफ होगी।आतिशी ने कहा था, मैं दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं, यदि कोई भी मौत लापरवाही या गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार से हुई है तो संबंधित अफसर को बख्शा नहीं जायेगा।दिल्ली सरकार का सामाजिक विकास विभाग आशा किरण के नाम से एक शेल्टर होम चलाता है। ये शेल्टर होम मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए है, जहां 980 मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति रहते है। यहां बहुत से ऐसे व्यक्ति हैं जो दिव्यांगता की गंभीर श्रेणी में हैं और उनके साथ ही अन्य कई शारीरिक समस्याओं से ग्रस्त हैं जो बेडरेस्ट पर होते हैं और उनकी पूरी तरह से दूसरों पर निर्भरता होती है।दरअसल आशा किरण होम में 24/7 मेडिकल केयर यूनिट मौजूद होता है। जिसमें 6 डॉक्टर और 17 नर्सें शामिल है। यहां 450 केयर-गिवर भी हैं जो 3 शिफ्ट में 24 घंटे काम करते हैं। इस होम में ज़्यादातर बेसहारा छोड़े गए लोग होते हैं।जानकारी के मुताबिक जुलाई के महीने में आशा किरण होम में 14 मौतें हुई हैं। मृतकों में से 13 वयस्क हैं। इन 14 मौतों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है, लेकिन शुरुआतों जांचों से पता चला है कि मृतकों में से बहुत मानसिक दिव्यांगता के अलावा अन्य कई शारीरिक समस्याओं से ग्रसित थे।दिल्ली सरकार के मुताबिक, इस मामले में अगर कोई दोषी पाया गया तो उसके ऊपर सरकारी कार्रवाई के अलावा पुलिस द्वारा कार्रवाई भी की जायेगी। दिल्ली सरकार के इस फैसले के बाद अब स्वास्थ्य विभाग और समाज विकास विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। लगातार डॉक्टरों की टीम आशा किरण पहुंच रही है और जो ज्यादा बीमार लोग हैं उन्हें अस्पताल में शिफ्ट किया जा रहा है।

## श्रद्धालुओं से भरी नाव सरयू नदी में पलटी, आठ को बचाया गया, एक लापता

**अयोध्या (आरएनएस)।** यूपी के अयोध्या में सरयू नदी में नौ तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई।एक अधिकारी ने बताया कि नाव पलटने के बाद से एक महिला लापता है। आठ लोगों को बचा लिया गया है।मामला अयोध्या कोतवाली के नया घाट चौकी क्षेत्र के सरयू तट का है। अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार को एक नाव कुछ तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान अचानक नाव पलट गई। नाव पलटने के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई।इस बीच मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोरों और एसडीआरएफ कर्मियों ने सरयू नदी में छलांग लगाई और आठ लोगों को बचा लिया जबकि 29 वर्षीय कशिश नामक एक महिला लापता बताई जा रही है।अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैयर ने कहा, नाव की एक अन्य नाव से टक्कर हो गई थी। जिसके बाद तीर्थयात्रियों से भरी नाव पलट गई।

## झारखंड के 83 प्रतिशत मूल निवासियों को दी नौकरी : सीएम हेमंत सोरेन



**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में विधानसभा में दिए अपने भाषण का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 83 फीसदी आदिवासियों और मूल झारखंड वासियों का राज्य सरकार ने खास ख्याल रखा और उन्हें सरकारी नौकरी भी दी।इस वीडियो क्लिप में सोरेन कह रहे हैं कि राज्य में विभिन्न पदों पर 83 प्रतिशत से अधिक झारखंडी युवाओं की नियुक्ति की गई है और आगे भी ऐसा ही किया जाएगा।सोरेन ने नियुक्तियों का ब्योरा दिया। बताया कि, झारखंड में हमने वैज्ञानिक सहायक प्रतियोगिता परीक्षा 2021 की सफलता पूर्वक भर्ती की। रिम्स में ए ग्रेड की नर्सेज की नियुक्ति भी हमने निकाली है। इसके अलावा लिपिक और लेखा पदाधिकारी की नियुक्तियां भी की गई हैं। इन नियुक्तियों में 83 प्रतिशत आदिवासियों और झारखंड के मूल निवासियों को नौकरियां दी गई हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपाय किए हैं। उन्होंने कहा, हमने सुनिश्चित किया है कि झारखंड के युवाओं को उनकी योग्यताओं के अनुसार नौकरियां मिलें। हमारी सरकार युवाओं के हित में हर संभव कदम उठाएगी और राज्य के विकास के लिए कार्य करेगी।मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक और वीडियो साझा कर दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य के उत्थान और विकास में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 20 साल तक भाजपा ने झारखण्ड को पिछड़ा रखने का काम किया। राज्य हितैषी निर्णय लेने के लिए रीढ़ की हड्डी होनी चाहिए। मैं राज्य के लिए हक-अधिकार मांग रहा था तो इन्होंने षड्यंत्र कर मुझे जेल में डलवा दिया। झारखण्ड और झारखण्डी विरोधी है भाजपा।

# जम्मू में एके -47 हथियारों के साथ देखे गए संदिग्ध, सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान



**जम्मू ,(आरएनएस)।** जम्मू में ग्रेटर कैलाश के पास सूखी नहर में बीती रात कैंप ड्रेस पहने तीन लोगों को कथित तौर पर एके-47 जैसे हथियारों के साथ देखा गया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया।तलाशी अभियान रात 10-15 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान सुरक्षाबलों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने नरवाल की ओर चौकियों को मजबूत करने की सलाह दी है।बता दें कि 30 जुलाई को भारतीय सेना ने पुंछ जिले से हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को गिरफ्तार किया था। आतंकी की पहचान मोहम्मद खलील के रूप में हुई थी।राष्ट्रीय राइफल की रोमियो फोर्स को हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी मोहम्मद खलील के पुंछ के मंगनार गांव में छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन चलाकर उसे गिरफ्तार किया था। आतंकी खलील के पास से एक विदेशी पिस्टल भी बरामद की गई थी।इस बीच जम्मू-कश्मीर में हो रही घुसपैठ को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बीएसएफ के दो वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पदों से हटा दिया है। डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल और स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को उनके पदों से हटाकर उनके मूल कैडर में वापस भेज दिया गया है।जम्मू-कश्मीर में पिछले एक साल से हो रही लगातार आतंकियों की घुसपैठ, डीजी बीएसएफ और स्पेशल डीजी बीएसएफ को हटाने की मुख्य वजह है। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ को लेकर भारत सरकार का यह सबसे बड़ा प्रशासनिक एक्शन है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिरी है।पिछले एक महीने में इन दोनों अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर, अंतरराष्ट्रीय सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल का दौरा किया था और अहम बैठकों में हिस्सा लिया था। इसके अलावा पंजाब सेक्टर से लगातार हो रही आतंकी घुसपैठ को प्रभावशाली ढंग से ना काबू पाना भी इस एक्शन की बड़ी वजह है।पिछले कई सालों में ऐसा पहली बार हुआ है जब दो वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरीके से हटाया गया है, जो किसी अर्धसैनिक बलों को लीड कर रहे थे। यह घटना सुरक्षा बलों के अंदर की संरचना और प्रशासनिक निर्णयों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

## अनुच्छेद 370 की बरसी को लेकर जम्मू बस अड्डे पर आतंकी हमले की आशंका, हाई अलर्ट जारी

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर बस अड्डे और कई अन्य स्थानों पर आतंकी हमले की आशंका जताई गई है। जिसको लेकर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।दरअसल, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने की पांचवीं बरसी के दौरान जम्मू स्टैंड को आतंकी निशाना बना सकते हैं। वर्ष 2019 में जम्मू बस स्टैंड पर हमले का आरोपी आतंकी यासिर अहमद भट्ट कुलगाम स्थित अपने घर से 27 जुलाई से लापता है। वह 2021 से जमानत पर था। पुलिस ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। यासिर के पोस्टर भी शहर के प्रमुख स्थानों पर चस्पा कर दिए गए हैं। सुरक्षा बलों के पास इस बात की सूचना है कि दहशतगर्द लक्षित हत्याओं, समुदाय विशेष पर हमला और सैन्य कर्मियों को निशाना बनाने की वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। सुरक्षा बढ़ाए जाने के साथ ही नाके बढ़ा दिए गए हैं। आने-जाने वालों की तलाशी भी ली जा रही है। शुक्रवार को जम्मू में कई जगहों पर वाहनों की तलाशी ली गई।सूत्रों का कहना है कि यासिर को 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 हटने की पूर्व संध्या पर हमला करने का टारगेट दिया गया है। हालांकि इसकी किसी ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## अयोध्या में दुष्कर्म के आरोपित के खिलाफ हो रही कार्रवाई उचित- मायावती

**लखनऊ,(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या जिले में एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित सपा नेता मोईद खान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उसके अवैध निर्माण को शनिवार को बुलडोजर से धवस्त कर दिया गया। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस कार्रवाई को उचित बताया है।मायावती ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपित के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है, लेकिन सपा का यह कहना कि आरोपित का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपितों के खिलाफ कितने डीएनए हुए टेस्ट हुए हैं।मायावती ने कहा कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में भी ख़ासकर महिला सुरक्षा एवं उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिंतित करने वाली हैं।

# मरीज के अधूरे इलाज पर कार्रवाई, 6 डॉक्टरों समेत 13 स्वास्थ्य कर्मी निलंबित



**लखनऊ (आरएनएस)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के इमरजेंसी में अधूरा इलाज कर मरीज को भगाने वाले प्रकरण में 6 चिकित्सकों समेत 13 स्वास्थ्य कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना के सामने आने के बाद कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया था।उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर संस्थान के निदेशक सीएम सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो इमरजेंसी ऑफिसर, चार रेजिडेंट डॉक्टर, दो पीआरओ और पांच अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार को यह खबर वायरल हो रही थी कि लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में सीतापुर के एक मरीज का उचित इलाज नहीं किया गया और उसे आधे अधूरे इलाज के बाद बाहर कर दिया गया। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए थे। काफी हंगामा मचा तो उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए कहा था कि किसी भी मरीज के इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार मरीजों के हित में लगातार कदम उठा रही है और चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि गंभीर मरीजों को तत्काल और पूरा इलाज दिया जाए। इसके बावजूद सीतापुर के एक मरीज को अस्पताल में भर्ती करने से मना कर दिया गया था, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही सामने आई है।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने हाल ही में विधान परिषद में बताया था कि पहले अस्पतालों के आंकड़े दर्ज नहीं होते थे, लेकिन अब हमारे पास प्रतिदिन के आंकड़े उपलब्ध हैं। उन्होंने जानकारी दी कि हर दिन प्रदेश के अस्पतालों में 1.75 लाख मरीज पहुंचते हैं, जिनमें से 12 हजार मरीज गंभीर हादसे के शिकार होते हैं और आठ हजार गंभीर रोगों से ग्रसित होते हैं।सरकार ने जिला मुख्यालयों में डायलसिस की सुविधा उपलब्ध कराई है और अब वहां दस-दस बेड की सुविधा है। इसके साथ ही सीटी स्कैन की सुविधा भी मरीजों को दी जा रही है।

अस्पतालों के कामकाज पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग लखनऊ के डीजी हेल्थ ऑफिस में स्थित कमांड सेंटर के माध्यम से की जाती है।इस घटना के बाद उप मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि स्वास्थ्य सेवाएं सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप होंगी और किसी भी मरीज के साथ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मानव शरीर और धरती के स्वास्थ्य के लिए भी भारत अब प्राकृतिक खेती पर बल दे रहा है - शिवराज सिंह चौहान



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केन्द्र (एनएएससी) परिसर में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) में शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपना संबोधन दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री की चिंताएं हैं कि केमिकल व फर्टिलाइजर के अत्यधिक उपयोग के कारण उत्पादित फल एवं सब्जियां के कुप्रभाव शरीर पर पड़ रहे हैं और लगातार मिट्टी की सेहत खराब हो रही है। इसलिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि मानव शरीर और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित उत्पादन हो, भारत अब प्राकृतिक खेती पर बल दे रहा है।केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की कृषि विकास दर दुनिया में सबसे ज्यादा बनी हुई है।

अब हमें पूरी तरह से भूख व कुपोषण को समाप्त करना है। पर्यावरण में आए बदलाव के खतरों से निपटना है। बढ़ते हुए तापमान के कारण घटता हुआ उत्पादन गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। आनेवाली पीढ़ियों की भी भविष्य की चिंता हमको करना है। इनके समाधान में कृषि अर्थशास्त्री आज से जुटेंगे।इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि विज्ञानियों के इस सम्मेलन में चिंता मनन से जो निष्कर्ष निकलकर आएगा। वह कृषि के लिए बहुत उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' भारत की परंपरा रही है। सारा विश्व एक परिवार है। प्रधानमंत्री की चिंता सिर्फ भारत के लिए नहीं है बल्कि पूरे विश्व के कल्याणा के लिए है।

# सुप्रीम कोर्ट की स्थापना का मकसद जनता को न्याय सुलभ कराना: सीजेआई

- **सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष लोक अदालत का समापन**
- **केंद्रीय कानून मंत्री ने लिया हिस्सा, लोक अदालत में 1 हजार मामलों का निस्तारण**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर 29 जुलाई से सुप्रीम कोर्ट में आयोजित विशेष लोक अदालत का शनिवार को समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस विशेष लोक अदालत में करीब एक हजार मामले निपटाए गए।समारोह में मेघवाल ने कहा कि चीफ जस्टिस ने उन्हें जानकारी दी कि सुप्रीम कोर्ट में आयोजित इस लोक अदालत में लगभग एक हजार मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस देश में पहली लोक अदालत भगवान कृष्ण ने लगाई थी। भगवान कृष्ण के प्रस्ताव को दुर्योधन ने नहीं माना तो समस्या हुई।इस मौके पर चीफ जस्टिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भले दिल्ली में हो लेकिन यह पूरे देश का है और मेरी कोशिश रही है कि रजिस्ट्री में देशभर के अधिकारी शामिल रहें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के मामलों के निपटारे के लिए हमने पैनल में दो जज और दो बार के सदस्यों को रखा। इसका मकसद यह था कि वकीलों का भी उचित प्रतिनिधित्व रहे। इस कार्यवाही में जजों और वकीलों को एक-दूसरे से समझने का मौका मिला।चीफ जस्टिस ने कहा कि कई बार मुझसे पूछा जाता है कि सुप्रीम कोर्ट छोटे केस को भी इतनी अहमियत क्यों दे रहा है। इसका जवाब है कि डॉक्टर अंबेडकर जैसे संविधान निर्माताओं ने संविधान में अनुच्छेद 136 का प्रावधान किया, जिससे किसी के साथ अन्याय न होने पाए। उन्होंने कहा सुप्रीम कोर्ट की स्थापना का मकसद था कि वो जनता तक न्याय सुलभ हो सके। इसका मकसद यह नहीं था कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट की तर्ज पर 180 संवैधानिक मामलों का ही निपटारा करें बल्कि इसका मकसद लोगों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना और न्याय सबके द्वार पर है।चीफ जस्टिस ने कहा कि लोक अदालत का मकसद है कि लोगों को इस बात का आभास हो कि जज भी उनकी जिन्दगी से जुड़े हैं। हम भले ही न्यायपालिका के शीर्ष पर हों फिर भी हम लोगों की जिंदगी से जुड़े हैं।

# यूपी को केंद्र से मिला सड़कों का तोहफा

▸ सीएम योगी ने जताया पीएम मोदी का आभार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए छह लेन के आगरा ग्वालियर नेशनल हाई स्पीड कॉरिडोर, फोर लेन अयोध्या रिंग रोड और छह लेन कानपुर रिंग रोड के मंजूरी प्रदान किये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट किया ''आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट ने देश के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूत करने की दिशा में 50,655 करोड़ रुपये लागत की 8 राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा 'इस कड़ी में उत्तर प्रदेश के लिए 6-लेन के आगरा-ग्वालियर नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर, 4-लेन अयोध्या रिंग रोड और 6-लेन कानपुर रिंग रोड की मिली मंजूरी प्रदेश के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। ये परियोजनाएं यात्रा को सुगम तो बनाएंगी ही, इनसे उद्योग, व्यापार व पर्यटन को भी व्यापक बढ़ावा मिलेगा, ग्रामीण-शहरी संपर्क और मजबूत होगा। इनसे हजारों-लाखों रोजगार के नए अवसर सृजित होने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा ''क्रांतिकारी परिवर्तन लाने जा रहीं ये परियोजनाएं अयोध्या धाम के विकास के साथ-साथ प्रदेश को आध्यात्मिक और आर्थिक विकास का केंद्र बनाने में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। श्रावण के पवित्र माह में प्रदेश को मिले इन उपहारों के लिए आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।श्श् गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में अयोध्या और कानपुर में रिंग रोड के निर्माण सहित कुल 50,655 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास की आठ महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रस्ताव को शुक्रवार को स्वीकृति प्रदान की।

# 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा : सीएम

▸ राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान का बोध कराने का पर्व है काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस साल 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। साथ प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर उच्च स्तरीय बैठक में इन दोनों आयोजनों की तैयारियों के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, अन्य कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री



ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस शताब्दी महोत्सव की शुरुआत आगामी 9 अगस्त से होगी। प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, किशोरों, युवाओं का सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों से केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें। पर्यटन व संस्कृति विभाग इस आयोजन का नोडल विभाग है। विभाग अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आयोजनों की तैयारी करे। युवक व महिला मंगल दल, स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों को भी काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव व हर घर तिरंगा कार्यक्रमों से जोड़ा जाए।

**प्लास्टिक के झंडों का उपयोग कतई न किया जाए**

मुख्यमंत्री जी ने कहा विगत वर्षों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक झंडे फहराने का रिकॉर्ड बनाया। उसी प्रकार इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त के मध्य पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाए। हर घर तिरंगा अभियान के लिए संबंधित विभागों द्वारा झंडों की आपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को झंडे खरीदने के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए तथा विभिन्न माध्यमों का उपयोग करते हुए झंडे को फहराने की सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। प्लास्टिक के झंडों का उपयोग कतई न किया जाए। हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की फोटो, वीडियो, सेल्फी पोर्टल पर अपलोड भी किया जाए।

# यूपी सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई उचित

▸ अयोध्या गैंगरेप मामले में की गई कार्रवाई पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नाबालिग बच्ची से गैंगरेप मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी बुलडोजर की कार्रवाई की गई। सरकार के इस फैसले पर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मायावती ने योगी सरकार द्वारा की गई कार्रवाई को उचित बताया है। बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा, यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिये, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं। एक अन्य पोस्ट में मायावती ने कहा, साथ ही, यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी खासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिन्ताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख्त कदम उठाए तो बेहतर। अयोध्या में नाबालिग बच्ची से गैंगरेप मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। आरोपी सपा नेता मोईद खान की बेकरी बुलडोजर की कार्रवाई की जा रही है। भारी पुलिस फोर्स बुलडोजर के साथ बेकरी पर पहुंची है।

# सच्चाई का पता लगाकर करें कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो



**अयोध्या।** अयोध्या में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में सियासी तेज हो चली है। दो दिन पहले विधानसभा में सीएम योगी ने अयोध्या रेप केस के आरोपी मोइन खान को सपा सांसद की टीम का सदस्य बताया तो अयोध्या सांसद अवधेश सिंह ने भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, सच्चाई का पता लगाकर दोषियों पर कार्रवाई करें। साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव की टीएनए टेस्ट वाली मांग को दोहराया। नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान पर अयोध्या सांसद अवेधश सिंह ने कहा, जहां तक इस घटना का सवाल है, यह बहुत ही दर्दनाक और शर्मनाक है।

इस घटना में शामिल सभी लोगों की जांच होनी चाहिए, सच्चाई का पता लगाया जाना चाहिए और जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए...और जहां तक पीड़िता का सवाल है, हमारी पार्टी पूरी तरह से पीड़िता के साथ खड़ी है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय जनता पार्टी इस पर राजनीति कर रही है। मैं ऐसे लोगों से विनम्र निवेदन करता हूं कि यह राजनीति का समय नहीं है...निर्दोषों को फंसाया नहीं जाना चाहिए और डीएनए टेस्ट कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पीड़िता की आर्थिक मदद भी की जानी चाहिए। मैंने कभी किसी ऐसे व्यक्ति को अपने पास नहीं आने दिया जिसका अपराध से थोड़ा भी संबंध हो। मैंने उनसे कभी किसी तरह की मदद नहीं ली। जहां तक आरोपी के साथ फोटो की बात है, लाखों लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं, सेल्फी लेते हैं...भाजपा को इस तरह की राजनीति नहीं करनी चाहिए।

अयोध्या रेप केस में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी अखिलेश यादव को घेरा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, सपा का मतलब सुशासन और विकास नहीं, गुंडागर्दी करना और अपराधियों को संरक्षण देना है। भाजपा का संगठन और सरकार दोनों मज़बूत और अभेद हैं। कांग्रेस के मोहरा सपा बहादुर श्री अखिलेश यादव मुंगेरीलाल के सपने देखो, परंतु यह हक़ीक़त में कभी नहीं बदलेंगे। 2027 में 2017 दोहरायेंगे, कमल खिलायेंगे।

# बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। साथ ही समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता दिन में करीब 11 बजे गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय पहुंचे।

यहां गेट पर इकट्ठा होने के बाद कांग्रेसियों ने नारेबाजी की। कांग्रेस का यह प्रदर्शन बिजली कटौती के विरोध में था। इस प्रदर्शन में प्रदेश और जिले के कई नेता, पूर्व विधायक भी शामिल रहे।

# भाजपा सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी, लखनऊ सपा कार्यालय पर लगा विवादित पोस्टर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक विवादित पोस्टर लगाया गया है। इस विवादित पोस्टर में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी जातिवादी पार्टी बताया गया है। सपा नेता प्रवेश रावत द्वारा लगाए गए इस पोस्टर में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और सीएम योगी आदित्यनाथ का भी नाम लिखा गया है।

होर्डिंग में लिखा गया कि गोमती नगर घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने सिर्फ 2 वर्गों का उल्लेख लिया। गोमती नगर घटना में जबकि कई जाति वर्ग के 16 लोग शामिल थे। बीजेपी जानबूझकर इस मुद्दे पर राजनीतिक समीकरण तैयार कर रही है पोस्ट लगने के बाद सियासत तेज हो गई है। इस विवादित पोस्ट को लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है और इसे राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ बताया है। वहीं सपा ने भी इसे अपनी विचारधारा की अभिव्यक्ति कहा है।




इससे पहले भी समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पोस्टर लगे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद समाजवादी पार्टी ने शपथ ग्रहण से एक दिन पहले सभी सांसदों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक की ठीक पहले सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव की तस्वीर और 'सबके श्री अखिलेश, अयोध्या के अवधेश' के नारे के साथ पोस्टर लगाए गए थे।

# कुशीनगर के किसानों को भाई हेल्दी हल्दी की खेती

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कुशीनगर के किसानों को हेल्दी हल्दी की खेती रास आने लगी है। योगी सरकार की किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता देखते हुए देश की नामचीन संस्थाएं मसलन टाटा ट्रस्ट और अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन भी किसानों के बीच खेतीबाड़ी के क्षेत्र में पूर्वांचल में काम करने वाली सस्टेनेबल ह्यूमन डेवलपमेंट एसोसिएशन (एसएचडीए) के जरिए किसानों की मदद कर रहीं हैं।

इन सबकी मदद से हाल के कुछ वर्षों में हल्दी की खेती के रकबे में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। साथ ही विभिन्न प्रजातियों के ट्रायल के बाद सबसे बेहतर उपज वाली प्रजातियों को प्रोत्साहित करने की वजह से हल्दी के प्रति हेक्टेयर उपज और गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। हल्दी के प्रोत्साहन के लिए सबसे बड़ी चुनौती अधिक उपज देने वाली प्रजाति की थी। परंपरागत रूप से किसान जिस स्थानीय प्रजाति की बोआई करते थे, उसकी प्रति हेक्टेयर उपज मात्र 175 कुंतल थी। एसएचडीए ने इसके लिए किसानों के सहयोग से राजेंद्र सोनिया, राजेंद्र सोनाली, मेवा नंबर1 और लैकडांग आदि प्रजातियों का डेमो किया। इसमें प्रति हेक्टेयर सर्वाधिक 450 कुंतल उपज राजेंद्र सोनिया की मिली। अब हल्दी की इसी प्रजाति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

2023 में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की मदद से किसानों को हल्दी की खेती के साथ अन्य मसालों धनिया, जीरा, सौंफ, मंगरैल और अजवाइन की खेती के लिए भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मसालों की खेती के इस विविधिकरण (डाईवर्फिकेशन) में अजमेर स्थित राष्ट्रीय बीजीय अनुसंधान केंद्र भी मदद कर रहा है।

# जिन पर आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ का रास्ता निकाला जाएः अखिलेश यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने का अयोध्या गैंगरेप मामले में पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफका रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे कानून के हिसाब से पूरी सजा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख्शा जाए। यही न्याय की मांग है। आप को बता दें कि अयोध्या पुलिस ने 30 जुलाई को जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा नगर में बेकरी संचालित करने वाले मुईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को दुष्कर्म



के मामले में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मुईद और राजू खान ने दो महीने पहले नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया। यह घटना तब प्रकाश में आई जब हाल ही में मेडिकल जांच में पीड़िता के गर्भवती होने का पता चला। यह दावा किया जाने के बाद कि मुईद खान सपा का सदस्य है, मामले ने राजनीतिक रंग ले लिया है। बृहस्पतिवार को विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का जिक्र किया और सपा पर निशाना साधा। योगी ने कहा, ''यह अयोध्या का मामला है। मुईद खान सपा से है और अयोध्या सांसद की टीम का सदस्य है। वह 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में संलिप्त पाया गया है। सपा ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पीड़ित बच्ची की मां से मिलने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्ची के स्वास्थ्य और उसकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंधन किए जाएं। योगी ने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल को अयोध्या जिला महिला चिकित्सालय में दुष्कर्म पीड़िता से मुलाकात करने का निर्देश भी दिया। बयान में कहा गया कि अयोध्या पहुंचीं आयोग की सदस्य ने पीड़िता का हाल-चाल जाना तथा उसके परिजनों से विशेष मुलाकात करते हुए उनको न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 12 वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी की यह घटना निंदनीय है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि लखनऊ में दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मां से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुछ ही घंटों के अंदर कार्रवाई शुरू हो गई है। बयान के मुताबिक, सबसे पहले इस मामले में थाना प्रभारी पूराकलंदर रतन शर्मा व भदरसा चौकी प्रभारी अखिलेश गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है।

# अब तक 205 रोजगार मेलों के माध्यम से 64,589 उम्मीदवारों का हुआ चयन

▸ यूपी के 21.60 लाख युवाओं को पीएमकेवीवाई के तहत मिला प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** युवाओं का कौशल निखारकर उनकी योग्यतानुसार उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) की शुरुआत की थी। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत 9 वर्षों में अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिसमें से करीब 17 लाख युवाओं ने अपना सर्टिफिकेशन भी प्राप्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत देश में अब तक 1.50 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत तीन माह, 6 माह और एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन होता है। कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र पूरे देश में मान्य होता है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी इसका एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 21.60 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 16.87 लाख को प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब तक 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं, जिनमें 64,589 उम्मीदवारों का चयन सुनिश्चित हुआ है। प्रदेश में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कुल 179.91 करोड़ रुपए की धनराशि वितरित की जा चुकी है।

# महज सात मिनट में जच्चा-बच्चा तक पहुंच रही 102 एंबुलेंस सेवा

▸ मातृ-शिशु मृत्यु अनुपात कम करने में वरदान है योगी की 102 एंबुलेंस सेवा, देशभर में रिस्पांस टाइम में भी अव्वल

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** योगी सरकार की 102 एंबुलेंस सेवा (मदर एंड चाइल्ड सर्विसेस) गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। पहले गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा न मिलने से जच्चा और बच्चा दोनों की जान को खतरा रहता था। ऐसे में योगी सरकार ने 102 एंबुलेंस सेवा का सुदृढ़ीकरण कर मातृ शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने में बड़ी भूमिका निभायी है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि वर्तमान में 102 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम घटकर 7 मिनट रह गया है। इसका मतलब ये है कि आपात स्थिति में जच्चा-बच्चा तक मात्र सात मिनट में चिकित्सीय सुविधा प्राप्त हो रही है। इसी तरह रिस्पांस टाइम में उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर एक पर है जबकि सबसे खराब रिस्पांस टाइम झारखंड का है।

प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने मातृ-शिशु मृत्यु अनुपात को कम करने के लिए बड़े कदम उठाये। इसके लिए जहां प्रदेश के शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों को सुदृढ़ किया गया, वहीं 102 एंबुलेंस सेवा के रिस्पांस टाइम को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाये गये।

# रॉबर्ट्सगंज में बनेगा पर्यटन भवन, मड़फा किले का होगा विकास

▸ रॉबर्ट्सगंज में 2.54 करोड़ व चित्रकूट में 76 लाख से कार्यों को किया जाएगा पूरा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यूपीपीसीएल ने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों परियोजनाओं के लिए आवेदन मांगे हैं। रॉबर्ट्सगंज में नए पर्यटन भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपए की लागत से 18 महीनों में जबकि चित्रकूट के मड़फा किले में होने वाले विकास कार्यों को 76 लाख रुपए की लागत से 6 महीने में पूरा किया जाएगा।



इन दोनों कार्यों को पूरा करने के लिए विदेशों में काम करने का अनुभव रखने वाली एजेंसियों को वरीयता दी जाएगी। नए पर्यटन भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के साथ ही भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म के हब के तौर पर विकसित करने के लिए पर्यटन विकास की तमाम प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसी को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनानी होगी जिस पर मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम से लैस होगी नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन

▸ नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) ने शुरू की प्रक्रिया, 11.27 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना को किया जाएगा पूरा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने नोएडा में मेट्रो एक्व लाइन को एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम (पीआईडीएस) से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पहले से स्थापित इनफॉर्मेशनल डिस्प्ले सिस्टम को रिप्लेस किया जाएगा तथा इनकी जगह नए सिस्टम को इंस्टॉल किया जाएगा। वहीं, सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर में नए इंस्टॉलेशन व अपडेशन समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के 21 मेट्रो स्टेशंस को पीआईडीएस युक्त किया जाएगा। प्रक्रिया में कुल 88 पीआईडीएस सिस्टम इंस्टॉल होंगे जो कि मेट्रो रेलवे प्लैटफॉर्म्स की दोनों तरफ लगाए जाएंगे। वहीं, प्रत्येक स्टेशन के कॉन्कोर्स में कुल 42 पीआईडीएस इंस्टॉल किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में 11.27 करोड़ रुपए का खर्च होगा तथा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एनएमआरसी ने एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि एनएमआरसी मेट्रो रेल कॉरिडोर (एक्वा लाइन) 29.7 किलोमीटर लंबी है और इसे नोएडा ग्रेटर नोएडा मेट्रो रेल कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है। एक्वा लाइन के अंतर्गत कुल 21 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं जो नोएडा सेक्टर 51 से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा में डिपो स्टेशन पर समाप्त होते हैं। इसके अलावा, मेट्रो डिपो/ओसीसी ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में डिपो स्टेशन से आगे स्थित है।

## संक्षिप्त खबरें

### आउटर रिंग रोड पर ट्रक में लगी आग



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में किसान पथ आउटर रिंग रोड पर आलू लदा बेकाबू ट्रक पलट गया, जिससे भीषण आग लग गई। ड्राइवर ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। दुर्घटना सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के पिपरसंड के पास शनिवार सुबह की है। जानकारी के मुताबिक ट्रक ड्राइवर विनोद ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड सरोजनी नगर को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने अपने टीम के साथ पहुंचे तो देखा कि वहां पर एक ट्रक में भीषण तरीके से आग लगी है। कुछ देर बाद टीम ने आग पर काबू पा लिया। सुमित प्रताप सिंह ने कहा कि आग बुझाने में 20 मिनट लगे। वहीं, मौके पर पहुंचे सरोजनी नगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि ड्राइवर पूरी तरह से सुरक्षित है, उसको कोई चोट नहीं आई है। ट्रक पर आलू लदा हुआ था।

### रेप आरोपी को 20 साल की सजा

**लखनऊ।** लखनऊ में 4 साल की बच्ची के साथ उसके रिश्ते के चाचा ने ही रेप किया था। इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की गई। लखनऊ कोर्ट ने आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा के साथ ही 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी रुपक जैन उर्फ काजू को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विजेंद्र त्रिपाठी ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी रिश्ते में बच्ची का चाचा लगता है। इस संबंध मे पीड़िता की मां ने थाना पारा मे एफआईआर दर्ज कराई थी। बताया था कि 13 जुलाई 2022 को उनकी बच्ची अपने भाई के साथ घर के बाहर खेल रही थी। खेलने के बाद जब वो घर आई तो रोने लगी। तभी वहां गाड़ी की चाबी लेने के बहाने से घर आए आरोपी ने उसकी बच्ची को चुप कराने के बहाने उसके साथ गलत काम किया।

### थाने से घूसखोर दरोगा गिरफ्तार



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के माल थाने में तैनात दरोगा को एंटी करप्शन की टीम ने घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। दरोगा अमीन खान मुकदमे से नाम हटाने के लिए 30 हजार मांग रहा था। इसकी शिकायत पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से कर दी। पैसा देने के लिए शनिवार का दिन करार हुआ। दरोगा पीड़ित से पैसा ले ही रहा था कि विजलेंस की टीम पहुंच गई। उसे रंगे हाथ घूस लेते थाने के भीतर से गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल दरोगा आमीन खान के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### जुआं खेलने से मना करने पर कट्टा ताना

**लखनऊ।** मदेयगंज इलाके में जुआं खेलने से मना करने पर कनपटी पर कट्टा तान दिया। जिस युवक पर कट्टा ताना गया था वह गाड़ी बनाता है। दुकान के बगल में कुछ लोग जुआं खेल रहे थे। दुकान में कुछ ग्राहक आए। बैठने के लिए कुर्सी मांगी। तब गाली-गलौज होने लगा। फिर अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट करने लगे। बाद में सभी फरार हो गए। शानू कर्बला वाली मस्जिद मदेयगंज के रहने वाले हैं। इनकी दुकान दुर्गा मंदिर और अवध स्कूल के बीच में है। गुरुवार को शानू बाइक रिपेयरिंग कर रहा था। दुकान के बगल में शहरुख अपने साथियों के साथ लूडो खेल रहा था। आरोपी इसमें पैसा भी लगा रहे थे। शहरुख और उसके साथी बैठने के लिए शानू के दुकान से कुर्सी लिए थे। दुकान पर आया ग्राहक खड़ा था उसने कुर्सी खाली करने के लिए कहा। इस पर सभी आरोपी गुस्सा गए। उसके साथ गली-गलौज करने लगे। रात 9 बजे शहरुख अपने अन्य साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा। पहले धमकी दी फिर मारपीट करने लगा। इतने में एक लड़का कट्टा निकाला और उसकी कनपटी तान दी। कहा- गोली मार दूंगा। मेरा पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती है। बवाल होता देख आसपास के दुकानदार भी पहुंचे। इतने में सभी आरोपी भाग निकले। पीड़ित थाने पहुंचा तो महिला इंस्पेक्टर ने कार्रवाई करने से मना कर दिया। बाद में एप्लीकेशन लिखकर देने की बात कही गई। फिर थाने पर बैठा लिया गया। पीड़ित घबराकर भाग गया। कुछ देर बाद फिर वह थाना जाकर शिकायत दर्ज कराई है।

### बसंतकुंज वालों का आरोप मंत्री ने नहीं सुनी बात

**लखनऊ।** हमें नहीं लगता है कि मंत्री जी हमारी सुनवाई करेंगे हम लोग बाहर खड़े रहे और कार्यक्रम हॉल में मंत्री जी भाषण देते रहे गेट पर हमको रोक लिया गया हमारी बात नहीं सुनी गई हम लोगों को हॉल के अंदर से बाहर कर दिया गया और मंत्री जी से मिलने नहीं दिया गयाष् यह कहना था अकबरनगर से वसंत कुंज में विस्थापित होने वाली महिला शाहाना का जो कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिलने चारबाग स्थित रविंद्रालय पहुंची थी। लखनऊ के चारबाग स्थित रविंद्रालय में अल्पसंख्यक महापंचायत का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें पूरे प्रदेश से गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के शिक्षक , मस्जिद के इमाम, दरगाह के सज्जादा नशीन और मुस्लिम समुदाय के अन्य लोग शामिल हुए । इसकी जानकारी जब अकबरनगर से विस्थापित होकर बसंत कुंज में रहने वाले लोगों को मिली तो वह अपनी समस्याओं को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मिलने पहुंचे जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं , छोटे बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। मंत्री से मिलने पहुंची सीबा ने बताया कि 16 दिन पहले उनके पति की मौत हो गई दो महीने की बच्ची है और उनके आगे पीछे कोई नहीं है अब ऐसे में बहुत मुश्किल हो गया है जीवन यापन कर पाना इसीलिए हम लोग मदद हासिल करने के लिए मंत्री ओम प्रकाश राजभर से मिलने आए थे अंदर मंत्री जी 1 घंटे से ज्यादा मुसलमानों के मुद्दों को लेकर बोलते रहे मगर हम लोगों से मुलाकात नहीं किया बाहर जब गेट पर हमने उन्हें जबरदस्ती रोक लिया तो भी हमारी ठीक से बात नहीं सुनी और यह कहते हुए चले गए कि सब मांगे पूरी होगी और मांगे सुना भी नहीं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिलने पहुंचे लगभग 60 परिवार वालों ने कहा कि हमारी यह मांग है कि बसंत कुंज में जो हमें मकान मिला है उसका 5 लख रुपए देना है हम यह चाहते हैं कि यह माफकर दिया जाए।हम लोग अकबरनगर से विस्थापित होकर बसंत कुंज गए हैं हमारे पास न नौकरी है और ना ही कोई रोजगार जो हम लोगों का अकबरनगर में दुकान या अन्य कारोबार था वह सब खत्म हो गया है मगर किसी ने हमारी सुनवाई नहीं किया मंत्री जी कार्यक्रम से निकले और बिना मिले ही चले गए। अल्पसंख्यक महापंचायत में मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिलने पहुंचे अकबरनगर से वसंत कुंज विस्थापित हुए लोगों ने कहा कि रोजगार न होने के कारण अब तक 18 लोगों की जान जा चुकी है उन्होंने कहा कि अकबरनगर के टूटने से लेकर और हमारे बसंत कुंज के विस्थापित होने तक अल्पसंख्यक मंत्री ने या किसी भी मुस्लिम समुदाय के मौलाना या नेता ने हमारा साथ नहीं दिया उन्होंने कहा कि आज भी जब हम यहां मिलने आए तो मंत्री जी ने अंदर भाषण दिया और बाहर हमसे मुलाकात तक नहीं किया।

### मानसून की दो बारिश भी नहीं झेल पाया मोहनलालगंज स्वास्थ्य केंद्र

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में करोड़ों की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रोगी प्रतीक्षालय की छत टपकने लगी है। अभी कुछ महीने पहले ही उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने केंद्र को 24 घंटे खुला रहने का आदेश दिया था। लेकिन रोगी प्रतीक्षालय में पानी भरने से मरीजों को दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है। मोहनलालगंज सीएचसी में गंदगी फैली है। इतने बड़े सीएचसी में साफसफाई शून्य के बराबर है। ये वही सीएचसी है जिसे हाल ही में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मरीजों के लिए 24 घंटे ऑन-साइट पैथोलॉजिकल सेवाएं और पैरा-मेडिकल स्टाफकी सौगात दी थी।

# होटल में कपल फंदे से लटके मिले, एक दिन पहले बुक किया था कमरा

▸▸ पुलिस ने तोड़ा दरवाजा

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** लखनऊ के एक होटल में कपल फंदे से लटके मिले। घटना नाका इलाके में स्थित राजवीर होटल की है। बताया जाता है कि दोनों शुक्रवार को यहां आए थे। एक दिन के लिए रूम बुक किया था।

सुबह चेक आउट के लिए कर्मचारी ने दरवाजा खटखटाया लेकिन नहीं खुला। कुछ देर बाद मैनेजर ने भी दरवाजा खटखटाया, रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। देखा तो दोनों फंदे से लटके हुए थे।

मृतकों की पहचान महबूब आलम और जेबा अंसारी के रुप में हुई है। दोनों करेली (प्रयागराज) के रहने वाले हैं। पति-पत्नी होटल राजवीर के कमरा नंबर- 302 में रुके थे। मौके पर एडीसीपी सेंट्रल और पुलिस अधिकारी मौजूद हैं। मौत की असल वजह का पता नहीं चल पाया है। नाका इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी का कहना है कि मौके पर हैं। जांच की जा रही है। चर्चा यह भी है कि कपल आर्थिक तंगी से परेशान था। पुलिस ने बताया कि जिस होटल में घटना घटी वो होटल राजवीर सोनी का है। राजवीर होटल के कारोबारी हैं। उन्होंने फरवरी 2024 से इस होटल को जीशान अहमद और आकांशु को लीज पर दे रखा है। यही इस होटल की देखरेख करते हैं।

**पूछताछ के बाद मामला साफ हो सकेगा**

एडीसीपी सेंट्रल मनीषा सिंह ने बताया कि पुलिस को दिन में 2 बजे के करीब सूचना मिली कि होटल में कपल ने सुसाइड कर लिया है। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है। सुसाइड के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। घर वालों से बात हुई है। उनसे पूछताछ के बाद ही मामला साफ हो पाएगा।

**एक महीने में तीसरी घटना, 5 की जान गई:** 1 जुलाई के बाद लखनऊ के नाका इलाके के होटल में सुसाइड की ये तीसरी घटना है। 1 जुलाई को लखनऊ घूमने आए कपल ने मिनी महल होटल में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया था। इसके बाद 17 जुलाई को नाका के होटल शिवगंगा में युवक ने फांसी लगाकर जान दिया था। अब प्रयागराज से लखनऊ आए दंपत्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### एसएस शिवशंकर के श्री राम पर दिए बयान से संत समाज नाराज,

**लखनऊ।** तमिलनाडु के मंत्री एसएस शिवशंकर के भगवान राम पर दिए विवादित बयान पर संत समाज ने नाराजगी जाहिर की है। पातालपुरी पीठाधीश्वर के अध्यक्ष महंत बालक दास ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, इन मंत्री संत्री को न इतिहास का पता है और न भूगोल का। इन लोगों को धार्मिक ज्ञान भी नहीं है। ये लोग हर बयान अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के मकसद से देते हैं। जो मुंह में आता है, वो बोल देते हैं। इन लोगों की मूर्खता अपने चरम पर पहुंच चुकी है। ऐसे लोगों को भगवान सदबुद्धि दें। इन लोगों का पार्टी में रहना भी उचित नहीं है। ये लोग मंत्री बने बैठे हैं, लेकिन इन लोगों को राम जी के इतिहास के बारे में कुछ भी नहीं पता है। उन्होंने आगे कहा, अगर पता होता तो ये लोग इस तरह का बयान ही नहीं देते हैं। राम जी के संबंध में इतने सारे शास्त्र हैं, क्या इन लोगों को कभी इनके बारे में पढ़ा है। मुझे लगता है कि भगवान इन लोगों को दंड देंगे ही, लेकिन सरकार को भी ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर इन लोगों में हिम्मत है, तो जरा मुस्लिम और मौलवी के बारे में बोलकर दिखाएं, ये लोग नहीं बोलेंगे।

# बुलडोजर के सामने आईं महिलाएं, अधिकारी लौटे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अहिमामऊ इलाके में शनिवार को अचानक आवास विकास की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। यहां 150 मकानों पर नोटिस चिपकाई गई है। जमीन को कब्जे में लेने के लिए टीम के पहुंचते ही महिलाएं बुलडोजर के सामने आ गईं। इलाके के लोग इकट्ठा हो गए।

आवास विकास और पुलिस खिलाफ नारेबाजी होने लगी। कई महिलाओं के हाथ में सीएम योगी आदित्यनाथ की फोटो थी। इसके नीचे कैप्शन लिखा था, योगी जी मदद करिए। डेढ़ घंटे तक विरोध के बाद टीम को उल्टे पैर लौटना पड़ा। हालांकि इंजीनियरों ने 7 दिन बाद फिर से कार्रवाई करने की बात कही है। स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिंह का कहना है कि यहां रहते लगभग 4 साल से अधिक हो गए। सबके मकान की रजिस्ट्री है। मौके पर आए इंजीनियरों से बात की गई तो वो कोई कागज नहीं दिखा पाए। जब महिलाएं बुलडोजर के सामने आई तो उनको हटाने के लिए सामने आई पुलिस से भी वह उलझ गई। इलाके के 300 लोग आवास विकास और पुलिस प्रशासन पर भारी पड़े। लोगों ने इस स्तर पर विरोध किया कि आवास विकास की टीम के पास पीछे हटने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। यहां निजी प्रापर्टी डीलर आलोक यादव ने प्लाटिंग कर जमीन बेची है। वैसे तो यह सोसाइटी रेरा और बाकी मानक के खिलाफ है, लेकिन लोगों के पास जमीन के पूरे पेपर हैं।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान चार से,भारतीय स्वदेशी उद्योग व्यापार मंडल ने लिया संकल्प

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय चेतना सेवा समिति एवं भारतीय स्वदेशी उद्योग व्यापार मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से एक पेड़ मां के नाम के अभियान की शुरुआत चार अगस्त कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक, संजीव पोरवाल, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय चेतना सेवा समिति एवं भारतीय स्वदेशी उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय चेतना सेवा समिति एवं भारतीय स्वदेशी उद्योग व्यापार मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से धरती मां को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं इस अभियान की शुरुआत करेंगे।

इसकी शुरुआत प्रदेश में फिरोजाबाद से किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम का संयोजक संजीव पोरवाल को बनाया गया है।

# एनसीसी कैडेटों ने महत्वपूर्ण चिकित्सा कौशल हासिल किया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स एनसीसी बटालियन, लखनऊ के अट्ठाईस राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों ने 03 अगस्त 2024 का लखनऊ में कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान हॉस्पिटल, मध्य कमान में गहन 12-दिवसीय हॉस्पिटल अटैचमेंट कैंप पूरा किया। व्यावहारिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान करने और सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किए गए शिविर ने कैडेटों को एक सैन्य अस्पताल की आंतरिक कार्यप्रणाली का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। पूरे शिविर के दौरान, कैडेटों ने अमूल्य ज्ञान और व्यावहारिक कौशल हासिल करते हुए खुद को कई प्रकार की चिकित्सा गतिविधियों में शामिल कर लिया। कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर और आपदा प्रबंधन को कवर करने वाले चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र, ट्राइएज और निकासी प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करना शामिल हैं ।

# लखनऊ में अवैध रो-हाउस सील

▸▸ बिना नक्शा पास कराए निर्माण, आशियाना और गोमती नगर में चला अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** अवैध निर्माण के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की।

अवैध निर्माण के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अभियान चलाया। प्रवर्तन टीम ने गोमती नगर विस्तार व आशियाना क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रो-हाउस भवनों व एक निर्माणाधीन व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को सील किया गया।

जोन-1 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि विपिन गर्ग व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के छोटा भरवारा में लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर अवैध रूप से रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किए गए थे।

जेई उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव व एसके दीक्षित द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से भवनों को सील कर दिया गया।

200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स बनाया

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजय अहूजा, गौतम अहूजा व अन्य द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर-आई में भूखंड पर लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था।

प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे इस निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश दिए गए थे। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व एसके सिंह द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया गया।

# अयोध्या में खड़ी अधिकारी की कार, लखनऊ में चालान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** अयोध्या मंडल के महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक ने उनकी कार की नंबर प्लेट बदलकर गाड़ी से घूमने वाले अज्ञात के खिलाफ बिजनौर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्हें घटना की जानकारी मोबाइल पर चालान कटने का मैसेज मिलने के बाद हुई। बिजनौर में ओमेक्स सिटी में सर्वेश पांडेय रहते हैं।

वह अयोध्या में महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक पद पर कार्यरत हैं। सर्वेश पांडेय के मुताबिक उनकी कार मां उर्मिला के नाम पर रजिस्टर्ड है। 26 जुलाई और 29 जुलाई को उनके मोबाइल पर कार के दो चालान का मैसेज आया था। यह देखकर वह हतप्रभ रह गए। उनके मुताबिक 26 जुलाई को उनकी कार अयोध्या में थी। इस बात का प्रमाण लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पड़ने वाले टोल प्लाजा के ब्ब्ज्ट कैमरे हैं। कैमरों में उनकी कार भी कैद हुई है, जबकि 29 को कार उनके घर में खड़ी थी। पीड़ित ने बताया कि चालान में जिस कार की फोटो भेजी गई उस पर एडवोकेट लिखा हुआ था। उस पर फास्ट टैग लगा हुआ था। साथ ही उस कार की फॉग लाइट का आकार लंबा था, जबकि उनकी गाड़ी की फॉग लाइट का आकार गोल है। इंस्पेक्टर बिजनौर के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# अफ्रीकन मर्द से संबंध बनाने को पति ने डाला दबाव

**पत्नी का आरोप पति अश्लील फिल्में दिखाकर करता था अप्राकृतिक दुष्कर्म**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी के नाका क्षेत्र निवासी महिला ने पति पर चीन ले जाकर अश्लील फिल्में दिखाकर अफ्रीकन युवक से संबंध बनाने के लिये दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता चीन स्थित भारतीय दूतावास की मदद से लखनऊ लौटी और रिपोर्ट दर्ज कराई। नाका क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2015 में उसकी शादी गणेश गंज निवासी युवक से हुई थी जो चीन में नौकरी करता है।

शादी के बाद ससुरालवाले दहेज में कार की मांग करने लगे। मजबूरन मायके वालों ने 15 लाख रुपये दिये। इसके बाद पति अकेले ही चीन चला गया। काफी कहने पर एक माह बाद पति ने उसे चीन बुलाया। वहां पति रोज शराब पीकर मारपीट करने लगा। पति उसकी जरूरतों के लिये रुपये नहीं देता था। इस कारण महिला भी नौकरी करने लगी लेकिन पति उसका वेतन भी छीन कर खर्च कर देता था। कोरोना काल में लखनऊ आते समय पति ने उसका वीजा, जहाज की टिकट और दो लाख रुपये छीन लिये। ससुराल पहुंची तो सास, ननद व ननदोई प्रताड़ित करने लगे। 11 सितंबर 2022 को पीड़िता चीन जाने लगी तो करीब ढाई लाख रुपये पति ने जबरन छीन लिये। विरोध करने पर जमकर मारपीट की।

पीड़िता के मुताबिक, उसके पीछे से पति भी चीन पहुंचा। रोजाना जबरन उसे अश्लील फिल्में दिखाकर अप्राकृतिक संबंध बनाता। इस कृत्य के वीडियो बनाकर अपने दोस्तों को दिखाता। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने पत्नी से अफ्रीकन युवक से संबंध बनाने के लिये दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर गला दबाकर मारने की कोशिश की। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो पीड़िता के परिजन के पास भेज दिये। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया पति समेत अन्य के खिलाफ प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। महिला का कहना है कि जान से मारने के प्रयास की शिकायत चीन पुलिस से की, तो पुलिस ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। इसके कुछ दिन बाद पति उसके 10 लाख के गहने चुरा कर भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने पति की तलाश कर गहने वापस दिलाये। पीड़िता ने बच्ची के साथ लखनऊ आकर पति की थाने में शिकायत की तो हाथ-पैर जोड़ कर माफी मांगते हुये पुलिस के सामने सुलह कर ली। महिला का कहना है 4 मार्च 2024 को दोबारा पति के साथ दोबारा चीन पहुंची। जहां रोजाना गाली गलौज कर जान से मारने का प्रयास करने लगा। जान पर खतरा देख पीड़िता ने चीन स्थित भारतीय दूतावास में पति के अत्याचारों की शिकायत की। जहां अफसरों ने बताया कि भारत पहुंचकर स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराएं। अफसरों के कहे मुताबिक वह लखनऊ स्थित घर लौट आई। इसके साथ ही पति व ससुरालवालों के खिलाफ मामला दर्ज कराने की तैयारी करने लगी। पीड़ित महिला के मुताबिक, पति को इसकी भनक लगी तो उसके कई अश्लील वीडियो दिखाते हुये वायरल कर बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला ने घर में खोजबीन की तो उसके कमरे में गुप्त कैमरा लगा मिला। 6 मई 2024 को वह चीन भाग गया। अब वह उसे व परिजनों को जान से मरवाने की धमकी दे रहा है।

# ट्रांसफर अधिकारी का सम्मान किया गया

▸▸ मोहनलालगंज से राधा रमण सिंह का हुआ ट्रांसफर, पुलिसकर्मियों ने दी सम्मान सहित विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के मोहनलालगंज सर्किल के सहायक पुलिस आयुक्त राधारमण सिंह को पुलिसकर्मियों ने सम्मान सहित विदाई दी। वहीं, नवनियुक्त एसीपी रजनीश वर्मा को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

मोहनलालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आलोक राव, निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी समेत एसीपी कार्यालय में तैनात समस्त पुलिसकर्मियों ने स्थानांतरित एसीपी राधा रमण सिंह को फूल-माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी। जानकारी के लिए बता दें कि एसीपी राधा रमण सिंह को विभूति खंड सर्किल के एसीपी के पद पर ट्रांसफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने कहा सरकारी सेवा में प्रमोशन और ट्रांसफर सामान्य व्यवस्था है। आपके निर्देशन में बेहतर काम करने का मौका मिला।

थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी व विवेक कुमार चौधरी ने स्थानांतरित एसीपी के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। सहायक पुलिस आयुक्त राधा रमण सिंह ने कहा कि मोहनलालगंज सर्किल में उन्हें कुछ ही महीने सेवा करने का मौका मिला। सेवा के दौरान सर्किल के थानेदारों सहित कार्यालय में तैनात पुलिसकर्मियो, पत्रकारो, क्षेत्रीय लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

### पांच पीसीएस अधिकारियों का हुआ तबादला, संगीता पाण्डेय बनीं लखनऊ की एसडीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पीसीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। शनिवार को योगी सरकार ने कई पीसीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। जिन अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ है, उनमें संगीता पांडेय, विपिन कुमार, अंशुमान सिंह समेत कई अधिकारी शामिल हैं। संगीता पांडेय उपजिलाधिकारी लखनऊ बनीं हैं। विपिन कुमार को एटा का उपजिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं अंशुमान सिंह उपजिलाधिकारीध्राजस्व रिकवरी अधिकारी रेरा गौतमबुद्ध नगर बनाये गए हैं। अंजली गंगवार को एसडीएम कासगंज की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा निखिल राजपूत को औरैया एसडीएम बनाया गया है।

### ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने 7500 रुपए मासिक पेंशन मांगी

**लखनऊ।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने न्यूनतम पेंशन 7500 रुपए मासिक किए जाने की मांग की है। दिल्ली के जंतर-मंतर धरने से लौटे राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से संघर्ष के क्रम में पक्ष-विपक्ष सभी दलों के सांसदों से मिलकर उन्हें पेंशनरों की समस्याएं बताकर ज्ञापन दिया जा रहा है। इसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। ईपीएस-95 पेंशनरों का जो आंदोलन दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा था उसमें बीजेपी, कांग्रेस, शिवसेना उद्धव, शिवसेना शिंदे और एनसीपी शरद पवार की पार्टियों के 12 सांसद शामिल हुए। धरना स्थल पर सभी सांसदों ने वादा किया कि वह संसद में पेंशनरों की आवाज उठाएंगे और श्रममंत्री के साथ प्रधानमंत्री से मिलकर न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग करेंगे। महाराष्ट्र के सांसदों ने संसद भवन में एक बैठक की जिसमें सभी पार्टियों के सांसद शामिल हुए। राजीव भटनागर ने बताया कि महाराष्ट्र के सभी 40 सांसद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पेंशनरों के हक की लड़ाई में साथ देने को तैयार हुए हैं।

# टाइल्स कारोबारी पर हमला कर जेवर और कैश लूटा

▸▸ दम्पति के सिर पर हमला कर लूटे रुपये और जेवर

**लोकमित्र ब्यूरो**



**काकोरी।** काकोरी के भुलई खेड़ा गांव में शुक्रवार देर रात टाइल्स कारीगर के बदमाशों ने धावा बोल दिया। खटपट की आवाज होने पर कारीगर और उसकी पत्नी की नींद टूटी। बदमाशों को देख दम्पति विरोध करने लगे। जिस पर बदमाशों ने दोनों के सिर पर भारी चीज से वार किया और घर में रखे जेवर लूट कर फरार हो गए।

भुलई खेड़ा निवासी रमेश सिंह के अनुसार शुक्रवार रात लगभग दो बजे पत्नी ममता सिंह के साथ सो रहे थे। तभी एक बदमाश दीवार फांदकर कमरे में घुस आया और बक्शे में रखे पांच हजार की नकदी मोबाइल पायल चोरी कर लिया। ममता के कान से सोने के बाला निकालते समय ममता जग गयी और शोर मचाया। शोर सुनकर घर के बाहर खड़े तीन अज्ञात बदमाशों ने मिलकर रमेश और ममता के सिर पर स्टील की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का शोर सुनकर दूसरे कमरे मे सो रहा बेटा प्रशांत सिंह ने बदमाशों को दौड़ा लिया। अकेला देखकर बदमाशों ने प्रशांत के ऊपर भी हमला करने का प्रयास किया। प्रशांत ने घर मे घुसकर जान बचाई जिसके बाद बदमाश आम की बागों में घुसकर भाग निकले। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि लूट का मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# अलीगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** शासन के निर्देश के क्रम में शनिवार को अलीगंज तहसील मे समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर आयुक्त अलीगढ़, एसडीएम अलीगंज, एडीएम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण के प्रति सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें, किसी भी दशा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।अपर आयुक्त भगवान शरण पटेल ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा, अतिक्रमण के सम्बंध में शिकायतें प्राप्त नहीं होनी चाहिए, सभी लेखपाल अपने अपने क्षेत्र में जाएं तथा स्थानीय स्तर पर ही समस्याओं का समाधान किया जाए। पैमाईश के प्रकरणों में टीम के साथ लेखपालों को भी भेजा जाए, जिससे कि उनको जमीनी स्तर पर कार्यानुभव हो सके। तहसील अलीगंज में कुल 20 शिकायतीपत्र प्राप्त हुए। इसके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह,एसडीएम अलीगंज जगमोहन गुप्ता, क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर, तहसीलदार संदीप कुमार सहित समस्त विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्युत समस्या के विरोध में बिजली घर पर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी जनपद एटा द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय तथा उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में हो रही विद्युत समस्या के विरोध में मुख्य अभियंता विद्युत वितरण रेलवे रोड पर धरना प्रदर्शन किया गया।



धरना प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित करते हुए द्वारा उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव अलीगढ़ जनपद के प्रभारी विनीत पाराशर बाल्मीकि ने बताया कि प्रदेश में बिजली की भारी कटौती हो रही है। अघोषित विद्युत कटौती से आम जनमानस, किसान, कामगार, विद्यार्थी आदि सभी लोग बहुत परेशान हैं। इससे उद्योग धंधों पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। उत्पादन कम हो रहा है जिससे महंगाई बढ़ रही है और वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। जहां एक ओर प्रदेश में बारिश की कमी के चलते नेहरों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं विद्युत कटौती के कारण किसान अपनी धान एवं अन्य फसलों की ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

जिससे उनकी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष अनिल सोलंकी ने कहा एक जागरूक कांग्रेसजन के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम आम जनमानस कि इस परेशानी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करें। महामहिम राजपाल जी आपसे अनुरोध है कि विद्युत कटौती की समस्या के समाधान हेतु सरकार को उचित दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें। जिससे आम जनमानस को राहत मिल सके क्योंकि केंद्र की और प्रदेश की सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पहले से ही आम जनमानस महंगाई भ्रष्टाचार के कारण त्राहिमाम- त्राहिमाम चिल्ला रहा है। ऊपर से कम बारिश होने के कारण उसकी समस्याएं बढ़ती जा रही है। अतः सरकार किसानों, छात्रों, व्यापारियों की समस्या को देखते हुए विद्युत कटौती पर लगाम लगाये। और जनता के हित के कार्य करें। धरना/प्रदर्शन के दौरान ठाकुर अनिल सोलंकी जिला अध्यक्ष,विनीत परासर बाल्मीकी प्रदेश सचिव, प्रवेश राजपूत, सुभाष सागर एडवोकेट,डाक्टर सुरेन्द्र स्वेरी सविता,जीतेन्द्र राजपूत,संजीव गुप्ता,नीलमा राज,नैना शर्मा एडवोकेट, एकेश लोधी, नौसाद अली, खुशीराम दिवाकर, सावित्री दिवाकर, सोहन लाल वर्मा, सोनबीर दिवाकर,वसीम सलमानी,मोहम्मद तस्बबूर,जाहिद लल्ला भाई,पंकज गौतम,रामरतन बाल्मीकी,ओमप्रकाश तोमर,आनंद पाल बघेल फौजी,अभिषेक मिश्रा,जीतेन्द्र राना,हीरा परासर बाल्मीकि,पिरयांसू राजपूत,रामनरेश शाक्य,चंद्रपाल वर्मा,शिवकुमार सविता,धर्मेंद्र कुमार लोधी,हबीब खान,हासिम खान,अब्बूद हमीद खान, ओमबीर सिंह राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# नोएडा विधायक पंकज सिंह ने आज बिजली विभाग से साथ की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** बारिश के जिस तरह शहर में बिजली की जर्जर हालत है उसमें सुधार की तैयारी साथ ही अधिक लोड वाले सेक्टरों में कैसे ट्रांसफार्मर बढ़ाए जाए उस पर आज विधायक पंजक सिंह से बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर और नोएडा डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख रूप से बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाने, गांवों, आवासीय और औद्योगिक क्षेत्रों में पुराने और जर्जर बिजली के खंभों तथा तारों को बदलने पर जोर दिया गया। साथ ही, जहां बिजली की मांग अधिक है, वहां ट्रांसफॉर्मरों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया। नई कॉलोनियों में विद्युतीकरण की योजना भी चर्चा का एक प्रमुख विषय रहा।

विधायक पंकज सिंह ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द से जल्द एक विस्तृत योजना तैयार करें और उसे क्रियान्वित करना शुरू करें। उन्होंने कहा कि शहर में बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या का समाधान होगा।

इस योजना से न केवल आम नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र भी लाभान्वित होगा।

# जिलाधिकारी को डीआईओएस कार्यालय के निरीक्षण मे मिली कई खामिया

▸▸ गन्दगी तथा अव्यवस्थित अभिलेखों के रखरखाव पर जताई कड़ी नाराजगी



लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण में कार्यालय के अंदर बाहर मिली गन्दगी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी द्वारा डीआईओएस के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि भवन की स्थिति जर्जर होने पर कार्यालय को जीआईसी में शिफ्ट किया गया है।

तत्पश्चात वह जीआईसी स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे, मौके पर निरीक्षण में कई व्यक्ति कार्यालय के अंदर पाए गए जिलाधिकारी द्वारा सभी से नाम,पता तथा किस कार्य से कार्यालय आए तथा आईडी प्रूफ की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सह जिला विद्यालय निरीक्षक श्री विश्व प्रताप सिंह को टीसी, काउंटर साइन या अन्य कार्य हेतु कार्यालय आने वाले विद्यालयों के कर्मचारियों को विद्यालय द्वारा अधिकृत परिचय पत्र देख कर ही कार्यालय में प्रवेश देने, तथा बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश न देने एवं विभिन्न कार्यों हेतु अलग अलग काउंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने कार्यालय से संबद्ध कुल कर्मचारियों तथा तथा उनकी संबद्ध अवधि के बारे में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि कार्य की अधिकता तथा स्टाफ की कमी होने पर 05 कर्मचारी संबद्ध हैं, जिलाधिकारी महोदय ने कई वर्षों से संबद्ध कर्मचारियों की फाइल तलब की तथा वर्षों से जमे कर्मचारियों की संबद्धता तत्काल समाप्त करने के कड़े निर्देश दिए तथा कार्यालय में उचित साफ सफाई, कार्यालयी अभिलेखों के व्यवस्थित व उचित रखरखाव करने, स्कूल कॉलेजों से विभिन्न कार्यो से कार्यालय में आने बाले बाहरी व्यक्तियों का कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

# जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में लाइफ बियॉन्ड स्टडीज का आयोजन




लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च में पीजीडीएम के छात्रों के लिए लाइफ बियॉन्ड स्टडीज पर एक दिवसीय विशेषज्ञ चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें ओरिएंट केबल्स के सीईओ अमित पांडे ने भाग लेकर संभावित कैरियर की पहचान करने और विभिन्न उद्योगों को समझने के तरीकों पर प्रकाश डाला और पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक कौशल एवं दक्षताओं के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से कहा कि जीवन के अन्य पहलुओं के साथ अकादमिक संतुलन को बनाना जरुरी है। यह औपचारिक शिक्षा के बाहर की गतिविधियों जैसे शौक, सामाजिक संपर्क और व्यक्तिगत विकास के साथ साथ अच्छी तरह से जीवन के गोल बनाने और समग्र कल्याण को बनाए रखने में मदद करता है। आप सभी ऊर्जा को सक्रिय बनाए रखना ताकि जीवन के व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में ऊर्जा और जुड़ाव के उच्च स्तर को बनाए रखा जा सके। कॉलेज की निदेशक डॉश सपना राकेश ने सभी विशेषज्ञ और अथितियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा ।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने तहसील एटा सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनता की समस्याओं को सुना।डीएम ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनशिकायतों के निस्तारण के प्रति सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें, किसी भी दशा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। शिकायतकर्ता से सभी अधिकारी स्वयं भी वार्ता करें तथा उसे पूर्ण रूप से संतुष्ट करने का भरपूर प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री जी द्वारा अतिशीघ्र अलीगढ़ मण्डल की समीक्षा की जानी है, योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए जनसुनवाई पर फोकस किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है। शासन स्तर से लगातार जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा हो रही है, सभी विभागीय अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पर योजनाओं की समीक्षा करें। साथ ही सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालय के अधिकारियों,कर्मचारियों के साथ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा पर जोर दें। वर्तमान में कावड़ यात्रा अतिमहत्वपूर्ण है, इसलिए तैनात अधिकारीगण समय से अपने ड्यूटी पॉइंट पर उपस्थित रहकर ड्यूटी करें। कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना अतिआवश्यक है।लेखपाल, पंचायत सचिव ग्राम स्तर की समस्याओं को निस्तारित करने हेतु नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 69 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील अलीगंज में एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश ने एसडीएम जगमोहन गुप्ता, तहसीलदार संदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया।



# एक रात में 7 फ्लैटों में हुई चोरी, लोगों में खौफ

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 जनता फ्लैट में बीते 20-21 जुलाई की रात में 7 फ्लैटों के ताले तोड़कर लाखों के सामान नगद एवं जेवरात चोर चुरा ले गए।

इस मामले को लेकर आर डब्ल्यू ए लगातार सांसद विधायक एवं जिले के उच्च अधिकारियों से मुलाकात की लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। इस हाइटेक सिटी में इतने दिन बीत जाने के बावजूद और कमिश्नर कार्यालय से चंद दूरी पर हुई घटना का अभी तक पर्दाफाश न होना कही न कही पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान अवश्य लग रहा है।

इस चोरी से पूरा पाकेट 7 सदमे में हैं। यह इस पाकेट की पहली चोरी कह सकते हैं। यहां पर लोग बहुत ही निश्चितपूर्वक रहते थे। किसी भी प्रकार का कोई भय का माहौल नहीं था। यहां नजदीक में कमिश्नर कार्यालय बन जाने से और भी लोग खुश थे कि यहां पर हम लोग पूर्णतः सुरक्षित है।

लेकिन का कहना है कि कमिश्नर कार्यालय के नाक के नीचे इतनी बड़ी घटना घटी।फिर भी प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आर डब्ल्यू ए उपाध्यक्ष रवि राघव एवं महासचिव गोरे लाल ने एक संयुक्त बयान देते हुए कहा कि यदि इस चोरी की घटना का जल्द से जल्द पर्दाफाश नहीं हुआ तो हम लोग कमिश्नर कार्यालय का घेराव एवं धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।इस मौके पर रवि राघव, गोरे लाल, सुशील कुमार पाल, श्रीराम त्रिपाठी, रमेश चंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, रमेश शर्मा , मनोज झा, किशोर कपूर, नीरज शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** महानगर काँग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में काँग्रेस कार्यकर्ताओ ने नोएडा में बिजली की भयंकर कटौती को लेकर सेक्टर 19 सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा,महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि हमारे जनपद में भीषण गर्मी में कई कई घण्टे बिजली कटौती हो रही है इस हालत में बच्चे बुजर्गो को कई तरह की दिक्कतें हो जाती है गौतमबुद्धनगर को नो पॉवर कट जॉन घोषित किया हुआ है।




उसके बावजूद भी बिजली की कटौती की जा रही है,वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना ने कहा है कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर छल कर रही है नोएडा को सम्राट सिटी कहा जाता है लेकिन यहाँ समस्याओं का अंबार लगा हुआ है कोई जनता की सुनने वाला नही है,पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुदीन ने कहा है कि नोएड़ा को बसाने में किसानो का सबसे बड़ा योगदान है लेकिन भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा किसानों का शोषण हो रहा है डूब क्षेत्र मैं सैकड़ो परिवार रहते है लेकिन नोएडा जैसे हाईटेक शहर में उन्हें बिना रोशनी के रहना पड़ रहा है,पूर्व प्रदेश्य सदस्य सतेन्द्र शर्मा कहा है की नोएडा में लोग अन्य शहरों से आकर यहाँ अपना रोज़गार कर रहे है लेकिन कई कई घण्टो की बिजली कटौती से लोगो का नुकसान होता है भाजपा सरकार के सर में जू तक नही रेंग रही है,अखिल भारतीय काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के सचिव लियाकत चौधरी ने कहा है कि हम सब काँग्रेस जब सरकार को जगाने के लिए आये है जिससे जनता को बिजली कटौती से राहत मिल सके और भीषण उमस भरी गर्मी में लोग आराम से रहे सके,इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,पूर्व एआईसीसी सदस्य दिनेश अवाना,पूर्व अध्यक्ष शहाबुदीन, प्रदेश्य सदस्य यतेंद्र शर्मा,राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विभाग सचिव लियाकत चौधरी,नेता विक्रम चौधरी,नेता दयाशंकर पांडेय,एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजकुमार मोनू,महिला नेत्री डॉ सीमा,नेता रामकुमार शर्मा,नेता एसके राणा,आर के प्रथम,नेता सलीम,राहुल यादव,अरुण शर्मा,जावेद सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें: एसडीएम

**जलेसर/एटा।** शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी प्रतीत त्रिपाठी द्वारा की गई। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 फरियादियों द्वारा शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए। जिसमें से एसडीएम द्वारा तीन शिकायती पत्रो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर नवागत एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी ने कहा कि समाधान दिवस में आये शिकायती पत्रों का नियत समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय। साथ ही ऑनलाइन शिकायती पत्रों के निस्तारण में भी गुणवत्ता बरती जाय। किसी भी प्रकार की उदासीनता कदापि बर्दाश्त नही की जायेगी। मूलभूत आवश्यकताओं का तत्काल निदान किया जाय। राशन कार्ड धारकों को पूरा राशन वितरण कराया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 07, पुलिस विभाग के 03, पालिका,विकास एवं चकबन्दी के 02-02 बिजली व पूर्ति विभाग के 01-0 शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया।

# संस्कारित युवा ही राष्ट्र का भविष्य: अनिल आर्य



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रावणी पर्व के उपलक्ष्य में 15 दिवसीय युवा संस्कार अभियान का शुभारंभ मूर्ति देवी आर्य स्कूल के ब्लॉक जहांगीर पुरी दिल्ली से आज किया गया।कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया और यज्ञोपवित संस्कार करवाया,उन्होंने कहा कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है हमें परोपकार की भावना से यज्ञ करना चाहिए साथ ही मातृऋण,पितृऋण, गुरुऋण का महत्व बताया। मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए 18 अगस्त तक 50 स्थानों पर युवा संस्कार कार्यक्रम किए जाएंगे।जिसमें यज्ञ के साथ यज्ञोपवीत दिए जायेगा।उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को संस्कार वान बनाना हमारा लक्ष्य है जिससे राष्ट्र की नीव मजबूत हो। दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अरुण आर्य ने अपनी शुभकामनायें दी और विद्यालय के प्रबंधक गजेंद्र आर्य ने कुशल संचालन किया। प्रमुख रूप से पिंकी आर्य, मंजू आर्य, बबीता आर्य, राम भरोसे आर्य उपस्थिति थे।

# सपा सांसद ने हाथरस कांड में हताहत हुए लोगों के परिजनों को सौंपे सहायता चेक

लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** एटा लोकसभा क्षेत्र के सांसद देवेश शाक्य ने शनिवार को अलीगंज क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए हाथरस कांड में हताहत हुए लोगों के परिजनों से मिलकर सहायता राशि के चेक वितरित किए हैं।समाज वादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करने का फैसला लिया था। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशों का पालन करते हुए आज सपा सांसद देवेश शाक्य अपने समर्थकों के साथ अलीगंज विधान सभा क्षेत्र पहुंचे थे ।सांसद देवेश शाक्य राजा का रामपुर कसबे के मोहल्ला पूर्वी जाटवान निवासी मृतका महादेवी पत्नी सूबेदार के घर पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी के दिशा



निर्देशों पर एक लाख रुपए की सहायता राशि का चेक मृतका के बड़े बेटे चंद्रशेखर को सौंपा।बताते चले की महादेवी की मृत्यु हाथरस में आयोजित हुए भोले बाबा के सत्संग के दौरान मची भगदड़ में हो गई थी।उसके बाद सांसद देवश शाक्य नया गांव थाना क्षेत्र के परसूपुर गांव पहुंचे जहां सपा कार्यकर्ता मृतक अशोक यादव के परिजनों से मिले। सांत्वना देने के बाद सांसद ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सौंपे गए दो लाख रुपए की सहायता राशि का चेक परिजनों को सौंपते हुए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।भ्रमण करते सांसद जैथरा थाना क्षेत्र के खरौली गांव पहुंचे जहां हाथरस में हुई भगदड़ के दौरान मृतक हुए पीड़ित के परिवार से मिले जहां उन्होंने एक लाख रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा।एटा सांसद देवेश शाक्य ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन पर हाथरस कांड के मृतकों के परिजनों को सहायता राशि देने का कार्य किया जा रहा है पार्टी के पदाधिकारी परिजनों से मिलकर घर-घर जाकर सहायता राशि प्रदान कर रहे हैं समाजवादी पार्टी सभी पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। इस मौके पर सपा के जिला अध्यक्ष जिला परवेज जुबेरी, पूर्व विधायक अमित गौरव यादव उर्फ टीटू, विधानसभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य, भूपेंद्र प्रजापति, सत्यवान शाक्य, गौरव यादव, राम बृजेश यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विनोद यादव हरकिशन राजपूत सहित सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अमावस्या का हिंदू धर्म में धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक महत्व भी है: आचार्य दीपक तेजस्वी

**गाजियाबाद।** आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि हरियाली अमावस्या यानि श्रावण अमावस्या का हिंदू धर्म में धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक महत्व भी है। इस पर्व पर जहां भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं पितरों के लिए तर्पण और दान भी किया जाता है। इस दिन पौधरोपण करना भी शुभ होता है और ऐसा करने से जीवन में खुशियों की हरियाली आती है। आचार्य दीपक तेजस्वी ने बताया कि हरियाली अमावस्या को पौधे लगाने का सबसे अच्छा दिन माना जाता है। इस समय में बारिश के कारण पूरी धरती पर हरियाली होती है और प्रकृति अपने सुंदर रूप में होती है। इसी कारण सावन की अमावस्या को हरियाली अमावस्या कहा जाता है। यह पर्व प्रकृति संरक्षण को भी समर्पित है। इसी कारण इस पर्व पर प्राचीन समय से ही पौघरोपण करने की परम्परा चली आ रही है।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13-15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को होगा आयोजन: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि शासन के निर्देश के अनुपालन में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 13-15 अगस्त तक ÷हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भव उजागर करना है। शासन के निर्देशानुसार 13-15 अगस्त तक आमजनमानस को अपने-अपने घरों, कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों, अन्य सावर्जनिक स्थानों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाए।डीएम ने कहा कि नगर विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े समस्त स्थलों की साफ सफाई सुनिश्चित कर साइनेज लगावाएं। जिले के समस्त शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उक्त आयोजन के संबंध में शासन के निर्गत आदेशों का पालन होना चाहिए। कार्यक्रम के फोटो, वीडियो अथवा देशभक्ति झण्डागीत के साथ वीडियो अभियान से जुड़ी बेबसाइड ींतहींतजपतंदहंण्बवउ पर अपलोड करने हेतु आमजनमानस को प्रेरित किया जाए। जनपद में की गई कार्यवाही की अद्यतन रिपोर्ट बनसजनतंसमअमदजेण्पद पर उपलब्ध गूगल लिंक के माध्य से अपलोड की जाए। कार्यक्रम के नोडल के रूप में जिला पंचायत राज अधिकारी को नामित किया गया है जो संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर अभियान को सफल बनायेंगे। डीएम ने कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा पेट्रोल पम्प मालिकों, कोटाडीलरों के माध्यम से भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभागी बनने एवं जागरूकता हेतु प्रेरित किया जाए। नगर पंचायत, नगर पालिका द्वारा शहरी एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में महापुरूषों की मूर्ति के पास साफ सफाई कराई जाएगी। थानों में भी लाइटिंग होगी, साथ ही शहीद स्मारक पर पीएसी बैण्ड के माध्यम से मार्चपास्ट कराया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## देर रात में पंखे पर उतरे करंट से युवक की हुई मौत



**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती रात लगभग 10 बजे घर के अंदर पंखे को सही करते समय उतरे करंट से 16 वर्षीय बालक की मौत हो गई अचानक घटी घटना से घर में चीख पुकार मच गयी। जानकारी के अनुसार कोतवाली धौरहरा की पुलिस चौकी कफारा क्षेत्र के हौकना मटेरा गांव निवासी जगदीश यादव का 15 वर्षीय पुत्र कुलदीप घर में लगे पंखे को चलाने के लिए सही करते समय उतरे करंट से मौत हो गई अचानक घटी घटना से घर में हाहाकार मच गया। बताया जाता है कि परिजनों द्वारा आनन फानन में सी एच सी रमियाबेहढ में भी दिखाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची 112 व चौकी पुलिस द्वारा परिजनों से मिले और पोस्टमार्टम कराने का आग्रह किया मगर परिजन राजी नहीं हुए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## मैगलगंज पुलिस ने वारंटीओ को धर दबोचा



**मैगलगंज-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में वांछित/वरांटिओ की गिरफ्तारी अभियान में क्षेत्राधिकार मितौली के निर्देशन पर मैगलगंज प्रभारी निरीक्षक के द्वारा कुशल मार्ग निर्देशक में 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## पीड़ितों को शासन द्वारा सही तरीके से सहायता उपलब्ध न होने से किसानों को हो रही दिक्कत

**धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र के बाढ प्रभावित गाँवों में तहसील प्रशासन के जिम्मेदारो द्वारा किस प्रकार से राहत सामग्री पात्रों की जगह अपात्रों को बाढ की इमदाद देने में मगन है इसकी बानगी देखिए। तहसील क्षेत्र में पिछले माह आई भीषण बाढ़ से क्षेत्र में काफ़ी तबाही मचाई थी।बाढ की विभीषिका से प्रभावित लोगों को राहत व अनुदान देने के लिए शासन द्वारा घोषित सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया था,किन्तु कुछ गाँव के किसानों को लाभ शासन का भरपूर लाभ मिला तो कहीं किसी गाँव को नही आखिर क्यों? बाढ प्रभावित गांव चहमलपुर में भी शारदा नदी से निकले पानी ने तबाही की ऐसी अनोखी दास्तान लिख दी थी,वहाँ के लोग कुछ बयां भी नही कर सकते। यहां के किसानों के घर व फसले प्रभावित हुई थी। तहसील प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सहायता का डाटा फीड न होने से सैकड़ों लोग सरकारी सहायता से वंचित रह गये।इस मामले में लेखपाल सचिन मौर्या व तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि शासन से संचालित वेबसाइट बंद होने से पीड़ित लोगों को सहायता/सामग्री मिलने में देरी हो रही है।

## शिवभक्तों का जत्था छोटी काशी रवाना



**तिकुनियां-खीरी।** खमरिया कोइलार गांव के 66 शिवभक्त शनिवार को छोटी काशी के लिए गाजे बाजे के साथ रवाना हुए। इस जत्थे का चक्करपुर में मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। शनिवार को खमरिया कोइलार गांव के 66 शिवभक्त प्रातः जल लेने के लिए कैलाश पुरी पहुंचे और पंडित धर्मेंद्र पांडे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया इसके बाद सभी शिवभक्त जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के लिए निकल पड़े। रास्ते में चक्करपुर में शिव कुमार, दिनेश शर्मा आदि लोगों ने सभी शिवभक्तों को जलपान कराते हुए कहा कि सभी लोग अपनी साइड में चले और किसी अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

## राजीव गांधी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत किया वृक्षारोपण



**गाजियाबाद।** राजीव गांधी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अवनीश पांडे व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के निर्देश पर आज शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश चैयरमेन जे के गोंड के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जे के जी स्कूल में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश चैयरमेन जे के गोंड,पूर्व मंत्री सतीश शर्मा,यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) पिछड़ा वर्ग विभाग जिला अध्यक्ष विजय पाल चौधरी, पीसीसी सदस्य त्रिलोक सिंह, पीसीसी सदस्य वीर सिंह जाटव, रिजवान मलिक, योगिन्द्र सिंह बग्गू, शेखर शर्मा,बलराज सिंह चावड़ा, सोनू, रोहित आदि उपस्थित रहे।

# अहेतुक सहायता, गृह अनुदान, कृषि निवेश वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने अफसरों संग किया डेमो चेक का वितरण

- बाढ़-कटान प्रभावित 71578 लोगों के खातों में भेजी गई रू.47.91 करोड़ की सहायता राशि
- फसल क्षति के लिए 70886 कृषकों के खातो में भेजे गए रू. 47.25 करोड़
- आवासीय क्षति के लिए 563 लोगों के खाते में भेजे गए रू. 60.29 लाख
- पशुशेड क्षति के लिए 36 लोगो को मिले 1.09 लाख



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले की अतिसंवेदनशील, संवेदनशील तहसीलो के बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवारो को राहत सहायता देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में झोपड़ी, मकान क्षति, अहेतुक सहायता, कृषि निवेश अनुदान वितरण का भव्य कार्यक्रम हुआ। जनप्रतिनिधियों ने अफसरो संग प्रभावित किसानों को राहत सहायता एवं कृषि निवेश अनुदान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया।

आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि बीजेपी के प्रदेश महामंत्री/एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरि, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से एसडीएम अश्विनी सिंह के साथ अहेतुक सहायता, गृह अनुदान, कृषि निवेश की डेमो चेक का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही किसी आपदा में उन्हे होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। बाढ़-कटान प्रभावित जिले के 70886 लोगों के खातों में रू.47.91 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई। इसके अलावा भी अन्य प्रभावित पात्र लोगों को भी सहायता राशि भेजी जा रही है।

डीएम ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधि काफी सजग है, जो पूरी मुस्तैदी से फील्ड में आमजन के सुख-दुख में खड़े रहते हैं। बाढ़ के दौरान जनप्रतिनिधियों ने आपके बीच जाकर न केवल राहत वितरित की बल्कि आपके सुख-दुख की चिंता भी की। हमारी प्रार्थना है कि इस सीज़न में दोबारा बाढ़ ना आए। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बाढ़ से निपटने के लिए तैयार है।

बाढ़ के दौरान मा. मुख्यमंत्री जी ने भी जिले का भ्रमण कर न केवल प्रभावित लोगों का दुख-दर्द जाना बल्कि उनकी हर संभव मदद के लिए निर्देशित किया। प्रदेश सरकार से जारी मुआवजा धनराशि में जनपद खीरी को सर्वाधिक धनराशि वितरण को मिली, जो सभी प्रभावित परिवारों को त्वरित गति से प्रदान की जा रही है। पूरा प्रयास किया गया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मुआवजा राशि प्राप्त करने से वंचित न रहने पाए। डीएम ने बताया कि जिले में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 70886 किसानों को 47 करोड़ 25 लाख 38 हजार 702 की कृषि निवेश अनुदान भेजा गया। लखीमपुर व गोला तहसील के 18 लाभार्थियों को (पक्का पूर्ण मकान) के लिए 21.60 लाख रु. की गृह अनुदान,10 लाभार्थियों को (आंशिक पक्का मकान) के लिए 65 हजार रु. का गृह अनुदान, 188 लाभार्थियों को (आशिक कच्चा मकान) के लिए 10.28 लाख रु. का गृह अनुदान, 347 लाभार्थियों को (झोपड़ी) के लिए 27.76 लाख रु. और 36 लाभार्थियों को (पशुबाड़ा) के लिए 1.09 लाख रु.अनुदान भेजा गया। बर्तन/कपड़ा नष्ट होने की दशा में 93 लाभार्थियों को 4.65 लाख की धनराशि देकर मदद की गई। बाढ़ की विभीषिका के दौरान जिले की पांचो प्रभावित तहसीलों के सभी प्रभावित गांव में 4,49,266 लाभार्थियों को लन्च पैकेट वितरण भी किया गया।

एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन बारिश के बाद जिले में बाढ़ आ गई थी। बाढ़ का पानी कम होने के बाद प्रशासन ने बाढ़ से खराब हुई फसलो का सर्वे शुरू किया था। सर्वे पूरा होने के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। किसान मुआवजे की आस लगाए हुए थे। शासन से फसल मुआवजे के लिए धनराशि आने के बाद इसे किसानों के खातों में भेज दिया है। जिसे आज मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक चेक के रूप से प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और लाभार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

**सरकारी सहायता पर एक नजर**

ग्रह अनुदान====लाभार्थी====धनराशि
पक्का पूर्ण =====18======21.60 लाख
आशिक पक्का===10======65 हजार
आशिक कच्चा===188=====10.28 लाख
झोपड़ी========347=====27.76 लाख
पशुबाड़ा=======36======1.09 लाख
बर्तन कपड़ा=====93======4.65 लाख
(अहेतुक सहायता)

## केदारनाथ में बहे चार दोस्तों का 24 घंटे बाद भी अब तक नहीं मिला कोई सुराग

लोकमित्र ब्यूरो

**खोड़ा।** केदारनाथ में बादल फटने से बहे चार दोस्तों का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है। राज्य आपदा प्रबंधन की टीम उनकी तलाश में अभियान चला रही हैं। वहीं, पांचों के घर में महिलाएं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार को अर्चना एंक्लेव और दीपक विहार में सभी के घर पर मिलने वालों का तांता लगा रहा। उधर, हादसे में बाल-बाल बचे सचिन दोपहर तक घर नहीं लौटे। सचिन के पिता मुकेश शाह उत्तराखंड के लिए रवाना हो गए हैं।

खोड़ा के अर्चना एंक्लेव निवासी चिराग गुप्ता के पिता अनुराग गुप्ता ने बताया कि उनका बेटा और चार अन्य लोग बृहस्पतिवार रात ढाई बजे ऋषिकेश पहुंच गए थे। वहां उन्हें पता चला कि लिंचौली में बादल फटने से बहे लोगों को निकालकर ऋषिकेश के एम्स लाया गया। इस पर सभी लोग एम्स पहुंचे लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद सभी रूद्रप्रयाग के लिए निकल गए। सुबह नौ बजे लिंचौली से पहले उत्तराखंड पुलिस ने उनकी गाड़ी को रोक कर आगे जाने से मना कर दिया। वह सभी थाने में बैठ कर बेटों के लौटने का इंतजार कर रहे हैं। उनके मुताबिक, दोपहर बाद तक भी चारों दोस्तों का कुछ नहीं पता चला। इधर, उनके घर पर पत्नी और अन्य लोगों चिराग के लौटने की उम्मीद और आशंकाओं के बीच रो रही थीं। घर के लोग उन्हें शांत कर रहे थे। निखिल के पिता राकेश से बात करने का प्रयास किया तो उनका कहना था कि घर में सभी लोग परेशान हैं। वह बात नहीं करेंगे। इसी तरह सुमित शुक्ला के घर पर भी आस-पड़ोस के लोग हादसे की जानकारी ले रहे थे। वहां हर कोई उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग की खबरों को मोबाइल में देख रहे थे। पिता का कहना था कि सभी दोस्त 29 जुलाई को एक साथ हरिद्वार के लिए कह कर गाड़ी से गए थे लेकिन अचानक उनका कार्यक्रम केदारनाथ जाने का बन गया।

# ग्रामीणों की पीट-पीटकर हत्या, छुट्टा पशु को लेकर खूनी वारदात, जमकर चले लाठी-डंडे

- छुट्टा जानवरों के विवाद में दो युवकों की पीट-पीटकर नृशंस हत्या



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** खेत में घुसे छुट्टा जानवरों को भागने को लेकर दो पक्षों में जमकर बवाल हो गया और जमकर लाठी-डंडे चले। मामला इतना बढ़ा कि एक पक्ष के दो लोगों की जान चली गई, वहीं काफी लोग घायल हैं। कुछ गंभीर घायलों को लखीमपुर से लखनऊ रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी मुताबिक शुक्रवार की रात बड़ी वारदात में भीरा थाना क्षेत्र के देवरिया रणा गांव में घर में छुट्टा जानवर घुसने से नाराज दबंगों ने दो युवकों की पीट- पीटकर लहुलुहान कर दिया,इलाज के दौरान दो मृत्यु हो गई, मार-पीट में काफी लोग घायल भी हुए हैं। गम्भीर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

देर रात दो पक्षों में जम कर चले लाठी-डंडे प्रकरण में गांव रणा निवासी रामजीत पुत्र जसवंत पक्ष के खेतों में शुक्रवार शाम छुट्टा जानवर घुस गए थे। भगाने पर जानवर दूसरे पक्ष के संतराम के घर में घुस गए। इस पर संतराम और उनके पक्ष के लोगों ने रामजीत के लड़कों को पीट दिया। पता चला तो रामजीत के घरवाले शिकायत करने पहुंचे। इससे बौखलाए संतराम और उसके पक्ष के लोगों ने शिकायत करने आए लोगों पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे लेकर रामजीत के घर में घुस गए। देर रात दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले।

**मारपीट में कई जख्मी, इलाज के दौरान दो की मौत:** मारपीट में रामजीत, उनके पक्ष के राम लखन उर्फ गुड्डु और करीब सात लोग घायल हुए।सभी को जिला अस्पताल लाया गया।

जहां से रामजीत और गुड्डु को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। विनीत,कौशलेंद्र,रामदेव आदि घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गांव में तनाव का माहौल है जिले के कई थानों की पुलिस गांव में तैनात है।

घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक खीरी सहित आई जी प्रशांत कुमार ने घटना के वास्तविक कारणों को जानते हुये दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

## श्री सिद्धेश्वर महादेव कुटी में रुद्राभिषेक व हवन में कई शहरों के भक्त हुए शामिल



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** श्री सिद्धेश्वर महादेव कुटी पाइप लाईन रोड मकरेडा में सावन शिवरात्रि का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की भीड लगी रही। जलाभिषेक व पूजा-अर्चना करने का सिलसिला शनिवार को भी चला। कई शहरों से शिवभक्त मंदिर पहुंचे और भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उनका जलाभिषेक किया। बडी संख्या में कांवडियों ने भी हरिद्वार, ऋषिकेश आदि से गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पित किया। सभी ने मंदिर के महंत मुकेशानंद गिरी महाराज वैद्य से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। महंत मुकेशानंद गिरी महाराज वैद्य ने कहा कि सावन शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने व उनकी पूजा-अर्चना करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है, जिससे सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति आती है। मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन का आयोजन भी हुआ जिसमें नोएडा से सतबीर भाटी, दुजाना से मनोज नागर, मुरादनगर से मोहित गुप्ता, गाजियाबाद से अंबुज त्यागी, सुशीला चौधरी, हिमांशु, राजीव अवंतिका, मेरठ से यश मावी कैली, सगुण, प्रेमजीत नहवाल, शमशेर आदि परिवार समेत शामिल हुए और भगवान की पूजा-अर्चना की।

# झंडी राजा राजेश्वर सिंह पहुंचे मृतक भाइयों के घर, परिजनों को बंधाया ढांढस

- कावड़ यात्रा के लिए जल भरते वक्त पैर फिसलने से हुई भाइयों की मौत की खबर सुनकर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह पहुंचे पीड़ित परिवार के घर



लोकमित्र,शिवम मिश्रा

**निघासन-खीरी।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरीपुरवा में दो सगे भाइयों की मौत से क्षेत्र में मातम छाया हुआ है परिवार जनों पर दुःख का पहाड़ टूटा है साथ ही गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है आपको बताते चलें कि बीते शुक्रवार को दो सगे भाई रामलखन व तेजपाल ढकरेवा खालसा सरयू घाट पर कावड़ यात्रा के लिए जल भरने गए थे लेकिन पैर फिसलने से बड़ा हादसा हो गया व देखते ही देखते दोनों सगे भाई काल के गाल में समा गए जिसकी सूचना सुनकर झंडी स्टेट के राजा वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह लखनऊ से रवाना होकर सीधा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे व मृतक भाइयों के पिता से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए कहा की यह ऐसा दुख है जिसे कम नही किया जा सकता मगर महसूस जरूर किया जा सकता है साथ ही शासन की ओर से हर संभव मदद की जायेगी साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश्वर सिंह ने यह भी बताया कि जिस स्थान पर यह दुखद घटना घटित हुई है उस स्थान का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जाएगी साथ ही समस्या का समाधान भी किया जाएगा ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना ना घटे जबकि इस तरह की अन्य संदिध स्थान का भी निरीक्षण किया जाएगा ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।

## एम्स रायबरेली के सदस्य हुए निर्वाचित, किशोरी लाल

**अमेठी।** कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा एम्स रायबरेली के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। उनके इस निर्वाचन पर अमेठी और रायबरेली के कांग्रेस जनों ने खुशी जाहिर की है। देश भर के 9 एम्स की गर्वनिंग बॉडी में दो-दो लोकसभा सदस्यों का सदस्य पद के लिए निर्वाचन होता है। नई दिल्ली रायबरेली और राजकोट में सदस्य पद के लिए तीन-तीन लोकसभा सदस्यों ने दावेदारी कर दी लेकिन आखिरी समय में एक-एक दावेदार द्वारा नाम वापस लिए जाने पर कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा को एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी का सदस्य चुन लिया गया। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद पर चुने जाने पर अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल और कार्यकर्ताओं सहित अमेठी व रायबरेली के जरुरत मंद लोगों को अब इलाज मे ढ़ेर सारी मदद मिल सकेगी केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में मौजूद कांग्रेस जनों नें खुशी जाहिर की है।

# शिक्षा संघर्ष मोर्चा/ फाउंडेशन के द्वारा चलाया जा रहा शिक्षा जागरूकता अभियान

- अध्यक्ष महेश गंभीर के निर्देशन में प्रचार वाहन से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** शिक्षा संघर्ष मोर्चा /फाउंडेशन द्वारा प्रचार वाहन रवाना कर चलाया शिक्षा जागरूकता अभियान। जिसमें लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के प्रथम चरण मे जागरूकता प्रचार वाहन को शिक्षा संघर्ष मोर्चा /फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने रवाना किया क्षेत्र मे 8 दिनों तक चपने वाले प्रचार वाहन का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजनें के लिए प्रेरित करना है प्रचार वाहन के माध्यम से छात्र /छात्राओं को पम्पलेट भी वितरित किया जायेगा जिससे उनके नामांकन अथवा शिक्षा मे आने वाली किसी समस्या मे वह फाउंडेशन के सदस्यों से संपर्क कर सके

पूर्व की भांति शिक्षा संघर्ष मोर्चा /फाउंडेशन अनाथ बच्चों की शिक्षा के लिए कार्यरत है जिसमे नियमयानुसार ऐसे छात्र /छात्राओं जिनके माता पिता नहीं है उनकी पढ़ाई पर होने वाले व्यव का भार फाउंडेशन वहन करता है। शिक्षा संघर्ष मोर्चा /फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर के निर्देशन पर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान विभिन्न कार्यकर्मों के माध्यम से तीन चरणों मे सम्पन्न होगा। इस दौरान जितेंद्र दीक्षित, दिलीप शर्मा, संदीप शर्मा, विवेक सिंह, संजय दीक्षित, विनोद जायसवाल, उपेन्द्र कुमार मिश्रा,राजू, नौशाद,बलराम पाण्डेय सहित संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो बडा आंदोलन किया जाएगा

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** बिजली की भारी कटौती के विरोध उत्तर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के दफ्तर राजनगर पर प्रदर्शन किया व जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल जी को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सोपा । जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली की भारी कटौती हो रही है।

इस भरी अघोषित कटौती से किसा,न छात्र, कामगार मध्यम व लघु कारखाने समेत पूरा जनमानस परेशान है ।सरकार का आलम यह है कि विद्युत दरों में मनचाही बढ़ोतरी कर लेती है जबकि वितरण से कोई सरोकार नहीं है। बारिश के मौसम में अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप बारिश न होने के कारण खेतों में पानी की बहुत कमी है और बिजली की अंधाधुंध कटौती से ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे हैं। शहरी इलाके जैसे खोड़ा ,विजयनगर प्रताप विहार, मिर्जापुर जैसे इलाकों में भी बिजली न आने से नगर निगम के ट्यूबवेल का पानी आम जनमानस तक नहीं पहुंच रहा है। और लोनी में पानी की लाइनों में भी पानी नहीं आ रहा है।

लोनी में बिजली की सप्लाई खभों की जगह बल्ली पर तार से बिजली सप्लाई दी जा रही है जिससे आमजन मानस की जान को खतरा बढ़ रहा है ऐसे हालात में बिजली और बारिश के पानी से शहरों की गाजियाबाद जिले के हालत खराब है और पूरे उत्तर प्रदेश में हालात बेहद खराब हो रहे है ।जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कभी बुलडोजर तो कभी ढाबे के कर्मचारियों की नेम प्लेट तो कभी हिंदू मुस्लिम तो कभी अल्पसंख्यकों को डराने धमकाने, तो कभी सरकार से सवाल पूछने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा कुछ नहीं कर पा रही है।

बुनियादी सवाल को लेकर सरकार जहां आंखें मूंदे बैठी है। प्रदेश के जागरूक नागरिक होने के नाते कांग्रेस जनों का ऐसे में कर्तव्य बनता है कि सरकार की नाकामी से जनता को राहत दिलाए। अगर बिजली कटौती से योगी सरकार ने जनता को राहत नहीं दी तो प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी बडा आंदोलन करेगी ।जिला कांग्रेस कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल जी से बिजली की अघोषित कटौती से राहत दिलाने और सरकार को जनता के प्रति जवाबदेही बनाने के लिए आग्रह किया।

अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी, पूर्व प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा,पूर्व महापौर प्रत्याशी पुष्पा रावत,मंत्रराम नागर, पीसीसी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, अमन शर्मा, राकेश लोधी, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, कृपा शंकर, राजेंद्र शर्मा, संजय, संगीता त्यागी ,सोनिया सिंह, सोना खान, नताशा, जिला संगठन प्रभारी अमोल वशिष्ठ, मेजर हाजी बाबू, यमन, डॉक्टर अख्तर खान, नवाब, अध्यक्ष हाजी आफताब, मोहम्मद नौशाद ,ज्ञानेंद्र त्यागी, अमित त्यागी, विजय कुमार त्यागी, आफताब, विकास कुमार, शिवम यादव, संदीप कुशवाह, नईम त्यागी, दीपक दिवाकर, तरुण रावत ,लाल जी प्रसाद, अक्षय वीर ,शबनम, मुस्तकीम, सीता, रेखा रानी ,मीणा त्यागी, ओझा, सुभाष कुमार, तरुण, आजाद सिंह, उदय सिंह पाल सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मनबढ़ युवक ने महिला से किया दुष्कर्म,एफआईआर न दर्ज कर पुलिस मामले को दबाने में जुटी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमानीगंज- अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 28 वर्षीय महिला के साथ गांव के ही मनचले युवक द्वारा जबरिया दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।हालांकि जिले में हुए बहुचर्चित नाबालिक रेप कांड में प्रभारी निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी के विरुद्ध हुई निलंबन की कार्यवाही से भी नसीहत न लेकर इनायत नगर पुलिस अब मामले को चुपके से रफा दफा करने की जुगत में लगी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी महिला एवं उसके पति द्वारा आरोप लगाया गया है कि गांव के रहने वाले एक युवक रात में घर के पीछे की दीवार फांदकर उसके घर घुस आया था।उसने महिला के मुंह में कपड़ा ठूँस कर धमकाते हुए महिला के दोनों हाथ बांध दिए।जिसके बाद युवक ने महिला के साथ जबरिया दुराचार किया।घटना के बाद पीड़ित महिला ने अपने पति से सारी कहानी बयां की और थाने पहुंची।सूचना मिलते ही इनायत नगर पुलिस हरकत में आई और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया तथा मामले को पूरी तरह से दबाने की नीयत से पंचायत में जुट गई।घटना की 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस ने मामले में अभी प्राथमिकी नहीं दर्ज की है, अलबत्ता आरोपी युवक को हिरासत में लेकर दबाव बनाते हुए मामले को रफा-दफा करने में जुटी है।

### सीएम से नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपियों को मिट्टी में मिलाने की व्यापारियों ने किया मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

अयोध्या।बीते दिनों भदरसा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोहम्मद मोईद व उसके सहयोगी द्वारा मात्र 12 वर्ष की नाबालिग लड़की से किये गये सामूहिक दुष्कर्म पर दोषियों को मिट्टी में मिलाने की मांग अयोध्या के व्यापारियों ने किया है।संयोजक व्यापार अधिकार मंच सुशील जायसवाल ने जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि इसकी गहन छानबीन कराने पर गिरोह के और भी दोषी अवश्य पकड़ में आयेंगे।

महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन ने कहा कि अभी तक पिछड़ो के नेता बनकर अयोध्या के सांसद को स्वयंभू राजा घोषित करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का कोई बयान न आना उस पिछड़ी जाति की गरीब बेटी के घर जाकर कोई मदद न करना यह साबित करता है कि भारत के लोग इनके लिए सिर्फ सत्ता पाने का मोहरा भर हैं।जिला प्रभारी व्यापार अधिकार मंच कमल कौशल ने नाराजगी व्यक्त करते कहा कि एसे दुष्कर्मी सभ्य समाज में रहने लायक नहीं है। इन्हें आजीवन कारावास या फांसी पर लटका कर सभ्य समाज को विश्वास दिलाना चाहिए कि प्रशासन कानून व्यवस्था केलिए चुनौती बनने वालों को मिट्टी में मिला देगा।पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु मुख्यमंत्री से मिलाने गये बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह की प्रशंसा व्यापार अधिकार मंच ने की अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की मांग करने वाले व्यापारियों में प्रमुख रूप से संगठन के अरूण गुप्ता,शैलेन्द्र सोनी रामू,रमेश जायसवाल, विकास अग्रवाल,अमानत भाई, आलोक मनूचा, प्रशांत जायसवाल,जय किशन साहू,आकाश जायसवाल, राजकुमार मोटवानी,मो सिराज,राम मोटवानी,शानू भाई, बलदेव हासानी,राजेश जायसवाल, योगेन्द्र मौर्या, अंकित चौरसिया, अर्जुन गुप्ता,दशरथ कौशल, बैजनाथ वैश्य, रत्नाकर मिश्र, मोहित सिंह बाबी,चेतन नारंग पूर्व पार्षद अभिनव जायसवाल अन्नू,दयाल यादव, मनोज अग्रवाल आदि प्रमुख रहे।

### लेखपाल ने प्रधान के देवर पर गाली गलौज करने और धमकाने का लगाया आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रुदौली - अयोध्याधाम।** तहसील रुदौली में तैनात एक लेखपाल ने विकास खंड मवई के चंद्रामऊ मंगा निवासी महिला प्रधान के देवर पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने और धमकाने का आरोप लगाया है।इस मामले में पीड़ित लेखपाल ने थाना बाबा बाजार में लिखित तहरीर देते हुए कार्र्वाही की मांग की है।थाना पूरा कलंदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डाभासेमर निवासी पंकज कुमार पुत्र परशुराम रुदौली तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं।पुलिस को दी गई तहरीर मे पीड़ित लेखपाल ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने कार्य क्षेत्र बिहारा गांव मे एक भूमि का स्थलीय सत्यापन कर रहा था।इस दौरान मेरे मोबाइल पर एक फोन आया और जैसे ही मैने फोन रिसीव किया वैसे ही फोन करने वाले चंद्रा मऊ मंगा निवासी एहसानुल हक उर्फ़ बब्लू ने ऊंची आवाज मे जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए मेरे साथ गाली गलौज की और धमकाया।पीड़ित ने बताया की उक्त युवक मुझसे अनैतिक और नाजायज कार्य के लिए दबाव बना रहा था।जब मैने अनैतिक कार्य करने से इंकार किया तो उसने गाली गलौज करते हुए मेरे साथ फोन पर अभद्ररता की।थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।वही सीओ आशीष निगम ने बताया कि तहरीर मिली है।मामले में मुकदमा दर्ज करा कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रुदौली-अयोध्या।** पटरंगा पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त क़ो उसके ही घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटरंगा पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक राजकुमार यादव कांस्टेबल विशाल यादव के साथ नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त रामू उर्फ़ देवेश निवासी सुल्तानपुर पटरंगा क़ो धारा 74/75(1)/351(2)/333 बीएनएस एवं 7/8पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त क़ो उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के विरुद्ध अवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### लापता मासूम बच्ची का चौथे दिन शव मिला,घर के पास ही बन्द नाली के अंदर मिला शव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मवई- अयोध्या।**मवई थाना क्षेत्र के कोंडरा गांव में लापता मासूम दलित बच्ची का आज चौथे दिन शव घर के सामने बनी आरसीसी नाली के अंदर से बरामद हुआ है।पुलिस ने नाली तोड़वाकर शव निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

बताते चले कि मंगलवार की देर रात्रि उमस भरी गर्मी के चलते कुंडरा गांव निवासी विश्राम पत्नी संगीता अपनी 12 दिन पूर्व जन्मी कन्या के साथ 3 वर्षीय मासूम बेटी ज्योति को लेकर छत पर सो रही थी।घर के बाहर अपने बेटे के साथ पिता विश्राम रावत सो रहा था।बुधवार की सुबह करीब 4 बजे जब पत्नी की नींद खुली तो देखी उसकी बेटी ज्योति चारपाई से गायब है।परिजनों ने उसकी खूब तलाश की।बेटी का कहीं पता न चलने से दुखी पिता विश्राम ने थाने में तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई।मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ आशीष निगम एसओ संदीप त्रिपाठी मय दल-बल के साथ गांव पहुंचकर परिजनों से बातचीत कर मासूम ज्योति की तलाश में जुट गए।तीन दिन पुलिस लगातार प्रयास करती रही,लेकिन मासूम ज्योति का कहीं सुराग नही लगा। शनिवार को पुनः एसओ संदीप त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों की टीम घर के आस-पास खोजबीन कर रहे थे कि तभी पुलिस कर्मियों को नाली से कुछ दुर्गंध महसूस हुआ।पुलिस वालों ने तत्काल ग्राम प्रधान अवधेश यादव से बात की और थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी की मौजूदगी में ग्राम प्रधान ने लेबर लगा कर नाली को तोड़वाया। थोड़ी नाली तोड़ने पर बन्द नाली के अंदर बच्ची का शव दिखाई दिया जिसके बाद नाली के ढक्कन को तोड़कर शव को बरामद किया गया।एसओ संदीप त्रिपाठी ने बताया काफी प्रयास के बाद आज चौथे दिन बच्ची का शव उसी के घर के समीप आरसीसी नाली से बरामद हुआ है।नाली को तोड़वाया गया है।टूटने के बाद शव को पोस्मार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्यवाही की जा रही।

# अयोध्याः सामूहिक दुष्कर्म मामलाः मुख्य आरोपी सपा नेता की बेकरी पर चला बाबा का बुलडोजर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भदरसा दुष्कर्म मामले में योगी सरकार के निर्देश के बाद मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी के नेता मोईद खान के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है।बाबा का बुलडोजर शनिवार को मोईद खान की बेकरी पर पहुंचा। इसके पहले बेकरी में छापेमारी की गई,बेकरी के अंदर बने सामान को सैंपलिंग के लिए भिजवाया गया।बेकरी का लाइसेंस भी रद्द होगा।इसके बाद बेकरी पर बुलडोजर चला।इससे पहले शुक्रवार को मोईद खान की जमीनों की जिला प्रशासन ने पैमाइश की थी।एसडीएम सोहावल अशोक कुमार ने कहा कि बेकरी को अवैध पाए जाने के बाद सील कर दिया गया है और बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी से सुलह-समझौता करने का दबाव बनाते हुए धमकी देने के मामले में भी पुलिस ने भदरसा नगर पंचायत चेयरमैन और दो सपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।दर्ज एफआईआर के मुताबिक सपा नेता मोहम्मद राशिद, सपा नेता जय सिंह राणा और एक अन्य व्यक्ति के साथ जिला महिला अस्पताल पहुंचे।यहीं पर दुष्कर्म पीड़िता का इलाज चल रहा है।रात लगभग 11 बजे प्राइवेट वार्ड में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगे। बता दें कि कल शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी। इसके बाद पूराकलंदर थाना प्रभारी रतन शर्मा और भदरसा चौकी प्रभारी अखिलेश गुप्ता को निलंबित कर दिया गया। थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी के खिलाफ त्वरित कारवाई न करने और मामला दर्ज करने में देरी पर कार्रवाई की गई।

**पूरा मामला**

12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता चार बहन है,जिसमें ये सबसे छोटी है।पिता की दो साल पहले मौत हो चुकी है।घर का खर्च मां और बहनों द्वारा मजदूरी से मिले पैसे से चलता है।आरोप है कि लगभग ढाई महीने पहले बच्ची खेत से मजदूरी कर वापस आ रही थी।इसी दौरान रास्ते में उसको राजू मिला।राजू ने बच्ची से कहा कि बेकरी मालिक मोईद खान उसे बुला रहा है।आरोप है कि मोईद ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने इसका वीडियो बना लिया।राजू ने भी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।लंबे समय तक मोईद और राजू वीडियो से ब्लैकमेल करके बच्ची के साथ दुष्कर्म करते रहे।बच्ची जब 2 महीने की गर्भवती हो गई तब मामला खुला।बच्ची के परिजनों ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की,लेकिन शुरुआत में कोई एक्शन नहीं लिया गया। हिंदू संगठनों के साथ निषाद पार्टी के लोगों ने आक्रोश जताया तो पुलिस ने सपा के भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान और उसकी बेकरी पर काम करने वाले राजू को गिरफ्तार किया।

### संवेदनशील मामले पर घिनौनी राजनीति बंद करे ःशिवेंद्र



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।**नाबालिक बालिका से दुष्कर्म मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए ब्लाक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने पीडीए के नेताओं को इस मामले पर राजनीति बंद करने की सलाह दी है।शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष श्री सिंह कहा कि अयोध्या प्रभु श्री राम की नगरी है और उन्हीं के नाम से जानी जाती है।अयोध्या पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें टिकी हुई है।दुर्भाग्य से यहां एक ऐसा मामला सामने आया है जो मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।इस मामले पर नेतागिरी करने और बयान देने से लोगों को बचाना चाहिए और यह कोशिश करनी चाहिए कि यदि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना किसी ऐसे परिवार में हुई है जिसमें कोई सक्षम अभिभावक नहीं है तो उस परिवार के सदस्यों की मानसिक स्थिति को स्वविवेक से समझते हुए पर्दे के पीछे से जितनी मदद हो सके,कर देनी चाहिए लेकिन संवेदना के नाम पर फोटो खींचाने और बयान देने से बचना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी के विधायक बीकापुर डॉ अमित सिंह चौहान बधाई के पात्र हैं जिन्होंने घटना की संवेदनशीलता को समझते हुए न केवल तत्काल इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को अवगत कराया बल्कि पीड़ित परिवार की उनसे मुलाकात भी करा दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में आश्वासन को ही कार्रवाई माना जाता है और मुख्यमंत्री जी ने पीड़ित परिवार को न्याय के साथ कार्रवाई का आश्वासन दिया है जिसके बाद अब आरोपियों के घर की ओर बुलडोजर की दिशा और उनके पतन की दशा तय हो गई है।अस्पताल में पीड़ित परिवार को देर रात तक प्रलोभित करने और दबाव बनाने का प्रयास करने की चर्चाएं सामने आ रही हैं जो न केवल निंदनीय हैं बल्कि अक्षम्य है।श्री सिंह ने कहा कि ऐसे में आज इस बात की आवश्यकता है कि हमें पर्दे के पीछे से उस पीड़ित परिवार की हर तरह से मदद कर उसे अपने परिवार जैसी सुरक्षा व स्नेह देना होगा ।

## सरकार को कोर्ट के फैसले तक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाजायज उत्पीड़न और गलत कार्रवाई न हो ः पारसनाथ यादव




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भदरसा रेप कांड को लेकर अब तक खामोश समाजवादी पार्टी ने शनिवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। समाजवादी पार्टी ने बेटी के साथ हुई रेप की घटना को दुखद और निंदनीय बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सपा नेताओं ने कहा कि है कि दोष सिद्ध होने तक किसी भी सपा नेता का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही सपा ने बुलडोजर और चेयरमैन भदरसा पर दर्ज केस को गलत बताया है। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जांच में जो भी दोषी मिले उन पर जो भी कार्रवाई हो ठीक है लेकिन उससे पहले तरह तरह से सपा नेताओं का उत्पीड़न बेहद गलत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार को कोर्ट के फैसले तक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाजायज उत्पीड़न और गलत कार्रवाई न हो। जिस तरह से बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है वह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि पीड़ित बिटिया के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और उचित सुरक्षा व रक्षा दी जानी है। उन्होंने कहा कि भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद और सपा नेता जय सिंह राणा अपने परिवार से मिलने जिला महिला अस्पताल गए थे और उन पर आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि भदरसा में बिटिया के साथ जो दुःखद घटना हुई है। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। यह बहुत ही बड़ा जघन्य अपराध है, हम इस बात की मांग करते हैं कि इस घटना में जो भी दोषी है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए लेकिन कार्रवाई की आड़ में बिना साक्ष्य के, बिना प्रमाण के बिना सबूतों को इकट्ठा किए समाजवादी पार्टी के नेताओं का उत्पीड़न न किया जाए, गलत एवं फर्जी कार्रवाई न किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में सर्विलांस से जुड़े जितने भी साक्ष्य हैं सब इकट्ठा किए जाएं। घटना की डीएनए जांच कराई जाए और जो भी दोषी पाया जाए उसे कठोर से कठोर सजा दी जाए, लेकिन किसी निर्दोष को न फंसाया जाए। इस दौरान बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, बलराम मौर्या समेत तमाम नेता भी मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने अयोध्या रिंग रोड को केंद्रीय केबिनेट द्वारा स्वीकृति मिलने पर जताया आभार

**अयोध्या।**अत्यंत हर्ष के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पूरे अयोध्या वासियों की तरफ़ से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा अयोध्या रिंग रोड 68 किमी, 3925 करोड़ लागत को स्वीकृति दी गई, जिसकी आधारशिला 8 फरवरी 2019 को मेरे द्वारा प्रस्तावित रखी गई थी। अयोध्या को जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से अयोध्या रिंग रोड का प्रस्ताव मेरे द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को दिया गया था और, 8 फरवरी 2019 को भव्य शिलान्यास कार्यक्रम के बाद, आज मोदी सरकार द्वारा कैबिनेट में स्वीकृति मिलने पर मैं अयोध्यावसियों की तरफ से सहृदय नेतृत्व का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ।

### रंगरलिया मनाते महिला इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर को उसके परिजनो ने जमकर धुनाई की



**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा में तैनात महिला इंस्पेक्टर और उसके प्रेमी इंस्पेक्टर को उसके परिजनो ने थाना परिसर मे जमकर धुनाई कर डाली। इनकी पिटाई का वीडियो भी वायरल हो गया।थाना रकावगंज स्थित पुलिस आवास के अंदर महिला इंस्पेक्टर को प्रेमी इंस्पेक्टर के साथ रंगे हाथ अय्यासी करते उसके परिजनो ने पकड़ा। प्रेमी इंस्पेक्टर के परिजनों ने आगरा महिला इंस्पेक्टर के क्वार्टर पर दोनो को कमरे से बाहर निकाल कर उनको पीटना शुरू कर दिया।पुलिस आवास के आस पडोस रहने वाले परिवार की महिलाए एव अन्य लोग तमाशवीन बने पिटाई का नजारा देते रहे। सूचना पर डीसीपी सिटी और एसीपी सदर ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला और घटना की जानकारी पुलिस कमिश्नर को को दी। महिला इंस्पेक्टर आगरा के सिटी कमिश्नरी में स्थित थाने में तैनात है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस कमिश्नर जे.रविन्द्र गौड ने महिला इंस्पेक्टर शैली राणा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया

### संपूर्ण समाधान दिवस मिल्कीपुर में मुख्य राजस्व अधिकारी ने सुनी जन शिकायतें

**▸▸71 शिकायतों के सापेक्ष मौके पर मात्र 02 का निस्तारण**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर -अयोध्या।**मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को मुख्य राजस्व अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस में अशोक कुमार तिवारी निवासी कदनपुर ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि चेक मार्ग गाटा संख्या 772 व 774 पर विपक्षी गुरु प्रसाद द्वारा जबरन अवैध अतिक्रमण किया गया है जिसे खाली कराने के लिए मांग की है। वहीं बेवा प्रियंका पत्नी स्वर्गीय हरिराम निवासी बोड़े पुर ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि गांव निवासी सूरज उर्फ गोलू अपने साथियों की मदद से उसके साथ दुष्कर्म किया है। वहीं दूसरी ओर बेवा दिव्यांग महिला श्याम कला निवासी उधरनपुर परगना खंडासा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके पति के नाम दर्ज खतौनी गाटा संख्या 0467ख रकबा 0.076 हे0 दर्ज है। पति की मौत के बाद से वह वरासत अपने नाम कराने के लिए कई वर्षो से तहसील का चक्कर लगा रही है लेकिन अभी तक उनके नाम पति की वरासत दर्ज नहीं हुई है। पीड़ित महिला का यह भी आरोप है कि वरासत को लेकर 2 वर्षो से तहसीलदार के यहां वाद विचाराधीन है। सत्यनारायण तिवारी निवासी मरूई गनेशपुर ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि जल जीवन मिशन द्वारा गांव में घर-घर शुद्ध पेय जल हेतु बिछाई जा रही पाइपलाइन के चलते इंटरलॉकिंग क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके चलते आवागमन बाधित है जिसको दुरुस्त कराने की मांग की है।तहसील समाधान दिवस के दौरान कुल 71 शिकायतें पेश हुई जिनमें मात्र 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी व पुलिस विभाग से संबंधित छाया रहा। मुख्य राजस्व अधिकारी सतीश कुमार त्रिपाठी ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह, वीडीयो मिल्कीपुर कमला प्रसाद श्रीवास्तव, उपखंड अधिकारी विद्युत मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक मिल्कीपुर रषीश कुमार, मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता परिषद ने आयोजित किया वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** अधिवक्ता परिषद अयोध्या की कार्यकारिणी द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का जिला सहकारी बैंक के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने की तथा संचालन महामंत्री रत्नेश सिंह ने किया। सम्मानित होने वाले अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारसनाथ पाण्डेय, कृपाल चन्द्र खरे, राम सुभावन कनौजिया, श्रवण कुमार मिश्रा, रेखा शर्मा, अनिरुद्ध यादव रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, अनीता पाठक, राजीव शुक्ला, राधारमण सिंह, प्रतीक श्रीवास्तव, वर्षा मौर्या, कर्मवीर सिंह, बृजेश वर्मा, बबिता मौर्या अवनीन्द्र सिंह, सतीश देवरस, अरुण प्रकाश त्रिपाठी शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा, ज्ञानेश चंद्र पांडेय, सारंग धर मिश्रा, अतुल पाण्डेय, शैलेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

## सीएचसी मिल्कीपुर अधीक्षक पर गिरी गाज

### सीएचसी गेट पर पर शिशु जन्म लेने के मामले में अधीक्षक हटाए गए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर स्वास्थ्य कर्मियों की बड़ी लापरवाही के चलते प्रसूता को अस्पताल गेट पर ही नवजात शिशु को जन्म देने के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या के नाराजगी की गाज सीएचसी अधीक्षक पर गिर गई है। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार को उनके पद से हटाते हुए उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय धनेठी पर चिकित्सा अधिकारी पद पर स्थानांतरित कर दिया है। इसके साथ ही कार्यों में लापरवाही करने वाली बेअंदाज संविदा कर्मी स्टाफ नर्स रेशू सिंह को भी अस्पताल से हटाते हुए उसका स्थानांतरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुनवा रुदौली के लिए कर दिया है। बताते चलें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत उछाह पाली गांव निवासी विमलेश पत्नी राकेश कुमार को बृहस्पतिवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे लेकर दिन में करीब 2ः00 बजे सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचे थे। तब से प्रसूता का इलाज करना तो दूर संविदा स्टाफ नर्स द्वारा उसे हाथ तक नहीं लगाया गया। शाम लगभग 6 बजे जब प्रसूता विमलेश की तबीयत बिगड़ने लगी तो आनन-फानन में संविदा स्टाफ नर्स रिशु सिंह द्वारा रेफर कागज प्रसूता को थमाने के बाद उसे अस्पताल से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। प्रसूता विमलेश अस्पताल से निकल कर गेट पर पहुंची तभी उसने जमीन पर खुले में नवजात शिशु को जन्म दे दिया। वाकया देख स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया, तो संविदा स्टाफ नर्स ने दाई व अन्य कर्मियों को भेजकर जच्चा-बच्चा दोनों को डिलीवरी रूम में लाया गया। मामले को विभिन्न समाचार पत्रों सहित सोशल मीडिया पर प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद सीएमओ डॉ संजय जैन द्वारा मामले का संज्ञान लिया गया और उन्होंने प्रकरण में दोषी संविदा स्टाफ नर्स रिशु सिंह को अस्पताल से हटाने का आदेश दे दिया जबकि सीएचसी अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार से उनका अधीक्षक पद छीन लिया। सीएमओ श्री जैन ने तात्कालिक एवं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय धनेठी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में अधीक्षक पद पर तैनाती के आदेश दे दिया है। वहीं क्षेत्र में संविदा स्टाफ नर्स को हटाए जाने की जानकारी मिलते ही लोगों में खुशी का माहौल छा गया है। क्षेत्रवासी लोगों का कहना है कि उक्त स्टाफ नर्स अत्यंत बेअंदाज एवं झगड़ालू प्रवृत्ति की है।

### नाबालिग लड़की के बलात्कारी को फांसी की सजा दोः हिन्दू महासभा

**अयोध्या ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने तहसील सोहावल के भदरसा कस्बे में बारह वर्ष की नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी समाजवादी पार्टी नेता मोइन खान पर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से एक माह के अंदर फांसी की सजा देने की मांग की हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान ने कहा कि हिन्दू महासभा ने बलात्कारी को फांसी की सजा और पीड़िता को न्याय और राज्य सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।जिलाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश में सांसदों के जीत से उत्पाती और अपराधिक तत्वों का मनोबल बढ़ा है। प्रधान जी निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी से पीड़िता की मां के मिलने के बाद पुलिस और अधिकारी आरोपी बलात्कारी मोइन खान के जमीन की पैमाईश करने पहुंचे जो किसी बड़े निर्णय और एक्शन का प्रतीक है। पूरा कलंदर थाना के एस ओ और भदरसा चौकी के इंचार्ज को सस्पेंड किया जाना दर्शाता है कि योगी शासन में किसी भी अपराधी और उसके सहयोगियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाता है। जिला अध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान ने बलात्कारी को फांसी की सजा दिलवाने के लिए हिन्दू महासभा द्वारा रचनात्मक जन अभियान आरंभ करने का ऐलान किया ।

# विद्युत समस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरा कांग्रेसियों का हुजूम

## दो तरह के कानून चलाने वाले अफसरों पर हो सस्पेंड करने की कार्रवाई-अभिषेक सिंह राणा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जनपद के कांग्रेसियों ने जनपद में हो रही अघोषित विद्युत कटौती व नहरों में पानी न छोड़े जाने तथा अन्य ज्वलंत शील समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरकर नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। घण्टों कलेक्ट्रेट गेट पर धरना देने के बाद जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। आपको बताते चले कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी जुलूस के रूप में सड़क पर उतर गए और नारेबाजी करते हुए लालडिग्गी चौराहा, सुपरमार्केट, डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जनपद में हो रही अघोषित विद्युत कटौती, नहरो में सिंचाई के लिए पानी न उपलब्ध होने, विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व जनपद की कानून व्यवस्था को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय के गेट पर जिलाधिकारी प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे एसडीएम सदर व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जनपद के समस्त गांवों में 20 घंटे शहर व टाउन एरिया मे 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिले के समस्त गांवों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 6 घंटे तथा शहर व टाउन एरिया में दो घंटे में बदलकर आपूर्ति बहाल की जाए। जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं के इलेक्ट्रॉनिक मीटर में आ रहे अधिक विद्युत विल की शिकायत पर गुणवत्ता परख निस्तारण तीन दिवस में किया जाए। जनपद के समस्त नहरों में पानी छोड़ा जाए और प्रत्येक माइनर की सफाई कराकर पानी टेल तक पहुंचाने हेतु व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जनपद में दोहरी कानून व्यवस्था के मापदंड बंद किए जाएं, कानून सबके लिए समान होना चाहिए। भाजपा नेताओं के लिए अलग और अन्य दलों के लिए अलग कानून व्यवस्था इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं



किया जाएगा, ऐसा करने वाले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाए। इन्हीं मांगों के साथ कांग्रेसियों ने जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे एसडीएम सदर टीपी सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट उत्तम तिवारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जनपद के समस्त विभागों के अधिकारी पूरी तरह से लापरवाही बरत रहे हैं, किसानो की धान की रोपाई व सिचाई का यह अति महत्वपूर्ण समय चल रहा है ऐसे में नहरों से पानी टेल तक नहीं पहुंचा रहा है, जिससे किसान अधिक परेशान है। इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद भी सम्बन्धित अधिकारी इसे नजर अंदाज कर रहे। वहीं उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है जनपद में अघोषित विद्युत कटौती का रिकॉर्ड बन चुका है, ऐसे में व्यवसाय करने वाले व्यापारियों के उद्योग धंधे भी प्रभावित हो रहे हैं। विरोध-प्रदर्शन मे महेंद्र सिंह, राहुल त्रिपाठी, रणजीत सिंह सलूजा, अपरबल सिंह,अनिल सिंह, वरुण मिश्रा, हौसला प्रसाद भीम, मिर्जा अकरम बेग, सुरेंद्र शुक्ला, कमर खान, नफीस फारुकी, पवन मिश्रा कटांवा, सुब्रत सिंह सनी, कुमारी निकलेश सरोज, शीतल साहू आदि लोग शामिल रहे।

### कांग्रेसियों का आक्रोश देखा जिला प्रशासन रहा अलर्ट

बिजली, पानी व अन्य ज्वलंत सील समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों के प्रदर्शन की सूचना पर जिला प्रशासन अलर्ट मोड रहा। जिला कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट तक भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी जिसे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटित हो सके, लेकिन कांग्रेसियों ने भारी पुलिस फोर्स की तैनाती के बावजूद भी जिला कार्यालय से जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पहुंच गए और घंटों सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

# छात्रों को स्वस्थ एवं फिट रखने के लिए व्यायाम जरूरी- मृदुला आनंद

## डीआईओएस ने जिले के प्रधानाचार्य व व्यायाम शिक्षकों के साथ की बैठक



**बलरामपुर।** राजकीय पुस्तकालय सभागार में जिले के माध्यमिक इंटर कॉलेज में कार्यरत व्यायाम शिक्षक एवं प्रधानाचार्ययों की बैठक आयोजित की गई बैठक में माध्यमिक स्कूलों में शैक्षणिक कार्यो को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय मृदुला आनंद ने की है उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए व्यायाम नियमित रूप से जरूरी है इसके लिए सहायता प्राप्त राजकीय एवं निजी स्कूलों में व्यायाम शिक्षक कार्यरत हैं यह सभी नियमित रूप से बच्चों को योगाभ्यास के साथ व्यायाम कराए ताकि बच्चे स्वस्थ एवं फिट रह सके बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सबसे पहले जिले के प्रधानाचार्ययों एवं व्यायाम शिक्षक से परिचय लिया इसके बाद पठन-पाठन खेल कूद के संबंध में जानकारी लेते हुए विभिन्न बिंदुओं को प्रधानाचार्य व्यायाम शिक्षकों से साझा किया उन्होंने छात्रवृत्ति नामांकन इंस्पायर योजना अलंकार योजना पर तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दियाहै वहीं जिले में आगामी वार्षिक खेलकूद के कार्यक्रमों पर चर्चा की जिला क्रीड़ा सचिव मोहम्मद सुहैल ने आगामी वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों को खेलकूद का आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं जिला विद्या निरीक्षक ने कहा कि सभी विद्यालय नियमन अनुसार क्रीडा अनुष्ठान तत्काल जमा कर दें अपने विद्यालय की खेल टीम को कम से कम तीन खेलों में अनिवार्य रूप से प्रतिभागी करें व्यायाम शिक्षक हर विद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है अनुशासन के साथ विद्यालय की प्रगति में व्यायाम शिक्षक का विशेष योगदान होता है

इस दौरान उप जिला अधिकारी कमाल अहमद चंदन पांडे ए केपी यादव रेखा देवी राकेश प्रताप सिंह मिथिलेश तंबोली कुमेश सरोज उमेश तिवारी शाहिद अहमद अभय शंकर स्मिता पाठक अंशु वर्मा रश्मि सिंह प्रशांत विश्वकर्मा श्रद्धा सिंह हेमंत यादव प्रवेश वर्मा आदि व्यायाम शिक्षक एवं स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे हैं

# शिक्षा मित्र संगठन द्वारा दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार को सौंपी गयी आर्थिक सहयोग राशि



**सुलतानपुर।** आदर्श शिक्षा मित्र संगठन जयसिंहपुर सुलतानपुर के तत्वाधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, राकेश रंजना सिंह समाज सेवी, अशोक सिंह गौरा जिलाध्यक्ष अटेवा, संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, व संरक्षक के.सी. मिश्रा, आशुतोष यादव जिलाध्यक्ष अनुदेशक संघ, सहित उपस्थिति लोगो ने मृतक के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रध्दांजलि अर्पित की। शिक्षामित्र ऐसोशियेशन के माध्यम से शिक्षको, शिक्षामित्रो व अनुदेशको से एकत्रित की गयी 318000 (तीन लाख अठारह हजार रूपये (151000 चेक व 167000 पूर्व मे) धनराशि स्व.प्रयाग दत्त तिवारी की धर्म पत्नी शैल कुमारी को दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस दुख की घड़ी मे हम पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने कहा कि शिक्षा मित्र संगठन द्वारा किया गया कार्य बहुत ही पुनीत है। राम शिरोमणि वर्मा अध्यक्ष मोतिगरपुर ने कहा कि संगठन पीड़ित परिवार की हमेशा मदद करता रहेगा। प्रदीप यादव महामंत्री ने कहा कि अन्य परिवारिक लाभ दिलाने का आश्वाशन दिया।विदित हो कि स्व. प्रयाग दत्त तिवारी ब्लाक अध्यक्ष (56वर्ष) शि.मि. प्रा वि. बसायकपुर वि.क्षे. जयसिंहपुर जनपद-सुलतानपुर मे कार्यरत थे। वे लगातार 18 वर्षो से निर्विवाद रूप से ब्लाक अध्यक्ष के दायित्वो का निर्वहन किया। जिनका विगत 17 जून 2024 को सड़क दुर्घटना मे निधन हो गया था । वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र छोड़ गये ।इस दुखद अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्रा,संरक्षक के सी मिश्रा, प्रदीप यादव महामंत्री, दीपेन्द्र सिंह अध्यक्ष प्रा.शिक्षक संघ जयसिंहपुर, शिव नारायण वर्मा,जीत बहादुर वर्मा द्वारा आयोजन करते हुए आऐ हुए आगन्तुको का आभार प्रकट किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सुतीक्षण तिवारी ने दी है।

# नरेंद्र कुमार निषाद बने मोस्ट जिला महासचिव

## बदरूद्दीनपुर में हुई मोस्ट भदैंयां ब्लॉक कमेटी की मीटिंग

**सुलतानपुर।** बदरूद्दीनपुर में भदैंयां के मोस्ट ब्लॉक संयोजक सत्यदेव पाल के नेतृत्व में मीटिंग की गई, जिसमें मोस्ट पदाधिकारियों व मोस्ट रक्षक दल के सदस्यों तथा मोस्ट से जुड़ने के लिए इच्छुक लोगों के साथ मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷, प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद, प्रदेश सह संयोजक अमृतलाल निषाद, सचिव रविकांत निषाद आदि वरिष्ठ मोस्ट पदाधिकारियों द्वारा मोस्ट समाज के हित में काम करने का संकल्प लिया।

उक्त अवसर पर नरेंद्र कुमार निषाद को जिला महासचिव, कंचन कुमार निषाद को ब्लाक सह संयोजक और रविन्द्र निषाद को मोस्ट रक्षक दल में चयनित किया गया। इस अवसर मोस्ट ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र निषाद, शिवम, संदीप निषाद, राकेश कुमार, वंशीलाल, महंथ लाल, चन्द्रभान, पूर्व प्रधान हरिराम निषाद, रेखाई निषाद, राधेश्याम, राम मिलन निषाद, संदीप निषाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बच्चों को शिक्षा के साथ सम्मान भी जरूरी- क्रेग बटरफील्ड

## जीसस एंड मैरी स्कूल में शैक्षिक सत्र 2023 24 का पदक सम्मान कार्यक्रम संपन्न

**बलरामपुर।** शनिवार को जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2023 24 का प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया समारोह में विद्यालय के नर्सरी से इंटर के मेधावियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रिंसिपल क्रेग बटरफील्ड नहीं करते हुए वर्ष 2023 24 के सभी मेधावियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मेधावी के हौसले को बुलंद करना है एवं अन्य बच्चों को इस दिशा में प्रेरित करना है ताकि वह भी इस दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि पदक पाना छात्रों के लिए सिर्फ पुरस्कार ही नहीं है बल्कि उनके जीवन की अविस्मरणीय पल होता है विद्यालय प्रिंसिपल प्ले स्कूल में प्रथमया श्रीवास्तव नर्सरी में सिद्धार्थ राज एलकेजी में आर्त्य्य मिश्रा यूकेजी में अविका सिंह जीसस एंड मैरी नर्सरी क्षेत्र में अन्वेष मिश्रा प्रियांशु समर्थ श्रीवास्तव एवं वेदांश मिश्रा एलकेजी में आवेश आवेश



कार्तिक सिंह एवं पीहू चौधरी को अव्वल आने पर प्रशस्ति पत्र एवं मैडल पहनकर सम्मानित किया गया है इसी क्रम में यूकेजी में हुसैन वारिस कुणाल सिंह एवं अथर्व शुक्ला प्रथम स्थान पर रहे हैं इसी क्रम में कक्षा एक से 12 की वार्षिक परीक्षा में विद्यालय में कक्षा एक में युविका गुप्ता काव्या सिंह ईशानी अग्रवाल आयशा फातमा प्रथम स्थान पर कक्षा 2 में पार्थ यदुवंशी रूही गुप्ता अनन्या सिंह काव्या सिंह प्रार्थना सिंह कनिष्क सिंह एवं मोहित मिश्रा अव्वल रहे हैं कक्षा 3 में सिदरा सबा, मरियम खान अनन्या शर्मा आदित्य पटेल एवं सिद्ध मिश्रा कक्षा चार में अनर्व सोनी वनिक महेश्वरी शुक्ला एवं वंशिका मिश्रा कक्षा 5 में साक्षी अग्रवाल सुनैना गुप्ता विधि त्रिपाठी अर्थ गोयल श्लोक मणि त्रिपाठी एवं नमन केसरवानी अव्वल रहे हैं इसी क्रम में कक्षा 6 में रितिक सिंधी अवंतिका शर्मा विहान सिंधी समृद्धि पांडे कक्षा 7 में दिव्यम शर्मा मान्य पांडे एवं अंश कुमार कक्षा 8 में आयुष गोयल तेजस्वी मणि तिवारी पीयूष यादव एवं सत्यम केसरवानी कक्षा 9 में आहान क्रिस्टोफर बटरफील्ड कृत सिंधी प्रखर आयुष एवं अंशिता सिंह कक्षा 10 में रतन श्रीवास्तव अनिकेत सिंह एवं सुरुजीता सिंह कक्षा 11 में सक्षम श्रीवास्तव हर्षिका सिंह एवं निधि रस्तोगी कक्षा 12 में शिखर मिश्रा एवं अरुणिमा पांडे प्रथम स्थान पर रहे हैं इन सभी को शैक्षिक सन 2023 24 में सत्र प्रतिशत स्कूल में उपस्थित के साथ कक्षाओं में अव्वल रहने पर पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया खेलकूद एवं शैक्षणिक कार्यों में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को चल वैजयंती प्रदान करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सैंट टैरेसा कॉलेज लखनऊ की निदेशक जेनेबिब लोंबो ने बच्चों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों में रचना श्रीवास्तव दिनेश मणि त्रिपाठी बीपी पांडे अशोक कुमार पांडे डॉक्टर सत्येंद्र सिंह डॉक्टर एचपी सिंह अनूप श्रीवास्तव रागिनी पाठक निशू तिवारी मीनाक्षी वर्मा अनुराग त्रिपाठी अमित चौरसिया आदि शिक्षक शिक्षकों का कार्यक्रम आयोजन में विशेष योगदान रहा है।

# केएनआई, इग्नू अध्ययन केंद्र में अब एडमिशन 14 अगस्त तक

**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र संख्या 2710 में सत्र जुलाई 2024 के लिए विभिन्न सर्टिफिक्रेट, डिप्लोमा, स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेश के लिये अंतिम अवसर देते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक बढ़ा दी गयी है। यह जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ शक्ति सिंह नें दी। इन्होंने बताया कि प्रवेश कही से भी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से इग्नू वेबसाइट पर जाकर लिया जा सकता है। इग्नू से प्राप्त डिग्री की मान्यता पूरे विश्व में है। संस्थागत कोर्सेज या सर्विस के साथ भी यह मान्य है। पूरे देश में इग्नू के परीक्षा केंद्र हैं, जिससे विद्यार्थी कहीं भी परीक्षा दे सकता हैं। डॉ सिंह ने कहा कि प्रवेश के उपरांत विश्वसनीय और स्तरीय पाठ्य सामग्री इग्नू के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। इस दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था में एस.सी. और एस.टी. छात्रों को निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था दी गई है।

# निजी स्कूलों की समस्याओं को लेकर प्रबंधक हुए लामबंद

## सीएम संबोधित डीएम,डीआईओएस एवं बीएसएको दिया ज्ञापन



**बलरामपुर।** शनिवार को उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ प्रांतीय इकाई के नेतृत्व में समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित जिलाधिकारी जिला विद्या निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सदर विधायक पलटू राम को ज्ञापन सौपा गया है। प्रतिनिधि मंडल ने निजी स्कूलों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की मांग की है। संघ के प्रांतीय संयोजक राजकुमार जायसवाल की अगुवाई में वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्या निरीक्षक मृदुला आनंद, जिलाधिकारी प्रतिनिधि शिवम प्रशासनिक अधिकारी संचित मोहन तिवारी बीएसए एवं सदर विधायक को सात सूत्री ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से वित्तविहीन विद्यालय को भी परिषदीय विद्यालयों की भांति निशुल्क पुस्तक छात्रों को दी जाएं, प्राथमिक जूनियर एवं माध्यमिक की मान्यता पुराने नियम एवं मानक पर किया जाए, निजी विद्यालयों को त्रिभाषा के अंतर्गत पूर्व की भांति उन्हें भी वेतन दिया जाए, आरटीई के तहत बच्चों का नियमित रूप से दिया जाए एवं शुल्क 450 से बढ़कर 1000 किया जाए, यू डाइस के अंतर्गत विद्यालय को समस्त सूचना अपलोड करने का अधिकार दिया जाए, मान्यता एवं मानक के नाम पर विद्यालयों का शोषण बंद किया जाए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों को समय-समय पर निजी विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर अवगत कराया जाए आदि मांग शामिल है इन मांगों को लेकर संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष समस्याओं को रखने की मांग की है इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष जेएसपी मिश्रा एसपी गुप्ता जिलाध्यक्ष गंगा राम,नसीम अहमद दिलीप कुमार धनीराम शेखर कुमार गुप्ता आदि स्कूलों के प्रबंधक शामिल रहे हैं।

### मान्यता से अधिक कक्षा संचालन पर विभागीय अधिकारी मौन

बलरामपुर जिले में बिना मानक अथवा मान्यता से अधिक कक्षाओं के संचालन वाले स्कूलों की भरमार है शिक्षा अधिकारी जानकर अनजान बने हुए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय के चंद् कदम दूरी पर हरिहरगंज, धूसाह, भगवतीगंज,जोरावरपुर, लाल नगर, भिवरा, विशुंनापुर आदि एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर बिना मान्यता के अथवा पांचवी की मान्यता पर आठवीं और आठवीं की मान्यता पर इंटर तक कक्षाएं बेखौफ चला रहे हैं शिक्षा अधिकारी जांच के नाम पर कोरम पूरा करके ऐसे स्कूलों को अभय दान दिए हुए हैं। इस संबंध में जिला विद्या निरीक्षक मृदुल आनंद का कहना है कि किसी भी सूरत में बिना मान्यता के अथवा मानक क्यों मानता से अधिक कक्षाओं के संचालन नहीं होने दिए जाएंगे ऐसे स्कूलों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# तहसीलदार सदर की मौजूदगी में नियम विरुद्ध हुई दुकानों की नीलामी, लगा आरोप

## नीलामी सूचना के पांच दिन बाद ही करा दी गई नीलामी



**सुल्तानपुर।** नियम विरुद्ध तरीके से तहसील परिसर में संचालित दो दुकानों की नीलामी कराई गई है। पहली बार इस बोली में तहसीलदार भी नीलाम अधिकारी के साथ मौजूद रहे। फिलहाल सदर में आयोजित तहसील दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई हैं। खैर इस अनियमित एवम विधि विरुद्ध नीलामी की तरह तरह की चर्चाएं आम है।

देखा जाय तो एक दैनिक अखबार में 29 जुलाई को जो प्रकाशन कराया गया। कानूनी तौर पर अवधि15 दिन के बजाय पांचवें दिन निर्धारित कर दी गई।प्रायोजित तरीके से दुकान नंबर एक की बोली कुल सात राउंड कराते हुए 91हजार रु में फाइनल हुई। तहसीलदार सदर हृदयरम तिवारी व नीलाम अधिकारी/नायब तहसीलदार दुर्गेश यादव ने कहा कि सात चक्र ही पर्याप्त है। वही दुकान नंबर दो की बोली 22 राउंड कराई गई। बीच-बीच में तहसीलदार बोली दाताओं को सर्वाधिक बोली के लिए प्रोत्साहित करते रहे।जब कि सात चक्र के बाद बोलीकर्ताओ में राम सिंह यादव, विजय सिंह, अंजनी तिवारी चंद्र मणि समेत शामिल लोगो ने आपत्ति जताई। इसके बावजूद तहसीलदार बोले की बोली का चक्र बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल 22 राउंड में फाइनल बोली एक लाख रु. से ऊपर की हुई। ऐसे में सवाल ये है कि जब वही बोली दाता दोनो दुकानों की बोली में शामिल थे तो किस प्रभाव में आकर एक दुकान की बोली सात राउंड तो दूसरी दुकान की बोली 22 राउंड क्यों कराई गई। फिलहाल नियम विरुद्ध, पक्षपात पूर्ण तरीके से आयोजित नीलामी की चर्चाएं आम है।

# तहसील क्षेत्र के सड़कों के फुटपाथों पर सड़क माफ़ियाओं का कब्जा

## फुटपाथ पर मोरंग गिट्टी होने से , बढ़ रही हैं दुर्घटना-प्रशासन संज्ञाशून्य

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसीलक्षेत्र के मुख्य सड़कों के फुटपाथों पर ,जगह जगह बिक्रयहेतु मोरंग ,गिट्टी रखकर सड़क माफियाओं ने ,प्रशासन के आदेशों को धता बताते हुए ,प्रशासनिक अमला के नकारेपन की पोल खोल दिया है ।प्रशासनिक संरक्षण के चलते फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमण से ,आएदिन राहगीरों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है ।

तहसीलक्षेत्र के मुख्य सड़क ,चाहे हलियापुर वाया कूरेभार हो ,अथवा हलियापुर वलीपुर। दोनों मुख्य सड़कों के फुटपाथों को



सडकमाफ़ियाओं ने मोरंग गिट्टी गिराकर ,अवैध अतिक्रमण कर लिया है ।जबकि शासनादेश के अनुसार सड़कों के किनारे के फुटपाथों को यत्रयों के सुरक्षा हेतु ,अतिक्रमणमुक्त रखने का सख्त आदेश है ।और आलम यह है कि दोनों सड़कों के फुटपाथ जगह जगह मोरंग गिट्टी गिराकर , दबंग विक्रेताओं ने कब्जा जमा रखा है ।फलस्वरूप यात्री आएदिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं ।कइयों की तो जान भी गयी है ।प्रशासनिक संरक्षण माने अथवा नाकामी ,शासनादेश के बाद भी ,प्रशासन के नाक के नीचे हुए अवैधकब्जा को जिम्मेदार हटवाने में नाकाम रहे हैं ।इस बावत उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार ने बताया कि शासनादेश के अनुपालन में ,फुटपाथों पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटवाया जाएगा।

# तहसील में राजस्व परिषद के आदेशों की अवहेलना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए सख्त निर्देशों के बावजूद तहसील बल्दीराय में निजी व्यक्तियों का दबदबा बदस्तूर कायम है।

राजस्व परिषद ने समस्त मंडल, कलेक्ट्रेट व तहसील स्तर के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कार्यालयों में बाहरी व्यक्तियों, विशेषकर निजी कार्मिकों/प्राइवेट व्यक्तियों से कोई कार्य नहीं कराया जाएगा।

इन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए तहसील बल्दीराय में निजी कर्मियों की उपस्थिति और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की खबरें सामने आ रही हैं। राजस्व परिषद ने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि कोई अधिकारी इस निर्देश का पालन नहीं करता है और उसके कार्यालय में निजी व्यक्तियों द्वारा कार्य कराया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी और वह स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा।

इन निर्देशों का उद्देश्य सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार को रोकना है, ताकि सरकारी कार्यालयों में अनधिकृत व्यक्तियों का हस्तक्षेप समाप्त हो सके। बावजूद इसके, तहसील बल्दीराय में सरकारी अधिकारियों द्वारा निजी व्यक्तियों से काम कराए जाने के कई मामले सामने आ रहे हैं, जिससे स्थानीय जनता में आक्रोश बढ़ रहा है और प्रशासन की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

तहसील बल्दीराय में जारी इस स्थिति ने एक बार फिर से प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता को उजागर किया है, जहां सरकारी निर्देशों की अवहेलना पर सख्त कार्यवाही की जरूरत महसूस की जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द इस मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करे, ताकि राजस्व परिषद के निर्देशों का पालन सुनिश्चित हो सके और सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे।

# एमपीपी इंटर कॉलेज के मदनलाल बने एनसीसी कैप्टन

**बलरामपुर।** एम पी पी इंटर कॉलेज के एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट मदन लाल ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकडेमी कॉम्पटी नागपुर से कैप्टन रैंक में सफलतापूर्वक रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया है । एन सी सी बटालियन के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है लेफ्टिनेंट मदन लाल एम पी पी इंटर कॉलेज बलरामपुर में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं। आपने वर्ष 2020-21 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी कॉम्पटी नागपुर से प्री कमीशन कोर्स पूर्ण करके लेफ्टिनेंट का रैंक प्राप्त किया था।

जुलाई 2024 में नागपुर में आयोजित रिफ्रेशर पार्ट एक कैप्टन कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया है।



सफलतापूर्वक कोर्स पूर्ण करने पर 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी बलरामपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल व एम पी पी के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह कैप्टन डॉक्टर देवेंद्र चौहान सहित विद्यालय के शिक्षकगण व बटालियन के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई है।

# पत्रकारों के साथ हुये अभद्रता के मामले में बहरिया थानाध्यक्ष के खिलाफ आये सभी क्षेत्रीय नेता

## 0 क्षेत्रीय नेताओं ने कहा पत्रकारों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नही की जायेगी

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया।** बहरिया बाजार नये चौराहे के पास में हुये गोली काण्ड मामले में एक सम्मानित अखबार के पत्रकार संजीव कुमार मौर्य घटना को कवरेज करने गये हुये थे जिसमें थानाध्यक्ष द्वारा पत्रकार की मोबाइल छीनकर बीडियो व फोटो डिलीट करवा दिया गया था और पत्रकार के साथ अभद्रता की गयी थी ।

अभद्रता की घटना को लेकर क्षेत्र के सभी नेता एवं कार्यकर्ता एक जुट होकर पत्रकारों के साथ खड़े हुये और कहा कि हम लोग बहरिया थानाध्यक्ष द्वारा किये गये इस कृत्य से क्षुब्ध एवं हैरान हैं

इस प्रकार की घटना की हमलोग निन्दा करते हैं और सरकार एवं प्रशासन से इस मामले में थानाध्यक्ष के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं । यदि सरकार एवं प्रशासन जल्द उचित कार्यवाही नही करता है । तो हम लोग भी पत्रकारों के साथ मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिये बाध्य होगें ।

हम पत्रकारों के साथ हैं यदि पत्रकार के साथ थानाध्यक्ष बहरिया ने अभद्रता किया है तो पुलिस प्रशासन को थानाध्यक्ष के खिलाफ तुरन्त कार्यवाही करना चाहिये ।



**राकेश शुक्ला**
**पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा बहरिया**

हमारा पूरा संगठन पत्रकारों के साथ है । सभी पत्रकार बंधु हमारे अग्रज हैं । आप सब के बदौलत न्याय जिंदा है । मेरा संगठन आपकी आवाज को ऊपर शासन तक पहुंचायेगा । आप सब की लड़ाई आर-पार तक लड़ने के लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक पूर्ण रुप से तैयार है । थानाध्यक्ष बहरिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही प्रयागराज प्रशासन को करनी चाहिये । किसान और पत्रकार के साथ अभद्रता बर्दाश्त नही की जायेगी ।



**बबलू दूबे**
**भारतीय किसान यूनियन मण्डल अध्यक्ष**



पत्रकारों के सम्मान के साथ खिलवाड़ करना अक्षम्य है । हमने पत्रकार के साथ हुयी घटना की चर्चा डिप्टी सीएम से किया है और जल्द ही कार्यवाही होगी ।

**बसन्त लाल पटेल**
**भाजपा मण्डल अध्यक्ष बहरिया ।**

# संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी एडीएम आपूर्ति ने सुनी समस्याएं

**कोरांव(प्रयागराज)।** कोरांव तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी अधिकारी तहसील दिवस राजेश सिंह अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति प्रयागराज ने शिकायतें सुनीं और त्वरित कार्यवाही का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।समाधान दिवस में एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह,तहसीलदार राजेश कुमार पाल,बीडीओ कोरांव धीरेंद्र कुमार यादव,नायब तहसीलदार गण,अतिरिक्त पुलिस इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह कोरांव,सहित कई विभाग के अधिकारी मजूद रहे।तहसील समाधान दिवस में अहम बिंदु यह देखने को मिल रही पिछली शिकायतों का समुचित निस्तारण न होने से बार बार वही शिकायतें आ रही है। क्यों कि निस्तारण फर्जी किए जा रहे हैं। इसी से फरि याद करने वाले बार बार पहुंचते हैं। चाहे थाना दिवस हो या तहसील दिवस हो या फिर आईजीआरएस शिकायतें हो सभी में जांच अधिकारी मनमानी निस्तारण आख्या अपलोड करा कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो लेते हैं। जी सासन की मंशा के विपरीत है।

# नाले को पाटकर दोनों तरफ बने मकान दुकानों में घुस रहा पानी, जिम्मेदार मौन

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** क्षेत्र में स्थित दर्जनों गांवों के वर्षा होने से जलनिकासी की व्यवस्था थी । लेकिन नाले के दोनों तरफ बने मकान निर्माण कार्य किए जाने पर बरसात होने नाला को पाटकर दिए जाने से उक्त पानी दुकानों में घुस रहा है । जिससे लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ेगा । इस संबंध में जिम्मेदार लोगों को सूचना दी गई लेकिन मौन बने हुए हैं ।बताया जाता है कि शिवजियावन इंटर कालेज लेड़ियारी के बगल एक नाला स्थित है । जिससे बरसात का पानी की निकासी है । लेकिन कुछ लोग निर्माण कार्य कर चुके हैं । वहीं भवन निर्माण कार्य प्रगति पर है । जबकि जलनिकासी न होने से लेड़ियारी बाजार के उत्तर दिशा सैकड़ों बने मकान में पानी का जलभराव हो जाएगा । जिसके चलते लोगों में आक्रोश व्याप्त है ।

एक तरफ प्रदेश सरकार के मुखिया आदित्य नाथ योगी जी सार्वजनिक स्थानों पर अबैध कब्जा को खाली कराने का निर्देश दिया गया है । वहीं कोरांव तहसील के मे इसकी जानकारी देने के बावजूद अनदेखी की जा रही है । जबकि बारिश होने पर इतना तेज बहाव रहता है कि स्कूल में बनी रपटा पुल तक पानी पहुंच जाता है । इस विद्यालय में लगभग 25 सौ छात्र - छात्राओं का पंजीकरण हुआ है । जल निकासी बंद होने से विद्यालय में जलभराव की स्थिति हो जाएगा ।वहीं सैकड़ों की संख्या में घरों में पानी प्रवेश भी हो सकता है । गांव के सामाजिक कार्यकर्ता श्री निवास साहु, प्रधान कुशवाहा, सुनील कुमार कुशवाहा ने बताया कि अगर अबैध ढंग से बने भवन निर्माण कार्य नहीं रोका गया और नाले में बने भवन को अगर नहीं हटाया गया तो अच्छी बारिश होने पर बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगा । राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल सुमित सिंह ने बताया कि 547 नंबर भूमिधरी है । लेकिन उसके बाद जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसे रोक दिया गया । वह किसी भी हालत में नहीं बनेगा । जो मकान पूर्व मे बनाई गई है । उसके लिए तहसील प्रशासन को अवगत कराया गया ।



# आक्रोशित परिजनों ने युवकों के शव को तिराहे पर रखकर लगाया जाम

## स्कूल की वैन से टकराकर बृहस्पतिवार को दोनों युवकों की हो गई थी मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया ।** स्कूल की वैन से टकराकर बृहस्पतिवार बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की शाम दोनों युवकों का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। आक्रोशित परिजनों ने स्कूल के बगल बाबूगंज तिराहे पर शव को रखकर जाम लगा दिया। जिससे अफरा तफरी मच गई। मौके पर बहरिया और मउआइमा थाने की पुलिस पहुंची और लोगों को समझने का प्रयास किया। लेकिन लोग मौके पर एसडीएम को बुलाने और मांग पत्र सौंपने पर अड़े रहे। एसडीएम ने मौके पर नायब तहसीलदार रविंद्र नाथ रावत को भेजा। नायब तहसीलदार के सामने परिजनों ने 10-10 लाख मुआवजा देने प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मुकदमा न दर्ज करने और एक-एक बीघा जमीन पट्टा करने की मांग रखी। नायब तहसीलदार ने ज्ञापन लेकर उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया तो लोग सड़क से हटे। बता दे कि बृहस्पतिवार को घूरीपुर बोमापुर गांव के सामने एक स्कूल की वैन से टकराकर बाइक सवार जुगनीडीह निवासी शादाब अहमद और साधोपुर उर्फ सुलेमानपुर निवासी अरविंद की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम जब दोनों युवकों का शव गांव में पहुंचा तो कोहराम मच गया। आक्रोशित दोनों युवकों के परिजनों ने शव को ले जाकर बाबूगंज चौराहे पर रख दिया और जाम लगा दिया। अधिकारियों के आश्वासन से करीब 2 घंटे बाद सड़क से जाम हटा। इस दौरान सिकंदरा बहरिया रोड परिवहन की लंबी कतार लगी रही ।

# एक पखवाड़े से जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** ग्राम सभा कैथवल चंद्र कांत मिश्रा कोटेदार के यहाँ लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर एक पखवाड़े से जला पड़ा हुआ है । शिकायत के बावजूद आज तक नहीं लगाएं जाने से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है ।उपभोक्ताओं ने बताया कि दस केवीए का ट्रांसफार्मर में छमता से ज्यादा बाइस कनेक्शनधारी है । पन्द्रह दिनों से जला पड़ा हुआ है । लोगों ने मुख्यमंत्री तक शिकायत और तहसील दिवस पर कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद और सीएम के पोर्टल दर्ज कराई इसके बावजूद आज तक नहीं बदला गया । जबकि इस गांव के लिए कोरांव विधायक राजमणि कोल ने 28 जुन 2023 को कोटेदार बस्ती छमता बृद्धि के लिए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने के लिए एक्शीयन से आदेशित कराए जाने की संस्तुति की गई थी ।



जबकि इस गांव में तीन दस केवीए का ट्रांसफार्मर मंजूर हुआ था । लेकिन आज तक मात्र दो ट्रांसफार्मर ही लगाए गए हैं । गांव के महेन्द्र प्रसाद तिवारी, गिरधर गोपाल, जैनाथ, रमेश चंद्र, अशोक कुमार, सुरेश कुमार आदि लोगों का कहना है कि लेड़ियारी विधुत उपकेन्द्र मे तैनात कर्मचारियों ने दस हजार रुपये लेने के बावजूद आज तक नहीं नहीं लगाएं । जिससे इस उमस भरी गर्मी में लोगों को घरों में रहना मुश्किल हो गया है । बिजली न होने से मोहल्ले में अंधेरा कायम बना हुआ है । रात मच्छरों के प्रकोप सोना दुश्वार हो गया है । जिसमें घरों में छोटे बच्चे बीमार अवस्था में इलाज चल रहा है । उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से दस केवीए का ट्रांसफार्मर एक पखवाड़े से लावारिश की तरह जला पड़ा हुआ है ।लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग के कर्मचारी ने पहले ट्रांसफार्मर लाने और ले जाने का उपभोक्ताओं से पैसा जमा कराए जाने के बावजूद आज तक नहीं लगाएं गए । जिससे इस उमस भरी और गर्मी में लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । विद्युत विभाग के कर्मचारी ने बताया कि ट्रांसफार्मर को उतारकर ले जाने का पैसा लिया है । इसके लिए जेई को सूचना दी गई । दो- तीन में लग जाएगा ।

# विद्यालय से घर जा रहे छात्र की अपहरण की कोशिश

**घूरपुर (प्रयागराज)।** क्षेत्र के लोंदरा बुंदावा गांव के एक छात्रा को दोपहर में विद्यालय से घर जाते समय दो बाइक सवार युवकों ने बाइक से लेकर भागने की कोशिश की। बच्चे के रोने चिल्लाने से आसपास के लोग दौड़े तो अपहरणकर्ता छात्र को छोड़कर मौके से फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि ग्राम लोंदरा बुंदावा के दिनेश चंद्र सिंह का पुत्र अर्नव सिंह सेंट मैरी%स कान्वेंट स्कूल इरादतगंज मे कक्षा छ्ञ का छात्र है ।शनिवार को हाफ डे होने की वजह से दोपहर 12ञ्00 बजे स्कूल से छूटने के बाद बस द्वारा अपने घर बुंदावा लोंदरा पुलिया पर उतरा। जहां दो बाइक सवार मुंह में रुमाल लपेटे पहले से खड़े थे बच्चे को बाइक पर बैठने को कहा। छात्र ने बैठने से इनकार किया तो उसके साथ जोर जबरदस्ती कर बाइक पर बैठाने लगे। जिससे बच्चा रोने चिल्लाने लगा यह देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया तो किडनैपर मौके से भाग गए। इस घटना से छात्र सहमा हुआ है। लोगों द्वारा इसकी सूचना छात्र के पिता दिनेश चंद्र सिंह को दिया तो तत्काल बच्चे के पास पहुंचे। उनके द्वारा बेटे के अपहरण की कोशिश की लिखित सूचना घूरपुर थाने में दी गई। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।



पूर्व में भी जसरा स्टेशन के पास से जसरा के छात्र को नशीला पदार्थ सुघांकर अपहरण कर मामा भांजे के पास फेंक दिया गया था।

# पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स, प्रयागराज में उप कृषि निदेशक प्रसार, सोनभद्र द्वारा प्रायोजित ''सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत'' पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद सोनभद्र के घोरावल, करमा, राबर्ट्सगंज विकास खण्ड के सभागार, प्रसार निदेशालय में सम्पन्न हुआ। निदेशक प्रसार, शुआट्स डा0 प्रवीन चरन ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से आपको कृषि सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की तकनीकी जानकारियों से अवगत कराया गया है। अब आवश्यकता इस बात की है कि प्रशिक्षण के द्वारा प्राप्त तकनीकी ज्ञान का उपयोग अपनी खेती में अवश्य करें जिससे कृषि शस्य क्रियाओं में सरलता हो एवं अधिक उपज के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होनें कृषकों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। निदेशक प्रसार ने कृषकों को बांस की खेती पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बांस को बीज के माध्यम से भी पौध तैयार किया जाता है लेकिन उससे सरल विधि बाँसुरी विधि से बांस का पौध तैयार किया जा सकता है जो कि अति शीघ्र रोपण के कार्य में आ जायेगा, आगे उन्होनें बाँसुरी विधि से पौध तैयार करने की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। कृषकों को सम्बोधित करते हुए संयुक्त निदेशक प्रसार डा0 ए. के. चौरसिया ने कहा कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा आपको कृषि सम्बन्धित विभिन्न विधाओं की जानकारी दी गयी। संयुक्त निदेशक प्रसार ने बीज उत्पादन हेतु कार्यक्रम की विस्तृत चर्चा की एवं शुआट्स विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्रों के भ्रमण के दौरान प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 सरवेन्द्र कुमार ने कृषकों को सूकर की विभिन्न नस्लों मिडिल व्हाईट, यॉर्कशायर तथा लेंडरेस आदि एवं बकरी की जमुनापारी, ब्लैक बंगाल, सिरोही, बरबरी आदि प्रमुख नस्लों पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 टी0डी0 मिश्रा के द्वारा मुख्य अतिथि एवं कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डा0 शिशिर कुमार ने श्रीअन्न (सांवा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा) धान, अरहर, मक्का व अन्य फसलों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण समन्वयक डा0 टी0डी0 मिश्रा ने कृषकों को उद्यान, सब्जी नर्सरियों की पौधशाला प्रबन्धन, पुराने बागों का प्रबन्धन, कलमी पौधों एवं संरक्षित खेती पर विस्तृत जानकारी दी, डा0 मदन सेन सिंह ने बीज शोधन एवं भण्डारण एवं फसल कटाई उपरान्त प्रबन्धन की जानकारी दी, डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव ने प्राकृतिक खेती पर विस्तृत जानकारी दी, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सब्जियों की हाइड्रोपोनिक खेती एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबन्धन पर विशेष जानकारी दी।




प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रसार निदेशालय के वैज्ञानिक डा0 योगेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्रीमती मीना नेथन, डा0 मदन सेन सिंह, डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, डा0 मनीष केसरवानी एवं प्रसार निदेशालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मवेशी की चपेट में आने से युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक कस्बे में भैंस की चपेट में आने से युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई , युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कस्बे के रहने वाले राजेश कुमार सोनकर पुत्र रामबाबू 30 वर्ष ने भैंस पाल रखी है शनिवार को गृह कार्य करते समय अचानक भैंस फिसल गई हादसे में राजेश भैंस की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , घरवालों ने देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई , युवक की मौत की खबर पर मृतक के घर परिवार में कोहराम मच गया ।

# शुआट्स में वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा गोष्ठी का आयोजन

**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) परिसर में प्रचार प्रचार कृषि विभाग शुआट्स, शिव शक्ति समर्पण सेवा समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना शुआट्स, मानव विज्ञान विभाग तथा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा %%एक पेड़ माँ के नाम%% अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा गोष्ठी का आयोजन किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत युनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं को एक-एक पौधा देकर अपने अपने मां के नाम लगाने का संकल्प दिलाया गया तथा प्रोफ़ेसर जहांअरा मैडम ने उपस्थित छात्र छात्राओं, सभी प्रोफेसरो, एवं अन्य संस्थाओं के उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण बचाने हेतु शपथ दिलाई।

इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डॉ जहां आरा मैडम विभागाध्यक्ष, प्रचार कृषि विभाग, शुआट्स, प्रोफेसर डॉ डी के बोस कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय सेवा योजना सुआट्स, श्रीमती बबीता जायसवाल सचिव, शिव शक्ति समर्पण सेवा समिति, फरीद साबरी पूर्वी उत्तर प्रदेश सहसंयोजक-मुस्लिम राष्ट्रीय मंच तथा सरदार चरणजीत सिंह, संरक्षक - शिव शक्ति समर्पण सेवा समिति के सहयोग से किया गया।



इसी तारतम्य में प्रचार प्रचार कृषि विभाग सुआटस, मैं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था, ÷मानव जीवन पर मंडराता खतरा तथा वृक्षारोपण और संरक्षण की आवश्यकता÷। संगोष्ठी में वक्ताओं के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर जहांअरा, डॉ डी के बोस, डॉ राम भरोसे, रवि विश्वकर्मा आदि वक्ताओं ने अपने वक्तव्य से छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया।राष्ट्रीय सेवा योजना, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, शिव शक्ति समर्पण सेवा समिति तथा प्रचार कृषि विभाग की टीम के तरफ से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी, हम सब मिलकर वृक्षारोपण, करने की मुहीम भविष्य में भी जारी रखेंगे एवं ,वृक्षारोपण, करेंगे ,और अपने जीवन को क्षेत्र एवं देश को हरा भरा एवं खुशहाल रखेंगे हम सब शपथ लेते हैं। कार्यक्रम में डॉ आलम आरा, डॉ राम भरोसे, डॉ प्रियंका सिंह, रवि विश्वकर्मा, स्वस्तिक जायसवाल, दीपाली, सुनील कुशवाहा, निखिल तिवारी अनुग्रह साक्षी, अनिमेष कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

# लेड़ियारी मंडी तिराहे पर गिरा विद्युत पोल, बिजली आपूर्ति ठप



**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** शनिवार शाम पांच बजे अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू होने पर लेड़ियारी मंडी तिराहे के पास लगा विद्युत पोल गिरने से राहगीर बाल - बाल बचे वहीं बिजली आपूर्ति ठप हो गई । जिससे लोगों के घरों में अंधेरा कायम हो गया ।बताया जाता है कि इस पोल में एक माह पूर्व अज्ञात वाहन के टक्कर लगने से जर्जर हो गया था । जबकि लोगों ने लेड़ियारी विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात कर्मचारियों को अवगत कराया गया था । लेकिन आज तक ध्यान नहीं दिए जाने से आज अचानक स्टेट राजमार्ग पर गिर गया । जबकि इस समय बाइक सवार व राहगीरों का आवागमन बना हुआ था । जिससे कुछ लोग जैसे ही पोल के आगे बढ़ते हुए जा रहे थे कि अचानक गिर गया ।

जिससे सैकड़ों घरों में अंधेरा कायम बना हुआ है । विभाग के कर्मचारियों को फोन किया उन्होंने बताया कि अभी पोल नहीं है । इसके लिए जल्द ही व्यवस्था किया जाएगा ।

# श्री बीपी सिंह बालिका हाई स्कूल नैनी में मिशन शक्ति महिला सशक्तिकरण अभियान

## महिला अपराध, भ्रष्टाचार व सामाजिक अपराध से रोकथाम की दी गई जानकारी

**नैनी(प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत छात्राओं सहित महिला शिक्षिकाओं को महिला अपराध, भ्रष्टाचार व विभिन्न सामाजिक अपराधों के रोक-थाम व महिला हेल्प लाइन के संबंध में विस्तार से बताते हुए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए थाना के द्वारा महिला हेल्पलाइन के माध्यम से संचालित किए जाने वाले अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत जागरूक कर किया गया ।, परमानंद मिश्रा, सूरज उमवैश्य, आशीष, ऋषभ, शनि महाराज, सोनू महाराज, आदि अभियान में लगकर जगह-जगह पौधरोपण/ पौधवितरण कर रहे हैं।



नैनी से नेहा शुक्ला (उप निरीक्षक)

# महामाया राजकीय महाविद्यालय में नवागत छात्र व छात्राओं का अभिमुखीकरण समारोह का हुआ आयोजन



लाकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के नवागत छात्र, छात्राओं का अभिमुखीकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। ततपश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ( कुमारी प्रतिभा कुमारी नायनशी, कुमारी राधा बीए0 द्वितीय वर्ष ) द्वारा सरस्वती वंदना एवम स्वागत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं को अपने- अपने विषय के बारे जानकारी प्रदान की गई तथा उनके आगामी जीवन में आने वाली समस्याओं और उनकी रोटी-रोजगार की दिशा में मार्गदर्शन किया गया ।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने नवागत छात्र,छात्राओं को महाविद्यालय स्वागत करते हुए महाविद्यालय स्तर की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । उहोंने अपनी बात चंद पंक्तियां कहकर समाप्त किया- बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाये नदी तो समंदर की तलाश करो, टूट जाता है शीश पत्थर की चोट से टूट जाये पत्थर ऐसा शीशा की तलाश करो। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गणित , डॉ 0 नीलम बाजपेई असिस्टेंट विज्ञान ,डॉ0भावना केसरवानी असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान, डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास, डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल, डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ0आनंद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत , डॉ0 रमेश चंद्र असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य डॉ0 राम प्रताप यादव असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, डॉ0 संतोष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान एवं डॉ0 शैलेश मालवीय असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य तथा छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिना पंजीयन चल रहे दर्जनों कोचिंग सेंटर

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** क्षेत्र व इलाके मे छोटे - छोटे कमरों शिक्षा का व्यापार किया जा रहा है । अप्रशिक्षित शिक्षकों के भरोसे चलने वाले इस कारोबार से छात्र - छात्राओं का जमकर दोहन किया जा रहा है । बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे । इन संस्थानों द्वारा टैक्स एवं जीएसटी चोरी कर राजस्व को भी चूना लगाया जा रहा है ।लेड़ियारी बाजार सहित आसपास स्थित कोरांव - नारीबारी स्टेट राजमार्ग कोरांव व कस्बे के विभिन्न स्थानों पर दर्जनों की संख्या मे चल रहे कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे है । अलावा हाईस्कूल, इंटर मीडिएट , बीए, बीएससी, बीकॉम , जूनियर हाईस्कूल आदि की कक्षाओं मे पढ़ने वाले अधिकांश छात्र - छात्राएं विद्यालयों मे पढ़ाई के साथ ही कोचिंग क्लासेज भी करते है । इलाके मे संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान मे कोई फर्राटेदार अंग्रेजी सिखाने व कम्प्यूटर मास्टर बनने का दावा करता है, तो कोई आईएएस, पीसीएस क्वालीफाई कराने को दम भरता है । छात्र - छात्राओं को सुनहरे सपने दिखाकर अप्रत्याशित शिक्षकों के भरोसे संचालित होने वाले इन कोचिंग संचालकों द्वारा मोटी रकम वसूली जा रही है ।बताया जाता है कि इलाके मे चलने वाले इन कोचिंग संस्थानों मे महज एक - दो का ही माध्यमिक शिक्षा विभाग से पंजीयन है । मनमाना फीस लेने के बावजूद छोटे - छोटे कमरों मे चलने वाले अधिकांश कोचिंग सेंटरों मे पेयजल से लेकर टायलेट तक की व्यवस्था नही है ।इस संबंध मे कोरांव एसडीएम आकांक्षा सिंह को फोन किया लेकिन रिसीव नही हुआ।

## बुजुर्ग महिला को अनियंत्रित बाइक ने मारी टक्कर

कौंधियारा (प्रयागराज )। क्षेत्र के अकोढ़ा गाँव निवासी राम सवारी पत्नी त्रिभुवन सिंह पटेल मंगलवार की शाम खेत से लौट रही थी। तभी तेजी से आ रहे बाइक सवार युवक ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।जिसमें बुजुर्ग महिला जमीन पर गिर पड़ी और उसका सिर फट गया। आनन फानन में घर वालों ने शहर के प्राकृतिक अस्पताल में उसे भर्ती कराया। जहां उसकी हालत अभी गंभीर बताई जा रही है। बुधवार को घायल महिला के पति ने कौंधियारा थाने में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच के लिए गुहार लगाया लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किया गया।

# बी0ई0ओ0 कार्ययोजना एवं रणनीति बनाकर अपने ब्लॉक को बनाये निपुण- जिलाधिकारी

बच्चों के आधार प्रमाणीकरण में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी, सभी खण्ड शिक्षाधिकारियां को एक सप्ताह में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आधार प्रमाणीकरण, डीबीटी प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान कहा कि लम्बित प्रकरणों का सत्यापन कराया जाय। उन्होंने निपुण भारत की समीक्षा के दौरान कहा कि आप सब लोग मिलकर अपने जनपद को निपुण बनायें।

इसके लिए सम्बन्धितों के साथ बैठक कर कार्ययोजना एवं रणनीति बनाकर कार्य किया जाय, जिससे हम अपने ब्लॉक एवं जनपद को निपुण बना सकें। अभिभावकों को भी जागरूक किया जाय, कि वे अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। खण्ड शिक्षाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण करते रहें, विशेषकर सर्वप्रथम संघर्षशील वाले विद्यालयों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित

> विद्यालयों में स्मार्ट क्लास क्रियाशील रहें- जिलाधिकारी

करें।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों एवं डायट प्रवक्ता मेन्टर को निर्देशित किया कि विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्होंने कहा कि संघर्षशील विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पायी गई कमियों को दूर करने के लिए आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने डायट के प्रवक्ताओं को निर्देशित किया कि 10 के स्थान पर 15 विद्यालयों का निरीक्षण करें। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय के रजिस्टर को डिजिटल मेनटेन किया जाय, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत होने वाले निर्माण कार्यों को 15 दिन के अन्दर प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह पैरेन्ट्स मीटिंग बुलाई जाय, जिसमे खण्ड शिक्षाधिकारी उपस्थित रहकर अभिभावकों को जागरूक करें कि अपनो बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। बच्चों का आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी खण्ड शिक्षाधिकारियो को एक सप्ताह में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी जर्जर भवनों की सूची तैयार कर तकनीकी समिति आरईडी को भेजकर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 से कहा कि विद्यालयों में कोई भी कमी रह गई है तो उसे दूर करा लिया जाय। उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि भ्रमण कर विद्यालयों के जर्जर भवनों को चिन्हित कर लिया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि बच्चे जर्जर भवनां में न बैठें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पंजीकरण से छूटे हुए निजी विद्यालयों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाय तथा आरटीई एक्ट के अन्तर्गत 25 प्रतिशत बच्चें का प्रवेश इन विद्यालयों में कराया जाय। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जिन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित है, यह सुनिश्चित किया जाय कि स्मार्ट क्लास क्रियाशील रहें। अध्यापक टैबलेट का उपयोग करें एवं दीक्षा ऐप को भी ओपेन करें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के इंडीकेटर्सध्योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना करारी, थाना महेवाघाट, थाना संदीपनघाट, व थाना सराय अकिल थाने मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम 25 जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 53 विद्यालयों का किया गया औचक निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश-जिलाधिकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में आज 25 जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 53 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उ0प्रा0वि0-घोसिया, प्रा0वि0-चित्तापुर, चिरारी, विविनियापुर, ऐमावारी एवं मोहब्बतपुर सहित कुल 53 विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें 07 अध्यापक अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अध्यापकों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दियें। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा टैबलेट का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उन सभी पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी-मंझनपुर द्वारा एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने कार्यालय की साफ-सफाई एवं दस्तावेजों के रख-रखाव को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दियें।

कार्यालय में उपस्थित कुछ लोग जो कि ड्राइविंग लाइसेन्स के नवीनीकरण के लिए आये थे, उनसे पूछा गया कि कार्यालय में किसी प्रकार की असुविधा तो नहीं हुई। उन्होंने उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय में आवेदक के आने पर उसका कार्य नियमानुसार समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करायें, किसी भी प्रकार से बाहरी व्यक्तियों के माध्यम से कार्य न कराया जाय, जिससे कि आवेदक को किसी प्रकार की परेशानी न हों। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी सिराथू द्वारा उप निबन्धक कार्यालय सिराथू एवं उप जिलाधिकारी चायल द्वारा उप निबन्धक कार्यालय चायल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों कार्यालयों में साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुव्यवस्थित पायी गई।

## कौशल विकास प्रचार आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बनने की शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है - शशि त्रिपाठी, इस कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकारियों का एक दल उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के बाहर प्रशिक्षण के प्रचार को लेकर एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए प्रॉस्पेक्टस का वितरण किया कार्यक्रम में मुख्य रूप शशि त्रिपाठी शाखा प्रबंधक मुथुदूत फिनकॉर्प रोहित पांडे मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे। मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं,

उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है कोपा ट्रेड बैंक की की कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती में मान्य है, यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें।

## इनरव्हील क्लब उदिशा ने किया एक शाम, दोस्ती के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित एक होटल में इनरव्हील क्लब उदिशा ने शुक्रवार को धूमधाम से फ्रेंडशिप डे का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने रेट्रो थीम पर जश्न मनाया। सभी ने कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्य अलग अलग हिरोइन के गेटअप में दिखीं। रैम्प वाकॅ में भी सबने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रिया नारायण जबकि विशिष्ट अतिथि रचना अग्रवाल रहीं। कार्यक्रम में अनेक प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया था। उसको भी सबने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के साथ अपर्णा गुप्ता, रेनुका, क्लब आईएसओ ममता गुप्ता, क्लब की डिस्ट्रिक्ट एडिटर शालिनी अस्थाना, वैशाली, गीता, सारिका राठौर, भावना, डॉ. पूजा, स्वाती, शैली, निधि यशार्थ, श्वेता, सारिका अग्रवाल आदि मौजूद थीं।

## भवन्स मेहता विद्याश्रम में प्री- प्राइमरी एवं प्राइमरी बच्चों के बीच कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के बच्चों के बीच कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे समस्त बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया।प्रतियोगिता का प्रारंभ एलकेजी एवं यूकेजी के बीच किया गया जिसमे बच्चों के गायन के अनुसार निर्णायक मंडल के अनुसार बेस्ट थ्री को सेलेक्ट किया गया। इसी तरह प्रतियोगिता के दूसरे चरण में कक्षा 1 एवम 2 के छात्रों के बीच गायन प्रतियोगिता हुई जिसमें बेस्ट थ्री सेलेक्ट किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य महोदय ने समस्त बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा करते हुए सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में एकल नृत्य प्रतियोगिता का कार्यक्रम सम्पन्न

कौशाम्बी। भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में प्रत्येक वर्ष की भांति जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के छात्रों के बीच एकल नृत्य प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र के संबोधन के साथ प्रारंभ हुआ।प्रतियोगिता के पहले ग्रुप में कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें चौतन्य देव मिश्र ने प्रथम,चित्ररूपा कक्षा 8 ने द्वितीय एवं प्रतिमा वर्मा कक्षा 7 की छात्रा ने बेहतरीन डांस करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी तरह प्रतियोगिता के दूसरे ग्रुप में कक्षा 9 से कक्षा 12 के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमे से छात्रा प्रगति ने बेहतरीन डांस करते हुए प्रथम,श्री एवम सत्यम ने द्वितीय एवं अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी बच्चों का डांस बेहद ही सराहनीय रहा।प्रतियोगिता के दोनो चरणों में निर्णायक की भूमिका शिक्षक श्री सुशील कुमार श्रीवास्तव,संगीत शिक्षिका श्रीमती भावना पाण्डेय एवं शिक्षिका खुशबू गुप्ता ने निभाई।प्रधानाचार्य महोदय ने समस्त विजेता छात्रों को पुरस्कार की घोषणा करते हुए आगामी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दिया।प्रतियोगिता के अंत में सीनियर अध्यापक सुधाकर सिंह ने बच्चों के सराहनीय कार्यक्रम को सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर समस्त शिक्षक,शिक्षिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईईआरटी बी0टेक के 13 छात्रों को यूनिवर्सिटी रैंकिंग में मिला स्थान

**प्रयागराज।** आईईआरटी प्रयागराज के डिग्री डिवीजन में संचालित बी.टेक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विभिन्न ब्रान्चों के 13 छात्रों को डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। ए0के0 टी0यू0 लखनऊ द्वारा प्रतिवर्ष पास होने वाले छात्र/छात्राओं की मेरिट सूची जारी किया जाता है जिसमे सभी संस्थानों के छात्र व छात्राओं के रिजल्ट के आधार पर टाप 10 छात्रों को लिया जाता है। सन 2023-24 के यूनिवर्सिटी मेरिट सूची में आईईआरटी प्रयागराज के मेकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रान्च के छात्र निखिल कुमार को 5वीं रैंक, इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग ब्रांच की छात्रा सृष्टि मौर्या को 8 वीं रैंक, सिविल इंजी ब्रांच के प्रज्जवल अग्रवाल को 9वीं रैंक तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग ब्रांच के 10 में से 10 स्थानों पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है

## विहिप व बजरंग दल मनाएगा अखंड भारत संकल्प दिवस

भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करने का मुहिम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारीयों ने शनिवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में बैठक किया। इसमें अखंड भारत संकल्प दिवस व विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस को मनाने की रणनीति तैयार की गई। साथ ही कार्यक्रम के आयोजन करने की जिम्मेदारी भी पदाधिकारी को दी गई। शनिवार को आयोजित बैठक में विहिप के विभाग मंत्री बृजभूषण महेश ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी तो मिली, लेकिन कुछ नेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए देश को खंडित रूप में स्वीकार कर लिया। इससे हमारा देश आज भी खंडित हैं। इसी वजह से बजरंग दल 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस मनाता है। इसके माध्यम से हिंदुओं को संगठित कर भारत को अखंड बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मंडल प्रमुख अपने क्षेत्र के मंदिरों व प्रमुख



स्थानों में अखंड अखंड भारत संकल्प दिवस मनाएं ।10 अगस्त से 14 अगस्त तक अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया। विभाग के सह मंत्री सत्य प्रकाश ने कहा कि अखंड भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए देश को शक्तिशाली बनना होगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में अगर एक भी व्यक्ति भारतीय है तो भारत वहां तक हैं। सिध व पाकिस्तान भारत का भूभाग रहा हैं। इसे फिर से हासिल किया जाएगा। नीलमणि जिला मंत्री ने कहा कि हिंदू पूरी तरह से संगठित हो चुके है। हमारा देश फिर से विश्व गुरु की पदवी पर सुशोभित होगा और अखंड भारत का सपना बहुत ही जल्द साकार होगा। कहा कि 28 अगस्त को विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाएगा। इसमें हिंदुओं को संगठित कर उनके दायित्व को बताया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष नरेंद्र साहू, जिला शह मंत्री राजेंद्र पाल व वेद प्रकाश, गौ रक्षा प्रमुख रूपेंद्र शर्मा, शशि कला, दुर्गा वाहिनी जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र द्विवेदी समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कृष्ण गोयल को दी गई श्रद्धांजलि

**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री कृष्ण गोयल जायसवाल की मृत्यु कुछ दिनों पहले हो गई थी। बैठक के दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विभाग के सह मंत्री सत्य प्रकाश ने कहा कि कृष्ण गोयल जायसवाल 40 वर्षो से लगातार संगठन के हित में कार्य कर थे। उनकी मृत्यु के बाद हिंदू संगठन को भारी छाती हुई है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती इनके मार्गदर्शन पर चलकर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा।

## जिले में अघोषित बिजली कटौती से जनता हुई तरस्त- गौरव पाण्डेय

जिला कांग्रेस कमेटी ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** जिला कांग्रेस कमेटी कौशांबी के तत्वाधान में शनिवार को कौशांबी जिले में भारी बिजली कटौती एवं नहरों में पानी न छोड़े जाने की समस्या को लेकर कौशांबी जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय जी के नेतृत्व में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को आम जनमानस की समस्या को लेकर ज्ञापन सौपा गया । इस संदर्भ में जिला जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि अगर बिजली की पूर्ति सही ढंग से नहीं की जाएगी तो कौशांबी जिले के सभी जिम्मेदार अधिकारी यह जान लें कि कौशांबी जिले का एक-एक कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा। बिजली की आपूर्ति के कारण किसान, कामगार, विद्यार्थी, उद्योग धंधे बंद पड़ गए हैं जिससे धान की रोपाई को लेकर किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से कौशांबी जिले को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने की भी



मांग की गई। इस मौके पर चायल विधानसभा के पूर्व विधायक विजय प्रकाश जी ने कहा बिजली आपूर्ति के अभाव से उद्योग धंधे में काफी गिरावट आई जिससे वस्तुओं का दाम बढ़ गया है। भारी समस्या का सामना आम जनमानस किसान और युवाओं को करना पड़ रहा है। जिस प्रकार से बारिश नहीं हो रही है किसान हताश परेशान है इस प्रकार जिले में किसानों को जितनी बिजली चाहिए धन की रोपाई करने के लिए उतनी बिजली नहीं दी जा रही मैं जिले के सभी विद्युत विभाग के अधिकारियों से निवेदन कर रहा हूं कि किसानों को भरपूर बिजली दी जाए । इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष तलत अजीम जी, राम बहादुर त्रिपाठी, राकेश जायसवाल, डॉ आर के मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह ,मोहम्मद असलम ,अलकमा उस्मानी कौशलेश द्विवेदी ,आदिल जाफरी सम्मु, रजिया बेगम, फोजिया, सावित्री देवी सरोज राज नारायण पासी, शशि प्रताप त्रिपाठी, देवेश श्रीवास्तव, मोहम्मद फरमान, फैसल अली, दीपक पाण्डेय (बाबूजी), सुरेंद्र शुक्ला जी, निक्की पाण्डेय, मनोज पटेल , श्याम मूर्ति त्रिपाठी ,कालका सिंह, शाहरुख , सरफराज आलम, नूरद जमा, सफीक अहमद, मोहम्मद आरिज, नैयर रिजवी व सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मूरतगंज मे रास्ते मे जल जमाव की समस्या का हो रहा निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** शुक्रवार को ईओ साहब भरवारी के कुशल निर्देशन मे जेसीबी द्वारा पनचक्की और टैंकर लगाकर जलजमाव और कूड़े-करकट की सफाई कराते हुए मुहल्ले वालो राहगीरो महिलाओ को हो रही परेशानी से निजात दिलाने का प्रयास जारी है।

नगर पालिका परिषद भरवारी अन्तर्गत वार्ड नंबर 25 स्थित मूरतगंज मे प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बरसात की मौसम मे आम रास्ते पर जलजमाव होने पानी की निकासी ना होने के कारण लगभग तीन दर्जन घर-परिवार प्रभावित होते हुए घरो से निकलना बंद हो जाता है। जिसकी लिखित व मौखिक शिकायत उधोग व्यापार मंडल मूरतगंज के पदाधिकारी के करने पर ईओ साहब और नगर अध्यक्ष महोदया सहित मुख्य लिपिक ने मामले को संज्ञान मे लेते हुए कुशल निर्देशन मे सुपर वाइजर के नेतृत्व मे पनचक्की और टैंकर कूड़ा गाड़ी से जलजमाव गंदा पानी को बाहर किया गया जिससे नागरिको ने राहत महसूस किया आना जाना शुरू हुआ । शुक्रवार को 11 बजे दिन से दो बजे दोपहर तक जेसीबी चालक द्वारा कूड़े-करकट साफ-सफाई की गई जो सराहनीय रहा सनिवार को पुनः जल निकासी और घास-फूस कूड़े-करकट निकालने की बात कहते हुए चले गए बहरहाल जलजमाव निकासी से रास्ते मे लोगो का आवागमन शुरू हो गया है।

## चले थे फर्जी मुकदमा लिखाने पहुंच गए हवालात, शांति भंग में हुआ चालान

सर में पट्टी बांधकर कई लोगों के विरुद्ध लिखाने पहुंचे थे मुकदमा

**लोकमित्र व्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थानाध्यक्ष की न्याय प्रिय कार्यशैली के बदौलत आज एक फर्जी मुकदमा लिखाने गए शातिर को हवालात की हवा खानी पड़ी। वही पुलिस की बदौलत जिसके खिलाफ फर्जी मुकदमा दिखाना चाहते थे उनको न्याय भी मिल गया। आपको बता दे कि क्षेत्र के एक गाँव के दिव्यांग और उसका भाई शुक्रवार को बलीपुर बाजार में बाइक से गिरकर चोटहिल हो गए थे। इन लोगों का सराय ममरेज के कुछ लोगों से न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। जिससे रंजिश है। इसी वजह से उन लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखाने शनिवार की सुबह थाने पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष को तहरीर देते हुए अपनी चोट को दिखाते हुए कार्रवाई की मांग की। लेकिन थानाध्यक्ष की न्याय प्रिय तेज तर्रार कार्यशैली के बदौलत



आखिरकार फर्जी मुकदमा लिखाने आए दोनों सख्त टूट गए और हकीकत बयां कर दिया। जिसकी वजह से दिव्यांग के भाई को हवालात की हवा खानी पड़ी । उनके खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर हंडिया भेज दिया गया। थानाध्यक्ष की तेज तर्रार न्याया प्रिय कार्य शैली की वजह से बेगुनाहों के खिलाफ मुकदमा लिखने से बच गया। फर्जी मुकदमा लिखाने वाले को हवालात की हवा खानी पड़ी।

### जापान जाएंगी प्रतापगढ़ की रिया और प्रयागराज की संध्या

**प्रयागराज।** कस्तूरबा विद्यालय से 8वीं तक की पढ़ाई पूरी करने वाली उत्तर प्रदेश की दो छात्राओं का चयन जापान भ्रमण के लिए किया गया है। एक सप्ताह के भ्रमण में ये विभिन्न पर्यटक स्थलों के साथ शोध संस्थान, विज्ञान से संबंधित संस्थानों को देखने के साथ कुछ विज्ञानियों से भी मिलेगी।महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक की तरफ से जारी पत्र में बताया गया है कि कस्तूरबा विद्यालय बहरिया की छात्रा रही संध्या सरोज व प्रतापगढ़ जनपद के कस्तूरबा विद्यालय सड़वा चंद्रिका की रिया पटेल का चयन सकूरा साइंस हाईस्कूल प्रोग्राम जापान के लिए हुआ है। दोनों छात्राएं 10 से 16 नवंबर तक जापान का भ्रमण करेंगी।इसके लिए अभिभावकों का सहमतिपत्र जरूरी है। घर से विद्यालय व दिल्ली तक जाने, भोजन व पासपोर्ट आदि बनवाने का व्यय डीपीओ मद से किया जाएगा।

## गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा व थाना संदीपनघाट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा वांछित मो0 फैज निवासी लोहरा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प कोईलहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जगदीग कुमार थानाध्यक्ष थाना चरवा, उपनिरीक्षक अवधराज यादव, चौकी प्रभारी हर्रायपुर थाना संदीपन घाट, हेडकांसटेबल राजकुमार थाना चरवा, हेडकांसटेबल गुलाब यादव चौकी हर्रायपुर थाना संदीपन घाट, कांसटेबल सुरजीत सिंह थाना चरवा, कांसटेबल अरूण कुमार चौकी हर्रायपुर थाना संदीपन घाट रहें।